187. इजाज़त है तुम्हारे लिए शहवत तुम्हारी विवियों के साथ रोज़े कि रातों के दरमियान• वो हैं तुम्हारे राज़ों के रखने वाले, और तुम हो उनके राज़ों के रखने वाले• **अल्लाह** जानते थे कि तुम अपनी रूहों को धोखा दिया करते थे, और उन्होंने तुम्हारी मगफरत की, और तुम्हें माफ किया• इस के बाद, तुम उनके साथ शहवत कर सकते हो, तलाश करते हुए जिसकी **अल्लाह** ने तुम को इजाज़त दी है• तुम खा और पी सकते हो जवतक सफेद धागा रौशनी का अलग नज़र आने लगे रात के अंधेरे धागे से सुवह को• फिर, तुम्हें चाहिए रोज़ा रखो सूरज डूबने तक• शहवत मना है अगर तुम मस्जिद में एहतेकाफ करने का इरादा करो (*रमज़ान के आखरी दस दिनों के दरमियान*)• ये हैं **अल्लाह** के कानून; तुम्हें उनको पार नहीं करना चाहिए• **अल्लाह** इस तरह अपनी आयतों को वाज़े करते हैं लोगों के लिए, ताके वो निजात हासिल कर सकें•

रिश्वत, खरावी मज़म्मत की गई

188. तुम्हें एक दूसरे का पैसा नाजायज़ तरीके से नहीं लेना चाहिए, नाहिं तुम्हें अफसरों को रिश्वत देना चाहिए दूसरों को उनके कुछ हकों से नाजायज़ तौर पर महरूम करने के लिए, जब कि तुम जानते हो•

बात घुमा फिरा कर न करो

189. वो पूछते हैं तुमसे चाँद कि सूरतों के बारे में! कहो, "वो वक्त बताने वाली घड़ी है लोगों के लिए, और हज का वक्त बताने के लिए•" ये नेककारी नहीं है कि तुम बात को घुमा फिरा कर करो;* नेककारी हासिल होती है एहकामों को बरकरार रखने से और बात को साफ कहने से• तुम्हें चाहिए **अल्लाह** को ध्यान में रखों, ताके तुम कामयाव हो सको•

**2:183-187 फरमानबरदारी में सारे फरायज़ों कि तरह, रोज़ा इब्राहीम के जरिए से हुक्म हुआ था (22:78, अपेन्डिक्स 9 और 15)• कुरान के नाज़िल होने से पहले, शहवत सरासर मना की गई थी रोज़े कि मुद्दत में• ये कानून 2:187 में बदल दिया गया है रमज़ान कि रातों के दरमियान शहवत की इजाज़त के लिए•*

**2:189 कुरान का हुवहु मुहावरा कहता है: "घरों के पिछले दरवाज़ों से दाखिल न हो•" चाँद के सूरतों के बारे में सवाल है एक मिसाल बात को घुमा फिरा कर करने का; इस सवाल के पीछे बुरी खुफिया नियतें थीं•*

*जंग के कानून**

190. तुम **अल्लाह** के वास्ते लड़ सकते हो उनके खिलाफ जो तुम पर हमला करें, लेकिन पहेल न करो• **अल्लाह** पहेल करने वालों को पसंद नहीं करते•

191. तुम कत्ल कर सकते हो उनको जो तुम्हारे खिलाफ जंग करें, और तुम उन्हें निकाल सकते हो वहाँ से जहाँ से उन्होंने तुम्हें निकाला है• जुल्म कत्ल से बुरा है• उनसे न लड़ो मुकद्दस मस्जिद के पास, जब तक वो तुम पर हमला न करें उसमें• अगर वो तुम पर हमला करें, तुम उन्हें कत्ल कर सकते हो• यह दुरूस्त अज़ाब है उन काफिरों के लिए•

192. अगर वो बाज़ आयें, तो **अल्लाह** हैं माफ करने वाले, सबसे रहमवाले•

193. तुम लड़ सकते हो उनसे जुल्म को खत्म करने, और **अल्लाह** की इबादत आज़ादी से करने के लिए भी• अगर वो बाज़ आयें, तुम्हें पहेल नहीं करना चाहिए; अदावत कि इजाज़त सिर्फ उनके खिलाफ है जो पहेल करने वाले हैं•

194. मुकद्दस महीनों के दरमियान, अदावत का जवाब बराबरी से दिया जा सकता है• अगर वो तुम पर हमला करें, तुम बदला ले सकते हो बराबरी वाला अज़ाब देते हुए• तुम्हें चाहिए **अल्लाह** का एहतराम करो और जानो कि **अल्लाह** हैं नेककारों के साथ•

195. तुम्हें चाहिए **अल्लाह** कि राह में खर्च करो, अपने हाथों से अपने आप को बरबादी में न फेको• तुम्हें चाहिए खैरात करने वाले बनो; **अल्लाह** खैरात करने वालों को पसंद करते हैं•

*हज और उमराह**

196. तुम्हें चाहिए कि **अल्लाह** के लिए *हज* और *उमराह* के अरकानों को पूरा करो• अगर तुम्हें रोका जाता है, तो तुम्हें कुरबानी भेजनी चाहिए, और तुम्हारे बालों को काटना शुरू न करो जब तक तुम्हारी कुरबानी न पहुँचे उसके मंज़िल पर• अगर तुम बिमार हो, या सर का ज़ख्म झेल रहे हो (*और तुम्हें ज़रूर बाल काटना है*), तुम्हें रोज़ा रखकर कफ्फारा अदा करना चाहिए, या खैरात देते हुए, या किसी और किस्म कि इबादत• आम *हज* के दौरान, अगर तुम *एहराम* (पकीज़गी) कि हालत *उमराह* और *हज* के बीच तोड़ते हो, तुम्हें कफ्फारा अदा करना चाहिए एक जानवर कि कुरबानी देते हुए• अगर तुम्हें ऐसा करने कि हैसियत नहीं, तुम्हें चाहिए तीन दिन रोज़ा रखना *हज* के दरमियान और सात जब तुम घर लौटो — यह पूरा करता है दस — बर्शते के तुम मुकद्दस मस्जिद के पास नहीं रहते• तुम्हें **अल्लाह** का एहतराम करना चाहिए, और जानो के **अल्लाह** हैं सख्त अज़ाब नाफिज़ करने में•

हज के चार महीने
(जुल हिज्जा, मुहररम, सफर और
रबी उल अव्वल)

197. *हज* मुकर्रर महीनों में अदा किया जाना चाहिए•* जो कोई *हज* अदा करने के लिए निकले चाहिए बाज़ रहे शहवत, बद इख्लाकी, और बहेस से पूरे *हज* के दरमियान• जो भी तुम अच्छा करो, **अल्लाह** हैंउस से पूरी तरह वाकिफ• जैसे तुम सफर के लिए तुम्हारे सामानों कि तैयारी करते हो, सबसे बेहतर समान है नेककारी• तुम्हें चाहिए मेरा एहतराम करो, ऐ अक्ल रखने वालो•

**2:190 सारी जंगें 60:8-9 के बुनियादी कानून के मुताबिक लड़ी जानी चहिए• जंग कि इजाज़त सख्ती से खुद के बजाव में है, हाँला कि अदावत और जुल्म सख्ती से मना किया गया है पूरे कुरान में•*

**2:196 हज और उमराह कि तफसीलें अपेन्डिक्स 15 में देखें•*

**2:197 हज अदा किया जा सकता है किसी भी वक्त मुकद्दस महीनों के दरमियान: जुल हिज्जा, मुहररम, सफर और रबी उल अव्वल• मुकामी हुक्मरान हज को कुछ दिनों के लिए मखसूस कर देते हैं उनकी सहुलियत के लिए• देखें 9:37•*

198. तुम कोई खता नहीं करते हाजतों को तलाश करते हुए तुम्हारे रब कि तरफ से (*तिजारत के ज़रिये*)• जब तुम रवाना होते हो अरफात से, तुम्हें **अल्लाह** का ज़िक्र करना चाहिए (*मुज़दलिफा के*) मुकद्दस मुकाम पर• तुम्हें उनका ज़िक्र करना चाहिए तुम्हें हिदायतयाफ्ता करने के लिए; इससे पहले, तुम हो गए थे गुमराह•

199. तुम्हें इकट्ठा रवाना होना चाहिए, बाकी लोगों के साथ जो रवाना होते हैं, और **अल्लाह** से मगफरत मांगो• **अल्लाह** हैं माफ करने वाले, सबसे रहम वाले•

200. जब तुम पूरा कर लो तुम्हारे अरकानों को, तुम्हें जारी रहना चाहिए **अल्लाह** का ज़िक्र करने के लिए जैसा तुम तुम्हारे वालिदैन का ज़िक्र करते हो, या उससे बेहतर• कुछ लोग कहेंगे, "हमारे रब, हमें इस दुनिया से दीजिए," जबके कोई हिस्सा नहीं पाते हुए आखरत में•

201. दूसरे कहेंगे, "हमारे रब, अता करिए हमें नेककारी इस दुनिया में, और नेककारी अगली ज़िंदगी में, और हमें बचाइये जहन्नम के अज़ाब से•"

202. इनमें से हर एक पायेंगे हिस्सा जो उन्होंने कमाया है• **अल्लाह** हैं सबसे काबिल हिसाब लेने में•

मिना: आखरी अरकान हज का

203. तुम्हें **अल्लाह** का ज़िक करना चाहिए कुछ दिनों के लिए (मिना में); जो कोई जल्दबाज़ी करता है इसे दो दिनों में पूरा करने के लिए गुनाह नहीं करता, और जो कोई ज़्यादा रूकता है गुनाह नहीं करता, बर्शते कि नेककारी कायम रखी जाती है• तुम्हें **अल्लाह** को ध्यान में रखना चाहिए, और जानो के उनके सामने तुम्हें जमा किया जायेगा•

बाहरी रूप हो सकता है धोखा देने वाला

204. लोगों में से, हो सकता है कोई उसकी बातों से इस जिंदगी के मुताल्लिक तुम्हें मुतास्सिर करे, और यहाँ तक के हो सकता है वो **अल्लाह** को बुलाए उसके अंदरूनी ख्यालों का गवाह होने के लिए, जबके वो है एक शदीद मुखालिफ•

205. जैसे ही वो रूकसत होता है, वो फिरता है ज़मीन पर खराबी से, मिलकियतें और जानों को तबाह करते हुए• **अल्लाह** पसंद नहीं करते खराबी•

206. जब उससे कहा जाता है, "**अल्लाह** को ध्यान में रखो," वो तकब्बुर से खफा हो जाता हैं• इस वजह से, उसका एक ही मुकद्दर है जहन्नम; क्या एक अफसोस नाक ठिकाना•

207. फिर ऐसे भी हैं जो अपनी ज़िन्दगियों को **अल्लाह** कि खिदमत के लिए मुंतखब कर देते हैं; **अल्लाह** हैं शफीक ऐसे इबादत करने वालों कि तरफ•

208. ऐ ईमानवालो, तुम्हें फरमानबरदारी को पूरी तरह कबूल करना चाहिए; न चलो शैतान के कदमों पर, इसलिए के वो है तुम्हारा सबसे शदीद दुश्मन•

209. अगर तुम पीछे पलट जाओ, इसके बाद के तुम्हारे पास साफ सबूतें आ चुके हैं, तो जानो के **अल्लाह** हैं सबसे ताकतवर, सबसे हकीम•

210. क्या वो इंतेज़ार कर रहें हैं के जबतक **अल्लाह** खुद नहीं आ जाते उनकी तरफ घने बादलों में, इकट्ठा साथ फरिश्तों के? जब ऐसा होगा, सारे मामले खत्म कर दिए जायेंगे, और सारी चीज़ें **अल्लाह** की तरफ लौटाई जायेंगीं•*

*मौजेज़ात लाते हैं बड़ी ज़िम्मेदारी**

211. बनी इस्राईल से पूछो हमने उन्हें कितने गहरे मौजेज़ात दिखाए! इसलिए कि जो कोई नज़रअंदाज़ करे **अल्लाह** की तरफ से उनपर इनायत की गई रहमतों को, **अल्लाह** सबसे सख्त हैं अज़ाब में•

**2:210 यह है दुनिया एक आज़माईश; ये है हमारा आखरी मौका अपने आप को वापस अल्लाह कि बादशाहत में लौटाने के लिए बुत परस्ती को ठुकराते हुए (तार्रुफ देखें)• अगर अल्लाह और उनके फरिश्ते ज़ाहिर हो जाएं, हर कोई ईमान ले आयेगा, और आज़माईश लागू नहीं होगी•*

**2:211 कुरान का रियाज़ी मौजेज़ा है एक बड़ी रहमत, और लाता है उसके साथ एक जबरदस्त ज़िम्मेदारी (बराएकरम देखें 5:115)•*

लापरवाही

212. यह दुनियावी ज़िंदगी सजाई गई है काफिरों कि आँखों में, और वो मज़ाक उड़ाते हैं उनका जो ईमान रखते हैं• बहेरहाल, नेककार बहुत ऊपर होंगे उनसे हश्र के दिन• **अल्लाह** बक्शते हैं जिस किसी को वो चाहें, बगैर हदों के•

मुसीबत अंगेज़ जलन

213. सारे लोग एकही जमात के हुआ करते थे जब **अल्लाह** ने नबियों को भेजा खुशखबरियों, के साथ साथ ताकिदों को लिए हुए• उन्होंने भेजा नीचे उनके साथ आसमानी किताब, सच्चाई लिए हुए, लोगों के बीच उनके तकरारों में इंसाफ करने के लिए• अफसोसके, जिन्होंने आसमानी किताब पाई थी थे सबसे पहले किसी नई आसमानी किताब को ठुकराने वाले, उन्हें साफ सबूतों को दिए जाने के बावजूद• यह उनकी तरफ से जलन कि वजह से है• **अल्लाह** ईमानवालों को सच्चाई कि तरफ हिदायत देते हैं जिसपर तकरार किया जाता हैं दूसरे सारों कि तरफ से, उनकी मरज़ी के मुताबिक में• **अल्लाह** हिदायत देते हैं जिसकिसी को चाहते हैं एक सीधी राह में•*

214. क्या तुम जन्नत में दाखिल होने की उम्मीद करते हो तुमसे पहलों कि तरह बगैर आज़माए गये? वो आज़माये गये थे मेहनतकशी और मुसीबत से, और हिला दिए गए थे, जबतक के रसूल और वो जो उसके साथ ईमान लाये कहा "कहाँ है **अल्लाह** कि जीत?" **अल्लाह** कि जीत है करीब•

खैरात के हकदार

215. वो पूछते हैं तुम्हें देने के बारे में: कहो, "खैरात जो तुम देते हो जाना चाहिए वालिदैन, रिश्तेदारों, यतीमों, गरीब, और अंजान मुसाफिर को•" जो भी तुम अच्छा करो, **अल्लाह** हैंउससे पूरी तरह वाकिफ•

ईमानवाले:
की ही है फतेह

216. जंग हो सकता है तुम पर आएद की जाए, भले तुम इसे नापसंद करते हो• लेकिन हो सकता है तुम कोई चीज़ नापसंद करो जो है तुम्हारे लिए अच्छी, और हो सकता है तुम पसंद करो कोई चीज़ जो तुम्हारे लिए है बूरी• **अल्लाह** जानते हैं जबकि तुम नहीं जानते•

जुल्म मलामत किया गया

217. वो तुम से मुकद्दस महीनों के बारे में पूछते हैं और उसमें लड़ाई: कहो, "उनमें लड़ाई करना है एक बेहुरमती• लेकिन, **अल्लाह** की राह से दूर करना और ईमान न लाना उन में और मुकद्दस मस्जिद कि पाकीज़गी में, और उसके लोगों को निकालना, हैं इससे बड़ी बेहुरमतियाँ **अल्लाह** की नज़र में• जुल्म कत्ल से बुरा है•" वो हमेशा तुमसे लड़ेगे ताके तुम तुम्हारे दीन से फिर जाओ, अगर वो ऐसा कर सकें• तुम में से जो कोई पलट जाए उनके दीन से, और मरे काफिरों जैसा, ज़ाया कर दिया है उनके कामों को इस ज़िन्दगी और अगली ज़िंदगी में• ये रहने वाले हैं जहन्नम के, वो रहेंगे उसमें हमेशा के लिए•

218. जो कोई ईमान रखते हैं, और जो कोई हिजरत करते हैं और जद्दोजहेद करते हैं **अल्लाह** के वासते, हकदार हुए हैं **अल्लाह** कि रहमत के• **अल्लाह** हैं माफ करने वाले, सबसे रहीम•

**2:213 सारे इबादत करने वाले सिर्फ अल्लाह की, सारे मज़हबों से, हैं वाकई एक•*

नशीली चीज़ें और जुआ
*हराम है**

219. वो तुमसे नशीली चीज़ों और जुए के बारे में पूछते है: कहो, "उनमें है एक बड़ा गुनाह, और कुछ फायदे लोगों के लिए• लेकिन उनकी गुनाहगारी

कई ज़्यादा वज़नी है उनके फायदे से•" वो ये भी तुमसे पूछते हैं खैरात में क्या देना चाहिए: कहो, "जो ज़्यादा•" **अल्लाह** इस तरह वाज़े करते हैं वहीयों को तुम्हारे लिए, ताके तुम गौर कर सको,

220. इस ज़िंदगी और अगली ज़िंदगी पर• और वो तुमसे यतीमों के बारे में पूछते हैं: कहो, "नेककार शक्सों कि तरह उनकी परवरिश करना है सबसे अच्छा जो तुम उनके लिए कर सकते हो• अगर तुम उनकी मिलकियत मिला लो तुम्हारे साथ, तुम्हें पेश आना चाहिए उनके साथ कुम्बे के फरदों की तरह•" **अल्लाह** जानते हैं नेककार और बदकार को• अगर **अल्लाह** चाहते, उन्होंने तुम्हारे ऊपर और सख्त कानूनों को आएद किया होता• **अल्लाह** हैं सबसे ताकतवर, सबसे हकीम•

मुशरिकीनों से शादी न करो

221. शिर्क करने वाली औरतों से शादी न करो जब तक वो ईमान न लाएं; एक ईमानवाली औरत बेहतर है मुशरिका से, भले तुम उसे पसंद करो• नाहि तुम्हे चाहिए के ब्याहो तुम्हारी बेटियों को शिर्क करने वाले मर्दो से, जब तक वो ईमान न लाएं• एक ईमान वाला मर्द बेहतर है मुशरिक से, भले तुम उसे पसंद करो• ये जहन्नम कि तरफ दावत देते हैं, जबके **अल्लाह** जन्नत और मगफरत कि तरफ दावत देते हैं, जैसा वो चाहते हैं• वो वाज़े करते हैं उनकी वहियों को लोगों के लिए, ताके वो तवज्जो दें सकें•

हैज़

222. वो तुमसे हैज़ के बारे में पूछते हैं: कहो, "वो नुकसानदेह है; तुम्हें चाहिए शहवत से बाज़ रहो औरतों के साथ हैज़ के दरमियान; उनके करीब न जाओ जब तक वो उससे छुटकारा न पा लें• जब वो उस से छुटकारा पा लें, तुम उनके साथ शहवत कर सकते हो उस अंदाज़ में जैसा **अल्लाह** कि तरफ से नक्शकारी की गई है• **अल्लाह** तौबा करने वालों को पसंद करते हैं, और वो पसंद करते हैं उन्हें जो हैं साफ•"

223. तुम्हारी औरतें हैं तुम्हारा बीज सहने वाली• इसतरह, तुम इस इख्तेयार का लुत्फ उठाओ जिस तरह तुम चाहो, बर्शते के तुम नेककारी को कायम रखो• तुम्हें **अल्लाह** को ध्यान में रखना चाहिए, और जानो के तुम मिलोगे उनसे• खुशखबरी दो ईमानवालों को•

न लो
अल्लाह का नाम बेकार में

224. **अल्लाह** का नाम इस्तेमाल न करो अपने आम कसम खाने में, ताके तुम नज़र आओ नेककार, मुत्तकी, या हासिल करने के लिए लोगों के दरमियान सदाकत• **अल्लाह** हैं सुनने वाले जानने वाले•

225. **अल्लाह** तुम्हें ज़िम्मेदार नहीं ठहराते महेज़ कसमों को कहने के लिए; वो तुम्हें ज़िम्मेदार ठहराते हैं तुम्हारे अंदरूनी इरादों के लिए• **अल्लाह** हैं माफ करने वाले, रहीम•

तलाक के कानून

226. जो कोई ईरादा करे अपनी बिवियों को तलाक देने का चाहिए इंतेज़ार करें चार महीनों तक (*ठंडा होने के लिए*); अगर वो उनके इरादों को बदल दें और सुलह कर लें, तो **अल्लाह** हैं माफ करने वाले, रहीम•

227. अगर वो तलाक से गुज़र जाएं, तो **अल्लाह** हैं सुनने वाले, जानने वाले•

**2:219 दुनिया अब यह जान चुकी है के शराब और नाजायज़ दवाएं पैदा करने के माली फायदों का मोल ट्रेफिक से जुड़े नुकसाने, दिमागी नुकसाने शराबी मांओं के बच्चों को, घर का हालत खराब होना, और दूसरे मुसीबतअंगेज़ अंजामों के सामने कुछ भी नहीं• पता करें "अंजान शराबी" और "अंजान जुआरी" से ज़्यादा मालुमात के लिए• 5:90-91 भी देखें•*

228. तलाक दी गई औरतों को तीन हैजों तक इंतेज़ार करना चाहिए (*दूसरे मर्द से शादी करने से पहले*)• ये जाएज़ नहीं उनके लिए छिपाना जो **अल्लाह** पैदा करते हैं उनके कोखों में, अगर वो **अल्लाह** और आखरी दिन में ईमान रखते हैं• (*हमल कि हालत में*), शौहर के ख्वाहिशों को बीवी के ख्वाहिशों पर तरजी है, अगर वो चाहता हो उससे

दोबारा शादी करना• औरतों के बराबर के हक और फराइज़ हैं• इसतरह, मर्द के ख्वाहिशें तारी होते हैं (*हमल कि हलत में*)• **अल्लाह** हैं सबसे ताकतवर, सबसे हकीम•

229. तलाक दो बार वापस लिया जा सकता है• तलाक शुदा औरत को इजाज़त होनी चाहिए के उसी घर में रह सके अमन से, या छोड़े उसे अमन से• यह इजाज़त नहीं शौहर को वापस लेना कोई चीज़ जो उसने उसे दिया था• बहेरहाल, जोड़े को डर हो सकता है कि वो **अल्लाह** के कानून को पार कर सकते हैं• अगर डर है कि वो **अल्लाह** के कानून के हद को पार कर जायेंगे, तो वो गलत नहीं करते अगर बीवी खुद से वापस देदे जो कुछ वो चुने• ये **अल्लाह** के कानूनें हैं, उन्हें पार न करो• जो कोई **अल्लाह** के कानूनों को पार करें हैं बेइंसाफ•

230. अगर वो उसे तलाक दे (*तीसरी बार के लिए*), यह नाजाएज़ है उसके लिए उससे दोबारा शादी करना, जबतक वो दूसरे मर्द से शादी न करे, फिर वो उसे तलाक दे• पहला शौहर तब उससे दोबारा शादी कर सकता है, बर्शते के वो **अल्लाह** के कानूनों को ध्यान में रखें• ये हैं **अल्लाह** के कानूनें; वो समझाते हैं उन्हें लोगों के लिए जो जानते हैं•

न फेको
तलाक शुदाओं को बाहर रास्तों पर

231. अगर तुम तलाक दो औरतों को, जब वो उनकी इद्दत पूरी कर लें (*तीन हैज़ें*), तुम्हें चाहिए के उनको अमन से उसी घर में रहने कि इजाज़त दो, या अमन से उनको जाने दो• उनको ज़ोर न दो रहने के लिए उनकी मरज़ी के खिलाफ, एक बदले कि तौर पर• जो कोई ऐसा करता है वो उसकी खुदकी रूह पर जुल्म करता है• **अल्लाह** कि आयतों को फुजूल में न लो• याद करो **अल्लाह** कि नियामतों को तुमपर, और ये के उन्होंने नीचे भेजा तुम्हारे लिए आसमानी किताब और हिकमत तुम्हें समझाने के लिए• तुम्हें **अल्लाह** को ध्यान में रखना चाहिए , और जानो कि **अल्लाह** हैं वाकिफ सारी चीज़ों से•

232. अगर तुम तलाक दो औरतों को, जब वो उनकी इद्दत को पूरा कर लें, न रोको उन्हें उनके शौहरों से दोबारा शादी करने से, अगर वो अमन से सुलाह करें• ये तवज्जो दिया जाना चाहिए तुम में से उनकी तरफ से जो **अल्लाह** और आखरी दिन में ईमान रखते हैं• यह ज़्यादा पाक है तुम्हारे लिए, और ज़्यादा नेक• **अल्लाह** जानते हैं, जबकि तुम नहीं जानते•

233. तलाकशुदा माँओं को चाहिए कि बच्चों को पूरे दो सालों तक दूध पिलाएं, अगर वालिद ऐसा चाहता है• वालिद को चाहिए कि माँ के खाने और कपड़े का बराबरी से इन्तेज़ाम करे• किसी पर भी उसकी हैसियत से ज़्यादा बोझ नहीं डालना चाहिए• कोई माँ उसके बच्चे कि वजह से सताई नहीं जानी चाहिए, नाहीं वालिद उसके बच्चे कि वजह से सताया जाना चाहिए• (*अगर वालिद मर जाए*), उसके वारिस को चाहिए इन ज़िम्मेदारियों को पूरा करें• अगर बच्चे के वालिदैन आपस में समझौता करके अलग हो जाएं, बाकायदा मशवरा करके, वो कोई गलती नहीं करते ऐसा करने से• तुम कोई गलत नहीं करते दूध पिलाती हुई माँओं को किराए पर लेते हुए, बर्शते के तुम उनको बराबरी से मुआवज़ा दो• तुम्हें **अल्लाह** को ध्यान में रखना चाहिए, और जानो कि **अल्लाह हैं** देखने वाले सारी चीज़ों के तुम करते हो•

तुम्हें चाहिए ख्याल रखो
शादी से पहले के वकफों का

234. जो कोई मर जाए और बिवियाँ छोड़ जाए, उनकी बेवाओं को चाहिए कि चार महीने और दस दिनों तक इंतेज़ार करें (*दोबारा शादी करने से पहले*)• जब वो उनकी इद्दत को पूरा कर लें, तुम कोई गलत नहीं करते उनको जाने देते हुए जो कुछ नेक मामलों को वो करना चाहती हैं• **अल्लाह** हैं पूरी तरह आगाह सारी चीज़ जो तुम करते हो•

235. तुम कोई गुनाह नहीं करते ऐलान करते हुए तुम्हारी मंगनी औरतों सें, या रखते हुए उसे खुफिया• **अल्लाह** जानते हैं कि तुम उनके बारे में सोचोगे• उन से खुफिया तौर पर न मिलो, जबतक तुम्हारे पास कुछ नेक न हो गुफ्तगु करने के लिए• शादी से पहले शादी को मुकम्मल न करो जबतक उनका दरमियानी वकफा पूरा न हो जाए• तुम्हें पता होना चाहिए कि **अल्लाह** तुम्हारे सबसे अंदरूनी ख्यालों

को जानते हैं, और उनको ध्यान में रखो• तुम्हें पता होना चाहिए कि **अल्लाह** हैं माफ करने वाले, रहीम•

मंगनी तोड़ना

236. तुम कोई गलत नहीं करते औरतों को छूने से पहले उन्हें तलाक देते हुए, या उनके लिए महेर तय करने से पहले• इस सूरत में, तुम्हें उनको मुआवज़ा देना चाहिए—अमीर जैसे उसकी हैसियत हो और गरीब जैसे उसकी हैसियत हो—एक बराबरी का मुआवज़ा• यह है एक ज़िम्मेदारी नेककारों पर•

237. अगर तुम उन्हें तलाक दो उनको छूने से पहले, लेकिन बाद इसके कि तुमने तय कर दिया था उनके लिए महेर, मुआवज़ा होना चाहिए महेर का आधा , जबतक वो खुदसे अपने हकों को माफ न करदें, या जमात जो ज़िम्मेदार हैं तलाक कराने के लिए चुने महेर को माफ कर देना• माफ करना है नेककारी के करीब• तुम्हें चाहिए आपस में अच्छे ताल्लुकातों को बनाए रखो• **अल्लाह** देखते हैं सारी चीज़ें तुम करते हो•

*तुम्हें राबता नमाज़ों को अदा करना चाहिए**

238. तुम्हें मुसलसल तौर पर राबता नमाज़ों को अदा करना चाहिए, खास तौर पर बीच वाली नमाज़, और मनसूब करो अपने आप को पूरी तरह **अल्लाह** के लिए•

239. गैर मामूली हालातों में, तुम चलते हुए या सवारी करते हुए नमाज़ कर सकते हो• जब तुम महफूज़ हो जाओ, तुम्हें **अल्लाह** को कसरत से याद करना चाहिए जैसा उन्होंने तुम्हे सिखाया है जो तुम कभी नहीं जानते थे•

बेवाओं और तलाक शुदाओं के लिए खर्चा

240. जो कोई मर जाएं और बिवियों को छोड़ जाएं, एक वसीयत होनी चाहिए जो उनकी बिवियों के साल भर के अखराजात को मुहय्या कर सके, बर्शते के वो उसी घर में रहती हों• अगर वो जाएं, तुम कोई गुनाह नहीं करते उनको वो जो चाहें करने देने से, बर्शते कि नेककारी बरकरार रखी जाती है• **अल्लाह** हैं सबसे ताकतवर, सबसे हकीम•

241. तलाकशुदाओं को भी दिया जाना चाहिए, बराबरी से• यह नेककारों पर है एक ज़िम्मेदारी•

242. **अल्लाह** इसतरह अपनी आयतों को समझाते हैं तुम्हारे लिए, ताके तुम समझ सको•

जद्दोजहेद करना अल्लाह की राह में

243. क्या तुमने ध्यान दिया है उनको जो उनके घरों से भाग गये — इसके बावजूद के वो थे हज़ारों में — मौत से डरते हुए? **अल्लाह** ने उनसे कहा, “मरो,” फिर उन्हें दोबारा जिंदा किया• **अल्लाह** बरसाते हैं उनकी रहमत लोगों पर, लेकिन ज़्यादातर लोग हैं नाकद्रदान•

**2:238 सारी पाँच नमाज़ें पाई जाती हैं 2:238, 11:114, 17:78, और 24:58 में• जब कुरान नाज़िल हुआ था, राबता नमाज़ें (सलात) पहले से वजूद में थीं (अपेन्डिक्स 9)• सारी पाँच नमाज़ों कि तफसीलें — जिसमें क्या पढ़ना चाहिए और हर नमाज़ों में कितनी अददें (रकातें) होनी चाहिएं वगैराह — रियाज़ी तौर पर साबित किए गए हैं• मिसाल के तौर पर, लिखते हुए हर पाँच नमाज़ों के लिए रकातों का नम्बर, एक दूसरे के बराबर बराबर, हम पाते हैं 24434, 19x1286• इसके अलावा, अगर हम इस्तेमाल करें [*] सुरेह 1 (अल फातेहा) कि नुमाइंदगी करने के लिए, जहाँ [*] = सुरेह नम्बर (1), उसके बाद आयतों का नम्बर (7), उसके बाद हर आयत का नम्बर, हर आयत में हुरूफों का नम्बर, और हर हुरूफ का जिमेटरिकल वेल्यू, लिखते हुए 2[*][*]4[*][*][*][*]4[*][*][*][*]3[*][*][*]4[*][*][*][*] पैदा करता हैं एक 19 का ज़रप (देखें 1:1)•*

244. तुम्हें **अल्लाह** की राह में लड़ना चाहिए, और जानो कि **अल्लाह** हैं सुनने वाले, जानने वाले•

245. कौन देगा एक उधार **अल्लाह** को नेककारी का, उसकी अदायगी उन्हें कई गुना ज़्यादा किये जाने के लिए? **अल्लाह** हैं वाहिद जो मुहय्या करते हैं और रोके रखते हैं, और उनकी तरफ तुम लौटाये जाओगे•

*तालूत**

246. क्या तुमने ध्यान दिया है मूसा के बाद इस्राईल के रहबरों को? उन्होंने उनके नबि से कहा, “अगर तुम

मुकर्रर करो एक बादशाह हमारी रहबरी करने के लिए, हम लड़ेंगे **अल्लाह** की राह में•" उसने कहा, "क्या ये तुम्हारा इरादा है कि, अगर लड़ना मुकर्रर किया जाता है तुम्हारे लिए, तुम न लड़ोगे?" उन्होंने कहा, "हम क्यों न लड़ें **अल्लाह** की राह में, जब के हमें हमारे घरों, और बच्चों से महरूम किया गया है?" इसके बावजूद, जब लड़ना मुकर्रर किया गया था उनके लिए, वो पलट गए, सिवाए कुछ के• **अल्लाह** हैं वाकिफ खतावारों से•

सवाल करना
अल्लाह कि हिकमत पर

247. उनके नबी ने उनसे कहा, "**अल्लाह** ने तालूत को तुम्हारा बादशाह मुकर्रर किया है•" उन्होने कहा, "वो कैसे बादशाहत पा सकता है हम पर जबके हम हैं उससे ज़्यादा लायक बादशाहत के; वो अमीर भी नहीं है?" उसने कहा, "**अल्लाह** ने उसे तुम पर चुना है, और बक्शा है उसे इफराद इल्म में और जिस्म में•" **अल्लाह** अता करते हैं उनकी बादशाहत जिस किसी को वो चाहते हैं• **अल्लाह** हैं करीम, सब कुछ जानने वाले•

वादे का ताबूत

248. उनके नबी ने उनसे कहा, "उसकी बादशाहत कि निशानी है के वादे का ताबूत तुम्हारे लिए बहाल किया जाएगा, लाते हुए भरोसों को तुम्हारे रब की तरफ से, और छोड़ी गई निशानियाँ मूसा के लोगों और हारून के लोगों कि तरफ से• वो फरिश्तों के ज़रिए उठाया जाएगा• ये तुम्हारे लिए एक यकीन दिलाने वाली निशानी होनी चाहिए, अगर तुम हो वाकई ईमानवाले•

दाऊद और जालूत

249. जब तालूत ने फौजों का कमान संभाला, उसने कहा, "**अल्लाह** तुम्हें आज़माईश में डाल रहें एक झरने के ज़रिए• जो कोई उससे पीता है मेरे साथ नहीं — सिर्फ वो जो नहीं चखते उसे हैं मेरे साथ—जब तक वो एक चुसकी न हो•" उन्होंने उससे पिया, सिवाए उनमें से कुछ के• जब उसने उसे पार किया साथ उनके जिन्होंने ईमान रखा, उन्होंने कहा, "अब हमारे पास ताकत कि कमी है जालूत और उसके फौजों का सामना करने के लिए•" जो कोई होशमंद थे **अल्लाह** से मिलने का कहा, "कई एक छोटी लश्कर ने शिकस्त दिया है एक बड़ी लश्कर को **अल्लाह** की मरज़ी से• **अल्लाह** हैं उनके साथ जो सावित कदमी से जमे रहते हैं•"

250. जब उन्होंने जालूत और उसकी फौजों का सामना किया, उन्होंने दुआ किया, "हमारे रब अता करिए हमें सावित कदमी, हमारी पकड़ को मज़बूत करिए, और मदद करिए हमारी कुफ्र करने वाले लोगों के खिलाफ•"

251. उन्होंने **अल्लाह** कि मरज़ी से उन्हें शिकस्त दिया, और दाऊद ने कत्ल किया जालूत को• **अल्लाह** ने दिया उसे बादशाहत और हिकमत और सिखाया उसे जैसा उन्होंने चाहा• अगर ऐसा न हो के **अल्लाह** कुछ लोगों को दूसरों के खिलाफ मदद न करें, तो ज़मीन पर अफरा तफरी मच जाए• लेकिन **अल्लाह** अपनी रहमत बरसाते हैं लोगों पर•

**2:246 बिल्कुल यही तारीख बयान की गई है इंजील में बुक ऑफ I सैम्युल, चै• 9 और 10*

252. ये हैं **अल्लाह** की आयते• हम सुनाते हैं उन्हें तुम्हारे ज़रिए,* सच्चाई से, इसलिए के तुम हो रसूलों में से एक•

कई रसूलें / एक पैगाम

253. ये रसूलें; हमने कुछ को बक्शा दूसरों से ज़्यादा• मिसाल के लिए, **अल्लाह** ने एक से कलाम किया, और उनमें से कुछ को हमने ऊँचे दर्जो को उठाया• और हमने दिया ईसा, मरयम के बेटे को, गहरे मौजेज़ात और मदद कि उसकी पाक रूह से• अगर **अल्लाह** चाहते, उनकी पैरवी करने वाले एक दूसरे से नहीं लड़ते, इसके बाद के उनके पास साफ सबूतें पहुँच चुके थे• बलिके, उन्होंने आपस में बहेस किया; उनमें से कुछ ने ईमान रखा और कुछ ने ईमान नहीं रखा • अगर **अल्लाह** चाहते, वो नहीं

लड़ते॰ सारी चीज़ें हैं **अल्लाह** के मरज़ी के मुताबिक में॰

*शिफाअत नहीं**

254. ऐ ईमान वालो, तुम्हें चाहिए खैरात देना फराहिमों से जो हमने तुम्हें दिया है, इससे पहले के वो दिन आ जाए जहाँ नहीं है कोई खरीदो फरोख्त, न कोई वसीला, और न कोई शिफाअत॰ काफिरें हैं नाइंसाफ॰

255. **अल्लाह**: कोई खुदा नहीं सिवाए उनके, जिन्दा, हमेशा रहने वाले॰ कोई लम्हा नहीं ऐसा के गफलत या झपकी उनपर छा जाए॰ उन्ही कि हैं सारी चीज़ें आसमानों में और सारी चीजें ज़मीन पर॰ कौन उनसे सिफारिश कर सकता है, सिवाए उनकी मरज़ी के मुताबिक? वो जानते हैं उनके माज़ी, और उनके मुस्तकबिल को॰ कोई हासिल नहीं करता किसी किस्म का इल्म, सिवाए उनकी मरज़ी के॰ उनकी बादशाहत घेरे में लेती है आसमानों और ज़मीन को, और उनकी हुकुमत करना उन्हें कभी बोझ नहीं बनता॰ वो हैं सबसे ऊँचे, बड़े॰

कोइ ज़बरदस्ती नहीं मज़हब में

256. कोई ज़बरदस्ती नहीं होना चाहिए मज़हब में: सही रास्ता अब वाज़े है गलत रास्ते से॰ जो कोई ठुकराए शैतान को और ईमान रखे **अल्लाह** में पकड़ा है सबसे मज़बूत जोड़; एक जो कभी नहीं टूटता॰ **अल्लाह** हैं सुनने वाले, सब कुछ जानने वाले॰

257. **अल्लाह** रब हैं उनके जो ईमान रखते हैं; वो रहबरी करते हैं उनकी अंधेरे से बाहर रौशनी में॰ जहाँ तक वो जो हैं काफिर, उनके बुतें हैं उनके रब; वो रहबरी करते हैं उनकी रौशनी से बाहर अंधेरे में—इनका ठिकाना है जहन्नम; वो रहेंगे उसमें हमेशा के लिए॰

इब्राहीम की बहादुरी वाली बहेस

258. क्या तुमने ध्यान दिया है उसको जिसने इब्राहीम से उसके रब के बारे में हुज्जत किया, हांलकि **अल्लाह** ने उसे बादशाहत दी थी? इब्राहीम ने कहा, "मेरे रब अता करते हैं जिंदगी और मौत॰" उसने कहा, "मैं अता करता हूँ जिंदगी और मौत॰" इब्राहीम ने कहा, "**अल्लाह** सूरज को मशरिक से लाते हैं, क्या तुम उसे मगरिब से ला सकते हो?" काफिर दंग रह गया॰ **अल्लाह** बदकार की हिदायत नहीं करते॰

**2:252 कुरान के रियाज़ी तरतीब से ताल मिलाते हुए, ये अल्लाह कि मरज़ी थी के यहाँ पर जो रसूल बयान किया गया है उसका नाम रियाज़ी तौर पर पेश हो॰ 19-कि बुनियाद पर बना कुरान के मौजेज़े कि इंकिशाफ खुदाई तौर पर मखसूस रखी गई थी वादे के रसूल के लिए॰ इस आयत नम्बर (252) को जोड़ते हुए, साथ "रशाद" कि जिमेटरिकल वेल्यु (505), साथ "खलीफा" कि जिमेटरिकल वेल्यु (725) हम पाते हैं 252 + 505 + 725 = 1482, या 19x78॰ बराए करम देखें अपेन्डिक्स 2 और 26 पूरी तफसीलात के लिए जो वादे के रसूल कि पहचान को साबित करते हैं, जिसकी तरफ यह आयत साफ इशारा करती है॰*

**2:254 शैतान के चालाक फरेबों में से एक है मनसूब करना शिफाअत कि ताकत बेबस इंसानी बुतें जैसे मुहम्मद और ईसा को (अपेन्डिक्स 8)॰*

*मौत के बारे में सबक**

259. गौर करो उसपर जो गुज़रा एक विरान शहर से और ताज्जुब किया, "**अल्लाह** इसे दोबारा कैसे जिंदा कर सकते हैं इसके बाद के वो मर चुका था?" **अल्लाह** ने फिर उसे एक सौ सालों के लिए मौत दिया, फिर उसे दोबारा ज़िंदा किया॰ उन्होंने कहा, "तुम यहाँ कितनी देर रहे हो?" उसने कहा, 'मैं रहा हूँ यहाँ एक दिन, या दिन का हिस्सा॰" उन्होंने कहा, "नहीं! तुम रहे हो यहाँ एक सौ सालों तक॰ फिर भी, देखो तुम्हारे खाने और पीने को; वो खराब नहीं हुए॰ तुम्हारे गधे को देखो — हम इसतरह बनाते हैं तुम्हें एक सबक लोगों के लिए॰ अब, ध्यान दो हम कैसे हडडीयों को तामीर करते हैं, फिर उन्हें ढ़ाकते हैं गोश्त से॰" जब उसे समझ

आया क्या हुआ था, उसने कहा, “अब मैं जानता हूँ कि **अल्लाह** हैं कादिरे मुतलक•”

हर ईमान वाले को ज़रूरत होती है दिलासे कि

260. इब्राहीम ने कहा, “मेरे रब, दिखाईये मुझे आप कैसे मुर्दे को ज़िंदा करते हैं•” उन्होंने कहा, “क्या तुझे यकीन नहीं?” उसने कहा, “हाँ, लेकिन मैं अपने दिल को दोबारा दिलासा देना चाहता हूँ•” उन्होंने कहा, “लो चार परिंदों को, उनकी निशानियों को पढ़ो, हर परिंदे का एक हिस्सा रखो एक पहाड़ कि चोटी पर, फिर उन्हें अपने पास पुकारो• वो जल्दबाज़ी में तुम्हारे पास आयेंगे• तुम्हें पता होना चाहिए के **अल्लाह** हैं सबसे ताकतवाले, सबसे हकीम•”

सबसे अच्छा सरमाया

261. जो कोई उनके पैसों को **अल्लाह** की राह में खर्च करते हैं उनकी मिसाल ऐसी है जैसे एक दाने से सात बाल फूटते हैं, हर बाल में एक सौ दानों के साथ• **अल्लाह** ज़रप करते हैं इसे कई गुना जिस किसी के लिए वो चाहते हैं• **अल्लाह** है सखी, जानने वाले•

262. जो कोई खर्च करे **अल्लाह** की राह में उनका पैसा, फिर खैरात के बाद मलामत या बेइज्ज्ती न करे, पायेंगे मुआवज़ा उनके रब की तरफ से, उनको कुछ नहीं है डरने के लिए, नाहीं वो गमज़दा होंगे•

263. रहम वाले अलफाज़ और शफकत बेहतर हैं उस खैरात से जिस के बाद बेइज्ज्ती हो• **अल्लाह** हैं अमीर रहम वाले•

264. ऐ ईमानवालो, तुम्हारे खैरातों को ज़ाया न करो मलामत और बेइज्ज्ती देते हुए, जैसे कोई खर्च करता है उसका पैसा दिखावे के लिए, जबकी कुफ़्र करते हुए **अल्लाह** और आखरी दिन में• उसकी मिसाल है एक पत्थर पर जमे एक पतली मिट्टी कि परत जैसी; जैसे ही तेज़ बारिश पड़ती है, वो मिट्टी को धो देती है, उसे एक बेकार पत्थर छोड़ते हुए• वो हासिल नहीं करते कुछ भी उनकी कोशिशों से• **अल्लाह** हिदायत नहीं करते कुफ़्र करने वाले लोगों की•

खैरात

265. मिसाल उनकी जो देते हैं उनका पैसा **अल्लाह** की खूशी तलाश करते हुए, खुलूस इरादे से, है जैसे के एक बाग ऊँची उपजाऊ ज़मीन पर; जब तेज़ बारिश पड़ती है, वो दुगना अनाज देती है• अगर तेज़ बारिश न हो पाए एक हल्की सी बौछार ही काफी होती है• **अल्लाह** हैं देखने वाले सारी चीज़ तुम करते हो•

266. क्या तुम में से कोई नख्ल के दरख्तों और अंगूरों के बाग का मालिक होना चाहता है, साथ बहती नहरों और फरागदिली वाले अनाजों के, फिर जैसे ही वो बुढ़ा होता है, और जबके उसकी औलाद अब भी उसपर निर्भर हैं, एक मुकम्मल तबाही मारती है और उसके बाग को जला देती है? **अल्लाह** इसतरह अपनी वहियों को तुम्हारे लिए वाज़े करते हैं ताके तुम गौर कर सको•

**2:259 हम यहाँ पर यह सबक सीखते हैं कि मौत का अरसा — सिर्फ बदअमाल लोग मरते हैं; नेककार सीधे जन्नत को जाते हैं — गुज़रता है एक दिन कि तरह (देखें 18:19-25 और अपेन्डिक्स 17)•*

क्या देना चाहिए

267. ऐ ईमानवालो, तुम्हें खैरात देना चाहिए अच्छी चीजों से जो तुम कमाते हो, और उस से जो हमने तुम्हारे लिए पैदा किया ज़मीन से• उसमें से बुरा न उठाव देने के लिए, जब के तुम खुद उसे कबूल नहीं करोगे जबतक तुम्हारी आँखे न बंद हों• तुम्हें मालूम होना चाहिए के **अल्लाह** हैं अमीर, काबिले तारीफ•

268. शैतान तुम्हें गरीबी का वादा करता है और बुरा करने का हुक्म देता है, जबके **अल्लाह** वादा करते हैं तुमसे उनकी तरफ से मगफरत और रहमत• अल्लाह हैं सखी, सब जानने वाले•

हिकमत: एक बड़ा खज़ाना

269. वो हिकमत इनायत करते हैं जिस किसी पर वो चुनते हैं, और जो कोई हासिल करता है हिकमत, हासिल कर लिया है एक बड़ा खज़ाना• सिर्फ वही जो अक्ल रखते हैं तवज्जो देंगे•

गुमनाम खैरात बेहतर

270. कोई भी खैरात तुम करो, या खैरात करने का ऐहद पूरा करो, **अल्लाह** उससे बखूबी वाकिफ हैं• जहाँ तक बदकार, उनके पास नहीं होगें कोई मदद करने वाले•

271. अगर तुम ऐलान करो तुम्हारी खैरातों का, वो फिर भी अच्छे हैं• लेकिन अगर तुम उन्हें गुमनाम रखो, और दो उसे गरीब को, वो तुम्हारे लिए बेहतर है, और तुम्हारे ज़्यादा गुनाहों को बक्शवाते हैं• **अल्लाह** पूरी तरह वाकिफ हैं सारी चीज़ से तुम करते हो•

अल्लाह हैं सिर्फ
वाहिद जो हिदायत देते हैं

272. तुम ज़िम्मेदार नहीं हो किसी को हिदायत देने के लिए• **अल्लाह** हैं सिर्फ वाहिद जो हिदायत देते हैं जिस किसी को चुनते हैं (हिदायतयाफ्ता होने के लिए)• जो कुछ तुम खैरात दो है तुम्हारे खुद के अच्छे के लिए• जो कुछ खैरात तुम दो होना चाहिए सिर्फ **अल्लाह** के वासते• जो कुछ तुम खैरात दो तुम्हें दोबारा लौटाया जाएगा, बगैर ज़रासी नाइंसाफी के•

273. खैरात जाना चाहिए गरीबों को जो **अल्लाह** की राह में तकलीफ झेल रहे हैं, और हिजरत नहीं कर सकते• ना वाकिफ सोच सकते हैं कि वो हैं अमीर, उनकी अज़मत कि वजह से• लेकिन तुम उन्हें पहचान सकते हो कुछ निशानियों के ज़रिए; इसरारतन वो कभी भीख नहीं मांगते लोगों से• जो कुछ खैरात तुम दो, **अल्लाह** उससे बखूबी वाकिफ हैं•

274. जो कोई दिन और रात खैरात देते हैं, चुपके से और ऐलानिया, पाते हैं उनका अज्र उनके रब की तरफ से; उनको नाहीं कुछ डर होगा, नाहीं वो गमज़दा होंगे•

*रिबा मना किया गया**

275. जो कोई रिबा लेते हैं उसी मकाम पर हैं जैसे काबू किए गए शैतान के असर से• ये है इसलिए के वो दावा करते हैं कि रिबा बराबर है तिजारत के• लेकिन, **अल्लाह** इजाज़त देते हैं तिजारत, और मना करते हैं रिबा• इसतरह, जो कोई उसके रब कि तरफ से इस हुक्मनामे पर तवज्जो दे, और बाज़ रहे रिबा से, वो उसकी पिछली कमाईयों को रख सकता है, और उसका फैसला रहता है **अल्लाह** के पास• जहाँ तक वो जो रिबा में जारी रहते हैं, वो हासिल करते हैं जहन्नम, जिसमें वो रहेंगे हमेशा के लिए•

276. **अल्लाह** रिबा पर लानत भेजते हैं, और खैरातों को मुबारक करते हैं• **अल्लाह** नापसंद करते हैं हर काफिर, गुनाहगार को•

**2:275-278 ये माशी असूलों से साबित हो चुका है कि उधार पर ज़्यादा ब्याज लेना एक पूरे मुल्क को बूरी तरह तबाह कर सकता है• पिछले कई सालों के दरमियान हमने कई मुल्कों कि माशी हालात को तबाह होते देखा हैं जहाँ पर ज़्यादा ब्याज लिया जाता हैं उधार पर• आम ब्याज — 20% से कम — जहाँ पर किसी पर बोझ नहीं और सब मुतमईन हैं, नहीं है रिबा•*

खुदाई ज़मानत

277. जो कोई ईमान रखते हैं और बसर करते हैं एक नेक ज़िंदगी, और अदा करते हैं राबता नमाज़ें (*सलात*), और देते हैं ज़रूरी खैरात (*ज़कात*), वो पाते हैं उनका अज्र उनके रब की तरफ से; उनको न होगा डर, नाहीं वो होंगे गमज़दा•

278. ऐ ईमानवालो, तुम्हें चाहिए **अल्लाह** को ध्यान मे रखो और बाज़ रहो हर किस्मों के रिबा से, अगर तुम हो ईमानवाले•

279. अगर तुम नहीं करते, तो उम्मीद करो एक जंग **अल्लाह** और उनके रसूल की तरफ से• लेकिन अगर तुम तौबा करो, तुम तुम्हारे असल मालों को

रख सकते हो, बगैर नाइंसाफी करते हुए, या नाइंसाफी झेलते हुए•

280. अगर कर्ज़ लेने वाला काबिल न हो अदा करने के, बेहतर वक्त का इंतेज़ार करो• अगर तुम कर्ज़ को छोड़ दो एक खैरात के तौर पर, वो तुम्हारे लिए बेहतर होगा, अगर तुम सिर्फ जानते•

281. खबरदार रहो उस दिन से जब तुम लौटाए जाओगे **अल्लाह** को, और हर रूह को अदा किया जाएगा जो उसने किया था, बगैर ज़रा भी नाइंसाफी के•

लिखो माली लेन देन को

282. ऐ ईमानवालो, जब तुम कर्ज़ का लेन देन करो किसी भी मुद्दत के लिए, तुम्हें उसे लिखना चाहिए• एक गैर जानिबदार कातिब उसे लिखे• कोई कातिब इस खिदमत को करने से इंकार न करे, **अल्लाह** की तालीमों के मुताबिक• उसे लिखना चाहिए, जबके कर्ज़ लेने वाला लिखवाए उसकी शर्तें• उसे चाहिए **अल्लाह** उसके रब को ध्यान में रखे और कभी बेईमानी न करे• अगर कर्ज़ लेने वाला ज़ेहनी तौर पर काबिल नहीं है, या मजबूर, या लिखवा नहीं सकता, उसके सरपरस्त बराबरी से लिखवाएं• दो मर्दों को चाहिए गवाह बनें; अगर दो मर्द नहीं, तो एक मर्द और दो औरतें जिनकी शहादत सब को कबूल है•* इस तरह, अगर एक औरत एक तरफा हो जाए, दूसरी उसे याद दिलाए• ये ज़िम्मेदारी है गवाहों कि जब भी उन्हें शहादत के लिए बुलाया जाए वो हाज़िर हो जाएं• उकताओ नहीं तफसीलों को लिखने से, चाहे कितना लम्बा हो, अदाएगी का वक्त शामिल करते हुए• ये है बराबरी **अल्लाह** कि नज़र में, भरोसा दिलाता है बेहतर गवाही देने में, और तुम्हारे किसी भी शकों को निकालता है• व्यापारी लेन देन जो तुम फौरी तौर पर करते हो ज़रूरी नहीं लिखा जाये, लेकिन उनकी गवाही होने दो• कोई कातिब या गवाह को उसकी खिदमत कि वजह से तकलीफ नहीं दी जानी चाहिए• अगर तुम उन्हें तकलीफ पहुँचाओ, ये बदकारी होगी तुम्हारी तरफ से• तुम्हें चाहिए **अल्लाह** को ध्यान में रखो, और **अल्लाह** तुम्हें सिखायेंगे• **अल्लाह** हैं सब चीज़ों के जानने वाले•

283. अगर तुम सफर कर रहे हो, और कोई कातिब न मिले, एक इकरार नामा भेजा जाना चाहिए ताकि अदाएगी की ज़मानत हो• अगर किसी पर इस तरह भरोसा किया गया हो, उसे चाहिए इकरार नामा लौटा दे जब उसकी मुद्दत पूरी हो जाए, और उसे चाहिए **अल्लाह** उसके रब को ध्यान में रखे• कोई भी शहादत जिसके तुम गवाह थे न रोको उसको छिपाते हुए• जो कोई रोकता है शहादत को गुनाहगार है दिल से• **अल्लाह** हैं पूरी तरह वाकिफ सारी चीज़ से तुम करते हो•

284. सारी चीज़ें **अल्लाह** की हैं आसमानों और ज़मीन में• चाहे तुम तुम्हारे अंदरूनी ख्यालों को ऐलान करो, या उन्हें छिपाए रखो, **अल्लाह** तुम्हें उनके लिए ज़िम्मेदार ठहराते हैं• **वो** माफ करते हैं जिस किसी को **वो** चाहते हैं, और सज़ा देते हैं जिस किसी को **वो** चाहते हैं• **अल्लाह** हैं कादिरे मुतलक•

**2:282 माली लेन देन ही सिर्फ ऐसे मौके हैं जहाँ गवाह के तौर पर दो औरतें एक मर्द कि जगह ले सकतीं हैं• ये इस लिए है की हिफाज़त किया जा सके मुमकिन सच्चाई से कि एक गवाह दूसरे गवाह से शादी कर सकता है, और इस तरह उसे एक तरफा होने का सबब बन सकता है• ये मानी हुई हकीकत है कि औरतें मर्दों के मुकाबले जज़बाती तौर पर ज़्यादा कमज़ोर हैं•*

282 *28768*

तुम्हें चाहिए कोई फर्क न करो
अल्लाह के रसूलों के बीच

1. रसूल ने ईमान रखा है उसमें जो उसको भेजा गया था नीचे उसके **रब** की तरफ से, और उसी तरह ईमान वालों ने भी• वो ईमान रखते हैं **अल्लाह** , **उनके** फरिश्तों, **उनकी** आसमानी किताब, और **उनके** रसूलों में: "हम फर्क नहीं करते उनके किसी भी रसूलों के बीच•" वो कहते हैं, "हम सुनते हैं, और हम अताअत करते हैं•* हमें माफ करिए, हमारे **रब**• आपकी तरफ है असल मुकद्दर•"

2. **अल्लाह** कभी बोझ नहीं डालते किसी रूह पर उसकी ताकत से ज़्यादा: जो वो कमाता है उसका नफा है उसके साथ, और है उसके खिलाफ जो वो

करता है। “हमारे रब, हमारी मज़म्मत न करिए अगर हम भूल जाएं या गलतियाँ करें। हमारे रब, और हमारी हिफाज़त करिए आपकी बेअदबी करने से, जैसा हमसे पहलों ने किया है। हमारे रब, हमारी हिफाज़त करिए गुनाह करने से इससे पहले कि बहुत देर हो जाए हमें तौबा करने के लिए। हमें बक्श दीजिए और हमें माफ करिए। आप हमारे रब और मालिक हैं। अता करिए हमें जीत कुफ़्र करने वाले लोगों पर।

****

सुरह 3: इमरान का कुम्बा (आलि-इमरान)

अल्लाह के नाम से,
सबसे मेहरवान, सबसे रहम वाले

1. अ॰ल॰म॰*
2. **अल्लाह**: कोई खुदा नहीं सिवाए उनके; ज़िन्दा रहने वाले, हमेशा के लिए।
3. उन्होंने भेजा है नीचे इस आसमानी किताब को तुम्हारी तरफ, सच्चाई से, तसदीक देता हुआ पिछली सारी आसमानी किताबों की, और उन्होंने भेजा नीचे तौरेत और इंजील
4. उस से पहले, लोगों को हिदायत देने के लिए, और उन्होंने भेजा नीचे कानून कि किताब। जो कोई कुफ़्र करते हैं **अल्लाह** की वहियों में पाते हैं सख्त अज़ाब। **अल्लाह** हैं सबसे ताकतवर, इंतेकाम लेने वाले।
5. कोई भी चीज़ नहीं छिपी है **अल्लाह** से, ज़मीन पर, या आसमान में।
6. वो हैं वाहिद जो तुम्हारी नक्शकारी करते हैं कोखों में जैसा वो चाहते हैं। कोई खुदा नहीं सिवाए उनके; सबसे ताकतवर, सबसे हकीम।
7. उन्होंने भेजा नीचे इस आसमानी किताब को तुम्हारी तरफ, शामिल करते हुए साफ आयतें — जो कायम करते हैं आसमानी किताब के असल मायने — साथ साथ कई मायने वाली या मिसाल्या आयतें। जो कोई शकों को पनाह देते हैं उनके दिलों में कई मायने वाली आयतों कि तलाश में रहेंगे गड़बड़ी पैदा करने के लिए, और एक खास मायने निकालने के लिए। कोई नहीं जानता उनके सही मायने सिवाए **अल्लाह** और जो इल्म में पुख्तगी रखते है। वो कहते हैं, “हम इस में ईमान रखते हैं — ये सारी आतीं हैं हमारे रब की तरफ से।” सिर्फ वो जो इल्म रखते हैं तवज्जो देंगे।
8. “हमारे रब, हमारे दिलों को न डगमगाने दीजिए, अब जबकि आपने हमें हिदायत दिया है। बरसाईये हमें आपकी रहमत से; आप हैं अता करने वाले।

**2:285 बड़े हुक्मों में से एक है: “तुम्हें चाहिए कोई फर्क न करो अल्लाह के रसूलों के बीच” (2:136, 3:84, 4:150)। ईमान वाले युँ कहते हुए जवाब देते हैं, “हम सुनते हैं और हम अताअत करते हैं,” जबके सारे बुतपरस्त पलट कर बहेस करते हैं और वाजिब ठहराने के लिए उनका इसरार अल्लाह के साथ मुहम्मद का नाम लेना, दूसरे सारे रसूलो को छोड़ते हुए। बिगड़े हुए सारे मुसलमान उनके ईमान का अकीदा (शहादत) और उनकी राबता नमाज़ों के दरमियान मुहम्मद का नाम लेते हैं (देखें 72:18)।*

3:1 देखें फुटनोट 2:1 और अपेन्डिक्स एक।

9. “हमारे रब, आप बेशक लोगों को जमा करेंगे उस दिन जो अटल है। **अल्लाह** कभी वादा नहीं तोड़ते।”
10. जो कोई कुफ़्र करते हैं उनकी कभी मदद न की जायेगी उनके पैसे से, नाहीं उनकी औलाद से, **अल्लाह** के खिलाफ। वो जहन्नम का इंधन होंगे।
11. जैसे फिरऔन के लोग और उनसे पहले, उन्होंने हमारी आयतों को ठुकराया और, अंजाम ये हुआ, **अल्लाह** ने उन्हें सज़ा दिया उनके गुनाहों के लिए। **अल्लाह** सख्त हैं अज़ाब नाफिज़ करने में।
12. कहो उनसे जो कुफ़्र करते हैं, “तुम शिकस्त दिए जाओगे, फिर जमा किए जाओगे जहन्नम में; क्या एक अफसोस नाक ठिकाना!”

ईमानवालों:
आखिरकार जीतने वाले

13. एक मिसाल कायम की गई है तुम्हारे लिए दो लश्करों के ज़रिए जो टकराए — एक लश्कर लड़ रहा था **अल्लाह** कि राह में, जबके दूसरा कुफ्र कर रहा था• उन्होंने अपनी आँखों से देखा के वो दो गुना थे• **अल्लाह** अपनी जीत से मदद करते हैं जिस किसी को वो चाहते हैं• ये हौसला देना चाहिए उनके लिए जो दूर कि सोच रखते हैं•

मुखतलिफ अव्वलियतें

14. सजाया गया है लोगों के लिए दुनियावी लुत्फों को, ऐसे जैसे औरतें, औलाद का होना, ढ़ेर पर ढ़ेर सोने और चांदी के, सिखाए गए घोड़े, मवेशी जानवर, और अनाजें• ये हैं इस दुनिया कि चीज़ें• इससे कहीं बेहतर ठिकाना मखसूस किया गया है **अल्लाह** के पास•

15. कहो, "मैं तुम्हें इस से बेहतर सौदे का इत्तेला देता हूँ: उनके लिए जो एक नेक ज़िंदगी बसर करते हैं, उनके रब के पास मखसूस हैं, बागात बहती हुई नहरों के साथ, और पाक जोड़े, और खुशी **अल्लाह** कि नियामतों में•" **अल्लाह** हैं देखने वाले उनकी इबादत करने वालों को•

16. वो कहते हैं, "हमारे रब, हम ईमान लाए हैं, इसलिए हमारे गुनाहों को माफ करिए, और जहन्नम कि आग कि अज़ियत से बचाईये•"

17. वो हैं साबित कदम, सच्चे, फरमानबरदार, खैरात करने वाले, और सुबह को ध्यान करने वाले•

सबसे एहम
*एहकाम**

18. **अल्लाह** गवाही देते हैं कि कोई खुदा नहीं सिवाए उनके, और इसीतरह फरिश्ते और वो जो इल्म रखते हैं• सच्चाई और बराबरी से• वो हैं कामिल खुदा ; कोई खुदा नहीं सिवाए उनके, कादिरे मुतलक, सबसे हकीम•

फरमानबरदारी:
सिर्फ एक मज़हब

19. **अल्लाह** को सिर्फ मंजूर है मज़हब "फरमानबरदारी•" अफसोस के, वो जिनको किताब मिली है वहीं हैं जो हुज्जत करते हैं इस हकीकत से, इस के बावजूद कि इल्म जो उनको मिला है, जलन कि वजह से• ऐसे **अल्लाह** कि आयतों को ठुकराने वालों पर, **अल्लाह** सबसे सख्त हैं हिसाब लेने में•

**3:18 अकीदे का ऐलान (शहादत) जो फरमान किया गया है अल्लाह कि तरफ से है: "कोई खुदा नहीं सिवाए अल्लाह के," अरबी में "ला इलाहा इल्ल अल्लाह" (देखें 37:35, 47:19 भी)• बिगडे हुए मुसलमान एक दूसरी "शहादत" को जोड़ने पर ज़ोर देते हैं ऐलान करते हुए कि मुहम्मद अल्लाह के रसूल हैं• ये सही मायनों में "शिर्क" (बुतपरस्ती) और खुली नाफरमानी है अल्लाह और उनके रसूल कि• इसके अलावा, वो खिलाफ वरज़ी करता है 2:136, 2:285, 3:84 और 4:150-152 में बड़े ऐहकामों कि जो मना करता है अल्लाह के रसूलों के दरमियान फरक लाने को• ये ऐलान करते हुए कि "मुहम्मद एक अल्लाह के रसूल हैं," और नाकामयाव होना वही ऐलान करने में दूसरे रसूलों के लिए जैसे इब्राहीम, मूसा, ईसा, सालेह, और युनुस, एक फरक किया जाता है और एक बड़े हुक्म कि खिलाफ वरज़ी होती है•*

20. अगर वो तुमसे बहेस करें, तो कहो, "मैंने सादगी से अपने आप को **अल्लाह** का फरमानबरदार किया है, मैं और वो जो मेरी पैरवी करते हैं•" तुम्हें ऐलान करना चाहिए उनके लिए जिन्हें किताब मिली है, उनके लिए भी जिन्हें नहीं मिली, "क्या तुम फरमानबरदार होते हो?" अगर वो फरमानबरदार होते हैं, तो वा हैं हिदायत पर, लेकिन अगर वो फिर जाएं, तो तुम्हारा काम है सिर्फ इस पैगाम को पहुँचाना• **अल्लाह** हैं देखने वाले सारे लोगों के•

21. वो जिन्होंने **अल्लाह** कि आयतों को ठुकराया है, और नबियों को कत्ल किया नाइंसाफी से, और कत्ल किया उनको जो लोगों में इंसाफ कि वकालत करते थे, वादा करो उनसे एक दर्दनाक आज़ाब का•

22. उनके आमाल ज़ाया कर दिए गए हैं, दोनो इस ज़िंदगी में और अगली ज़िंदगी में, और उनके पास मदद करने वाले न होंगे॰

23. क्या तुमने ध्यान दिया है उनपर जिन्हें किताब का हिस्सा दिया गया था, और कैसे उनको दावत दी जाती है **अल्लाह** कि इस किताब को पकड़ के चलने की, और इसे उनके खुद कि ज़िन्दगियों में इस्तेमाल किए जाने की, फिर उनमें से कुछ नफरत से पलट जाते हैं?

24. ये इसलिए है कि उन्होंने कहा, "जहन्नम कि आग हमें न छुएगी, सिवाए कुछ दिनों के लिए॰" वो इस तरह धोखा दिए गए थे उनके मज़हब में उनके खुदके झूठों से॰

25. वो कैसा होगा उनके लिए, जब हम उन्हें जमा करेंगे उस दिन जो अटल है? हर रूह को सिला दिया जाएगा जो कुछ उसने कमाया, बगैर ज़रा सी भी नाइंसाफी के॰

अल्लाह कि सिफतें

26. कहो, "हमारे खुदा: सारी बादशाहत के मालिक॰ आप अता करते हैं बादशाहत जिस किसी को आप चुनते हैं, आप महरूम करते हैं बदशाहत से जिस किसी को आप चुनते हैं॰ आप अता करते हैं इज्ज़त जिस किसी को आप चुनते हैं, और रूसवा करते हैं जिस किसी को आप चुनते हैं॰ आप के हाथ में है सारे रिज़्क॰ आप हैं कादिरे मुतलक॰

27. "आप मिलाते हैं रात को दिन में, और मिलाते हैं दिन को रात में॰ आप पैदा करते हैं जिंदा मुर्दा से, और पैदा करते है मुर्दा जिंदा से, और आप अता करते हैं जिस किसी को आप चुनते हैं, बिना किसी हदों के॰"

चुनों अपने दोस्तों को ध्यान से

28. ईमानवाले कभी भी अपने आप को नहीं मिलाते काफिरों से, सिवाए ईमानवालों के॰ जो कोई ऐसा करता है जिलावतन दिया जाता है **अल्लाह** कि तरफ से॰ माफ किए गए हैं वो जो मजबूर हैं ऐसा करने के लिए ताके बचें इज़ार से॰ **अल्लाह** तुम्हें आगाह करते हैं ताके तुम सिर्फ उनका एहतराम करो॰ **अल्लाह** कि तरफ आखरी मुकद्दर॰

29. कहो, "चाहे तुम अपने अंदरूनी सोच को छिपाए रखो, या उसे ऐलान करो, **अल्लाह** हैं उससे पूरी तरह वाकिफ॰" वो हैं पूरी तरह वाकिफ आसमानों और ज़मीन में सारी चीज़ें से॰ **अल्लाह** हैं हर कादिरे मुतलक॰

30. वो दिन आएगा जब हर रूह को मालूम होगा वो सारे अच्छे आमाल जो उसने किए थे सामने लाए जाएंगे॰ जहाँ तक के बुरे आमाल का सवाल है, वो तमन्ना करेंगे की वो दूर, दूर तक निकाल दिए जाते॰ **अल्लाह** तुम्हें आगाह करते हैं ताके तुम सिर्फ उनका एहतराम करो॰ **अल्लाह** हैं शफीक लोगों कि तरफ॰

31. ऐलान करो: "अगर तुम **अल्लाह** को चाहते हो, तुम्हें मेरी पैरवी करनी चाहिए॰" **अल्लाह** फिर तुम्हें चाहेंगे, और तुम्हारे गुनाहों को माफ करेंगे॰ **अल्लाह** हैं माफ करने वाले, सबसे रहीम॰

32. ऐलान करो: "तुम्हें **अल्लाह** और रसूल कि अताअत करनी चाहिए॰" अगर वो पलट जाएं, **अल्लाह** काफिरों को पसंद नहीं करते॰

मरयम कि पैदाईश

33. **अल्लाह** ने चुना है आदम, नुह, इब्राहीम का कुम्बा, और इमरान का कुम्बा (*रसूलों जैसा*) लोगों कि तरफ॰

34. वो एक नस्ल से हैं॰ **अल्लाह** हैं सुनने वाले, सब जानने वाले॰

35. इमरान कि बिवी ने कहा, "मेरे रब, मैने मुंतखब किया है (*बच्चा*) जो मेरी पेठ में है आप के लिए, पूरी तरह, तो कबूल करिए मेरी तरफ से॰ आप हैं सुनने वाले, सब जानने वाले॰"

36. जब उसने उसे जन्म दिया, उसने कहा, “मेरे रब, मैंने एक लड़की को जन्म दिया है” — **अल्लाह** पूरी तरह वाकिफ थे उससे जो उसमें रह गया था — “मर्द एक सा नहीं है औरत के• मैंने उसे नाम दिया है मरयम, और मैं आपकी हिफाज़त मांगती हूँ उसपर और उसके नस्लों पर ठुकराए हुए शैतान से•

37. उसके रब ने उसे कबूल किया एक इज्ज़त वाला कबूल, और रहमत भरी परवरिश में उसे बड़ा किया, ज़करिया कि सरपरस्ती में• जब भी ज़करिया उसके इबादतगाह में दाखिल होता उसे नियामतों के साथ पाता• वो पूछता, “मरयम, तुमने यह कहाँ से पाया?” वो कहती, “यह **अल्लाह** कि तरफ से है• **अल्लाह** मुहय्या करते हैं जिसे चाहें वो चुनलें, बगैर हदों के•”

याहया कि पैदाईश

38. उसी वक्त ज़करिया ने उसके रब को पुकारा: “मेरे रब, अता करिए मुझे ऐसी एक अच्छी औलाद; आप हैं सुनने वाले दुआओं के•”

39. फरिश्तों ने उसे पुकारा जब वो मेहराब में इबादत कर रहा था: “**अल्लाह** तुम्हें याहया कि खुशखबरी देते हैं, **अल्लाह** कि लफ्ज़ में ईमान रखने वाला, इज्ज़तदार, इख्लाकी, और एक नेक नबी•”

40. उसने कहा, “मुझे कैसे एक बेटा हो सकता है, जब के मैं इतना बुढ़ा हुँ, और मेरी बिवी है बांझ?” उसने कहा, “**अल्लाह** करते हैं जो वो चाहें•”

41. उसने कहा, “मेरे रब, मुझे एक निशानी दीजिए•” उसने कहा, “तेरी निशानी है कि तु लोगों से तीन दिनों तक बात नहीं करेगा, सिवाए इशारों के ज़रिए• याद करो अपने रब को कसरत से; और रात और दिन धान करो•”

मरयम और ईसा

42. फरिश्तों ने कहा, “ऐ मरयम, **अल्लाह** ने तुझे चुना है और तुझे पाक किया है• उन्होंने तुझे चुना है सारी औरतों से•”

43. “ऐ मरयम, तुझे चाहिए फरमानबरदार हो अपने रब्ब का, और सुजूद और रूकु कर उनके साथ जो झुकते हैं•”

44. ये पहलों कि खबरें हैं जो हम तुझ पर नाज़िल करते हैं• तू वहाँ न था जब उन्होंने अपने हिस्से कि परची निकाली मरयम कि सरपरस्ती करने के लिए• तू वहाँ मौजूद न था जब उन्होंने एक दूसरे से बहेस किया•

45. फरिश्तों ने कहा, “ऐ मरयम, **अल्लाह** तुम्हें खुशखबरी सुनाते हैं: एक लफ्ज़ उनकी तरफ से जिसका नाम है ‘मसीहा, ईसा मरयम का बेटा• वो इस ज़िंदगी में और अगली जिंदगी में होगा मशहूर, और उनमें से जो हैं मेरे सबसे करीब होंगे•’

46. “वो लोगों से बात करेगा पालने से, और जब बड़ा होगा तब भी; वो होगा नेककारों में से एक•”

47. उसने कहा, “मेरे रब, मुझे कैसे एक बेटा हो सकता है, जब के किसी मर्द ने मुझे नहीं छुआ है?” उसने कहा, “**अल्लाह** इसतरह पैदा करते हैं जो कुछ वो चाहते हैं• कोई चीज़ करने के लिए, वो सिर्फ उसे कहते हैं, ‘हो,’ और वो हो जाता है•

48. “वो सिखाएंगे उसे आसमानी किताब, हिकमत, तौरेत, और इंजील•”

49. एक रसूल जैसा बनी इस्राईल की तरफ: “मैं आता हूँ तुम्हारे रब कि तरफ से एक निशानी के साथ — मैं पैदा करता हूँ तुम्हारे लिए मिट्टी से एक चिड़िये कि शक्ल, फिर मैं उसमें फूंकता हूँ, और वो बन जाता है एक ज़िंदा चिड़िया **अल्लाह** कि मरज़ी से• मैं अंधों को रौशनी लौटाता हूँ, कोहड़ियों को ठीक करता हूँ, और मैं ज़िंदा करता हूँ मुरदे को **अल्लाह** कि मरज़ी से• मैं तुम्हें बता सकता हूँ जो तुम खाते हो, और जो तुम जमा करते हो तुम्हारे घरों में• यह तुम्हारे लिए एक सबूत होना चाहिए, अगर तुम हो ईमानवाले•

50. “मैं तसदीक करता हूँ पिछली आसमानी किताब — तौरेत कि — और मैं तुम्हारे ऊपर आएद किए गए कुछ हुरमतों को मनसूख करता हूँ• मैं तुम्हारी तरफ

तुम्हारे रब कि तरफ से काफी सबूत के साथ आता हूँ• इसलिए, तुम्हें चाहिए **अल्लाह** को ध्यान रखो और मेरी अताअत करो•

51. “**अल्लाह** हैं मेरे रब और तुम्हारे रब;* तुम्हे चाहिए कि सिर्फ उनकी इबादत करो• ये है सही रास्ता•”

52. जब ईसा ने उनके कुफ्र को भापा, उसने कहा, “कौन हैं मेरी मदद करने वाले **अल्लाह** कि तरफ?” उसकी पैरवी करने वालों ने कहा, “हम हैं **अल्लाह** के मददगार; हम **अल्लाह** में ईमान रखते हैं, और गवाही देते कि हम हैं फरमानबरदारें•

53. “हमारे रब, हम ईमान लाये हैं उसमें जो आपने नीचे उतारा है, और हमने रसूल की पैरवी कि है; हमें गवाहों में से गिनिये•”

*ईसा कि मौत**

54. उन्होंने मनसूबा बनाया और साज़िश कि, लेकिन उसी तरह **अल्लाह** ने भी, और **अल्लाह** हैं सबसे बेहतर साज़िशकार•

55. इसतरह, **अल्लाह** ने कहा, “ऐ ईसा, मैं तुम्हारी ज़िंदगी को खत्म करता हूँ, तुझे मेरी तरफ उठाता हूँ, और निजात देता हूँ तुझे काफिरों से• मैं उन्हें जो तेरी पैरवी करने वाले हैं बुलंद करूंगा उनपर जो काफिर हैं, कयामत के दिन तक• फिर मेरी तरफ है तुम सारों कि आखरी मुकद्दर, फिर मैं इंसाफ करूंगा तुम्हारे बीच तुम्हारे झड़पों के मुताल्लिक•

56. “जहाँ तक के उनका सवाल है जो कुफ्र करते हैं, मैं उनको दर्दनाक आज़ाब दुंगा इस दुनिया में, और अगली ज़िंदगी में• उनके पास कोई न होंगे मदद करने वाले•”

57. जहाँ तक के उनका सवाल है जो ईमान रखते हैं और नेक ज़िंदगी बसर करते हैं, वो उनको पूरा मुआवज़ा देंगे• **अल्लाह** नाइंसाफ को पसंद नहीं करते•

58. ये हैं आयतें जो हम तुझको पढ़कर सुनाते हैं, देते हुए एक पैगाम हिकमत से भरा•

*रियाज़ी तसदीक**

59. जहाँ तक **अल्लाह** का ताल्लुक है, ईसा का मिसाल, है ऐसा जैसे आदम का; उन्होंने उसे धूल से पैदा किया, फिर उससे कहा, “हो,” और वो हो गया था•

60. यह सच है तुम्हारे रब्ब कि तरफ से; किसी शकों को न पालो•

**3:51 यही है हुबहू जो ईसा को बताया गया है कहते हुए पूरे इंजील में• मिसाल के तौर पर देखें जॉन का इंजील 20:17, और किताब “जिज़स: मिथ्स ऐण्ड मैसेज” लिसा स्प्रे कि तरफ से, चे• 4 (युनिर्वसल युनिटी, फेरमॉन्ट, कैलिफॉरनिया, 1992)•*

**3:54-55 हम सीखते हैं कि ईसा कि रूह, असल शक्स, उठा ली गई थी, यानी, ईसा कि ज़िंदगी इस ज़मीन पर खत्म कर दी गई थी, गिरफतारी, अज़ियत, उसकी खाली, बगैर रूह कि, लेकिन जिस्मानी तौर पर ज़िंदा जिस्म के सूली चढ़ने से पहले (अपेन्डिक्स 22 देखें तफसिलात के लिए)•*

**3:59 “बराबरी” ईसा और आदम कि पैदाइश की तसदीक की गई है रियाज़ी तौर पर; ईसा और आदम उतनी अदद बार बयान किये गए है कुरान में, दोनो 25 बार•*

काफिरों को
ललकारते हुए

61. अगर कोई तुझसे बहेस करे, बावजूद इसके की तूने ईल्म पाया है, तो कह, “चलो हम जमा करें हमारी औलाद और तुम्हारी औलाद, हमारी औरतों और तुम्हारी औरतों को, हम सारे और तुम सारे, फिर चलो हम पुकारे **अल्लाह** कि लानत झूठ बोलने वालों पर•”

62. बेशक, यह बयान है सच्चाई का• बेशक, कोई खुदा नहीं सिवाए **अल्लाह** के• बेशक, **अल्लाह** हैं कादिरे मुतलक, सबसे हकीम•

63. अगर वो पलट जाएं, तो **अल्लाह** हैं पूरी तरह वाकिफ बुरा करने वालों से•

दावत
सारे ईमानवालों को

64. कहो, "ऐ आसमानी किताब कि पैरवी करने वालों, चलें हम मुनासिब तौर पर हमारे और तुम्हारे बीच एक मुहायदे पर पहुँचे: कि हम **अल्लाह** के सिवाए किसी कि इबादत न करें; कि हम कभी भी उनके अलावा किसी बुतों को न कायम करें, नाहीं किसी इंसान को रब जैसा कायम करें सिवाए **अल्लाह** के•" अगर वो पलट जाएं, कहो, "गवाह रहो कि हम हैं फरमानबरदारें•"

65. ऐ आसमानी किताब कि पैरवी करने वालों, तुम क्यों इब्राहीम के बारे में बहेस करते हो, जबकि तौरेत और इंजील उसके बाद ही नाज़िल हुई? क्या तुम नहीं समझते?

66. तुमने बहेस किया है उन चीज़ों के बारे में जो तुम जानते थे; तुम क्यों उन चीज़ों के बारे में बहेस करते हो जो तुम नहीं जानते? **अल्लाह** जानते हैं, जबके तुम नहीं जानते•

67. इब्राहीम नाहीं यहूदी था, नाहीं ईसाई; वो था एक रब की इबादत करने वाला फरमानबरदार• वो कभी भी बुतपरस्त न था•

68. लोगों में से सबसे ज़्यादा इब्राहीम के हकदार वो हैं जिन्होंने उसकी पैरवी की, और ये नबी, और जो ईमान रखते हैं• **अल्लाह** हैं रब और मालिक ईमान वालों के•

69. कुछ आसमानी किताब पर चलनेवाले तुझे बहकाना चाहते हैं, लेकिन वो सिर्फ खुद को बहकाते हैं, बगैर जाने•

70. ऐ आसमानी किताब कि पैरवी करने वालों, तुम क्यों **अल्लाह** कि इन आयतों को ठुकराते हो जबके तुम गवाही देते हो (*कि ये सच है*)?

71. ऐ आसमानी किताब कि पैरवी करने वालों, क्यों तुम शिकस्त देते हो सच को झूठ से, और छिपाते हो सच को, जानबूझकर?

72. कुछ आसमानी किताब कि पैरवी करने वाले कहते हैं, "मानों उसे जो ईमानवालों पर उतरा था सुवह में, और ठुकरा दो उसे शाम में; हो सकता है किसी दिन वो पलट जाएं•

73. "और न मानो सिवाए उन जैसे जो तुम्हारे मज़हब पर चलते हैं•" कहो, "**अल्लाह** कि हिदायत है सही हिदायत •" अगर वो दावा करे कि उनके पास भी वैसी हिदायत है, या तुमसे तुम्हारे रव्व के बारे में बहेस करें, कहो, "सारा फज़्ल है **अल्लाह** के हाथ में; वो इनायत करते हैं उसे जिस किसी पर वो चाहते हैं•" **अल्लाह** हैं सखी, सबकुछ जाननेवाले•

74. वो तफसील करते हैं उनकी रेहमत जिस किसी के लिए वो चाहते हैं; **अल्लाह** मालिक हैं बेइन्तेहा फज़्ल के•

सब लोगों के साथ ईमानदार रहो

73. वाकई काफिरें हैं वो जो कहते हैं कि **अल्लाह** तीसरे हैं एक ट्रिनिटी में• कोई खुदा नहीं सिवाए एक खुदा के• जबतक वो बाज़ न आयें ऐसा कहने से, उनमें से जो कोई कुफ्र करेंगे पायेंगे एक दर्द नाक आज़ाब•

74. क्या वो तौबा नहीं करेंगे **अल्लाह** से, और मांगेंगे उनकी मगफरत? **अल्लाह** हैं माफ करने वाले, सबसे रहीम•

75. मसीहा, मरयम का बेटा, उससे पहले रसूलों कि तरह एक रसूल से ज़्यादा कुछ नहीं, और उसकी माँ एक वली थी• दोनों खाना खाया करते थे• ध्यान दो हम किस तरह आयतों को समझाते हैं उनके लिए, और ध्यान दो वो फिर भी कैसे बहकते हैं!

76. कहो, "क्या तुम **अल्लाह** के अलावा बेबस बुतों कि इबादत करोगे जो नाहीं तुम्हें नुकसान दे सकते हैं, नाहीं तुम्हें फायदा दे सकते हैं? **अल्लाह** हैं सुनने वाले, सबकुछ जानने वाले•"

चुनों तुम्हारे दोस्तों को ध्यान से

77. कहो, "ऐ आसमानी किताब के लोगों, तुम्हारे मज़हब कि हदों को सच्चाई के बाहार पार न करो, और न चलो उन लोगों के रायों पर जो गुमराह हुए हैं, और गुमराह किया है कसरत से लोगों को; वो दूर बहक गये हैं सही राह से•"

78. मलामत की गई हैं उनकी जिन्होंने कुफ्र किया बनी इस्राईल में से, दाऊद और ईसा, मरयम के बेटे कि ज़बान से• इसलिए कि उन्होंने नाफरमानी की और हद से निकल गये•

बेपरवाही कि मलामत की गई है

79. उन्होंने एक दूसरे को नहीं रोका बुराई करने से• वाकई आफतज़दा है जो उन्होंने किया•

80. तुम देखोगे उनमें से कईयों को अपने आप को जोड़ते हुए उनके साथ जो कुफ्र करते हैं• वाकई आफतज़दा है वो जो उनके हाथों ने आगे भेजा है उनकी रूहों कि तरफ से• **अल्लाह** उनसे गुस्सा हैं और, इस वजह से, वो हमेशा के लिए रहेंगे आज़ाब में•

81. अगर वो ईमान रखते **अल्लाह** में, और नबी, और उसमें जो उसे नाज़िल हुआ है इसमें, वो उनके साथ दोस्ती न बनाये होते• लेकिन हैं उनमें ज़्यादातर बुरे•

एक बयान हकीकत का

82. तुम पाओगे यहूदियों और बुतपरस्तों को सबसे बुरा दुश्मन ईमानवालों का• और तुम पाओगे दोस्ती में ईमानवालों के सबसे करीब वो लोग जो कहते हैं, "हम हैं ईसाई•" इसलिए कि उनके दरमियान हैं पादरियें और इबादत करने वाले, और वो नहीं हैं मगरूर•

5:72-76 जॉन 20:17 में, हम देखते हैं कि ईसा ने सिखाया कि वो नाहीं था अल्लाह, नाहीं अल्लाह का बेटा• कई मज़हबी आलिमें नतीजे पर पहुँच चुके हैं, एहतियाती तहकीकात के बाद, कि आज का ईसाई मज़हब नहीं है वही ईसाई मज़हब जो ईसा के तरफ से सिखाया गया था• दो सबसे नुमाया किताबें इस मौज़ू पर हैं "द मिथ ऑफ गॉड इनकारनेट" (द वेस्ट मिनिस्टर प्रेस, फिलाडेलफिया, 1977) और "द मिथमेकर" (हारपर एन्ड रो, न्युयॉर्क, 1986)• ऊपर कि ज़िल्द पर "द मिथमेकर" के हम पढ़ते हैं ये जुमला:* *"...हयाम माकोबी पेश करता है नई हुज्जतें इस राय कि हिमायत में कि पॉल, ईसा नहीं, था ईसाई मज़हब का शुरू करने वाला.... वो था पॉल अकेला जिसने पैदा किया एक नया मज़हब उसके इस ख्याल से कि ईसा थे खुदाई निजात दिलाने वाले जो मरे इंसानियत को बचाने के लिए•"***

83. जब वो सुनते हैं उसे जो नाज़िल हुआ था रसूल कि तरफ, तुम देखोगे उनकी आँखे आसुंओं से बहते हुए जैस वो सच्चाई को पहचानते हैं उसमें, और वो कहते हैं, "हमारे रब, हम ईमान लाये, इसलिए गिनिये हमें गवाहों में से•

84. "हम क्यों ईमान न लायें **अल्लाह** में, और सच्चाई में जो हमारे पास आया है, और उम्मीद करते हैं कि हमारे रब दाखिल करें हमें नेक लोगों के साथ?"

85. **अल्लाह** ने इनाम दिया है उन्हें ऐसा कहने के लिए; वो दाखिल करेंगे उन्हें बागों में बहती हुई

नहरों के साथ• वो रहेंगे उसमें हमेशा के लिए• ऐसा है इनाम नेककारों के लिए•

86. जहाँ तक वो जो कुफ्र करते हैं और ठुकराते हैं हमारी आयतों को, वो हैं रहने वाले जहन्नम के•

हलाल चीज़ों को हराम न करो

87. ऐ ईमानवालो, हराम न करो अच्छी चीजें जो **अल्लाह** कि तरफ से हलाल किये गये हैं, और अदावत न करो; **अल्लाह** अदावत करने वालों को पसंद नहीं करते•

88. और खाओ अच्छी और हलाल चीज़ों से जो **अल्लाह** ने तुम्हारे लिए मुहय्या किया है• तुम्हें **अल्लाह** का एहतराम करना चाहिए, जिसमें तुम हो ईमानवाले•

न लो अल्लाह
का नाम फुजूल में

89. **अल्लाह** तुम्हें ज़िम्मेदार नहीं ठहराते महेज़ कसमों को कहने के लिए; वो तुम्हें ज़िम्मेदार ठहराते हैं तुम्हारे असल इरादों के लिए• अगर तुम कसम को तोड़ो, तुम्हें कफ्फारा अदा करना चाहिए दस गरीब लोगों को खिलाते हुए उसी ही खाने से जो तुम तुम्हारे खुद के कुम्बे को देते हो, या उन्हें कपड़ा पहनाते हुए, या एक गुलाम को आज़ाद करते हुए• अगर तुम इसकी हैसियत नहीं रख सकते, तो तुम्हें तीन दिनों तक रोज़ा रखना चाहिए• यह कफ्फारा है कसमों को तोड़ने के लिए जिसका तुमने कसम खाया था रखने का• तुम्हें तुम्हारे कसमों को पूरा करना चाहिए• **अल्लाह** इसतरह समझाते हैं उनकी आयतों को तुम्हारे लिए, ताके तुम कद्र करने वाले बन जाओ•

नशे कि चीज़ें और जुआ

हराम करार दिये गये

90. ऐ ईमानवालो, नशे कि चीज़े, और जुआ, और बुतों के चबुतरे, और तुक्के वाले खेल हैं शैतान के घिनौनेपन; तुम्हें उनसे बचना चाहिए, ताके तुम कामयाब हो सको•

91. शैतान तुम्हारे बीच दुश्मनी और नफरत को उकसाना चाहता है नशे कि चीज़ों और जुए के ज़रिये, और ताके फेरे तुम्हें **अल्लाह** को याद करने से, और राबता नमाज़ों (*सलात*) को अदा करने से• क्या तुम फिर बाज़ आओगे?

92. तुम्हें **अल्लाह** की अताअत करनी चाहिए, और तुम्हें रसूल की अताअत करनी चाहिए, और खबरदार• अगर तुम पलट जाओ, फिर जानो कि हमारे रसूल का सिर्फ काम है पैगाम को अच्छी तरफ पहुँचाना•

93. जो कोई ईमान रखते हैं और एक नेक ज़िंदगी बसर करते हैं कोई खता नहीं उठाते खाते हुए कोई खाना, बर्शते के वो एहकामों को ध्यान में रखें, ईमान रखें और एक नेक ज़िंदगी बसर करें, फिर उनकी परहेज़गारी और अकीदे को बरकरार रखें, और जारी रहें परहेज़गारी और नेककारी का ख्याल करते हुए• **अल्लाह** चाहते हैं नेककारों को•

शिकार कि हिफाज़त

94. ऐ ईमानवालो तुम, **अल्लाह** तुम्हें तुम्हारे हाथों कि पहुँच में कुछ शिकार और तुम्हारे तीरों के साथ आज़मायेंगे (*हज के दरमियान*)• **अल्लाह** इसतरह फरक करते हैं तुम्हारे बीच उनको जो उन्हें ध्यान में रखते हैं उनकी तन्हाई में• जो कोई हद से निकलता है इसके बाद पाया है एक दर्दनाक आज़ाब•

95. ऐ ईमानवालो, न मारो किसी शिकार को हज के दौरान• कोई भी जो मारे किसी शिकार को जानबूझकर, उसका हरजाना उतने ही मवेशी जानवरों का अदद होना चाहिए जितने शिकारी जानवरों को उसने मारा• फैसला किया जाना चाहिए तुम में से दो दुरूस्त लोगों कि तरफ से• उन्हें ध्यान रखना चाहिये कि कुरबानियाँ *काबा* को पहुँचती हैं• वरना, वो कफ्फारा अदा कर सकता है गरीब लोगों को खिलाते हुए, या एक बराबरी वाले रोज़े से उसके जुर्म का कफ्फारा अदा करने के लिए• **अल्लाह** ने पिछले जुर्मो को माफ किया है• लेकिन अगर कोई लौटता है ऐसे एक जुर्म कि तरफ,

अल्लाह उसका बदला लेंगे• **अल्लाह** हैं कादिरे मुतलक, बदला लेने वाले•

सारी मखलूकें
समंदर की हलाल हैं खाने के लिए

96. सारी मछलियाँ समंदर की तुम्हारे खाने के लिए हलाल की गई हैं• हज के दौरान, ये तुम्हारे लिए मुहय्या कर सकते हैं तुम्हारे सफर के दौरान• तुम्हें पूरे हज के दौरान शिकार नहीं करना चाहिए• तुम्हें **अल्लाह** का एहतराम करना चाहिए, जिनके सामने तुम हाज़िर किए जाओगे•

97. **अल्लाह** ने मुहद्दस मस्जिद,* *कावा*, को एक हिफाज़त कि जगह मुकर्रर की है लोगों के लिए, और मुकद्दस महीने भी, कुरवानियाँ (*मुकद्दस मस्जिद को*), और उनको निशान करती हारें• तुम्हें मालूम होना चाहिए कि **अल्लाह** आसमानों और ज़मीन में सारी चीज़ों को जानते हैं, और ये कि **अल्लाह** हैं सब कुछ जानने वाले•

98. जानों कि **अल्लाह** सख्त हैं आज़ाब नाफिज़ करने में, और ये कि **अल्लाह** हैं माफ करने वाले सबसे रहीम•

99. रसूल का सिर्फ काम है पैगाम को पहुँचाना, और **अल्लाह** जानते हैं सारी चीज़े जो तुम ऐलान करते हो और सारी चीज़ें जो तुम छिपाते हो•

100. ऐलान करो: "बुरा और अच्छा एक जैसा नहीं हैं, अगर बुरे का इफराद तुम्हें मुतास्सिर करे तब भी• तुम्हें **अल्लाह** का एहतराम करना चाहिए, (*अगर तुम कम तादाद में हो तब भी*) ऐ तुम अक्ल रखने वालो, ताके तुम कामयाब हो सको•"

101. ऐ ईमानवालो, न पूछो मसलों के बारे में जो, अगर तुम्हें बताया जाये वक्त से पहले, तुम्हें तकलीफ देगा• अगर तुम उनके बारे में पूछो कुरान कि रौशनी में, वो तुम्हें ज़ाहिर हो जायेंगे• **अल्लाह** ने उन्हें जानबूझकर नज़रअंदाज़ किया है• **अल्लाह** हैं माफ करने वाले, रहीम•

102. तुमसे पहले दूसरों ने वैसे ही सवालों को पूछा है, फिर उसमें कुफ्र करने वाले बन गये•

103. **अल्लाह** ने हराम नहीं किया मवेशी जानवर जो जनती है खास नरों और मादाओं के जोड़ों को, नाहीं आज़ाद किये गये कसम के ज़रिये मवेशी जानवर, नाहीं एक जो जनती है दो नरों को लगातार, नाहीं सांड़ जो पैदा करता है दस• ये तो काफिरें हैं जिन्होंने ऐजाद किया है ऐसे झूठों को **अल्लाह** के बारे में• उनमें से ज़्यादातर नहीं समझते•

न चलो तुम्हारे वालिदैन के मज़हब पर
आँख बंद करके

104. जब उनसे कहा जाता है, "आओ उसके पास जो **अल्लाह** ने नाज़िल किया है, और रसूल कि तरफ," वो कहते हैं, "हमने जो हमारे वालिदैन को करते हुए पाया है हमारे लिए काफी•" क्या अगर उनके वालिदैन कुछ नहीं जानते थे, और नहीं थे हिदायत याफता?

**5:97*बुत परस्ती करते हुए मुसलमानों ने नबी कि कब्र को मुकद्दस करार देते हुए दो "मुकद्दस मस्जिदों" को नाफिज़ किया है• कुरान सिर्फ एक मुकद्दस मस्जिद के बारे में बात करता है•*

105. ऐ ईमानवालो, तुम्हें सिर्फ तुम्हारे गर्दनों के बारे में फिकर करनी चाहिए• अगर दूसरे गुमराह होते हैं, वो तुम्हें तकलीफ नहीं पहुँचा सकते, जब तक तुम हिदायतयाफ्ता हो• **अल्लाह** कि तरफ है तुम्हारा आखरी मुकद्दर, तुम सभी का, फिर वो तुम्हें इत्तेला देंगे सारी चीज़ों का जो तुमने किया था•

गवाह बनते हुए एक वसीयत का

106. ऐ ईमानवालो, वसीयत का गवाह बनते हुए जब तुम में से एक मर रहा हो होना चाहिए तुम में से दो दुरूस्त लोगों कि तरफ से• अगर तुम सफर कर रहे हो, तो दूसरे दो गवाह बन सकते हैं• राबता नमाज़ (*सलात*) अदा करने के बाद, गवाहों को अल्लाह कि कसम खाने दो, तुम्हारे शकों को हल्का करने के लिए: "हम इसे ज़ाती फायदों को हासिल करने के

लिए इस्तेमाल नहीं करेंगे, अगर चे वसीयत करने वाला हमारा रिश्तेदार ही क्यों न हो• नाहीं हम छिपायेंगे **अल्लाह** कि शहादत• वरना, हम होंगे गुनहगार•"

107. अगर गवाहें पाये जायें एक तरफा होने के मुजरिम, तो दूसरे दो को पूछा जाना चाहिए उनकी जगह लेने के लिए• चुनो दो शक्सों को जो शिकार बने थे पहले गवाहों के ज़रिये, और उन्हें **अल्लाह** कि कसम खाने दो: "हमारी शहादत उनसे ज़्यादा सच्ची है; हम एक तरफा न होंगे• वरना, हम होंगे खतावार•"

108. ये ज़्यादा दुरूस्त है उनकी तरफ से सच्ची शहादत की हौसलाअफज़ाई करने के लिए, डरते हुए कि उनकी कसम भी नज़रअंदाज़ की जा सकती है पिछले गवाहों कि तरह• तुम्हें **अल्लाह** को ध्यान में रखना और सुनना चाहिए• **अल्लाह** गुनाहगारों को हिदायत नहीं देते•

मुरदा रसूलें
बिल्कुल नावाकिफ

109. दिन आयेगा जब **अल्लाह** हाज़िर करेंगे रसूलों को और उनसे पूछेंगे, "कैसा था जवाब तुम्हारी तरफ?" वो कहेंगे, "हमें कोई इल्म नहीं• आप हैं जानने वाले सारे राज़ों के•"

110. **अल्लाह** कहेंगे, "ऐ ईसा, मरयम का बेटा, याद करो मेरी रहमतों को तुझ पर और तेरी माँ पर• मैंने मदद की तेरी मुकद्दस रूह के साथ, काबिल करने के लिए तुझे पालने से लोगों को बात करने के लिए, इसके अलावा सियानेपन में• मैंने सिखाया तुझे आसमानि किताब, हिकमत, तौरेत, और इंजील• याद कर कि तूने मिट्टी से पैदा किया एक चिड़िया का ढांचा मेरी मरज़ी से, फिर फूंका उसमें, और वो एक ज़िंदा चिड़िया बन गयी मेरी मरज़ी से• तूने ठीक किया अंधे और कोहणियों को मेरी मरज़ी से, और मुरदों को जिंदा किया मेरी मरज़ी से• याद कर कि मैंने तेरी हिफाज़त की बनी इस्राईल से जो तुझे नुकसान पहुँचाना चाहते थे, इसके बावजूद के गहरे मौजज़ों को तूने उनको दिखाया• उनमें से काफिरों ने कहा, 'ज़ाहिर है ये जादू है•'

111. "याद कर कि मैंने इल्हाम किया पैरवी करने वालों को: 'तुम्हें ईमान रखना चाहिए मुझ में और मेरे रसूल में•' उन्होंने कहा, 'हम ईमान लाये हैं, और गवाह रहो कि हम फरमानबरदार हैं•' "

दावत

112. याद कर कि पैरवी करने वालों ने कहा, "ऐ ईसा मरयम के बेटे, क्या तुम्हारे रब आसमान से हमारे लिए नीचे एक दावत भेज सकते हैं?" उसने कहा, "तुम्हें **अल्लाह** का एहतराम करना चाहिए, अगर तुम हो ईमानवाले•"

113. उन्होंने कहा, "हम उससे खाना चाहते हैं, और हमारे दिलों को दोबारा यकीन दिलाना चाहते हैं, और यकीन तौर पर जानने के लिए कि तुमने हमसे सच कहा है• हम उसके मुताल्लिक गवाहों जैसा काम करेंगे•

बड़े मौजज़े लाते हैं
*बड़ी ज़िम्मेदारी**

114. मरयम का बेटा, ईसा ने कहा, "हमारे खुदा, हमारे रब, भेजिये हमारे लिए नीचे एक दावत आसमान से• उसे हम में से हर एक के लिए लाने दीजिये ज़्यादा, और एक निशानी आप की तरफ से• मुहय्या करिये हमारे लिए; आप हैं सबसे अच्छे मुहय्या करने वाले•"

115. **अल्लाह** ने कहा, "मैं नीचे भेज रहा हूँ उसे• तुम में से कोई भी कुफ्र करे इसके बाद, मैं सज़ा दूंगा उसे ऐसा जैसे मैंने नहीं दिया सज़ा किसी और को•"*

हश्र के दिन पर

116. **अल्लाह** कहेंगे, "ऐ ईसा, मरयम का बेटा,* क्या तूने लोगों से कहा, 'बनाओ मुझे और मेरी माँ को बुतों जैसा

अल्लाह के साथ?' " वो कहेगा, "आपकी बड़ाई हो• मैं ज़बान पर नहीं ला सकता था वो जो सही नहीं था• अगर मैंने उसे कहा होता, आप पहले से ही उसे जान लेते• आप जानते हैं मेरे ख्यालों को, और मैं नहीं जानता आपके ख्यालों को• आप जानते हैं सारे राज़ों को •

117. "मैंने कहा उनसे सिर्फ वही जो आपने मुझे हुक्म दिया, कि: 'तुम्हें मेरे रब और तुम्हारे रब की **अल्लाह**, कि इबादत करनी चाहिए•' मैं एक गवाह था उस वक्त तक जबतक मैं रहा उनके साथ• जब आपने खत्म किया मेरी ज़िंदगी ज़मीन पर, आप उनकी निगरानी करने वाले हो गये• आप सारी चीज़ों के गवाह होते हैं•

118. "अगर आप उन्हें सज़ा दें, वो हैं आप के बंदे• अगर आप उन्हें माफ करें, आप हैं कादिरे मुतलक, सबसे हकीम•"

119. **अल्लाह** ऐलान करेंगे, "यह है दिन जब सच्चा बचाया जायेगा उनकी सच्चाई कि वजह से•" वो मुस्तहेक हुए हैं बहती हुई नहरों के साथ बागों के• वो रहेंगे उसमें हमेशा के लिए• **अल्लाह** उनसे राज़ी हैं, और वो उनसे राज़ीं हैं• यह है सबसे बड़ी फतेह•

120. **अल्लाह** के पास है सल्तनत आसमानों और ज़मीन, और उनमें सारी चीज़ों की, और वो हैं कादिरे मुतलक•

****

सुरह 6: मवेशी जानवर (अल-अनाम)

अल्लाह के नाम से,
सबसे मेहरबान, सबसे रहम वाले

1. तारीफ हो **अल्लाह** की, जिन्होंने पैदा किया आसमानों और ज़मीन को, और बनाया अंधेरेपन और रोशनी• इसके बावजूद, जो कोई कुफ्र करते हैं उनके रब में जारी रहते हैं भटकने के लिए•

2. वो हैं वाहिद जिन्होंने पैदा किया तुम्हें मिट्टी से, फिर पहले से तय किया तुम्हारी ज़िंदगी कि मुद्दत को, एक ज़िंदगी कि मुद्दत जो है सिर्फ उनको पता• इसके बाजजूद, तुम जारी रहते हो शक करने के लिए•

3. वो हैं वाहिद **अल्लाह** आसमानों और ज़मीन में• वो जानते हैं तुम्हारे राज़ों को और तुम्हारे ऐलानों को, और वो जानते हैं सारी चीज़ें तुम कमाते हो•

4. चाहे किसी भी किस्म का सबूत आता है उनके पास उनके रब कि तरफ से, वो उससे पलट जाते हैं, नफरत में•

5. चुँकि उन्होंने ठुकराया सच को जब वो आया उनकी तरफ, उन्होंने उनके बेपरवाही के नतीजों को पाया है•

**5:114-115 कुरान का ज़बरदस्त मौजज़ा (अपेन्डिक्स एक) बयान किया गया है 74:35 में "बड़े मौजज़ों में से एक" जैसा, और लाता है उसके साथ एक गैरमामूली बड़ी ज़िम्मेदारी•*

**5:116 ये काबिलेगौर है कि कुरान मुसलसल ईसा को "मरयम का बेटा" पुकारता है और इंजील पुकारता है उसे "आदमी का बेटा•" अल्लाह जानते थे कि कुछ बेअदबी करेंगे और पुकारेंगे उसे "अल्लाह का बेटा"!*

6. क्या उन्होंने नहीं देखा उनसे पहले कितनी नस्लों को हमने फना किया है? जितना हमने तुम्हारे लिये किया उससे ज़्यादा हमने उन्हें फरागदिली से, ज़मीन पर कायम किया, और हमने उनको रहमतों के साथ बरसाया, और हमने मुहय्या किया उन्हें बहती नहरों के साथ• हमने फिर फना किया उन्हें उनके गुनाहों कि वजह से, और हमने बदल दिया दूसरी नस्ल को उनके जगह में•

7. अगर हम भेजते नीचे उनकी तरफ एक जिस्मानी किताब, लिखा हुआ कागज़ पर, और वो छूते उसे उनके हाथों से तब भी, वो जिन्होने कुफ्र किया कहते, "ये चालाक जादू से ज़्यादा कुछ नहीं•"

8. उन्होंने ये भी कहा, "अगर सिर्फ एक फरिश्ता आ सकता नीचे उसके साथ!" अगर हमने भेजा होता एक फरिश्ता, सारे मामले खत्म कर दिये गये होते, और वो कभी भी राहत नहीं पाते•

ज़रूरतें आज़माईश की

9. अगर हमने एक फरिश्ता भेजा होता, हमने भेजा होता उसे एक आदमी के सूरत में, और हमने रखा होता उन्हें उतना ही परेशान जितना परेशान वो अब हैं•

10. तुमसे पहले रसूलों का मज़ाक उड़ाया गया है, ये वो हैं जिन्होंने उनकी हंसी उड़ाई और उनके मज़ाक उड़ाने के नतीजों को झेला•

11. कहो, "घूमो ज़मीन पर और ध्यान दो ठुकराने वालों के लिए नतीजों को•"

12. कहो, "किसकी हैं सारी चीज़ें आसमानों और ज़मीन में?" कहो, "**अल्लाह** की•" उन्होंने मुकर्रर किया है कि रहम है उनकी सिफत• वो यकीनन तुम सारों को हाज़िर करेंगे हश्र के दिन पर, जो है अटल• वो जो खोते हैं उनकी रूहों को हैं वो जिन्होंने कुफ्र किया•

13. उनकी हैं सारी चीज़ें जो बसती है रात और दिन में• वो हैं सुनने वाले, जाननेवाले•

14. कहो, "क्या मैं कबूल करूं **अल्लाह** के अलावा एक रब और मालिक जैसा, जब के वो हैं आसमानों और ज़मीन के शुरू करने वाले, और वो खिलाते हैं लेकिन खिलाये नहीं जाते?" कहो, "मुझे हुक्म हुआ है सबसे ताबेदार फरमानबरदार होने, और, 'एक बुत परस्त न होने का•' "

15. कहो, "मैं डरता हूँ, अगर मैं नाफरमानी करूं मेरे रब कि, आज़ाब एक ज़बरदस्त दिन का•

16. "जो कोई बचाया जायेगा (*आज़ाब से*), उस दिन पर, हासिल कर लिया है उनका रहम• और ये है सबसे बड़ी फतेह•"

सिर्फ अल्लाह काबू करते हैं खुशी

17. अगर **अल्लाह** छूते हैं तुम्हें मुसीबत से, कोई नहीं निजात दे सकता है सिवाय उनके• और अगर वो छूते हैं तुम्हें रहमत से, वो हैं कादिरे मुतलक•

18. वो सबसे आला हैं उनके मखलूको पर• वो हैं सबसे हकीम, सब कुछ जानने वाले•

कुरान, पूरा कुरान
और कुरान के अलाव कुछ नहीं

19. कहो, "किसकी शहादत है सबसे बड़ी?" कहो, "**अल्लाह** की• वो हैं गवाह मेरे और तुम्हारे बीच कि यह कुरान* मुझे इल्हाम की गई है, तुम्हें तकरीर करने के लिये और जिस किसी को ये पहुँचे• वाकई, तुम गवाही देते हो कि दूसरे खुदाएं हैं* **अल्लाह** के सिवाय•" कहो, "मैं गवाही नहीं देता जैसी तुम देते हो; सिर्फ एक खुदा है, और मैं ठुकराता हूँ तुम्हारी बुतपरस्ती को•"

20. उन्हें जिनको हमने दिया है आसमानी किताब पहचानते हैं इसे जैसे वो उनकी खुदकी औलादों को पहचानते हैं• वो जो खोते हैं उनकी रूहों को हैं वो जो ईमान नहीं रखते•

**6:19 ये आयत ऐलान करती है कि सिर्फ कुरान मज़हबी हिदायत का सर चश्मा है• जो कोई बरकरार रखते हैं इसके अलावा ज़रियों को, जैसे हदीस और सुन्नत (झूट मंसूब किये गये नबी को), वाज़े किये गये हैं बुतपरस्तों जैसे•*

21. कौन ज़्यादा बुरा है उससे जो झूठ कहता है **अल्लाह** के बारे में, या ठुकराता है उनकी आयतों को? खता करने वाले कभी कामयाब नहीं होते•

बुतपरस्ती करने वाले इंकार करते हैं
उनकी बुतपरस्ती

22. उस दिन जब हम उन सारों को हाज़िर करेंगे, हम पूछेंगे बुतपरस्ती करने वालों को, "कहाँ है बुतें जिनको तुमने कायम किया?"•

23. उनका आफत अंगेज़ जवाब होगा, "**अल्लाह** कि कसम हमारे रब, हम कभी बुतपरस्ती करने वाले न थे•"*

24. ध्यान दो कैसे उन्होंने अपने आप को झुठलाया, और उनके ऐजाद किये गये बुतों ने उन्हें छोड़ दिया•

25. उनमें से कुछ तुम्हें सुनते हैं, लेकिन हम उनके दिलों पर परदे डाल देते हैं उन्हें समझने से रोकने के लिए,

और बहरापन उनके कानो में• इसतरह, चाहे वो किसी किस्म का सबूत देखें, वो कभी ईमान नहीं ला सकते• इसतरह, जब वो आते हैं तुम्हारे पास बहेस करने के लिए, काफिरें कहते हैं, "ये कहानियाँ हैं माज़ी से•"

26. वो दूसरों को इस (*कुरान*) से पलटाते हैं, जैसे वो खुद इससे दूर रहते हैं, और इसतरह, वो सिर्फ तवाह करते हैं अपने आप को बगैर समझे•

27. अगर सिर्फ तुम उनको देख सकते जब वो सामना करेंगे जहन्नम कि आग का! वो तब कहेंगे, "गम हो हमपर• आह, काश हम वापस जा सकते, और कभी न ठुकराते हमारे रब कि आयतों को, और जुड़ते ईमानवालों के साथ•"

28. दर हकीकत में, (*वो सिर्फ ऐसा इसलिए कहते हैं क्योंकि*) उनके राज़ें फाश हो चुके हैं• अगर वो वापस जायें, वो करेंगे बिल्कुल वही जुर्मों* को• वो झूठे हैं•

29. वो कहते हैं (*छिपे तौर पर*), "हम सिर्फ ये ज़िंदगी जीते हैं; हम फिर जिलाये न जायेंगे•

30. अगर सिर्फ तुम देख सकते उनको जब वो उनके रब के सामने खड़े होंगे! वो कहेंगे, "क्या ये सच नहीं है?" वो कहेंगे, "हाँ, हमारे रब कि कसम•" वो कहेंगे, "तुमने पाया है आज़ाब तुम्हारे कुफ्र कि वजह से•"

31. वाकई खसारा उठाने वाले हैं जो नहीं मानते हैं **अल्लाह** से मिलने का, जब तक वक्त न आजाये उनके पास अचानक, फिर कहेंगे, "हमें बेहद अफसोस है इस दुनिया में हमारी ज़िंदगियों को ज़ाया करने का•" वो उठायेंगे उनके गुनाहों के बोझों को उनके पीठों पर; क्या एक अफसोसनाक बोझ!

हमारी एहमियतों को दोबारा तरतीब करते हुए

32. इस दुनिया कि ज़िंदगी धोखा और गुरूर के अलावा कुछ नहीं, जबके अगली ज़िंदगी का ठिकाना कहीं बेहतर है नेककारों के लिए• क्या तुम नहीं समझते?!

33. हम जानते हैं तुम गमज़दा हो सकते हो उससे जो वो कहते हैं• तुम्हें पता होना चाहिए कि ये तुम नहीं हो जिसे वो ठुकराते हैं; ये तो **अल्लाह** कि आयतें हैं जो गुनाहगार नज़रअंदाज़ करते हैं•

34. तुमसे पहले रसूलों को ठुकराया गया है, और वो पक्केतौर पर सावित कदम रहे ठुकराये जाने कि सूरत में• उन्हें ऐज़ा दिया गया था जबतक हमारी जीत नहीं आई उनके पास• ऐसा है **अल्लाह** का निज़ाम जो कभी नहीं बदलेगा• मेरे रसूलों कि तारीख इस तरह मिसाल कायम करती है तुम्हारे लिये•

**6:23 अब और हमेशा के लिए, बुतपरस्ती करने वाले पुर ज़ोर तरीके से इंकार करते हैं कि वो बुतपरस्ती करने वाले हैं•*

**6:28 ये है इसलिए जैसे ही हम इस दुनियावी पैमाईश में दाखिल होते हैं, हम रूहों कि पैमाईश में हादसों से पूरी तरह बेखबर हो जाते हैं, जहाँ अल्लाह और उनके फरिश्ते, और जन्नत और जहन्नम, देखे जा सकते हैं• इसतरह, मुजरिम उनके रवय्ये को नहीं बदलेगा, उस दायमी पैमाईश को देखने के बाद भी•*

35. अगर उनका ठुकराना तुम्हारे लिए बहुत होता है, तुम्हें पता होना चाहिए कि चाहे तुम एक सुरंग भी खोद लो ज़मीन के पार, या एक सीड़ी भी चढ़ जाओ आसमान में और पेश करो एक मौजज़ा उनके लिए (*वो फिर भी ईमान नहीं लायेंगे*)• अगर **अल्लाह** ने चाहा होता, वो उनको हिदायत दे सकते थे, एक राय से• इसलिए, गाफिलों कि तरह बरताव न करो•

36. सिर्फ वही जवाब देंगे जो सुनते हैं• **अल्लाह** मुर्दों को ज़िंदा करते हैं; वो आखिरकार उनकि तरफ लौटते हैं•

37. उन्होंने कहा, "अगर सिर्फ एक खास निशानी नीचे आ सकती उसके पास उसके रब कि तरफ से!" कहो, "**अल्लाह** काबिल हैं नीचे एक निशानी भेजने के लिए, लेकिन उनमें से ज़्यादातर नहीं जानते•"

जानवरें और परिंदे:
*फरमानबरदारी करती मखलूकें**

38. सारी मखलूकें ज़मीन पर, और सारे परिंदे जो पंखों के साथ उड़ते हैं, हैं कौमें तुम्हारी तरह• हमने नहीं छोड़ा किसी चीज़ को इस किताब के बाहर•** उनके **रब** कि तरफ, ये सारी मखलूकें हाज़िर किये जायेंगे•

बेइंतेहा मौजज़ा
कुरान का

39. जो कोई हमारे सबूतों को ठुकराते हैं बहरे और गुंगे हैं, पूरे अंधेरे में• जिस किसी को **अल्लाह** चाहते हैं, वो गुमराह कर देते हैं, और जिस किसी को **वो** चाहें, **वो** हिदायत करते हैं एक सीधी राह में•

40. कहो, "क्या अगर **अल्लाह** का आज़ाब आये तुम्हरी तरफ, या वक्त आये तुम्हारी तरफ: क्या तुम **अल्लाह** के अलावा किसी और से इल्तेजा करोगे, अगर तुम हो सच्चे?"

41. हकीकत है: सिर्फ उन्हें तुम इल्तेजा करते हो, और **वो** तुम्हारी दुआ का जवाब देते हैं, अगर **वो** ऐसा चाहें, और तुम भूल जाओ तुम्हारे बुतों को•

42. हमने तुमसे पहले कौमों कि तरफ (*रसूलों को*) भेजा है, और हमने डाला उनको आज़माईश में मुसीबत और मेहनतकशी के ज़रिये, ताके वो इल्तेजा करें•

43. अगर वो सिर्फ इल्तेजा करते जब हमारी आज़माईश ने उनको तकलीफ में डाला! बलिके, उनके दिलें सख्त हो गयें, और शैतान ने सजाया उनके कामों को उनकी आँखों में•

*निज़ाम**

44. जब वो इस तरह नज़रअंदाज़ करते हैं उनको दिये गये पैगाम को, हम खोल देते हैं उनके लिये सारी चीज़ों के दरवाज़ों को• फिर, जैसे ही वो लुत्फ उठाते हैं उसमें जो दिया गया था उनको, हम उन्हें अचानक सज़ा देते हैं; वो बिल्कुल बदहवास रह जाते हैं•

45. गुनाहगार इस तरह फना किये जाते हैं• तारीफ हो **अल्लाह** कि, कायनात के **रब**•

सिर्फ अल्लाह
इबादत के मुस्तहिक

46. कहो, "क्या अगर **अल्लाह** ले लें तुम्हारी सुनाई और तुम्हारी नज़र को, और बंद करदें तुम्हारे ज़हनों को; कौनसा खुदा, **अल्लाह** के अलावा, लौटा सकता इन्हें तुम्हारे लिए?" ध्यान दो हम किस तरह आयतों को समझाते हैं, और ध्यान दो कैसे वो फिर भी फिरते हैं!

**6:38 जानवरे उन मखलूकों में से थे जिन्होंने अल्लाह कि पेशकश का फायदा उठाया तौबा करने के लिये पहला गुनाह करने के बाद (देखें तारुफ)•*

***6:38 कुरान में हमारी आखरत कि दायम ज़िंदगी के मुताल्लिक सारी जानकारी मौजूद है• सच्चे ईमानवाले कबूल करते हैं, बगैर हिचकिचाहट के, अल्लाह का ऐलान: "हमने नहीं छोड़ा किसी चीज़ को इस किताब के बाहर•" एहमियत इस जुमले, और मिलते जुलते जुमलों की, बरअक्स किया गया है इस हकीकत में कि उनसारों में हैं 19 अरबी हुरूफें (अपेन्डिक्स 19)•*

***6:44 इससे पहले कि मुजरिम खिड़की से बाहर फेकें जाते हैं, उन्हें ले जाया जाता है एक ऊँची ज़मीन कि तरफ•*

47. कहो, "क्या अगर **अल्लाह** का आज़ाब आये तुम्हारी तरफ अचानक, या एक ऐलान के बाद, क्या गुनाहगार नहीं हैं जो तबाही मोल लेते हैं?"

रसूलों का किरदार

48. हम नहीं भेजते रसूलों को सिवाए अच्छी खबरें पहुँचाने वाले, साथ साथ आगाह करने वालों जैसा• जो कोई ईमान रखते हैं और इस्लाह करते हैं कुछ नहीं है डरने के लिए, नाहीं वो गमज़दा होंगे•

49. जहाँ तक वो जो ठुकराते हैं हमारी आयतों को, वो पाते हैं आज़ाब उनके गुनाहगारी के लिए•

50. कहो, "मैं तुमको नहीं कहता कि मैं मालिक हूँ **अल्लाह** के खज़ानों का• नाहीं मुझे मुस्तकबिल का

पता है। नाहीं मैं तुम को कहता हूँ कि मैं एक फरिश्ता हूँ। मैं सिर्फ पैरवी करता हूँ उसकी जो मुझे नाज़िल हुआ है।” कहो, “क्या अंधा बराबर उसके जो देखसकता है? क्या तुम गौर नहीं करते?”

51. और नसीहत करो इस (*कुरान*) से उनके लिए जो उनके रब के सामने हाज़िर होने का एहतराम करते हैं — उनके पास नहीं है कोई उनके सिवाए एक रब और मालिक जैसा, नाहीं एक शिफाअत करानेवाला — ताके वो निजात पा सकें।

52. और दफा न करो उनको जो दिन और रात इल्तेजा करते हैं उनके रब से, अपने आप को सिर्फ उनके लिए तावेदार करते हुए। तुम उनके हिसाब के लिए ज़िम्मेदार नहीं, नाहीं वो तुम्हारे हिसाब के लिए ज़िम्मेदार हैं। अगर तुम उन्हें दफा करो, तुम एक खतावार हो जाओगे।

53. हम इसतरह आज़माते हैं लोगों को एक दूसरे से, उन्हें (*मज़ाकिया तौर पर*) कहने देने के लिए, “क्या हम में से ये लोग हैं जो बक्शे गये हैं **अल्लाह** कि तरफ से?” क्या **अल्लाह** वाकिफ नहीं हैं कद्र करने वालों से?

54. जब तुम्हारे पास आयें वो जो ईमान रखते हैं हमारी आयतों में, तुम्हें कहना चाहिए, “*सलामुन अलैकुम*” (*तुम पर सलामती हो*)। तुम्हारे रब ने मुकर्रर किया है कि रहमत है उनकी सिफत। इसतरह, तुम में से जो एक खता करता है गफलत कि वजह से, और तौबा करता है उसके बाद और इस्लाह करता है, फिर वो हैं माफकरने वाले, सबसे रहीम।”

55. हम इस तरह समझाते हैं आयतों को, और बताते हैं गुनाहगारों के रास्तों को।

56. कहो, “मुझे हराम किया गया है इबादत करने से जिसकी तुम **अल्लाह** के साथ इबादत करते हो।” कहो, “मैं तुम्हरी रायों पर नहीं चलूंगा। वरना, मैं बहेक जाऊँगा, और हिदायतयाफता नहीं होऊंगा।”

57. कहो, “मेरे पास पुख्ता सबूत है मेरे रब कि तरफ से, और तुमने उसे ठुकराया है। मैं काबू नहीं करता आज़ाब तुम ललकारते मुझे लाने के लिये। फैसला सिर्फ **अल्लाह** के पास है। वो सच बयान करते हैं, और वो हैं सबसे अच्छे मुनसिफ।”

58. कहो, “अगर मैं काबू करता आज़ाब तुम ललकारते हो मुझे लाने के लिए, सारे मामले काफी पहले खत्म कर दिये गये होते। **अल्लाह** सबसे अच्छा जानते हैं कौन हैं गुनाहगार।”

कादिरे मुतलक अल्लाह

59. उनके पास हैं सारे राज़ों कि चाबियां; कोई नहीं जानता सिवाय उनके। वो जानते हैं ज़मीन पर और समंदर में सारी चीज़ों को। एक भी पत्ता नहीं गिरता वगैर उनके इल्म के। नाही है वहाँ एक दाना मिट्टी कि गहराई में। नाहीं है कोई चीज़ गीली या सूखी, जो ज़वत नहीं किया गया है एक गहरे दफ्तर में।

मौत और दोबारा जिलाना:
*हर दिन**

60. वो हैं वाहिद जो डालते हैं तुम्हें मौत को रात के दरमियान, और जानते हैं तुम्हारे सबसे छोटी हरकतों को भी दिन के दरमियान। वो दोबारा जिलाते हैं तुम्हें हर सुबह, जबतक तुम्हारे जिंदगी कि मुद्दत पूरी नहीं हो जाती, फिर तुम्हारा उनकी तरफ है आखिरकार लौटना। वो फिर तुम्हें इत्तेला करेंगे सारी चीज़ों का तुमने किया था।

61. वो आला हैं उनकी मखलूकों पर, और वो मुकर्रर करते हैं निगेहबानो को तुम्हारी हिफाज़त के लिए। जब मौत का मुकर्रर किया गया वक्त आता है तुम में

से किसी कि तरफ, हमारे रसूलें डालते हैं उसे मौत को बगैर मुलतवी किये•

62. फिर हर कोई लौटाया जाता है **अल्लाह** कि तरफ, उनका हकिकी रब और मालिक• बेशक, वो हैं आखरी मुनसिफ; वो हैं सबसे दुरूस्त हिसाब लेने वाले•

63. कहो, "कौन तुम्हें बचा सकता है ज़मीन या समंदर के अंधेरेपन से?" तुम उनसे इल्तेजा करते हो ज़ोर से और खुफिया तौर पर: "अगर वो बचायें हमें इस बार, हम बन जायेंगे हमेशा के लिये कद्रदान•"

64. कहो, "**अल्लाह** ज़रूर बचाते हैं तुम्हें इस बार, और दूसरे मौकों पर भी, तब तुम फिर भी कायम करते हो बुतों को उनके साथ•"

65. कहो, "वो यकीनन काबिल हैं तुमपर तुम्हारे ऊपर से आज़ाब उंढेलने के लिए, या तुम्हारे पैरों के तले से• या वो तकसीम कर सकते हैं तुम्हें फिरकों में और तुम्हें एक दूसरे की ज़्यादती चखने दें• ध्यान दो हम कैसे समझाते हैं आयतों को, ताके वो समझ सकें•"

66. तम्हारे लोगों ने इसे ठुकराया है, इसके बावजूद कि ये है सच• कहो, "मैं तुमपर एक निगेहबान नहीं हूँ•"

67. सारी पेशीनगोई इसमें गुज़र जायेगी, और तुम यकीनन जान जाओगे•

अल्लाह के लफ्ज़ के लिए इज्ज़त

68. अगर तुम देखो उन्हें जो मज़ाक उड़ाते हैं हमारी आयतों का, तुम्हें चाहिये उनको नज़रअंदाज़ करना जबतक वो दूसरे मौजू में न उलझ जायें• अगर शैतान सबब बने तुम्हारे भूलने का, फिर, जैसे ही तुम्हें याद आये, न बैठो ऐसे बुरे लोगों के साथ•

69. नेककार ज़िम्मेदार नहीं हैं उन लोगों कि बातों के लिए, लेकिन हो सकता है वो मदद करे उनको याद दिलाने का; शायद वो बचाये जा सकें•

70. तुम्हें नज़रअंदाज़ करना चाहिये उन्हें जो उनके मज़हब को फुज़ूल में लेते हैं, जैसे कि वो एक समाजी जलसा है, और हैं पूरी तरह जज़्ब इस दुनियावी जिंदगी में• याद दिलाओ इस (*कुरान*) से, ऐसा न हो कि एक रूह झेले उसके बुरी आमदनियों के नतीजों को• उसके पास नहीं है कोई सिवाय **अल्लाह** जैसे एक रब और मालिक, नाहीं एक शिफाअत करने वाला• अगर वो किसी किस्म का फिदया दे सकता, वो कबूल नहीं किया जायेगा• वो झेलते हैं बुरे कामों के नतीजों को जो वो कमाते हैं; उन्होंने पा लिया है जहन्नमी शरबतों को, और एक दर्दनाक आज़ाब उनके कुफ्र कि वजह से•

71. कहो, "क्या हम इल्तेजा करें, **अल्लाह** के अलावा, जिसके पास नहीं हैं ताकत हमें नफा या हमें तकलीफ पहुँचाने की, और पलट जायें हमारे ऐड़ियों के बल पर **अल्लाह** ने हमें हिदायत दिया उसके बाद? उस हालत में, हम साथ हो जायेंगे उनके साथ जो काबू किये गये हैं शयातीन के ज़रिये, और हो जायेंगे पूरी तरह परेशान, जबके उनके रफीकें कोशिश करते हैं उनको बचाने की: 'रहो हमारे साथ सीधी राह पर•' " कहो, "**अल्लाह** कि हिदायत है सही हिदायत• हमें कायनात के रब का फरमानबरदार होने का हुक्म किया गया है•

**6:60 नेककार असल में मरते नहीं; वो जाते हैं सीधे वही जन्नत में जहाँ आदम और हव्वा एक बार रहे थे• गैरनेककार मरते हैं और महसूस करते हैं एक डरावना ख्वाब जो जारी रहता है हश्र के दिन तक (देखें 2:154, 3:169, 8:24, 16:32, 22:58, 36:26-27, 40:46, 44:56, और अपेन्डिक्स 17)•*

72. "और रावता नमाज़ें (*सलात*) अदा करने के लिए, और उनका एहतराम करने के लिए — वो हैं वाहिद जिनके सामने तुम हाज़िर किये जाओगे (*हिसाब के लिए*)•"

73. वो हैं वाहिद जिन्होंने पैदा किया आसमानों और ज़मीन को, सच्चाई से• जब भी वो कहते हैं, "हो," वो हो जाता है• उनका लफ्ज़ है कामिल सच• सारी बादशाहत उनकी होगी जिस दिन सुर फूंका जायेगा• जाननेवाले सारे राज़ों और ऐलानों के, वो हैं सबसे हकीम, सब जाननेवाले•

इब्राहीम बहेस करता है
बुतपरस्ती करने वालों के साथ

74. याद करो इब्राहीम ने उसके वालिद अज़र से कहा, "तुम कैसे मूर्तियों कि इबादत कर सकते हो खुदाओं जैसी? मैं देख रहा हूँ तुम और तुम्हारे लोग दूर बहेक गये हैं•"

75. हमने दिखाये इब्राहीम को आसमानों और ज़मीन के अजूबे, और बक्शा उसे यकीन के साथ:

76. जब रात पड़ी, उसने देखा एक चमकता हुआ नज्म• "शायद ये हैं मेरे रब ," उसने कहा• जब वो गायब हुआ, उसने कहा, "मैं पसंद नहीं करता (*खुदाओं को*) जो गायब होते हैं•"

77. जब उसने चांद को चढ़ते हुए देखा, उसने कहा, "शायद ये हैं मेरे रब!" जब वो गायब हुआ, उसने कहा, "जब तक मेरे रब मुझे हिदायत न दें, मैं होऊंगा गुमराहों के साथ•"

78. जब उसने सूरज को चढ़ते हुए देखा, उसने कहा, "ये मेरे रब होने चाहियें• ये है सबसे बड़ा•" लेकिन जब वो डूब गया, उसने कहा, "ऐ मेरे लोग, मैं ठुकराता हूँ तुम्हारी बुतपरस्ती को•

79. "मैंने पूरे तौरपर अपने आप को तावेदार किया है उस वाहिद के लिए जिन्होंने शूरू किया है आसमानों और ज़मीन को; मैं कभी भी बुतपरस्त नहीं होऊंगा•"

80. उसके लोगों ने उससे बहेस किया• उसने कहा, "क्या तुम मुझसे **अल्लाह** के बारे में बहेस करते हो, इसके बाद के उन्होंने मुझे हिदायत दी है? मुझे कोई डर नहीं बुतों का जो तुम कायम करते हो• मुझे कुछ नहीं हो सकता, जबतक मेरे रब न चाहें• मेरे रब का इल्म सारी चीज़ों को घेरे में लेता है• क्या तुम असर न लोगे?

81. "क्यों मुझे तुम्हारे बुतों से डरना चाहिये? ये तो तुम हो जिन्हें डरना चाहिये, चुंकी तुम इबादत करते हो **अल्लाह** के बजाये बुतों कि जो हैं पूरी तरह बेबस तुम्हारी मदद करने के लिए• कौन सी तरफ है ज़्यादा मुस्तेहिक हिफाज़त की, अगर तुम जानते?"

मुकम्मल हिफाज़त ईमानवालों के लिए

82. जो कोई ईमान रखते हैं, और खराब नहीं करते उनके अकीदे को बुतपरस्ती से, मुस्तेहिक हुए हैं मुकम्मल हिफाज़त की, और वो हैं असल तौर पर हिदायतयाफ्ता•

83. ऐसी थी हमारी बहेस, जिस से हमने मदद की इब्राहीम की उसके लोगों के खिलाफ• हम बुलंद करते हैं जिस किसी को हम चाहें ऊंचे दरजों को• तुम्हारे रब हैं सबसे हकीम, सब कुछ जानने वाले•

84. और हमने उसे अता किया इसहाक और याकूब, और हमने दोनों कि हिदायत की• उसी तरह, हमने हिदायत की नुह कि उस से पहले, और उसकी औलादों से (*हमने हिदायत की*) दाऊद, सुलैमान, अय्यूब, युसुफ, मूसा, और हारून की• हम इस तरह इनाम देते हैं नेककारों को•

85. इसके अलावा, ज़करिया, याहया, ईसा, और इल्यास की; सारे थे नेककार•

86. और इस्माईल, यसा, युनुस, और लूत; हमने इसमें से हर एक को फज़ीलत दी सारे लोगों पर•

87. उनके पुरखों, उनके औलादें, और उनके भाईयो बहनों में से, हमने चुना कईयों को, और हमने हिदायत की उनकी एक सीधी राह में•

88. ऐसी है **अल्लाह** कि हिदायत, जिसके साथ वो हिदायत करते हैं जिस किसी को वो चुनते हैं उनके बंदो में से• अगर उनमें से कोई बुतपरस्ती में गिरा होता, उनके आमालें ज़ाया कर दिये गये होते•

89. वो थे जिनको हमने दिया है किताब, हिकमत, और नबूवत• अगर ये लोग ईमान न लायें, हम बदल देंगे दूसरों को उनकी जगह में, और नये लोग न होंगे काफिरें•

90. ये हैं जो हिदायतयाफ्ता हैं **अल्लाह** कि तरफ से; तुम्हें उनके नक्शो कदम पर हिदायतयाफ्ता होना चाहिए• कहो, "मैं तुमसे कोई मुआवज़ा नहीं मांगता• लेकिन ये है एक पैगाम सारे लोगों के लिए•"

अल्लाह के पैगामें दुनिया कि तरफ

91. उन्होंने कभी एहमियत नहीं दिया **अल्लाह** को जैसा उन्हें एहमियत दिया जाना चाहिए• इसतरह, उन्होंने

कहा, "**अल्लाह** नाज़िल नहीं करते कोई चीज़ किसी इंसान को•" कहो, "फिर किसने नाज़िल किया आसमानी किताब जो मूसा लाया, रौशनी और हिदायत के साथ लोगों के लिए?" तुम नीचे लिखते हो कागज़ पर उसे ऐलान करने के लिए, जबके उसमें से काफी छिपाते हुए• तुम्हें वो सिखाया गया था जो तुम्हें कभी नहीं था पता — तुम और तुम्हारे वालिदैन• कहो, "**अल्लाह** (*हैं वाहिद जिन्होंने उसे नाज़िल किया*)," फिर उनको छोड़ देते हैं उनकी लापरवाही में, खेलते हुए•

92. ये भी है एक मुबारक आसमानी किताब जिसे हमने नाज़िल किया है, तसदीक करते हुए पिछली आसमानी किताबों की, ताके तुम ताकीद कर सको सबसे एहम कौम* को और दूसरे सारे उसके इर्दगिर्द• जो कोई अगली ज़िंदगी में ईमान रखते हैं ईमान लायेंगे इस (*आसमानी किताब*) में, और राबता नमाजों (*सलात*) को कायम करेंगे•

झूठे रसूलों कि मलामत की गई है

93. कौन है उससे ज़्यादा बुरा जो झूठों को बनाता और उन्हें **अल्लाह** को सुर्पुद करता है, या कहता है, "मुझे मिला है खुदाई इल्हाम," जबके उसे ऐसा कोई इल्हाम नहीं दिया गया था, या कहता है, "मैं लिख सकता हूँ **अल्लाह** कि आयतों जैसा"? अगर सिर्फ तुम देख सकते खतावारों को मौत के वक्त! फरिश्ते बढ़ाते हैं उनके हाथों को उनकी तरफ, कहते हुए, "निकल जाने दो तुम्हारी रूहों को• आज, तुमने पाया है एक शर्मनाक आज़ाब **अल्लाह** के बारे में सच के अलावा कहने के लिए, और काफी मगरूर होने के लिए उनकी आयतों को कबूल करने से•

94. "तुम आये हो वापस हमारी तरफ तन्हा जैसे, जैसा हमने पैदा किया तुम्हें पहली बार, और तुम छोड़ आये हो पीछे वो जो हमने मुहय्या किया था तुम्हारे लिए• हम नहीं देखते तुम्हारे साथ शिफाअत करने वाले जिनको तुमने बुत बनाया था और दावा किया की वो तुम्हारी मदद करेंगे• सारे नाते तुम्हारे बीच तोड़ दिये गये हैं; बुतें जिनको तुमने कायम किया तुम्हें छोड़ गये•"

अल्लाह की बुलंदी

95. **अल्लाह** हैं वाहिद जो सबब बनाते हैं दानों और बीजों को फटने और उगने का• वो पैदा करते हैं ज़िंदे को मुरदा से, और मुरदे को ज़िंदा से• ऐसे हैं **अल्लाह**; तुम कैसे भटक सकते हो!

96. तुलू होते ही, वो सुबह को निकलने देते हैं• उन्होंने रात को ठहरा बनाया, और उन्होंने सूरज और चाँद को हिसाब करने वाले औज़ारों जैसा काम करने के लिए बनाया• ऐसी है नक्शकारी कादिरे मुतलक , सब कुछ जानने वाले की•

**6:92 आज की "सबसे एहम कौम" है अमेरिका, जहाँ अल्लाह का पैगाम दुरूस्त किया जा रहा है• जब कुरान नाज़िल हुआ था, मक्का था सबसे एहम कौम•*

97. और वो हैं वाहिद जिन्होंने बनाया सितारों को अंधेरे में, ज़मीन पर और समंदर पर तुम्हारी रहनुमाई करने के लिए• हम इस तरह आयतों को वाज़े करते हैं लोगों के लिए जो जानते हैं•

98. उन्होंने शुरू किया तुम्हें एक शक्स से, और तय कर दिया तुम्हारा रास्ता, इसके अलावा तुम्हारी आखरी तकदीर• हम इस तरह आयतों को वाज़े करते हैं लोगों के लिए जो समझते हैं•

99. वो हैं वाहिद जो भेजते हैं नीचे आसमान से पानी, जिससे हम पैदा करते हैं सारे किस्मों के पौधे• हम पैदा करते हैं हरी चीज़ से बड़ी तादाद के पेचीदे दाने, नख्ल के दरख्तें लटकते हुए गुच्छों के साथ, और बागें अंगूरों, ज़ैतूनों और अनार के; फलें जो हैं एक जैसे, फिर भी मुखतलिफ• ध्यान दो उनके फलों को जैसे वो उगते और पकते हैं• ये हैं निशानियाँ लोगों के लिए जो ईमान रखते हैं•

100. इसके बावजूद, वो कायम करते हैं बुतों को **अल्लाह** के साथ जिनों में से, हाँलाकि वो हैं वाहिद जिन्होंने पैदा किया है उनको• वो यहाँ तक उनको बेटे और बेटियाँ मनसूब करते हैं, बगैर किसी इल्म के• उनकी तारीफ हो• वो हैं सबसे आला, उनके दावों से कहीं ऊपर•

101. आसमानों और ज़मीन के शुरू करने वाले• कैसे उनको एक बेटा हो सकता है, जबके उनके पास कभी नहीं था एक जोड़ा? उन्होंने पैदा किया सारी चीज़ों को, और वो हैं सारी चीज़ों से पूरी तरह वाकिफ•

अल्लाह

102. ऐसे हैं **अल्लाह** तुम्हारे रब, कोई खुदा नहीं सिवाय उनके, सारी चीज़ों के पैदा करने वाले• तुम्हें सिर्फ उनकी इबादत करनी चाहिए• सारी चीज़ें उनके काबू में हैं•

103. कोई नज़रें उनको घेरे में नहीं ले सकती, लेकिन वो घेरे में लेते हैं सारी नज़रों को• वो हैं शफीक, सब कुछ जानने वाले•

104. रौशन करने वाला इल्म आ चुका है तुम्हारे पास तुम्हारे रब कि तरफ से• जहाँ तक वो जो देख सकते हैं, वो ऐसा करते हैं उनके खुद के अच्छे के लिए, और जो कोई अंधे बन जाते हैं, ऐसा करते हैं उनके खुद के नुकसान के लिए• मैं तुम्हारा निगेहबान नहीं•

105. हम इस तरफ आयतों को समझाते हैं, साबित करने के लिए कि तुमने पाया है इल्म, और उनको वाज़े करने के लिए उन लोगों के लिए जो जानते हैं•

106. पैरवी करो जो तुम्हें नाज़िल किया गया है तुम्हारे रब कि तरफ से, कोई खुदा नहीं सिवाए उनके, और नज़र अंदाज़ करो बुतपरस्तों को•

107. अगर **अल्लाह** चाहते, उन्होंने बुतों कि इबादत न की होती• हमने तुम्हें उनका निगेहबान जैसा मुकर्रर नहीं किया, नाहीं हो तुम उनके वकील•

108. न कोसो बुतों को जिन्हें वो कायम करते हैं **अल्लाह** के साथ, जब तक वो बेअदबी न करें और **अल्लाह** को न कोसें, जाहिलियत कि वजह से• हमने सजाया है हर फिरके के आमालों को उनकी आँखों में• आखिरकार, वो लौटते हैं उनके रब कि तरफ, फिर वो उनको इत्तेला करते हैं सारी चीज़ों की जो उन्होंने किया था•

109. वो **अल्लाह** कि कसम खाते हैं, संजीदगी से, के अगर एक मौजज़ा आता उनके पास, वो यकीनन ईमान लाते• कहो, "मौजज़े सिर्फ **अल्लाह** कि तरफ से आते हैं•" तुम तो इतना जानो, अगर एक मौजज़ा आता भी उनके पास, वो जारी रहते कुफ्र करने के लिए•

110. हम उनके ज़हनों और उनके दिलों को काबू करते हैं• इसतरह, चुंकि उनका फैसला है नहीं मानने का, हम उनको उनकी खताओं में, गलती करते हुए छोड़ देते हैं•

एक नतीजा
उनके खुदके फैसले का

111. अगर हम भेजते नीचे फरिश्तों को भी उनकी तरफ; अगर मुर्दे भी उनसे बात करते; अगर हम हाज़िर करते उनके सामने सारे मौजज़ों को भी; वो कभी ईमान नहीं ला सकते जब तक उसे **अल्लाह** न चाहें• यकीनन, उनमें ज़्यादा तर हैं जाहिल•

हदीस और सुन्नत: नबी के
दुश्मनों कि तरफ से झूठें

112. हमने हर नबी के दुश्मनों—इंसान और जिन शयाती को इजाज़त दिया है—ताके एक दूसरे को सजावटी लफ्ज़ों से रागिब करें, धोखा देने के लिए• अगर तुम्हारे रब चाहते, उन्होंने ऐसा नहीं किया होता• तुम्हें नज़रअंदाज़ करना चाहिए उन्हें और उनके झूठों को•

एहम मयार

113. ये इसलिए है कि वो जहनें जो ईमान नहीं रखते अगली ज़िंदगी में सुने ऐसे झूठों को, और उन्हें

कबूल करें, और इसतरह फाश करें उनके असल फितरतों को•*

*कुरान: पूरी तरह तफसील की गई**

114. क्या मैं तलाश करूं **अल्लाह** के बजाए किसी दूसरे से कानून का ज़रिया, जबकि उन्होंने नाज़िल किया है तुमको यह किताब पूरी तरह तफसील की गई?* जिन्होंने पाया है आसमानी किताब पहचानते हैं कि वो नाज़िल किया गया है तुम्हारे रब कि तरफ से, सच्चाई से• तुम्हें किसी शक को पनाह नहीं देना चाहिए•

115. तुम्हारे रब का लफ्ज़ है मुकम्मल,* सच और इंसाफ में• कुछ भी रद्द नहीं कर सकता उनके लफ्ज़ों को• वो हैं सुनने वाले, सब कुछ जानने वाले•

116. अगर तुम ज़मीन पर ज़्यादातर लोगों कि अताअत करो, वो तुम्हें फेर देंगे **अल्लाह** के रास्ते से• वो सिर्फ तुक्केबाज़ी पर चलते हैं; वो सिर्फ अंदाज़ा लगाते हैं•

117. तुम्हारे रब पूरी तरह वाकिफ हैं उनसे जो उनके रास्ते से बहकते हैं, और वो हैं पूरी तरह वाकिफ उनसे जो हैं हिदायतयाफ्ता•

118. तुम्हें खाना चाहिये उससे जिसपर **अल्लाह** का नाम लिया गया है, अगर तुम वाकई ईमान रखते हो उनकी आयतों में•

मौका अल्लाह को याद करने का:

वायन करो अल्लाह का नाम
तुम खाने से पहले

119. क्यों नहीं खाना चाहिए तुम्हें उससे जिसपर **अल्लाह** का नाम बयान किया गया है? उन्होंने तुम्हारे लिए तफसील किया है क्या है हराम तुम्हारे लिए, जब तक तुम्हें मजबूर न किया जा रहा हो• वाकई, कई लोग दूसरों को गुमराह करते हैं उनके खुदके रायों से, बगैर इल्म के• तुम्हारे रब हैं पूरी तरह वाकिफ खतावारों से•

120. तुम्हें बचना चाहिए ज़ाहिर गुनाहों से, साथ साथ छिपे हुओं से• वो जिन्होंने ने गुनाहों को कमाया है यकीनन मुआवज़ा देंगे उनके खताओं के लिए•

121. न खाओ उससे जिस पर **अल्लाह** का नाम बयान नहीं किया गया है, इसलिए कि वो है एक घिनौनापन• शयातीन उनके साथीयों को रागिब करते हैं तुमसे बहेस करने के लिए; अगर तुम उनकी अताअत करो, तुम बुतपरस्ती करनेवाले बन जाओगे•*

122. क्या वो जो मुर्दा था और हमने अता किया उसे जिंदगी, और मुहय्या किया उसे रौशनी से जो उसे काविल करती है लोगों के बीच चलने के लिए, एकसा है उसके जो है पूरे अंधेरे में जिससे वो कभी नहीं निकल सकता? काफिरों के आमालों को इसतरह सजाया गया है उनकी आँखों में•

**6:113 कुरान मुहय्या करता है मयारें जो कहते हैं हमें क्या हम वाकई ईमान रखते हैं अगली ज़िंदगी में या देते हैं उसे सिर्फ ज़वानी खिदमत• ये एहम मयारें यहाँ बयान किये गये हैं, और 17:45-46 और 39:45 में•*

**6:113-115 बुलंद करना किसी और ज़रिये को कुरान के अलावा झलकाता है कुरान में कुफ्र करना (अपेन्डिक्स 18)•*

**6:121 खुराकी मनाईयाँ कायम किये गये अल्लाह के अलावा किसी और कि तरफ से नुमाइंदगी करती है बुतपरस्ती की•*

123. हम हर कौम के नामवर मुजरिमों को इजाज़त देते हैं मनसूबा और साज़िश करने के लिए• लेकिन वो मनसूबा और साज़िश करते हैं सिर्फ उनकी खुदकी रूहों के खिलाफ, बगैर समझे•

*अल्लाह कि हिकमत पर सवाल करते हुए**

124. जब एक ताकतवर सबूत आता है उनकी तरफ, वो कहते हैं, "हम ईमान नहीं लायेंगे, जबतक हमें नहीं दिया जाता है जो **अल्लाह** के रसूलों को दिया गया है!" **अल्लाह** ठीक ठीक जानते हैं कौन सबसे लायक है उनके पैगाम को पहुँचाने के लिए•* ऐसे मुजरिमें ज़िल्लत झेलेंगे **अल्लाह** के पास, और खौफनाक आज़ाब उनकी बुरी साज़िश का एक नतीजे के तौरपर•

कुरानी इल्म कहीं आगे
*इंसानी तरक्की के**

125. जिस किसी को **अल्लाह** हिदायत देना चाहते हैं, वो चौड़ा खोल देते हैं उसके सीने को फरमानबरदारी के लिए• और जिस किसी को वो

गुमराह करना चाहते हैं, वो कर देते हैं उसके सीने को कट्टर और तंग, जैसे कोई आसमान कि तरफ चढ़ रहा हो•* **अल्लाह** इस तरह लानत रखते हैं उनपर जो इमान लाने के लिए इंकार करते हैं•

126. ये सीधा रास्ता है तुम्हारे रब कि तरफ• हमने आयतों को समझाया है लोगों के लिए जो तवज्जो देते हैं•

127. वो मुस्तहिक हुए है अमन के ठिकाने का उनके रब के पास; वो हैं उनके रब और मालिक, उनके आमालों के लिए एक इनाम जैसा•

128. दिन आयेगा जब वो हाज़िर करेंगे उन सारों को (*और कहेंगे*): "ऐ जिनो, तुमने इफराद में हासिल किया इंसानों को•" उनके इंसान साथी कहेंगे, "हमारे रब, हमने एक दूसरे कि सोहबत में लुत्फ उठाया जब तक हमने जिंदगी कि मुद्दत को ज़ाया नहीं कर दिया जो आपने हमारे लिए तय किया था•" वो कहेंगे, "जहन्नम है तुम्हारा मुकद्दर•" वो रहते हैं वहाँ हमेशा के लिए, **अल्लाह** कि मरज़ी के मुताबिक• तुम्हारे रब हैं हकीम, सब कुछ जानने वाले•

129. हम इस तरह जोड़ बनाते हैं गुनाहगारों को एक दूसरे का साथी होने के लिए, उनके खताओं के लिए एक सज़ा कि तौर पर•

130. ऐ जिनो और इंसानो, क्या तुमने नहीं पाया रसूलों को तुम में से, जिन्होंने बयान किया तुम्हारे लिए मेरी आयतों को, और आगाह किया तुम्हें इस दिन के मिलने के बारे में? वो कहेंगे, "हम खुद के खिलाफ गवाही देते हैं•" वो पूरी तरह मसरूफ थे दुनियावी जिंदगी के साथ, और वो खुद के खिलाफ गवाही देंगे कि वो थे काफिरें•

131. ये है दिखाने के लिए कि तुम्हारे रब कभी फना नहीं करते किसी कौम को बेइंसाफी से, जबके उसके लोग हैं गाफिल•

132. हर कोई हासिल करेगा एक दरजा उनके आमालों के मुताबिक• तुम्हारे रब कभी नावाकिफ नहीं हैं किसी चीज़ से वो करते हैं•

133. तुम्हारे रब हैं वो जो अमीर; सारी रहमत के मालिक• अगर वो चाहें, वो तुम्हें निकाल सकते हैं, और तबदील कर सकते हैं जिस किसी को वो चाहें तुम्हारी जगह में, जिस तरह उन्होंने पैदा किया तुमको दूसरे लोगों कि नस्ल से•

134. जो तुमसे वादा किया गया है गुज़र जायेगा, और तुम उससे कभी नहीं बच सकते•

**6:124 जलन और अना इंसानी सिफतें हैं जो उकसाते हैं कुछ लोगों को अल्लाह कि हिकमत उनके रसूलों को चुनने पर सवाल करने के लिए• बिगड़े मुसलमान आलिमों ने कहा है यही कलमा अल्लाह के वादे का रसूल के ज़रिये नाजिल हुए कुरान के रियाज़ी कोड के मुताल्लिक•*

**6:125 कुरान के नाज़िल होने के सदियों बाद, हम सीखते हैं कि ऑक्सीजन का हिस्सा कम होता जाता है जब हम आसमान कि तरफ चढ़ते हैं, और हम हवा के लिए हांपने लगते हैं•*

135. कहो, "ऐ मेरे लोगों, तुम पूरी कोशिश करो, और उसी तरह मैं भी• तुम्हें यकीनन पता लग जायेगा कौन हैं आखिरकार जीतने वाले•" यकीनन, गुनाहगार कभी कामयाब नहीं होंगे•

अल्लाह कि नियामतों का बुरा इस्तेमाल करते हुए

136. यहाँ तक के वो **अल्लाह** कि नियामतों का एक हिस्सा अनाजों और मवेशी जानवर का अलग रखते हैं, कहते हुए, "ये हिस्सा **अल्लाह** के लिए है," उनके दावों के मुताबिक, "और ये हिस्सा हमारे बुतों के लिए है•" हाँलाकि, जो उन्होंने अलग रखा उनके बुतों के लिए कभी नहीं पहुँचा **अल्लाह** को, जबके हिस्सा जो उन्होंने अलग रखा **अल्लाह** के लिए हरबार गया उनके बुतों को• वाकई अफसोसनाक है उनका फैसला•

137. इस तरह बुत कि इबादत करने वाले धोखा दिए गये थे उनके बुतों के ज़रिए, उनके खुद की औलाद को कत्ल करने कि हद तक•* दरअसल, उनके बुतें उनपर बड़ा दर्द डालते हैं, और उनके

लिए उनके मज़हब को गड़बड़ा देते हैं• अगर **अल्लाह** चाहते, उन्होंने ऐसा नहीं किया होता• तुम्हें उन्हें और उनके झूठों को नज़रअंदाज़ करना चाहिए•

मज़हबी बिदआतें
मलामत किए गये

138. उन्होंने कहा, "ये हैं मवेशी जानवरें और अनाजें जो हराम किए गये हैं; उन्हें कोई न खाये सिवाए जिस किसी को हम इजाज़त दें," तो उन्होंने दावा किया• उन्होंने कुछ मवेशी जानवरों कि सवारी को भी मना किया• यहाँ तक कि मवेशी जानवरें जो उन्होंने खाये, उन्होंने कभी **अल्लाह** का नाम नहीं लिया जब उन्होंने उनको कुरबान किया• ऐसी हैं उनको मनसूब कि गई बिदआतें• वो यकीनन बदला चुकायंगे उनको उनकी बिदआतों के लिए•

139. उन्होंने ये भी कहा, "जो है इन मवेशी जानवरों के पेटों में मखसूस है सिर्फ हम में से मर्दो के लिए, और हराम किए गए हैं हमारी विवीयों के लिए•" लेकिन अगर वो था एक मुर्दा बच्चा, उन्होंने इजाज़त दिया उनकी विवियों को उसमें हिस्सा लेने का• वो यकीनन उन्हें बदला देंगे उनकी बिदआतों के लिए• वो हैं सबसे हकीम, सब चीज़ों के जानने वाले•

140. वाकई हारे हुए हैं वो जिन्होंने कत्ल किया उनके बच्चों को बेवकूफी से, उनके इल्म कि कमी की वजह से, और मना किया उसे जो **अल्लाह** ने उनके लिए मुहय्या किया है, और **अल्लाह** को मनसूब किए गये बिदआतों कि पैरवी की• वो गुमराह हो गये हैं, वो हिदायतयाफ्ता नहीं हैं•

*"फसल के दिन पर"**
ज़कात ज़रूर दिया जाना चाहिए

141. वो हैं वाहिद जिन्होंने कायम किया बागों को, जालीवाले और बगैर जाली वाले, और नख्ल कि दरख्तें, और अनाजे मुख्तलिफ ज़ायकों के, और ज़ैतूनें, अनार — फलें जो हैं एक जैसे, फिर भी मुख्तलिफ• खाओ उनके फलों से, और दो हक वाला सदका फसल के दिन पर,* और ज़ाया न करो कुछ भी• वो पसंद नहीं करते ज़ाया करने वालों को•

142. कुछ मवेशी जानवरें मुहय्या करते हैं तुम्हें सवारी के साथ, बिस्तर के सामान भी• खाओ तुम्हारी तरफ **अल्लाह** कि नियामतों से, और न चलो शैतान के कदमों पर; वो है तुम्हारा संगीन दुश्मन•

**6:137 एक सही मिसाल है बैनल अकवामी बदनाम वाक्या सऊदिया अरब के एक शहज़ादी को मौत कि सज़ा 1978 में मुबय्यना ज़िना के लिए• अल्लाह का कानून कायम करता है कोड़े मारना, मौत कि सज़ा नहीं, ज़िना के लिए एक सज़ा कि तौर पर (24:1-2) जबके बुतपरस्ती वाले कानूने मौत कि सज़ा आएद करते हैं• जैसा बताया गया है 42:21 में, रवायत को मानने वाले पैरवी करते हैं एक मज़हब कि जिसकी इजाज़त नहीं दी गई है अल्लाह की तरफ से•*

**6:141 ज़कात सदका इतना एहम है, सबसे रहम वाले ने महदूद किया है उनकी रहमत उनके लिए जो उसे देते हैं (7:156)• इसके बावजूद, बिगड़े मुसलमानों ने खो दिया है ये सबसे एहम फरमान; वो ज़कात साल में सिर्फ एक बार देते हैं• हम यहाँ देखते हैं कि ज़कात दिया जाना चाहिए "उस दिन पर जब हम आमदनी पाते हैं•" हिस्सा जो आया हमारे पास ईब्राहीम के ज़रिए है 2.5% हमारे खालिस आमदनी का•*

एजाद किए गये खुराकी मनाईयाँ
मलामत किए गए

143. आठ किस्मों के मवेशी जानवरे: दो किस्मों के भेड़, और दो किस्मों के बकरों के मुताल्लिक, कहो, "क्या वो दो नरें हैं जिनको उन्होंने मना किया है, या दो मादायें, या दो मादाओं कि कोखों की चीज़े? बताओ मुझे तुम क्या जानते हो, अगर तुम हो सच्चे•"

144. दो किस्मों के ऊँठें और दो किस्मों के मवेशी के मुताल्लिक, कहो, "क्या वो दो नरें हैं जिनको उन्होंने मना किया है, या दो मादायें, या दो मादाओं कि कोखों की चीज़े? "क्या तुम गवाह थे जब **अल्लाह** ने ऐसे मनाईयों को तुम्हारे लिए फरमान किया? कौन ज़्यादा बुरा है उनसे जो ऐजाद करते हैं ऐसे झूठों को और उन्हें **अल्लाह** को मनसूब करते हैं? वो इसतरह गुमराह करते हैं

लोगों को बगैर इल्म के• **अल्लाह** ऐसे बुरे लोगों को हिदायत नहीं देते•"

*सिर्फ खुराकी मनाईयाँ**

145. कहो, "मैं नहीं पाता मुझ को दी गई आयतों में कोई खाना जो मना किया गया है किसी खाने वाले के लिए सिवाय: (1) मुरदार, (2) दौड़ता हुआ खून, (3) खिनज़िरों के गोश्त*, इसलिए कि वो खराब है, और (4) बेअदबी से अल्लाह के अलावा किसी और को मनसूब किये गये जानवरों के गोश्त•" अगर कोई मजबूर है *(इन्हें खाने के लिए)* बगैर जानबूझकर या कीनावर होते हुए, फिर तुम्हारे रब हैं माफ करने वाले, सबसे रहीम•

146. वो जो यहूदी हैं हमने उनके लिए जुड़े हुए खुरों के साथ जानवरों को हराम किया; और मवेशी और भेड़ में से हमने चरबी हराम किया, सिवाय उसके जो लदा है उनके पीठों पर, या आंत में, या हड्डीयों के साथ मिला हुआ• वो था एक आज़ाब उनके खताओं के लिए, और हम हैं सच्चे•

147. अगर वो तुम्हें न माने, फिर कहो, "तुम्हारे रब मालिक हैं लामहदूद रहमत के, लेकिन उनका आज़ाब लाज़िमी है मुजरिम लोगों के लिए•"

148. बुतपरस्ती करने वाले कहते हैं, "अगर अल्लाह चाहते, हम बुतपरस्ती नहीं करते, नाहीं हमारे वालिदैन, नाहीं कोई चीज़ हम हराम करार देते•" इसतरह उनसे पहलों ने कुफ्र किया, जबतक उन्होंने नहीं झेला हमारे आज़ाब• कहो, "क्या है तुम्हारे पास कोई साबित इल्म जो तुम हमें दिखा सकते हो, तुम चलते नहीं हो लेकिन अंदाज़े पर; तुम सिर्फ तुक्का लगाते हो•"

सबसे ताकतवर
*बहेस**

149. कहो, "**अल्लाह** के पास है सबसे ताकतवर बहेस: अगर वो चाहें तुम सारों को वो हिदायत दे सकते हैं•"

150. कहो, "लाओ तुम्हारे गवाहों को जो गवाही दें कि ये या वो हराम किया है **अल्लाह** ने•" अगर वो गवाही दें, उनके साथ गवाही नदो• नाहीं तुम चलो उनके रायों पर जो हमारी आयतों को ठुकराते हैं, और वो जो अगली ज़िंदगी में ईमान नहीं रखते, और वो जो बहेक जाते हैं दूर उनके रब से•

**6:145-146 सिर्फ चार किस्मों के जानवर कि चीज़ें हराम किये गये हैं: जानवरें जो खुदसे मरते हैं, दौड़ता हुआ खून (नहीं फसा हुआ गोश्त के बीच), खिनज़ीरों के गोश्त, और जानवरें उनके पैदाकरने वाले के अलावा किसी और को मनसूब किये गये• आयत 146 हमें इत्तेला करती है कि ऐसी मनाईयाँ हैं बहुत खास; अल्लाह हराम करते हैं या तो "गोश्त" या "चरबी," या दोनो, अगर वो ऐसा चाहें•*

**6:149 कुरान का रियाज़ी कोड है एक काबिले महसूस और निहायत अटल सबूत कि ये है अल्लाह का पैगाम दुनिया को• उसे लगता है खुदाई दखालअंदाज़ी किसी पढ़ने वाले को इस गैरमामुली कुदरत कि तारीफ करने से, फिर सजदे में गिरने, और इस जबरदस्त मौजज़े को कबूल करने से (देखें 17:45-46, 18:57, 56:79, और अपेन्डिक्स एक)•*

बड़े एहकामात

151. कहो, "आओ मुझे तुमको बताने दो तुम्हारे रब ने असल में क्या हराम किया है तुम्हारे लिए: तुम्हें उनके के सिवाए बुतों को कायम नहीं करना चाहिए• तुम्हें तुम्हारे वालिदैन कि इज्ज़त करनी चाहिए• तुम्हें तुम्हारी औलाद को गुरबत के डर से कत्ल नहीं करना चाहिए — हम तुम्हारे लिए और उनके लिए मुहय्या करते हैं• तुम्हें बड़े गुनाहों को नहीं करना चाहिए, ज़ाहिर या छिपा हुआ• तुम्हें कत्ल नहीं करना चाहिए — **अल्लाह** ने जान को मुकद्दस बनाया है — सिवाय इंसाफ कि राह में• ये हैं उनके एहकामात तुम्हारे लिए, ताके तुम समझ सको•"

और एहकामात

152. तुम्हें यतीमों के पैसे को नहीं छूना चाहिए सिवाए सबसे नेक अंदाज़ में, जब तक वो न पहुँचें बुलुगत को• तुम्हें बराबरी से, पूरा वज़न और पूरा नाप देना चाहिए जब तुम तिजारत करो• हम किसी रूह पर

उसकी ताकत से ज़्यादा बोझ नहीं डालते• तुम्हें मुकम्मल तौर पर हक पर होना चाहिए जब तुम गवाही दो, तुम्हारे रिश्तेदारों के खिलाफ भी• तुम्हें **अल्लाह** के साथ किए गए तुम्हारे वादे को पूरा करना चाहिए• ये हैं उनके एहकामात तुम्हारे लिए, ताके तुम गौर कर सको•"

153. ये है मेरा रास्ता — एक सीधा वाला• तुम्हें उसपर चलना चाहिए, और किसी दूसरी राहों पर न चलो, ताके वो तुम्हें उनके रास्ते से फेर न दें• ये हैं उनके एहकामात तुम्हारे लिए, ताके तुम बचाए जा सको•"

154. और हमने दिया मूसा को आसमानी किताब, सबसे अच्छे एहकामों के साथ कामिल, और तफसील करता हुआ सारी चीज़ों कि, और एक रहनुमाई और रहमत, ताके वो ईमान ला सकें उनके रब से मिलने में•

155. यह भी है एक मुबारक आसमानी किताब जो हमने नाज़िल किया है; तुम्हें उस पर चलना और एक नेक जिंदगी बसर करना चाहिए, ताके तुम रहमत हासिल कर सको•

156. अब तुम कभी नहीं कह सकते, "आसमानी किताब नीचे भेजी गई थी हमसे पहले दो जमातों कि तरफ, और हम लाइल्म थे उनकी तालिमों से•"

*रियाज़ी: सबसे बड़ा सबूत**

157. नाहीं तुम कह सकते हो, "अगर सिर्फ एक आसमानी किताब नीचे आ सकती हमारी तरफ, हम उनसे बेहतर हिदायतयाफ्ता होते•" एक साबित आसमानी किताब आ चुकी है तुम्हारे पास तुम्हारे रब कि तरफ से, और एक रहनुमाई, और एक रहमत• अब, कौन है ज़्यादा बुरा उससे जो ठुकराता है इन **अल्लाह** कि तरफ से सबूतों को, और उन्हें नज़र अंदाज़ करता है? हम देंगे सबसे बुरा आज़ाब उन्हें जो नज़र अंदाज़ करते हैं हमारे सबूतों को उनकी बेपरवाही के लिए•

ज़रूरतें आज़माईश की

158. क्या वो उनकी तरफ फरिश्तों के आने का, या तुम्हारे रब, या तुम्हारे रब के कुछ जिस्मानी मज़ाहिरों का इंतेज़ार कर रहे हैं? जिस दिन ऐसा होगा, कोई रूह फायदा न उठा पायेगी ईमान लाने से अगर उसने उससे पहले ईमान नहीं लाया, और अकीदे के फसल का नफा नहीं उठाया एक नेक ज़िंदगी बिताते हुए•* कहो, "इंतेज़ार करते रहो; हम भी इंतेजार कर रहे हैं•"

मज़हबी फिरकों कि मलामत की गई है

159. जो कोई अपने आप को फिरकों में बांटे तुम में से नहीं• उनका इंसाफ रहता है **अल्लाह** के पास, फिर वो उनको इत्तेला करेंगे सारी चीज़ों कि जो उन्होंने किया था•

**6:157 कुरान के रियाज़ी कोड का किरदार साबित होता है इस हकीकत से कि जमा आयत नम्बर (157) के साथ "रशाद खलीफा" का जिमेटरिकल वेल्यु (1230), जिस के ज़रिये कोड नाज़िल हुआ था, देता है 1387, या 19x73•*

**6:158 ईमान लाने के बाद, रूह को बढ़ना और तरक्की करना चाहिए अल्लाह कि तरफ से मुकर्रर किये गये इबादत के तरीको के ज़रिए•*

160. जो कोई एक नेक काम करता है पाता है इनाम दस के वासते, और वो जो करता है एक गुनाह सिला दिया जाता है सिर्फ एक के लिए• कोई भी नहीं झेलता है ज़रासी भी नाइंसाफी•

161. कहो, "मेरे रब ने मूझे हिदायत किया है एक सीधी राह में — कामिल मज़हब इब्राहीम का, तौहीद• वो कभी एक बुतपरस्त न था•"

162. कहो, "मेरी राबता नमाज़े (*सलात*), मेरे इबादत के तरीके, मेरी ज़िंदगी और मेरी मौत, हैं सारे पूरी तरह सिर्फ **अल्लाह** को निसार, कायनात के रब•

163. "उनके पास कोई साथी नहीं• ये है जो मुझे हुक्म किया गया है मानने के लिए, और मैं हूँ पहला फरमानबरदार होने के लिए•"

164. कहो, "क्या मैं **अल्लाह** के अलावा किसी और को एक रब जैसा तलाश करूँ, जबके वो हैं सारी चीज़ों के रब? कोई रूह नफा नहीं उठाता सिवाए उसके खुदके आमालों से, और कोई नहीं ढोता है बोझ दूसरे का• आखिरकार, तुम तुम्हारे रब कि तरफ लौटते हो, फिर वो तुम्हें इत्तेला करते हैं तुम्हारे झड़पों के मुताल्लिक•"

165. वो हैं वाहिद जिन्होंने तुम्हें ज़मीन का वारिस बनाया, और उन्होंने उठाया तुम में से कुछ को दूसरों के ऊपर दरजे में, तुम्हें आज़माने के लिए उसके मुताबिक जो उन्होंने तुम्हे दिया है• यकीनन, तुम्हारे रब मुस्तैद हैं आज़ाब जारी करने में, और वो हैं माफ करने वाले, सबसे रहीम•

****

सुरह 7: आराफ (अल-आराफ)

अल्लाह के नाम से,
सबसे मेहरबान, सबसे रहम वाले

1. अ•ल•म•सा•*

2. यह आसमानी किताब तुम्हें नाज़िल की गई है — तुम्हें शक को पनाह नहीं देना चाहिए उसके बारे में तुम्हारे दिल में — ताके तुम उससे ताकीद कर सको, और ईमानवालों को एक ताकीद मुहय्या करने के लिए•

3. तुम सारों को चाहिए पैरवी करो उसकी जो नाज़िल हुआ है तुम को तुम्हारे रब कि तरफ से; उनके अलावा किसी और कि पैरवी न करो• कभी कभार ही तुम तवज्जो देते हो•

4. कई कौम को हमने फनाह किया; उन्होंने पाया हमारे आज़ाब को जब वो सो रहे थे, या पूरी तरह जागे•

5. जब हमारा आज़ाब आया उनके पास उनका कहना था: "वाकई, हम थे खतावार•"

6. हम यकीनन सवाल करेंगे उनसे जिन्होंने पैगाम पाया, और हम सवाल करेंगे रसूलों से•

7. हम उनको इत्तेला करेंगे बिलइखतियारी से, इसलिए के हम कभी गैर हाज़िर न थे•

8. उस दिन पर मिज़ानें दुरूस्त किये जायेंगे, बराबरी से• वो जिनके वज़ने होंगे भारी होंगे जीते हुए•

9. जहाँ तक वो जिनके वज़ने हैं हल्के, वो होंगे जिन्होंने खो दिया उनकी रूहों* को, एक नतीजे के तौर पर नज़र अंदाज़ करने का, हमारी आयतों को नाइंसाफी से•

**7:1 देखें अपेन्डिक्स एक कुरान के रियाज़ी मौजज़े में इन इनिशियलों के किरदार के लिए•*

**7:9 हमारे पैदा करने वाले कि तरफ तवज्जो देने के लिए नाकामयाब होना कयादत करता है रूहानी फाकाकशी और आखिर कार रूह के "खो" जाने का•*

10. हमने कायम किया है तुम्हें ज़मीन पर, और हमने उसमें मुहय्या किया है तुम्हारे लिए मदद के ज़रियों को• कभी कभार ही तुम कद्र करते हो•

11. हमने तुम्हें पैदा किया, फिर हमने तुम्हें शक्ल दिया, फिर हमने फरिश्तों से कहा, "गिरो आदम के सामने सजदे में•" वो सजदे में गिर गये, सिवाए इब्लीस (*शैतान*) के; वो सजदा करने वालों के साथ न था•

आज़माईश शुरू होती है

12. उन्होंने कहा, "क्या रोका तुझे सजदा करने से जब मैंने तुझे हुक्म दिया?" उसने कहा, "मैं उससे बेहतर हूँ; आपने मुझे आग से पैदा किया, और उसे पैदा किया मिट्टी से•"

13. उन्होंने कहा, "इसलिए, तुझे नीचे जाना ज़रूरी है, तू यहाँ मगरूर नहीं हो सकता• बाहर निकल जा; तुझे ज़लील किया गया है•"

14. उसने कहा, “मुझे एक मौका बक्शिये, हश्र के दिन तक॰”

15. उन्होंने कहा, “तुझे बक्शा गया है एक मौका॰”

16. उसने कहा, “चुँकि आपने चाहा है कि मैं गुमराह हो जाऊं,* मैं उनके लिए आपकी सीधी राह पर ताक में रहूंगा॰

17. “मैं आऊंगा उनके पास उनके सामने से, और उनके पीछे से, और उनके दाहिने से, और उनके बांये से, और आप पायेंगे उनमें से ज़्यादा नाकद्रदान॰”

18. उन्होंने कहा, “बाहर निकल जा वहाँ से, ज़लील और शिकस्त किया गया॰ उनमें से जो तेरी पैरवी करे, मैं भरूंगा जहन्नम को तुम सारों से॰

19. “जहाँ तक तू, आदम, रह जन्नत में तेरी बिवी के साथ, और खाओ उसमें से जैसा तुम चाहो, लेकिन इस एक पेड़ के करीब न जाओ, ताके तुम गुनाह में न गिर जाओ॰”

20. शैतान ने उनको वसवसे किया, उनके जिस्मों को ज़ाहिर करने के लिए, जो उनके लिए गायब थे॰ उसने कहा, “तुम्हारे रब ने मना नहीं किया तुम्हें इस पेड़ से, सिवाए तुम्हें फरिश्ते बनने से रोकने के लिए, और दायम वजूद को हासिल करने से॰”

21. उसने उनके लिए कसम खाया, “मैं तुम्हें अच्छी सलाह दे रहा हूँ॰”

22. इसतरह उसने झूठों के साथ उनको धोखा दिया॰ जैसे ही उन्होंने पेड़ चखा, उनके जिस्में उनके लिए ज़ाहिर हो गये, और उन्होंने अपने आप को जन्नत के पत्तों से ढ़ाकने कि कोशिश की॰ उनके रबने उनको पुकारा: “क्या मैंने तुम्हें ताकीद नहीं की उस पेड़ से, और आगाह किया तुम्हें कि शैतान है तुम्हारा सबसे संगीन दुश्मन?”

23. उन्होंने कहा, “हमारे रब, हमने गलत किया है हमारी रूहों पर, और जब तक आप हमें माफ न करें और हम पर रहम न करें, हम होंगे हारने वाले॰”

24. उन्होंने कहा, “जाओ नीचे एक दूसरे के दुश्मनों कि तरह॰ ज़मीन पर होगा तुम्हारा ठिकाना और एहतमाम कुछ वक्त के लिए॰”

25. उन्होंने कहा, “उसपर तुम रहोगे, उसपर तुम मरोगे, और उसमें से तुम बाहर निकाले जाओगे॰”

26. ऐ आदम कि औलादों, हमने तुम्हारे जिस्मों को ढ़ाकने के लिए लिबासों के साथ मुहय्या किया है, इसके अलावा ऐश के लिए भी॰ लेकिन सबसे अच्छा लिबास है नेककारी का लिबास॰ ये हैं **अल्लाह** कि कुछ निशानियाँ, ताके वो तवज्जोह दे सकें॰

**7:16 शैतान एक साबित किया गया झूटा है, और हैं इसी तरह उसके बाशिंदे (देखें 2:36, 6:22-23, और 7:20-22)॰*

27. ऐ आदम कि औलादों, शैतान को तुम्हें धोखा देने न दो जैसा उसने किया जब सबब बना तुम्हारे वालिदैन को जन्नत से खारिज होने का, और उनके लिबासों के निकलने का उनके जिस्मों को ज़ाहिर करने के लिए॰ वो और उसके कबीले तुम्हें देख सकते हैं, जबके तुम उन्हें नहीं देख सकते॰ हम मुकर्रर करते हैं शयातीनों को साथीयों जैसा उनके लिए जो ईमान नहीं रखते॰

जाँचो विरासत में पाये गये सारी खबर को

28. वो एक बड़ा गुनाह करते हैं, फिर कहते हैं, “हमने हमारे वालिदैन को ऐसा करते पाया, और **अल्लाह** ने हमें ऐसा करने का हुक्म दिया है॰” कहो, “**अल्लाह** गुनाह कि वकालत नहीं करते॰ क्या तुम **अल्लाह** के बारे में कह रहे हो जो तुम नहीं जानते?”

29. कहो,”मेरे रब इंसाफ कि वकालत करते हैं, और सिर्फ उनको मनसूब होते हुए खड़ा होने के लिए हर इबादत कि जगह पर॰ तुम्हें तुम्हारी इबादत को

मुकम्मल तौर पर सिर्फ उनको मनसूब करना चाहिए• जैसा उन्होंने तुम्हें शुरू किया, तुम आखिर कार उनके पास लौटकर जाओगे•"

खबरदार: वो मानते हैं कि वो हैं हिदायतयाफ्ता

30. कुछ कि उन्होंने हिदायत दिया, जबके दूसरे गुमराह होने के लिए सुर्पद किये गये थे• उन्होंने शयातीनों को मालिकों जैसा लिया है बजाए **अल्लाह** के, फिर भी वो मानते हैं कि वो हैं हिदायतयाफ्ता•

उम्दा तरीके से पहनो मस्जिद के लिए

31. ऐ आदम कि औलादों, तुम्हें साफ होना चाहिए और उम्दा तरीके से पहनना चाहिए जब तुम मस्जिद को जाओ• और खाओ और पियो दरमियानी अंदाज़ में; यकीनन, वो खाउविरों को नहीं चाहते•

ऐजाद की गई मनाईयाँ मलामत कि गई

32. कहो, "किसने मना किया अच्छी चीज़ें जो **अल्लाह** ने पैदा किये हैं उनके मखलूकों के लिए, और अच्छी नियामतें?" कहो, "ऐसी नियामतों का लुत्फ उठाया जाना है इस दुनिया में उनके ज़रिये जो ईमान रखते हैं• उसके अलावा, अच्छी नियामतें मखसूस तौर पर उनके होंगे हाश्र के दिन पर•" हम इसतरह समझाते हैं आयतों को लोगों के लिए जो जानते हैं•

33. कहो, "मेरे रब मना करते हैं सिर्फ बुरे आमालों को, चाहे वो हों ज़ाहिर या छिपे हुए, और गुनाहें, और नामुनासिब अदावत, और **अल्लाह** के सिवाए बेबस बुतों को कायम करने का, और **अल्लाह** के बारे में कहने के लिए जो तुम नहीं जानते•"

34. हर एक कौम के लिए, एक पहले से तय की गई जिंदगी कि मुद्दत है• जब उनका दरमियानी वक्फा खत्म हो जाता है, वो उसे एक घंटे से मुल्तवी नहीं कर सकते, नाहीं उसे बढ़ा सकते हैं•

तुम में से रसूलें

35. ऐ आदम कि औलादों, जब रसूलें आयें तुम्हारे पास तुम में से, और तिलावत करें मेरी आयतों को तुम्हारे लिए, जो कोई तवज्जोह ले और एक नेक ज़िंदगी बसर करें, कुछ नहीं होगा डरने के लिए, नाहीं वो गमज़दा होंगे•

36. जहाँ तक वो जो ठुकरायें हमारी आयतों को, और हैं बहुत मगरूर उन्हें बरकरार रखने के लिए, उन्होंने जहन्नम पा लिया है, जिसमें वो रहेंगे हमेशा के लिए•

37. कौन है उससे ज़्यादा बुरा जो ऐजाद करे **अल्लाह** के बारे में झूठों को, या ठुकराये उनकी आयतों को? ये पायेंगे उनका हिस्सा, आसमानी किताब के मुताबिक, फिर, जब हमारे रसूलें आयेंगे उनकी ज़िंदगियों को खत्म करने के लिए, वो कहेंगे, "कहाँ हैं बुतें **अल्लाह** के सिवाय तुम इल्तेजा किया करते थे?" वो कहेंगे, "उन्होंने हमें छोड़ दिया है•" वो गवाही देंगे खुद के खिलाफ कि वो थे काफिरें•

आपसी इल्ज़ाम देना

38. वो कहेंगे, "दाखिल हो जाओ जहन्नम में जिनों और इंसानों कि पिछली कौमों के साथ•" जब भी एक गिरोह दाखिल होता है, वो कोसेंगे उनके पुरखों वाली गिरोह को• जब वो सारे उसमें होंगे, आखिर वाले कहेंगे पहले वालों को, "हमारे रब, ये हैं जिन्होंने हमें बहकाया• उनको दीजिये दुगना आज़ाब जहन्नम का•" वो कहेंगे, "हर कोई पाता है दुगना, लेकिन तुम नहीं जानते•"

39. पुरखों वाला गिरोह कहेगा बाद वाले गिरोह को, "चुँकी तुम्हारे पास हमारे बनिसबत फायदा था, चखो आज़ाब तुम्हारे खुद के गुनाहों के लिए•"

अल्लाह कि आयतों को ठुकराना: एक नाकाबिले माफ जुर्म

40. यकीनन, जो कोई ठुकराएं हमारी आयतों को और काफी मगरूर हैं उन्हें बरकरार रखने को, आसमान के दरवाज़े कभी नहीं खुलेंगे उनके लिए, नाहीं वो जन्नत

में दाखिल होंगे जबतक ऊँठ नहीं गुज़रता सुई कि आँख से• हम इस तरह बदला देते हैं मुजरिम को•

41. उन्होंने पाया है जहन्नम एक ठिकाने जैसा; उनके पास होंगी रूकावटें उनके ऊपर• हम इस तरह बदला देते हैं खतावारों को•

42. जहाँ तक वो जो ईमान रखें और एक नेक ज़िंदगी बसर करें — हम कभी भी बोझ नहीं डालते किसी रूह पर उसकी ज़रियों से ज़्यादा — ये होंगे जन्नत के रहने वाले• वो रहेंगे उसमें हमेशा के लिए•

अल्लाह के करम से

43. हम निकालेंगे उनके दिलों से सारे जलन• नहरे बहेंगीं उनके नीचे, और वो कहेंगे, "**अल्लाह** कि तारीफ हो हमें हिदायत देने के लिए• मुमकिन न था हम हिदायतयाफ्ता होते, अगर **अल्लाह** हमें हिदायात न करते• हमारे रब के रसूलों ने वाकई सच्चाई लाये•" उन्हें पुकारा जायेगा: "यह है तुम्हारी जन्नत• तुमने उसे पा लिया है, तुम्हारे आमालों के बदले में•"

44. जन्नत के रहने वाले पुकारेंगे जहन्नम के रहने वालों को: "हमने पाया है हमारे रब के वादे को सच्चा होने का, क्या तुमने पाया है तुम्हारे रब के वादे को सच्चा होने का?" वो कहेंगे, "हाँ" एक ऐलान करने वाला उनके दरमियान ऐलान करेगा: "**अल्लाह** कि लानत पड़ चुकी है खतावारों पर;

45. "जो दूर करते हैं **अल्लाह** कि राह से, और जद्दोजहेद करते हैं उसे पेचीदा करने के लिए, और, अगली ज़िंदगी के मुताल्लिक, वो हैं काफिरें •

46. एक रूकावट अलग करती है उनको, जबके आराफ* कब्ज़ा किया गया है लोगों के ज़रिये जो पहचानते हैं हर एक तरफ को उनके शक्लों से• वो पुकारेंगे जन्नत के रहने वालों को: "तुम पर सलामती हो•" वो दाखिल नहीं हुए (*जन्नत में*) ख्वाहिशमन्द सोच से•

47. जब वो फेरेंगे उनकी आँखे जहन्नम के रहने वालों कि तरफ, वो कहेंगे, "हमारे रब, ना डालिये हमें इन बदकार लोगों के साथ•"

ज़्यादा तादाद तबाही

48. आराफ के रहने वाले पुकारेंगे लोगों को जिन्हें वो पहचानते हैं उनके शक्लों से, कहते हुए, "तुम्हारी बड़ी तादाद ने मदद नहीं की तुम्हारी किसी तरह, नाहीं तुम्हारे तकब्बुर ने•

49. "क्या वो लोग हैं तुमने कसम खाया कि **अल्लाह** कभी नहीं छुएंगे उनको रहम के साथ• (*आराफ के लोगों से तब कहा जायेगा,*) "दाखिल हो जाओ जन्नत में; नहीं है तुम्हें कुछ डरने के लिए, नाहीं तुम होगे गमज़दा •"

**7:46-49 शरू में, वहाँ होंगी 4 जगह: (1)ऊँची जन्नत, (2) निचली जन्नत, (3) आराफ, और (4) जहन्नम• आराफ जोड़ दिया जायेगा निचली जन्नत में•*

50. जहन्नम के रहने वाले पुकारेंगे जन्नत के रहने वालों को: "तुम्हारा कुछ पानी, या तुम्हारी तरफ **अल्लाह** कि कुछ नियामतें हमारी तरफ बहने दो•" वो कहेंगे, "**अल्लाह** ने उन्हें हराम किया है काफिरों के लिए•"

51. जो कोई उनके मज़हब को संजीदगी से नहीं लेते हैं, और पूरी तरह मसरूफ हैं इस दुनियावी ज़िंदगी के साथ, हम भूल जाते हैं उनको उस दिन पर, इसलिए के वो उस दिन को भूल गये, और इसलिए कि उन्होंने हमारी आयतों को ठुकराया•

कुरान:
पूरी तफसील में

52. हमने दिया है उनको एक आसमानी किताब जो पूरी तफसील की गई है, इल्म, हिदायत, और रहमत के साथ लोगों के लिए जो ईमान रखते हैं•

53. क्या वो इंतेज़ार कर रहे हैं जबतक सारी *(पेशीनगोई याँ)* पूरे नहीं कर दिये जाते? दिन जब ऐसा अंजामदही गुज़र जायेगा, वो जिन्होंने उसे माज़ी में नज़रअंदाज़ किया कहेंगे, "हमारे रब के रसूलों ने लाय है सच्चाई• हैं कोई शिफाअत करने वाले हमारी तरफ से शिफाअत करने के लिए? क्या आप हमें वापस भेजेंगे, ताके हम हमारे बरताव को बदलें, और हमने जो किया उससे बेहतर कामों को करें?" उन्होंने अपनी रूहों को खो दिया है, और उनके खुद कि एजादें सबब बनी है उनके तबाही की•

54. तुम्हारे रब हैं एक **अल्लाह** ; जिन्होंने आसमानों और ज़मीन को छ: दिनों* में पैदा किया, फिर सारे इख्तेयार को काबू में लिया• रात पीछे छोड़ती है दिन को, जैसे वो मुसतकिल तौर पर उसका पीछा करती है, और सूरज, चाँद, और सितारे लगाये गये हैं काम को उनके हुक्म से• बेशक, वो काबू करते हैं सारी मखलूक और सारे हुक्मों को• सबसे बुलंद हैं **अल्लाह**, कायनात के रब•

55. तुम्हें इबादत करनी चाहिये तुम्हारे रब की लोगों में और तन्हाई में; वो खतावारों को नहीं चाहते•

56. न बिगाड़ो ज़मीन को इसके बाद के वो सही जमाई गई है, और उनकी इबादत करो एहतराम कि वजह से, और उम्मीद कि वजह से• यकीनन, **अल्लाह** का रहम है काबिले हासिल नेककारों कि तरफ से•

57. वो हैं वाहिद जो भेजते हैं हवा को अच्छी अलामत के साथ, एक रहम के तौर पर उनके हाथों से• जब वो वज़नी बादलों को जमा करते हैं, हम चलाते हैं उनको मुरदा ज़मीनों कि तरफ, और उससे नीचे पानी भेजते हैं, उससे सारे किस्मों के फलों को पैदा करने के लिए• हम इस तरह मुरदे को ज़िदा करते हैं, ताके तुम तवज्जोह ले सको•

58. अच्छी ज़मीन आसानी से पैदा करती है उसके पौधों को उसके रब कि मरज़ी से, जबके बुरी ज़मीन मुश्किल से पैदा करती है कोई चीज़ फायदेमंद• हम इस तरह समझाते हैं आयतों को लोगों के लिए जो हैं कद्रदान•

नुह

59. हमने नुह को भेजा उसके लोगों कि तरफ, कहते हुए, "ऐ मेरे लोगों, **अल्लाह** कि इबादत करो; तुम्हारे पास कोई खुदा नहीं सिवाए उनके• मैं डरता हूँ तुम्हारे लिए एक ज़बरदस्त दिन के आज़ाब से•"

60. उसके लोगों में से रहबरों ने कहा, "हम देखते हैं कि तुम दूर बहेक गये हो•"

61. उसने कहा, "ऐ मेरे लोगों, मैं गुमराह नहीं हूँ; मैं कायनात के रब कि तरफ से एक रसूल हूँ•

62. "मैं पहुँचाता हूँ मेरे रब के पैगामों को, और मैं तुमको मशवरा देता हूँ, और मैं जानता हूँ **अल्लाह** से जो तुम नहीं जानते•

**7:54 छ: दिनें खिलकत कि मिसाल्या हैं; वो एक मयार का काम करते हैं हमें हमारे कमतरीन नज्म ज़मीन कि पेचीदगी बताने के लिए — वो पैदा कि गई थी "4 दिनों" में (देखें 41:10)*

63. "क्या वो एक बहुत अजूबा है कि एक याद दिलाने वाला आए तुम्हारे रब कि तरफ से तुम्हारे पास, तुम्हारी तरह एक आदमी के ज़रिये, तुम्हें ताकीद करने के लिए, और तुम्हारी रहनुमाई करने के लिए नेककारी कि तरफ, ताके तुम रहमत हासिल कर सको?"

64. उन्होंने उसे ठुकराया• अंजाम ये हुआ कि, हमने उसे बचाया और उसके साथ उन्हें कश्ती में, और डुबाया उनको जिन्होंने हमारी आयतों को ठुकराया; वो थे अंधे•

हूद

65. आद कि तरफ हमने भेजा उनके भाई हूद को• उसने कहा, "ऐ मेरे लोगों, **अल्लाह** कि इबादत करो; तुम्हारे पास कोई खुदा नहीं सिवाए उनके• क्या तुम फिर नेककारी कायम करोगे?"

66. रहबरें जिन्होंने कुफ्र किया उसके लोगों में से कहा, "हम देख रहें हैं कि तुम बेवकूफों कि तरह बरताव

कर रहे हो, और हम समझते हैं कि तुम हो एक झूठे•"

67. उसने कहा, "ऐ मेरे लोगों, मुझ में कोई बेवकूफी नहीं है; मैं हूँ एक रसूल कायनात के रब कि तरफ से•

68. "मैं पहुँचाता हूँ तुम्हारी तरफ मेरे रब के पैगामों को, और मैं ईमानदारी से तुम्हें सलाह दे रहा हूँ•

69. "क्या वो एक बहुत अजूबा है कि एक पैगाम आए तुम्हारे रब कि तरफ से तुम्हारे पास, तुम्हारी तरह एक आदमी के ज़रिये, तुम्हें ताकीद करने के लिए? याद करो कि उन्होंने तुम्हें विरासत पाने वाले बनाया नुह के लोगों के बाद, और ज़रप किया तुम्हारी तादाद को• याद करो **अल्लाह** कि रहमतें, ताके तुम कामयाब हो सको•"

वालिदैन के पीछे चलना आँख बंद करके:
एक इंसानी हादसा

70. उन्होंने कहा, "क्या तुम आये हो हमें सिर्फ **अल्लाह** कि इबादत कराने, और तर्क कराने के लिए जो हमारे वालिदैन इबादत किया करते थे? हम ललकारते हैं करते हैं तुम्हें तबाही लाने का जिससे तुम हमें डराते हो, अगर तुम हो सच्चे•"

71. उसने कहा, "तुमने पा लिया है लानत और कहर तुम्हारे रब कि तरफ से• क्या तुम मेरे साथ बहेस करते हो तुम्हारे बनाये हुए ऐजादों के बचाव में — तुम और तुम्हारे वालिदैन — जो कभी भी इजाज़त नहीं दिये गये थे **अल्लाह** कि तरफ से? इसलिए, इंतेज़ार करो और मैं इंतेज़ार कर रहा हूँ तुम्हारे साथ•"

72. हमने फिर बचाया उसे और उसके साथ उन्हें, हमारी तरफ से रहमत के ज़रिए, और हमने फना कर दिया उनको जिन्होंने हमारी आयतों को ठुकराया और ईमानवाले होने का इंकार किया•

सालेह

73. तमूद कि तरफ हमने भेजा उनके भाई सालेह को• उसने कहा, "ऐ मेरे लोगों, **अल्लाह** कि इबादत करो; तुम्हारे पास कोई खुदा नहीं सिवाए उनके• सबूत मुहय्या कर दिया गया है तुम्हारे लिए तुम्हारे रब कि तरफ से: यहाँ हैं **अल्लाह** की ऊँठनी, तुम्हारे लिए एक निशानी जैसा काम करने के लिए• उसे **अल्लाह** कि ज़मीन से खाने दो, और न छुओ उसे किसी तकलीफ के साथ, ताके तुम न पाओ एक दर्दनाक आज़ाब•

74. "याद करो कि उन्होंने बनाया तुम्हें आद के बाद विरासत पाने वाले, और कायम किया तुम्हें ज़मीन पर, तामीर करते हुए हवेलियाँ उनकी वादियों में और तराशते हुए घरों को उसके पहाड़ों से• तुम्हें **अल्लाह** कि रहमतों को याद करना चाहिए, और न फिरो ज़मीन पर खराबी से•"

पैगाम:
रिसालत का सबूत

75. उसके लोगों में से मगरूर रहबरों ने कहा आम लोगों से जिन्होंने ईमान लाये, "तुम कैसे जानते हो कि सालेह भेजा गया है उसके रब कि तरफ से?" उन्होंने कहा, "पैगाम जो वो लाया बनाया हमें ईमानवाले•"

76. जो मगरूर थे उन्होंने कहा, "हम नहीं मानते जिसमें तुम ईमान रखते हो•"

77. उसके बाद, उन्होंने ऊँठनी को ज़बा कर दिया, उनके रब के हुक्म के खिलाफ बगावत की, और कहा, "ऐ सालेह, लाओ तबाही तुम डराते हो हमें जिससे, अगर तुम वाकई हो एक रसूल•"

78. अंजाम ये हुआ कि, ज़लज़ले ने उनको फनाह कर दिया, उन्हें मुरदा छोड़ते हुए उनके घरों में•

79. वो उनसे दूर पलट गया, कहते हुए, "ऐ मेरे लोगों, मैंने पहुँचाया है मेरे रब के पैगाम को तुम्हारी तरफ, और तुम्हें सलाह दिया, लेकिन तुम पसंद नहीं करते किसी सलाह देने वालों को•"

लूत:
हमजिन्साना मलामत किया गया

80. लूत ने उसके लोगों से कहा, "तुम करते हो एक ऐसा घिनौनापन; किसी ने नहीं किया उसे दुनिया में इस सेपहले!

81. "तुम मर्दो के साथ शहवत करते हो, बजाय औरतों के• वाकई, तुम हो एक खता करने वाले लोग•"

82. उसके लोगों ने जवाब दिया कहते हुए, "निकाल दो उन्हें तुम्हारे शहर से• वो हैं लोग जो पाक बनना चाहते हैं•"

83. अंजाम ये हुआ कि, हमने बचाया उसे और उसके कुम्बे को, लेकिन उसकी बिवी को नहीं; वो थी तबाह होने वालों के साथ•

84. हमने बरसाये उनको एक खास बौछार से; ध्यान दो गुनाहगारों के अंजामों को•

शुऐब:
धोखाधड़ी, बेईमानी मलामत कि गई

85. मिदयन कि तरफ हमने भेजा उनके भाई शुऐब को• उसने कहा, "ऐ मेरे लोगों, **अल्लाह** कि इबादत करो; तुम्हारे पास कोई खुदा नहीं सिवाए उनके• सबूत आ चुका है तुम्हारे पास तुम्हारे रब कि तरफ से• तुम्हें पूरा वज़न और पूरा नाप देना चाहिए जब तुम कारोबार करते हो• लोगों को धोखा न दो उनके हकों के ज़रिये• ज़मीन को न बिगड़ो इसके बाद के वो सही कायम की गई है• यह है तुम्हारे लिए बेहतर, अगर तुम हो ईमानवाले•

86. "बाज़ आओ हर रास्ते को रोकने से, तलाश करते हुए **अल्लाह** के रास्ते से दूर करने के लिए उनको जो ईमान रखते हैं, और उसे पेचीदा न करो• याद करो तुम कम हुआ करते थे और उन्होंने तुम्हारी तादाद को ज़रप किया• याद करो बदकारों के अंजामों को•

87. "अबके जब तुम में से कुछ ईमान लाए हो उसमें जिसके साथ मैं भेजा गया था, और कुछ ईमान नहीं लाए, इंतेज़ार करो जब तक **अल्लाह** जारी नहीं करते हैं उनका इंसाफ हमारे दरमियान; वो हैं सबसे अच्छे मुनसिफ•"

88. उसके लोगों में से मगरूर रहबरों ने कहा, "हम तुम्हें हमारे शहर से, निकाल देंगे, ऐ शुऐब, साथ उनके जो तुम्हारे साथ ईमान लाये, जब तक तुम पलट न आओ हमारे मज़हब कि तरफ•" उसने कहा, "क्या तुम हमें ज़ोर दोगे?

89. "हम बेअदबी करेंगे **अल्लाह** के खिलाफ अगर हम लौट जायें तुम्हारे मज़हब कि तरफ इसके बाद के **अल्लाह** ने हमें बचाया है उससे• हम कैसे लौट सकते हैं उसकी तरफ **अल्लाह** हमारे रब कि मरज़ी के खिलाफ? हमारे रब का इल्म सारी चीज़ों को घेरे में लेता है• हमने रखा है हमारा भरोसा **अल्लाह** में• हमारे रब, अता करिये हमें एक फैसलाकुन फतेह हमारे लोगों पर• आप हैं सबसे अच्छे मददगार•"

90. उसके लोगों में से कुफ्र करने वाले रहबरों ने कहा, "अगर तुम शुऐब कि पैरवी करो, तुम बन जाओगे हारने वाले•"

91. ज़लज़ले ने उनको फनाह कर दिया, छोड़ते हुए उनको मुरदा उनके घरों में•

92. जिस किसी ने शुऐब को ठुकराया गायब हो गये, ऐसे जैसे वो कभी वजूद में नहीं थे• जिस किसी ने शुऐब को ठुकराया हारने वाले थे•

93. वो उनसे दूर पलट गया, कहते हुए, "ऐ मेरे लोगों, मैंने पहुँचाया है तुम्हारी तरफ मेरे रब के पैगामों को, और मैंने तुमको सलाह दिया है• मैं कैसे रंजीदा हो सकता हूँ कुफ्र करने वाले लोगों पर•"

रहमतें भेस बदलकर

94. जब भी हमने भेजा एक नबी किसी कौम को, हमने तकलीफ दिया उसके लोगों को मुसीबत और मेहनतकशी के साथ, ताके वो इल्तेजा करें•

95. फिर हमने बदल दिया अमन और तरक्की उस मेहनतकशी कि जगह में• लेकिन अफसोस, वो बेपरवाह हो गये और कहा, "वो थे हमारे वालिदैन जिन्होंने तर्जुबा किया उस मेहनतकशी का तरक्की से पहले•" इस वजह से, हमने सज़ा दिया उनको जब उन्होंने सबसे कम उम्मीद की•

ज़्यादातर लोग
चलते हैं गलत

96. अगर उन कौमों के लोग ईमान लाते और नेककार बनते, हमने बरसाया होता उन्हें रहमतों के साथ आसमान और ज़मीन से• चुँकी उन्होंने फैसला किया कुफ्र करने का, हमने सज़ा दिया उनको उसके लिए जो उन्होंने कमाया•

97. क्या मौजूदा कौमों के लोग ज़मानत देते हैं कि हमारा आज़ाब नहीं आयेगा उनको जब वो रात में सो रहे हों?

98. क्या आज के कौमों के लोग ज़मानत देते हैं कि हमारा आज़ाब नहीं आयेगा उनको दिन में जब वो खेल रहे हों?

99. क्या उन्होंने मामुली लिया है **अल्लाह** के मनसूबों को? कोई नहीं लेता है मामुली **अल्लाह** के मनसूबों को सिवाए हारने वालों के•

100. कभी ऐसा ख्याल आता है उनको जिन्होंने विरासत पाई ज़मीन की पिछली नस्लों के बाद की, अगर हम चाहें, हम उनको सज़ा दे सकते हैं उनके गुनाहों के लिए, और मोहर लगा दें उनके दिलों पर, उन्हें बहरा करने के लिए?

101. हम बयान करते हैं तुम्हेंउन कौमों कि तारीख: उनके रसूलें गये उनके पास साफ सबूतों के साथ, लेकिन वो ईमान लाने वाले न थे उसमें जो उन्होंने पहले ठुकराया था• **अल्लाह** इस तरह काफिरों के दिलों को मोहर लगा देते हैं•

102. हमने उन में से ज़्यादा को उनके वादे को नज़र अंदाज करता पाया; हमने उनमें से ज़्यादा को बदकार पाया•*

मूसा

103. बाद (*उन रसूलों के,*) हमने भेजा मूसा को हमारी निशानियों के साथ फिरऔन और उसके लोगों कि तरफ, लेकिन उन्होंने खता किया• ध्यान दो बदकार के नतीजों को•

104. मूसा ने कहा, "ऐ फिरऔन, मैं एक रसूल हूँ कायनात के रब कि तरफ से•

105. "ये ज़रूरी है मुझपर कि मैं न कहूँ **अल्लाह** के बारे में सिवाए सच के • मैं आया तुम्हारी तरफ तुम्हारे रब कि तरफ से एक निशानी के साथ; बनी इस्राईल को जाने दो•"

106. उसने कहा, "अगर तेरे पास है एक निशानी, तो पेश कर उसे, अगर तु है सच्चा•"

107. उसने फेंका उसके आसे को नीचे, और वो बदल गया एक ज़बरदस्त सांप में•

108. उसने निकाला उसके हाथ को, और वो देखने वालों के लिए था सफेद•

109. फिरऔन के लोगों में से रहबरों ने कहा, "यह एक चालाक जादूगर से ज़्यादा कुछ नहीं•

110. "वो चाहता है तुम्हें तुम्हारे ज़मीन से बाहर ले जाने के लिए; तुम क्या तजवीज़ करते हो?"

111. उन्होंने कहा, "मोहलत दो उसे और उसके भाई को, और जमा करने वालों को भेजो हर शहर कि तरफ•

**7:102 यह ज़िंदगी है हमारा आखरी मौका अपने आप को बक्शवाने के लिए, लेकिन ज़्यादातर लोग साबित किये गये हैं ज़िद्दी तौर पर बागी और बुरे होने के लिए (देखें तार्रुफ)•*

112. "उन्हें जमा करने दो हर तर्जुबेकार जादूगर को•"

113. जादूगरें आये फिरऔन के पास और कहा, "क्या हमें मुआवज़ा दिया जायेगा अगर हम जीतने वाले हुए?"

114. उसने कहा, "हाँ वाकई; तुम आ जाओगे मेरे और करीब•"

115. उन्होंने कहा, "ऐ मूसा, या तो तुम फेकों, या हम फेंकते हैं•"

116. उसने कहा, "तुम फेकों•" जब उन्होंने फेंका, उन्होंने लोगों कि आँखों को धोखा दिया, उन्हें डराया, और पैदा किया एक बड़ा जादू•

117. फिर हमने इल्हाम किया मूसा को: "फेकों नीचे तुम्हारे आसे को," जिस के बाद वो निगल गया जोकुछ उन्होंने बनाया था•

सच पहचाना गया माहिरों कि तरफ से

118. इस तरह, सच गालिब हुआ, और उन्होंने जो किया रद्द कर दिया गया था•

119. वो तभी के तभी हरा दिये गये थे; वो रूसवा किये गये थे•

120. जादूगर सजदे में गिर गये•

121. उन्होंने कहा, "हम ईमान लाते हैं कायनात के रब में•

122. "मूसा और हारून के रब•"

123. फिरऔन ने कहा, "क्या तुम उसमें ईमान लाये मेरी इजाज़त के बगैर? यह एक साज़िश होनी चाहिए जो तुमने शहर में रची है, ताके उसके लोगों को दूर ले जाओ• तुम यकीनन जान जाओगे•

124. "मैं तुम्हारे हाथों और पैरों को उल्टी तरफों से काट दूंगा, फिर मैं तुम सारों को सूली पर चढ़ा दूंगा•"

125. उन्होंने कहा, "हम फिर हमारे रब को लौटेंगे •

126. "तुम गिरफ्तार करते हो हमें सिर्फ इस वजह से के हम ईमान लाये हमारे रब के सबूतों में जब वो आये हमारे पास•" "हमारे रब, अता करिये हमें साबित कदमी, और हमें फरमानबरदारों जैसा मरने दीजिए•"

127. फिरऔन के लोगों में से रहबरों ने कहा, "क्या तुम मूसा और उसके लोगों को इजाज़त दोगे ज़मीन को बिगाड़ने, और तुम्हें और तुम्हारे खुदाओं को तर्क कर देने के लिए?" उसने कहा, "हम उनके बेटों को कत्ल कर देंगे, और छोड़ देंगे बेटियों को• वो जितना हैं उससे हम हैं कही ज़्यादा ताकतवर•"

128. मूसा ने उसके लोगों से कहा, "**अल्लाह** कि मदद मांगो, और साबित कदमी से कायम रहो• ज़मीन **अल्लाह** की है, और वो अता करते हैं जिसकिसी को वो चुनें उनके बंदों में से• आखिरी जीत होती है नेककरों कि•"

129. उन्होंने कहा, "हम गिरफ्तार किये गये थे तुम्हारे हमारे पास आने से पहले, और तुम्हारे हमारे पास आने के बाद•" उसने कहा, "तुम्हारे रब फनाह कर देंगे तुम्हारे दुश्मन को और कायम करेंगे तुम्हें ज़मीन पर, फिर वो देखेंगे तुम कैसा बरताव करते हो•"

प्लेगस

130. हमने फिर फिरऔन के लोगों को तकलीफ पहुँचाया सूखा, और अनाजों कि कमी के साथ, ताके वो तवज्जोह दे सकें•

131. जब अच्छी अलामते आयीं उनकी राह में, उन्होंने कहा, "हम इसके मुसतहिक हुए हैं," लेकिन जब एक मेहनतकशी ने उनको तकलीफ दिया, उन्होंने इल्ज़ाम लगाया मूसा पर और जो उसके साथ थे• असल में, उनकी अलामतें तय की जाती हैं सिर्फ **अल्लाह** कि तरफ से, लेकिन उनमें से ज़्यादा नहीं जानते•

132. उन्होंने कहा, "चाहे तुम किसी भी किस्म कि निशानी हमें दिखाओ, हमें तुम्हारे जादू से धोखा देने के लिए, हम ईमान नहीं लायेंगे•"

नसीहतें बेअसर जातीं हैं

133. इस वजह से, हमने उनके ऊपर भेजा सैलाब, टिड्डीयाँ, जुएें, मेढ़कें, और खून — गहरी निशानियाँ• लेकिन उन्होंने बरकरार रखा उनके गुरूर को• वो थे बुरे लोग•

134. जब भी एक प्लेग ने उनको तकलीफ पहुँचाया, उन्होंने कहा, "ऐ मूसा, तुम्हारे रब से इल्तेजा करो—तुम उनके करीब हो• अगर तुम कम करो इस प्लेग को, हम तुम्हारे साथ ईमान लायेंगे, और भेजेंगे बनी इस्राईल को तुम्हारे साथ•"

135. इसके बावजूद, जब हमने प्लेग को कम किया वक्त के किसी अरसे के लिए, उन्होंने उनके वादे को तोड़ दिया•

अटल आज़ाब

136. इस वजह से, हमने उनके हरकतों का बदला लिया, और उनको समंदर में डुबो दिया• वो इसलिए कि

उन्होंने हमारी निशानियों को ठुकराया, और थे उससे पूरी तरफ बेपरवाह•

137. हमने मगरिब और मशरिक, ज़मीन का वारिस बनने दिया मज़लूम लोगों को, और हमने उसे मुबारक किया• मुबारक एहकामें इस तरह पूरे किये गये थे तुम्हारे रब की तरफ से बनी इस्राईल के लिए, उनको इनाम उनके सावित कदमी के लिए, और हमने फनाह किया फिरऔन और उसके लोगों के आमालों को और सारी चीज़ें जो उन्होंने बोई थीं•

सारे मौजज़ों के बाद

138. हमने बनी इस्राईल को समंदर के पार पहुँचाया• जब वो गुज़रे लोगों के पास से जो मूर्तियों कि इबादत कर रहे थे, उन्होंने कहा, "ऐ मूसा, बनाईये हमारे लिए एक खुदा, जैसे उनके पास खुदाएं हैं•" उसने कहा, "वाकई, तुम हो जाहिल लोग•

139. "ये लोग एक बेअदबी कर रहे हैं, इसलिए कि जो वो कर रहे हैं उनके लिए है तबाही•

140. "क्या मैं तुम्हारे लिए चाहूँ **अल्लाह** के अलावा तुम्हारा खुदा होने के लिए, जबकि उन्होंने बक्शा है तुम्हें दुनिया में किसी और से ज़्यादा?"

बनी इस्राईल के लिए ताकीद

141. याद करो कि हमने तुम्हें फिरऔन के लोगों से बचाया, जिन्होंने तुम पर सबसे बुरी आज़ारसानी पहुँचाई, कत्ल करते हुए तुम्हारे बेटों को और छोड़ते हुए तुम्हारी बेटियों को• वो थी एक सख्त आज़माईश तुम्हारे लिए तुम्हारे रब कि तरफ से•

हमारी दुनिया अल्लाह कि जिस्मानी मौजूदगी का सामना नहीं कर सकती

142. हमने मूसा को तीस* रातों के लिए हाज़िर किया, और उनको पूरा किया जोड़ते हुए दस*• इस तरह, हुज़ूरी उसके रब के साथ जारी रही चालीस* रातों तक• मूसा ने उसके भाई हारून से कहा, "रहो यहाँ मेरे लोगों के साथ, नेककारी बरकरार रखो, और न चलो बिगाड़ने वालों कि राहों पर•"

143. जब मूसा हमारे मुकर्रर किये गये वक्त पर आया, और उसके रब ने उससे बात किया, उसने कहा, "मेरे रब, मुझे आप पर नज़र डालने और देखने दीजिये•" उन्होंने कहा, "तुम मुझे नहीं देख सकते• उस पहाड़ को देखो; अगर वो रहता है अपनी जगह में, तब तुम मुझे देख सकते हो•" फिर उसके रब ने खुद को पहाड़ पर ज़ाहिर किया, और यह सबब बना उसके रेज़ा रेज़ा होने का• मूसा बेहोश गिर पड़ा• जब वो होश में आया, उसने कहा, "आप की तारीफ हो• मैं आप से तौबा करता हूँ, और मैं हूँ सबसे कायल ई मानवाला•"

144. उन्होंने कहा, "ऐ मूसा, मैने तुम्हें चुना है, सारे लोगों में से, मेरे पैगामों के साथ और तुझसे बात करने से• इसलिए, लो जो मैंने दिया है तुझे और बनो कद्रदान•"

145. हमने उसके लिए तखतियों पर लिखा सारे किस्मों के रौशन ख्यालात और हर चीज़ो कि तफसीलें; "तुम्हें चाहिए इन तालीमों को मज़बूती से बरकरार रखना, और तुम्हारे लोगों को नसीहत करो उसे बरकरार रखने के लिए — ये सबसे अच्छी तालीमें हैं• मैं बताऊंगा तुम्हारे लिए बदकारों का मुकद्दर•"

**7:142 एहम हैं ये नम्बरें जिस अंदाज़ में बयान किये गये हैं• जैसा अपेन्डिक्स 1 में बयान किया गया है, कुरान में बयान किये गये सारे नम्बरे जुड़ते हैं 162146 को, 19x8534•*

खुदाई दखल अंदाज़ी रखती है काफिरों को अंधेरे में

146. मैं फेरूंगा मेरी आयतों से उनको जो बिला वाजिब, मगरूर हैं ज़मीन पर• इस वजह से, जब वो देखेंगे हर किस्म के सबूत को वो ईमान नहीं लायेंगे• और जब वो देखेंगे हिदायत का रास्ता वो उसे कबूल नहीं करेंगे उसे उनकी राह के तौर पर, लेकिन जब वो देखेंगे गुमराही का रास्ता वो उसे कबूल करेंगे उसे उनके रास्ते जैसा• यह अंजाम है उनका हमारी

सबूतों को ठुकराने, और उससे पूरी तरह बेपरवाह होने का•

147. जो कोई हमारी आयतों को और अगली ज़िंदगी के मिलने को ठुकराते हैं, उनके आमाल ज़ाया कर दिए गये हैं• क्या वो बदला दिए जाते हैं सिर्फ उसके लिए जो उन्होंने किया?

सुनहरा बछड़ा

148. उसकी गैरमौजूदगी में, मूसा के लोगों ने उनके ज़ेवर से एक बछड़े कि मूर्ती बनाई, एक बछड़े* की पूरी आवाज़ के साथ• क्या उन्होंने नहीं देखा कि वो उनके साथ बात नहीं कर सकता था, या हिदायत करता उनको किसी राह में? उन्होंने उसकी इबादत की, और इस तरह बदकार बन गये•

149. आखिरकार, जब उन्हें मलाल हुआ उनकी हरकत पर, और एहसास हुआ कि वो गुमराह हो गये थे, उन्होंने कहा, "जब तक हमारे रब उनकी रहमत से हमें नहीं बक्शते, और हमें माफ नहीं करते, हम होंगे हारने वाले•"

150. जब मूसा लौटा उसके लोगों के पास, गुस्से में और मायूस, उसने कहा, "क्या एक वहशतनाक चीज़ की है तुमने मेरी गैरमौजूदगी में! क्या तुम तुम्हारे रब के एहकामों का इंतेज़ार नहीं कर सकते थे?" उसने तखतियों को नीचे फेंक दिया, और पकड़ लिया उसके भाई के सर को, उसे अपनी तरफ खीचते हुए• (*हारून ने*) कहा, "मेरी माँ के बेटे, लोगों ने मेरी कमज़ोरि का फायदा उठाया, और तकरीबन किया मुझे कत्ल• मेरे दुश्मनों को जश्न मनाने न दो, और मुझे खता करने वाले लोगों के साथ न गिनो•"

151. (*मूसा*) ने कहा, "मेरे रब, मुझे और मेरे भाई को माफ करिये, और दाखिल करिये हमें आपकी रहमत में• सारे रहम करने वालों में से, आप हैं सबसे रहीम•"

152. यकीनन, जिस किसी ने बछड़े कि बुतपरस्ती की पाया है उनके रब कि तरफ से कहर, और रूसवाई इस ज़िंदगी में• हम इसतरह बदला देते हैं ऐजाद करने वालों को•

153. जहाँ तक वो जिन्होंने गुनाहों को किया, फिर तौबा किया और उसके बाद ईमान लाये•, तुम्हारे रब — इसके बाद — हैं माफ करने वाले, सबसे रहीम•

154. जब मूसा का गुस्सा ठंडा हुआ, उसने हिदायत और रहमत ज़ब्त करती हुई तखतियों को उठाया, उनके लिए जो उनके रब का एहतराम करते हैं•

155. मूसा ने फिर चुना सत्तर मर्दो को उसके लोगों में से, आने के लिए हमारे मुकर्रर हाज़रीन को• जब ज़लज़ले ने उनको हिलाया, उसने कहा, "मेरे रब, आप माज़ी में उनको फनाह कर सकते थे, मेरे साथ, अगर आप ऐसा चाहते• क्या आप फनाह करेंगे हमें उनके आमालों के लिए जो हम में से बेवकूफ हैं? ये आज़माईश होनी चाहिए जो आपने हमारे लिए नाफिज़ किया है• उसके साथ, आप मलामत करते हैं जिसकिसी को आप चाहें, और हिदायत करते हैं जिस किसी को आप चाहें• आप हैं हमारे रब और मालिक, इसलिए हमें माफ करिये, बरसाई ये हमपर आपकी रहमत; आप हैं सबसे अच्छे माफ करने वाले•

**7:148 सुनहरे बछड़े ने किस तरह हासिल किया एक बछड़े कि आवाज़ समझाया गया है फुटनोट 20:96 में•*

अल्लाह का रहम हासिल करने के लिए ज़रूरतें: ज़कात की एहमियत

156. "और फरमान करिये हमारे लिए नेककारी इस दुनिया में, और अगली ज़िंदगी में• हमने आपसे तौबा किया है•" उन्होंने कहा, "मेरा आज़ाब पड़ता है जिस किसी पर मैं चाहूँ• लेकिन मेरी रहमत सारी चीज़ों को घेरे में लेती है• अलबत्ता, मैं मखसूस करूंगा उसे उनके लिए जो *(1)* एक

नेक ज़िंदगी बसर करते हैं, *(2)* ज़रूरी खैरात (*ज़कात*) देते हैं,* *(3)* ईमान रखते हैं मेरी आयतों में, और

157. “*(4)* पिछली किताब को न जानने वाले रसूल, नबी (*मुहम्मद*) कि पैरवी करते हैं, जिसको लिखा पाते हैं उनके तौरैत और इंजील में•* वो उनको नेककारी की नसीहतें देता है, उनको हिदायत करता है बुराई से, इजाज़त देता है उनके लिए सारे अच्छे खाने, और मना करता है वो जो बुरा है, और उन पर आएद किये गये बोझों और बन्धनों को हल्का करता है• जो कोई उसमें ईमान रखते हैं, उसकी इज्ज़त करते हैं, उसकी मदद करते हैं, और पैरवी करते हैं रौशनी कि जो उसके साथ आई हैं कामयाब लोग•”

158. कहो, “ऐ लोगों, मैं **अल्लाह** का रसूल हूँ तुम सब कि तरफ• उनकी हैं आसमानों और ज़मीन की बादशाहत• कोई खुदा नहीं सिवाए उनके• वो काबू करते हैं ज़िंदगी और मौत•” इसलिए, तुम्हें ईमान रखना चाहिए **अल्लाह** और उनके रसूल, पिछली किताब को न जानने वाले नबी में, जो **अल्लाह** और उनके लफ्ज़ों में ईमान रखता है• उसकी पैरवी करो, ताके तुम हिदायतयाफ्ता हो सको•

हिदायतयाफ्ता यहूदियें

159. मूसा कि पैरवी करने वालों में से वहाँ हैं वो जो रहनुमाई करते हैं सच्चाई के मुताबिक, और सच्चाई उनको नेककार बनाती है•

मौजज़े सिनाई में

160. हमने उनको बारह कबाईली जमातों में तकसीम कर दिया, और हमने मूसा को इल्हाम किया जब उसके लोगों ने उससे पानी के लिए पूछा; “वार करो चट्टान पर तुम्हारे आसे से,” जिसपर बारह चश्में फूट पड़े वहाँसे• इसतरह, हर जमात जानता था उसका पानी• और हमने उनको छांव किया बादलों से, और भेजा उनके लिए नीचे मन्ना और बटेरें: “खाओ अच्छी चीज़ों से हमने मुहय्या किया तुम्हारे लिए•” वो हम नहीं हैं जिसको उन्होंने गलत किया; ये वो हैं जिन्होंने उनकी खुदकी रूहों को गलत किया•

मौजज़ो के बावजूद बागी

161. याद करो कि उनको कहा गया था, “जाओ इस शहर में रहने के लिए, और खाओ उसमें से जैसा तुम चाहो, और लोगों के साथ दोस्ताना बरताव करो, और दाखिल हो दहलीज़ में खाकसारी से• हम फिर तुम्हारे खताओं को माफ करेंगे• हम ज़रप करेंगे इनाम नेककारों के लिए •”

162. लेकिन उनमें से कुछ लोगों ने उनको दिये गये हुक्मों के बदले दूसरे हुक्मों से बदल दिया• अंजाम यह हुआ कि, हमने उन पर भेजा आसमान से लानत, उनकी बदकारी कि वजह से•

एहकामों को मानना
लाता है तरक्की

163. याद दिलाओ उनको समंदर के किनारे कि कौम का, जिन्होंने तोड़ा सब्बाथ को• जब उन्होंने कायम किया सब्बाथ को, मछली आई उनके पास इफरात से• जब उन्होंने सब्बाथ को तोड़ा, मछली नहीं आई • हमने इसतरह उनको तकलीफ दिया, उनके खता के अंजाम के तौर पर•

**7:156 ज़रूरी खैरात (ज़कात) कि एहमियत पर ज़्यादा नहीं कहा जा सकता• जैसा आएद किया गया है 6:141 में, ज़कात ज़रूर दिया जाना चाहिए किसी आमदनी के पाने पर — 2.5% किसी के खालिस आमदनी का ज़रूर दिया जाना चाहिए वालिदैन, रिश्तेदारों, यतीमों, गरीब, और अंजान मुसाफिर को, इस तरतीब में (देखें 2:215)•*

7:157 मुहम्मद पेशीनगोई किये गये हैं डिय्टेरोनॉमी 18:15-19 और जॉन 14:16-17 और 16:13 में•

मज़ाक उड़ाना और बेइज़्ज़ती करना
अल्लाह के पैगाम की

164. याद करो के जब उनमें से एक जमात ने कहा, “तुम्हें क्यों नसीहत करनी चाहिए लोगों को जिन्हें

अल्लाह यकीनन फनाह या बुरी तरह सज़ा देंगे?" उन्होंने जवाब दिया, "तुम्हारे रब से माफी मांगो," ताके वो बचाये जा सकें•

165. जब उन्होंने नज़रअंदाज़ किया उसका जो उनको याद दिलाया गया था, हमने बचाया उन्हें जिन्होंने बुराई को मना किया, और सज़ा दिया गलतकरने वालों को एक खौफनाक आज़ाब से उनके बदकारी के लिए•

166. जब वो जारी रहे हुक्मों को ललकारने को, हमने उनको कहा, "हो जाओ तुम काबिले नफरत बंदरें•"

167. इसके अलावा, तुम्हारे रब ने मुकर्रर किया है के वो खड़ा करेंगे उन लोगों के खिलाफ जो डालेंगे बुरा आज़ाब उनके ऊपर, हश्र के दिन तक• तुम्हारे रब सबसे काबिल हैं आज़ाब नाफिज़ करने में, और वो हैं यकीनन माफ करने वाले, सबसे रहीम•

168. हमने फैलाया है उनको कई कौमो के बीच पूरी ज़मीन पर• उनमें से कुछ नेक थे, और कुछ थे नेककार से कम• हमने उनको आज़माया तरक्की और मेहनतकशी से, ताके वो लौट सकें•

169. उनके बाद, उन्होंने तबदील कर दिया नई नस्लों को जो वारिस हुए आसमानी किताब के• लेकिन उन्होंने दुनियावी ज़िंदगी को चुना उसके बदले में, कहते हुए, "हम माफ किये जायेंगे•" लेकिन फिर वो जारी रहे चुनने के लिए इस दुनिया के सामानों को• क्या उन्होंने किताब को बरकरार रखने का एक वादा नहीं किया था, और न कहने के लिए **अल्लाह** के बारे में सिवाए सच? क्या उन्होंने नहीं पढ़ा आसमनी किताब को? यकीनन, अगली ज़िंदगी का ठिकाना हैं कहीं बेहतर उनके लिए जो नेककारी बरकरार रखते हैं• क्या तुम नहीं समझते?

170. जो कोई आसमानी किताब को बरकरार रखते हैं, और कायम करते हैं राबता नमाज़ें (*सलात*), हम कभी भी नाकामयाब नहीं होते हैं नेक को इनाम देने के लिए•

171. हमने उनके ऊपर पहाड़ को उठाया जैसे एक छाता, और उन्होंने सोचा वो उनके ऊपर गिर रहा है: "तुम्हें मज़बूती से, बरकरार रखना चाहिए जो हमने तुम्हें दिया है, और उसके मज़ामीनों को याद रखो, ताके तुम बचाए जा सको•"

हम पैदा हुए हैं अल्लाह के बारे में*
फितरती इल्म के साथ

172. याद करो कि तुम्हारे रब ने जमा किया आदम के सारे औलादों को, और गवाह बनने दिया उनको उनके खुद के लिए: "क्या मैं तुम्हारा रब नहीं?" उन सब ने कहा, "हाँ• हम गवाही देते हैं•" इस तरह, तुम नहीं कह सकते हश्र के दिन पर, "हम इससे आगाह नहीं थे•"

173. नाही तुम कह सकते हो, "वो तो हमारे वालिदैन थे जिन्होंने बुतपरस्ती किया, और हम तो सिर्फ चले उनके नक्शोकदमों पर• क्या आप हमें सज़ा देंगे उसके लिए जो दूसरों ने ऐजाद किया है?"

174. हम इसतरह आयतों को समझाते हैं, ताके काबिल करें लोगों को खुद कि निजाद कराने के लिए•*

175. बयान करो उनके लिए उसकी खबरें जिसको हमारी सबूतें दी गयीं थीं, लेकिन चुना उसे नज़रअंदाज़ करने का• अंजाम यह हुआ, शैतान ने उसका पीछा किया, जबतक वो बन न गया एक भटकने वाला•

**7:172 इसतरह, हर इंसान पैदा होता है अल्लाह के बारे में एक फितरती इल्म के साथ•*

**7:174 यह ज़िंदगी है हमारा आखरी मौका अल्लाह कि बादशाहत में लौटने का (देखें तार्रुफ)•*

176. अगर हम चाहते, हमने बुलंद किया होता उसे उसके साथ , लेकिन उसने ज़मीन को चिपकने पर ज़ोर दिया, और पीछा किया उसके खुदकि रायों का• इसतरह, वो कुत्ते कि तरह है; चाहे तुम उसे

पुचकारो या डांटो, वो हांपता है• ऐसी है मिसाल लोगों कि जो ठुकराते हैं हमारे सबूतों को• सुनाओ इन बयानों को, ताके वो गौर करें•

177. वाकई बुरी है मिसाल लोगों कि जो हमारे सबूतों को ठुकराते हैं; वो है सिर्फ उनकी खुदकी रूहें जिनको वो गलत करते हैं•

178. जिसकिसी को **अल्लाह** देते हैं हिदायत है हकीकत में एक हिदायतयाफ्ता, और जिसकिसी को वो गुमराही के हवाले करते हैं, वो हैं हारे हुए•

शैतान नज़रबंद करता है
उसके बाशिंदों को

179. हमने हवाले किया है जहन्नम को बहुत सारे जिन्नो और इंसानों को• उनके पास ज़हने हैं जिससे वो समझते नहीं, आँखें जिससे वो देखते नहीं, और काने जिससे वो सुनते नहीं• वो जानवरों कि तरह हैं; नहीं, वो हैं कहीं बुरे— वो हैं पूरी तरह नावाकिफ•

180. **अल्लाह** के लिए हैं सबसे अच्छे नामें; पुकारो उन्हें उससे, और नज़रअंदाज़ करो उनको जो बिगाड़ते हैं उनके नामों को• उनको बदला दिया जायेगा उनके गुनाहों के लिए•

181. हमारी खलकों में से, वहाँ हैं वो जो सच्चाई के साथ हिदायत करते हैं, और सच्चाई बनाती है उनको नेककार•

182. जहाँ तक वो जो ठुकराते हैं हमारी आयतों को, हम उन्हें कभी उसका एहसास दिलाए बगैर उनकी रहनुमाई करते हैं•

183. मैं यहाँ तक उनकी हौसलाअफजाई करूंगा; मेरा मनसूबा है ज़बरदस्त•

184. क्यों वो उनके दोस्त (*रसूल*) पर गौर नहीं करते? वो नहीं है दिवाना• वो है सिर्फ एक गहरा ताकीद करने वाला•

185. क्या उन्होंने नहीं देखा आसमानों और ज़मीन की सल्तनत, और सारी चीज़ों कि तरफ **अल्लाह** ने पैदा किया है? क्या उनको कभी ख्याल आता है कि उनकी ज़िंदगी का खातमा करीब हो सकता है? कौनसी *हदीस*, इसके अलावा, जिसमें वो ईमान रखते हैं?

186. जिसकिसी को **अल्लाह** गुमराही के हवाले करते हैं, वहाँ नहीं है कोई रास्ता उनको हिदायत करने के लिए• वो उन्हें उनके गुनाहों में भटकता हुआ, छोड़ देते हैं•

187. वो तुमसे पूछते हैं दुनिया के खत्म होने के (*वक्त*)* के बारे में, और वो कब गुज़र जाएगा• कहो, "उसका इल्म मेरे रब के पास है• वो नाज़िल करते हैं सिर्फ उसका अरसा•* भारी है वो, आसमानो और ज़मीन में• वो नहीं आयेगा तुम्हारे पास सिवाए अचानक•"** वो पूछते हैं तुझसे जैसे वो तेरे काबू में है• कहो, "उसका इल्म **अल्लाह** के पास है," लेकिन ज़्यादा तर लोग नहीं जानते•

रसूलें हैं बेबस;
वो नहीं जानते मुस्तकबिल•

188. कहो, "मेरे पास कोई ताकत नहीं खुदको फायदा, या खुदको नुकसान देने के लिए• सिर्फ जो **अल्लाह** चाहते हैं होता है मेरे लिए• अगर मैं जानता मुस्तकबिल, मैने इज़ाफा किया होता मेरी दौलत का, और कोई नुकसान मुझे तकलीफ नहीं देती• मैं एक ताकीद करने वाले से ज़्यादा कुछ नहीं, और एक खुशखबरी देने वाला उनके लिए जो ईमान रखते हैं•"

**7:187 सही अरसा इस खबर को नाज़िल करने का पहले से मुकर्रर किया गया था होने का 1980 ऐ• डी•, अल्लाह के वादे का रसूल के ज़रिए (देखें 15:87, 72:27, और अपेंडिक्स 2 और 11)•*

***7:187 "वक्त" आता है "अचानक" सिर्फ काफिरों के लिए (देखें अपेंडिक्स 11)•*

हमारे बच्चे हो सकते हैं हमारे बुतें

189. उन्होंने पैदा किया तुमको एक शक्स *(आदम)* से• उसके बाद, वो देते हैं हर मर्द को एक जोड़ा सुकून पाने के लिए उसके साथ • फिर वो उठाती है एक हल्का हमल जिसे वो मुश्किल से पता लगा पाती है• जैसे हमल वज़नी होता जाता है, वो उनके रब **अल्लाह** से इल्तेजा करते हैं: "अगर आप हमें दें एक अच्छा बच्चा, हम बन जायेंगे कद्र करने वाले•"

190. लेकिन जब वो देते हैं उनको एक अच्छा बच्चा, वो बदल देते हैं उनके तोहफे को एक बुत में जो मुखालिफत करता है उनकी• **अल्लाह** कि बड़ाई हो, कही ऊपर किसी शिरकत से•

191. क्या यह हकीकत नहीं के वो बुत बना रहे हैं बुतों को जो कुछ नहीं पैदा करते, और खुद पैदा किए गए है?

192. बुतें जो मदद नहीं कर सकते उनकी, नाही वो खुद की भी मदद कर सकते हैं•

193. जब तुम दावत देते हो उनको हिदायत कि तरफ, वो तुम्हारी पैरवी नहीं करते• इसतरह, यकसा है उनके लिए चाहे तुम उनको दावत दो, या खामोश रहो•

194. बुतें जिनको तुम पुकारते हो **अल्लाह** के अलावा हैं मखलूकें तुम्हारी तरह• आगे बढ़ो और पुकारो उनको, तुम्हारा जवाब देने दो उनको, अगर तुम हो सही•

195. क्या पैरें हैं उनके पास जिस पर वो चलते हैं? क्या उनके पास हाथ हैं जिससे वो खुदका बचाव करते हैं? क्या उनके पास आँखें हैं जिससे वो देखते हैं? क्या उनके पास काने हैं जिससे वो सुनते हैं? कहो, पुकारों तुम्हारे बुतों को, और कहो उनसे कि मारे मुझे बगैर ढील दिए•

196. "जिस वाहिद ने इस आसमानी किताब को नाज़िल किया; हैं सिर्फ **अल्लाह** मेरे रब और मालिक• वो करते हैं हिफाज़त नेककारों कि•

197. "जहाँ तक बुतें तुम कायम करते हो उनके अलावा, वो तुम्हारी मदद नहीं कर सकते, नाहीं वो खुद कि मदद कर सकते हैं•

198. जब तुम उनको हिदायत कि तरफ दावत देते हो, वो नहीं सुनते• और तुम देखते हो उनको तुम्हारी तरफ देखते हुए, लेकिन वो नहीं देखते•

199. तुम्हें माफी, बरदाश्त कि वकालत, और जाहिल को नज़रअंदाज करने का रास्ता पकड़ना चाहिए•

200. जब शैतान वसवसे करे तुमको कोई वसवसा, पनाह तलाश करो **अल्लाह** में; वो हैं सुनने वाले, सब कुछ जानने वाले•

201. जो कोई हैं नेककार, जबभी शैतान उनके करीब आता है एक तरकीब के साथ, वो याद करते हैं, जिस पर वो देखने वाले बन जाते हैं•

202. उनके साथी लगातार लुभाते हैं उनको गुमराह होने के लिए•

203. अगर तुम पैदा न करो एक मौजेज़ा जिसका वो तकाज़ा करते हैं, वो कहते हैं, "क्यों न पूछे उसके लिए?" कहो, "मैं सिर्फ पैरवी करता हूँ जो मुझको नाज़िल हुआ है मेरे रब कि तरफ से•" ये रौशन ख्यालात हैं तुम्हारे रब कि तरफ से, और हिदायत, और रहम लोगों के लिए जो ईमान रखते हैं•

204. जब कुरान पढ़ी जाती है, तुम्हें उसे सुनना और तवज्जोह देना चाहिए, ताके तुम रहम हासिल कर सको•

205. तुम्हें याद करना चाहिए तुम्हारे रब को खुद में, ऐलानिया, खुफिया, और खामोशी से, दिन और रात; बेखबर न रहो•*

206. जो हैं तुम्हारे रब के पास नहीं हैं कभी बहुत मगरूर उनकी इबादत करने के लिए; वो उनकी हम्दोसना करते हैं और गिरते हैं उनके सामने सजदे में•

****

**7:205 तुम्हारा खुदा है जोकोई या कुछभी छाया रहता है तुम्हारे ज़हन पर ज़्यादा तर दिन के• यह समझाता है इस हकीकत को कि ज़्यादा तर वो जो अल्लाह में ईमान रखते हैं मुकर्रर किए गये हैं जहन्नम के लिए (देखें 12:106, 23:84-90, और अपेन्डिक्स 27)•*

सुरह 8: जंग का
माले गनीमत (अल-अनफाल)

अल्लाह के नाम से,
सबसे मेहरबान, सबसे रहम वाले

207. वो तुमसे जंग के माले गनीमत के बारे में मशवरा करते हैं• कहो, "जंग का माले गनीमत हैं **अल्लाह** और रसूल के•" तुम्हें **अल्लाह** को ध्यान में रखना, एक दूसरे को नेककार होने की ताकीद करना, और **अल्लाह** और उनके रसूल की पैरवी करनी चाहिए, अगर तुम हो ईमानवाले•

सच्चे ईमानवाले

208. सच्चे ईमानवाले वो हैं जिनके दिलें लरज़ जाते हैं जब **अल्लाह** बयान किए जाते हैं, और जब उनकी आयतें उनको पढ़ी जाती हैं, उनका अकीदा मज़बूत होता है, और वो उनके रब में भरोसा करते हैं•

209. वो रावता नमाज़ों *(सलात)* कायम करते हैं, और उनके लिए हमारी नियामतों से, वो देते हैं खैरात•

210. ऐसे हैं सच्चे ईमान वाले• वो हासिल करते हैं ऊंचे दरजे उनके रब के पास, इसके अलावा मगफरत और एक फरागदिली वाली नियामत•

कमज़ोर ईमानवाले

211. जब तुम्हारे रब ने चाहा कि तुम तुम्हारे घर को छोड़ो, एक खास मनसूबे को पूरा करने के लिए, कुछ ईमानवाले बेनकाब हो गये जैसे अड़ियल ईमानवाले•

212. उन्होंने सच्चाई के खिलाफ तुमसे बहेस किया, इसके बावजूद के उनको सारी चीज़ समझा दी गई थी• उन्होंने बरताव किया ऐसा जैसे वो ले जाये जा रहे थे खास मौत कि तरफ•

213. याद करो के **अल्लाह** ने तुमसे एक खास गिरोह के ऊपर फतेह का वादा किया, लेकिन तुमने फिर भी कमज़ोर गिरोह का सामना करना चाहा• वो था **अल्लाह** का मनसूबा उनके लफ्ज़ों से सच को कायम करने का, और काफिरों को शिकस्त देने का•

214. इसलिए कि उन्होंने फरमान किया है सच कामयाब होगा, और झूठ मिट जायेगा, बुरा करने वालों के बावजूद•

अल्लाह के गैबी लश्करें

215. इसतरह, जब तुमने इल्तेजा कि तुम्हारे रब से बचाव को आने के लिए, उन्होंने तुम्हारा जवाब दिया: "मैं मदद कर रहा हूँ तुम्हारी सिलसिले वार में एक हज़ार फरिश्तों से•"

फतेह कि ज़मानत दी गई है
ईमानवालों के लिए

216. **अल्लाह** ने तुमको दी ये अच्छी खबरें तुम्हारे दिलों को मज़बूत करने के लिए• फतेह आती है सिर्फ **अल्लाह** कि तरफ से• **अल्लाह** हैं कादिरे मुतलक, सबसे हकीम•

217. वो सबब बने अमनवाली नींद का तुम तक पहुँचने और तुम्हें ठंडा करने का, और उन्होंने पानी भेजा नीचे आसमान से उससे तुम्हें साफ करने के लिए• उन्होंने बचाया तुमको शैतान कि लानत से, यकीन दिलाया तुम्हारे दिलों को और मज़बूत किया तुम्हारे कदम की पकड़ को•

*नसीहतें तारीख से**

218. याद करो कि तुम्हारे रब ने इल्हाम किया फरिश्तों को: "मैं तुम्हारे साथ हूँ; उनकी मदद करो जो ईमान लाये• मैं दहशत डालूंगा उनके दिलों में जिन्होंने कुफ्र किया• तुम वार कर सकते हो उनके गर्दनों के ऊपर, और तुम वार कर सकते हो यहाँ तक हर उंगली•"

219. ये है सही सज़ा जो उन्होंने हासिल किया है **अल्लाह** और उनके रसूल से लड़ते हुए• इसलिए कि जो लड़ते हैं **अल्लाह** और उनके रसूल के खिलाफ, **अल्लाह** का आज़ाब है सख्त•

**8:12-16 सारी जंगें पाबंद किए गये हैं बुनियादी कानून 60:8-9 के ज़रिए•*

220. यह है काफिरों को सज़ा देने के लिए; उन्होंने हासिल किया है जहन्नम का आज़ाब•

221. ऐ ईमानवालो, अगर तुम सामना करो काफिरों का जिन्होंने जंग कि तैयारी की है तुम्हारे खिलाफ, पीछे पलट कर फरार न हो•

222. जो कोई पीछे पलटता है उस दिन पर, सिवाए एक जंग के मनसूबे को पूरा करने के लिए, या उसके गिरोह को जुड़ने के लिए, पा लिया है गज़ब **अल्लाह** कि तरफ से, और उसका ठिकाना है जहन्नम; क्या एक अफसोसनाक मुकद्दर!

अल्लाह कर रहे हैं
*सारी चीज़ें**

223. वो तुम नहीं थे जिसने उनका कत्ल किया; **अल्लाह** हैं वाहिद जिन्होंने उनका कत्ल किया• वो तुम नहीं थे जिसने फेंका जब तुमने फेंका; **अल्लाह** हैं वाहिद जिन्होंने फेंका• लेकिन वो इसतरह ईमानवालों को देते हैं एक मौका बहुत सारी नेकी कमाने का• **अल्लाह** हैं सुननेवाले, सब कुछ जानने वाले•

224. इसके अलावा, **अल्लाह** इसतरह ज़ाया करते हैं काफिरों के मनसूबों को•

225. तुमने चाहा फतेह *(ऐ काफिरों)*, और फतेह ज़रूर आई; वो हुई ईमानवालों की• अगर तुम बाज़ आओ *(अदावत से)* वो तुम्हारे लिए बेहतर होगा, लेकिन अगर तुम लौटो, उसी तरह हम भी• तुम्हारी फौजें कभी तुम्हारी मदद नहीं करेंगीं, चाहे हो कितनी ही बड़ी• इसलिए कि **अल्लाह** हैं ईमानवालों की तरफ •

226. ऐ ईमानवालो, **अल्लाह** और उनके रसूल की अताअत करो, और उसे नज़रअंदाज़ न करो जब तुम सुन रहे हो•

काफिरें बाहर रोके गये हैं

227. उनकी तरह न हो जो कहते हैं, "हम सुनते हैं," जब वो नहीं सुनते हैं•

228. सबसे बुरी मखलूकें **अल्लाह** कि नज़र में हैं बहरे और गूंगे, जो नहीं समझते•

229. अगर **अल्लाह** जानते कुछ अच्छा उनमें, वो बनाते उनको सुननेवाले• अगर वो बना भी दें उनको सुननेवाले, वो फिर भी पलट जायेंगे नफरत में•

*ईमानवाले असल में मरते नहीं**

230. ऐ ईमानवालो, तुम्हें चाहिए जवाब देना **अल्लाह** और रसूल का जब वो तुमको दावत देता है उसकी तरफ जो तुमको देती है ज़िंदगी•* तुम्हें मालूम होना चाहिए कि तुम्हारे दिल से ज़्यादा **अल्लाह** तुम्हारे करीब हैं, और ये कि तुम उनके सामने हाज़िर किए जाओगे•

231. खबरदार रहो एक आज़ाब से जो हो सकता है महदूद न हो तुम में से बुरा करने वालों के लिए•* तुम्हें मालूम होना चाहिए कि **अल्लाह** का आज़ाब है सख्त•

अल्लाह मदद करते हैं ईमानवालों की

232. याद करो कि तुम हुआ करते थे चंद और मज़लूम, डरते हुए कि लोग तुम्हें छीन न लें, और उन्होंने अता किया तुमको एक महफूज पनाह, मदद की तुम्हारी उनकी फतेह से, और मुहय्या किया तुमको अच्छी नियामतों से, ताके तुम कद्रदान हो सको•

233. ऐ ईमानवालो, धोखा न दो **अल्लाह** और रसूल को, और धोखा न दो उनको जो तुमपर भरोसा करते हैं, अबके जब तुम जान चुके हो•

**8:17 अल्लाह में ईमान रखना ज़रूरी करता है उनकी खूबियों में ईमानरखना, उसमें से है एक कि वो कर रहे हैं सारी चीज़ें• अल्लाह को जाने बगैर, नहीं है कोई अकीदा (23:84-90)• बुरी चीज़ें मोल ली जाती हैं हमारी तरफ से, अंजाम दिया गया शैतान कि तरफ से, अल्लाह के कानूनों के मुताबिक में (4:78-79, 42:30)•*

**8:24 देखें अपेन्डिक्स 17• जब नेककार निकलते हैं उनके जिस्मों से, वो जाते हैं सीधे जन्नत को•*

**8:25 एक कौम जो बरदाश्त करती है हमजिनसानेपन को, मिसाल के तौर पर, हो सकता है मारे जायें एक ज़लज़ले से•*

पैसा और औलाद हैं आज़माईशे

234. तुम्हें मालूम होना चाहिए कि तुम्हारा पैसा और तुम्हारी औलाद हैं एक आज़माईश, और ये कि **अल्लाह** मालिक हैं एक बड़े बदले के•

235. ऐ ईमानवालो, अगर तुम **अल्लाह** का एहतराम करो, वो तुम्हें वाज़े करेंगे, माफ करेंगे तुम्हारे गुनाहों को, और बक्शेंगे तुमको• **अल्लाह** हैं मालिक ला महदूद रहम के•

*अल्लाह हिफाज़त करते हैं उनके रसूल की**

236. काफिरों ने साज़िश और तजवीज़ की तुम्हें बेअसर, या तुम्हें कत्ल, या तुम्हें जिला वतन करने की• बहेरहाल, वो साज़िश और तजवीज़ करते हैं, लेकिन उसी तरह करते हैं **अल्लाह• अल्लाह** हैं सबसे अच्छे तजवीज़ करने वाले•

237. जब हमारी आयतें उनको पढ़कर सुनाई जाती हैं, वो कहते हैं, हमने सुना है• अगर हम चाहते तो, हम भी वही चीज़ें कहते• ये माज़ी के किस्सों से ज़्यादा कुछ नहीं हैं!"

238. उन्होंने यह भी कहा, "हमारे खुदा, अगर यह है सही में सच आपकी तरफ से, तो आसमान से बरसाईये हमें पत्थरों से, या हम पर उंडेलिये एक दर्दनाक सज़ा•"

239. बहेरहाल, **अल्लाह** सज़ा नहीं देते उनको जबकि तुम हो उनके बीच; **अल्लाह** उनको सज़ा नहीं देते जबकि वो तलाश कर रहे हैं मगफरत•

240. क्या वो मुस्तेहिक नहीं हुए हैं **अल्लाह** के आज़ाब का, पलटाते हुए दूसरों को मुकद्दस मस्जिद से, इसके बावजूद के वो नहीं हैं निगेहबाने उसके? उसके सही निगेहबानें हैं नेककार, लेकिन उनमें से ज़्यादा नहीं जानते•

रावता नमाज़े (सलात)
*मौजूद थी कुरान से पहले**

241. उनकी रावता नमाज़ें *(सलात)* इबादतगाह *(काबा)* के पास थीं एक मज़ाक से ज़्यादा कुछ नहीं और एक ज़रिया पलटाने का लोगों को *(उनकी भीड़ करते हुए)*• इसलिए, झेलो आज़ाब तुम्हारे कुफ्र के लिए•

खर्च करते हुए उनके पैसे को
*अल्लाह से लड़ने के लिए**

242. जो कोई काफिर हैं खर्च करते हैं उनका पैसा दूसरों को **अल्लाह** के रास्ते से पलटने के लिए• वो उसे खर्च करेंगे, फिर वो उनके लिए बदल जायेगा गम और नदामत में• आखिरकार, वो हरा दिये जायेंगे, और सारे काफिरें जहन्नम को हाज़िर किए जायेंगे•

243. **अल्लाह** छानेंगे बुरे को अच्छे से, फिर बुरे को एक दूसरे के ऊपर ढेर करेंगे, सारे एक अंबार में, फिर फेकेंगे उसे जहन्नम में• ऐसे हैं हारने वाले•

**8:30 अल्लाह ने उनके आखरी नबी, मुहम्मद को चुना, अरब के सबसे ताकतवर कबीले से• ये कबायली कानून और रिवाजें थीं जिसने रोका काफिरों को — अल्लाह की मरज़ी से — मुहम्मद का कत्ल करने से• उसी तरह, वो थी अल्लाह कि मरज़ी उनके वादे के रसूल को हटाने का मशरिकी ममालिक से, जहाँ वो कत्ल कर दिया जाता, यु•एस•ऐ• को जहाँ अल्लाह का पैगाम कामयाब हो सकता और पहुँचता ज़मीन के हर कोने को• यह रियाज़ी तौर पर तसदीक की गई है: सुरह और आयत नंबरें = 8+30 = 38 = 19x2•*

**8:35 सारे मज़हबी तरीके इस्लाम में आए हमारे पास इब्राहीम कि तरफ से; जब कुरान नाज़िल हुई थी, "फरमानबरदारी" में सारे तरीके पहले से वजूद में थे (21:73, 22:78)•*

**8:36 सऊदी अरब के, बुतपरस्ती करने वाले बिगड़े हुए इस्लाम के रहबरों ने, मुकर्रर किया है बहुत बड़ा पैसा सालाना तौरपर अल्लाह और उनके मौजज़े से लड़ने के लिए• मिसाल के तौर पर, मशहूर लिबनानी पबलिशर दार अल-इल्म लिल-मलईन (इल्म लाखों के लिए) ने छापा अरबी तरजुमा "कुरान का मौजज़ा" को मार्च, 1983 में• सऊदियों ने खरीदा सारी कापियों को और उन्हें बरबाद कर दिया•*

1052 *71127*

244. कहो उनसे जिन्होंने कुफ्र किया: अगर वो थम जाएं, उनके सारे पिछले माफ कर दिए जायेंगे• लेकिन अगर वो लौटते हैं, वो उनके बराबर वाले पिछलों कि तरह वैसा ही अंजाम मोल लेंगे•

60. जो कोई अगली ज़िंदगी में ईमान नहीं रखते कायम करते हैं सबसे बुरी मिसालें, जबकि **अल्लाह** के लिए हैं सबसे बुलंद मिसालें• वो हैं कादिरे मुतलक सबसे हकीम•

सबसे पहला गुनाह

61. अगर **अल्लाह** ने सज़ा दिया होता लोगों को उनके खताओं के लिए, उन्होंने ज़मीन पर सारे मखलूक को फनाह कर दिया होता• लेकिन वो मोहलत देते हैं उनको एक खास, पहले से मुकर्रर किये गये वक्त के लिए• जब उनका दरमियानी वक्त खत्म होता है, वो मुलतवी नहीं कर सकते उसे एक घंटे से, नाहीं उसे आगे बढ़ा सकते हैं•

62. वो मनसूब करते हैं **अल्लाह** को वो जो खुद के लिए नापसंद करते हैं, फिर झूठ कहते हैं उनके खुदकी ज़बानों से कि वो हैं नेककार! बग़ैर किसी शक के, उन्होंने पा लिया है जहन्नम, इसलिए कि उन्होंने बगावत की है•

63. **अल्लाह** कि कसम, हमने भेजे हैं *(रसूलों)* को तुमसे पहले कौमों कि तरफ, लेकिन शैतान ने सजाया उनके कामों को उनकी आँखों में• इस वजह से, वो है अब उनका रब, और उन्होंने पा लिया है एक दर्दनाक आज़ाब•

64. हमने नाज़िल किया है यह आसमानी किताब तुम्हारी तरफ, उनको बताने के लिए जो वो बहेस करते हैं, और मुहय्या करने के लिए हिदायत और रहमत लोगों के लिए जो ईमान रखते हैं•

और सबूतें अल्लाह कि तरफ से

65. **अल्लाह** भेजते हैं नीचे आसमान से पानी ज़मीन को ज़िंदा करने के लिए इसके बाद के वो मर चुका है• यह *(काफी)* सबूत होना चाहिए लोगों के लिए जो सुनते हैं•

66. और मवेशी में वहाँ हैं तुम्हारे लिए एक सबक: हम मुहय्या करते हैं तुम्हें एक पीने कि चीज़ उनके पेटों से• हज़म किया गया खाना और खून के दरमियान में से, तुम पाते हो खालिस दूध, ज़ायकेदार पीने वालों के लिए•

67. और खजूर के नख्लों और अंगूरों के फलों से तुम पैदा करते हो नशे की चीज़ें, इसके अलावा अच्छी नियामतें• यह *(काफी)* सबूत होना चाहिए लोगों के लिए जो समझते हैं•

शहद कि मक्खी

68. और तुम्हारे रब ने इल्हाम किया शहद कि मक्खी को: बनाओ घरों को पहाड़ों और पेड़ों में, और *(छत्तों)* में वो बनाते हैं तुम्हारे लिए•

69. फिर खाओ सारे फलों से, तुम्हारे रब की नक्शकारी की पैरवी करते हुए, बाकायदगी से• उनके पेटों से आती है एक पीने की चीज़ मुख्तलिफ रंगों की, जिसमे है शिफा लोगों के लिए• यह *(काफी)* सबूत होना चाहिए लोगों के लिए जो गौर करते हैं•*

**16:69 माने गये गिज़ाई एहमियत के अलावा, शहेद एक शिफा देने वाली दवा जैसा साइंसी तौर पर साबित किया जा चुका है खास एलरजियों और दूसरे मरज़ों के लिए•*

70. **अल्लाह** ने तुम्हें पैदा किया, फिर वो तुम्हारी ज़िंदगियों को खत्म करते हैं• वो तुम में से कुछ को सबसे बुढ़ापे तक जीने देते हैं, सिर्फ जानने के लिए कि वहाँ है एक हद इलम का जो वो हासिल कर सकते हैं• **अल्लाह** हैं सब कुछ जानने वाले, कादिरे मुतलक•

कोई शरीकें नहीं अल्लाह के साथ

71. **अल्लाह** ने मुहय्या किया है तुम में से कुछ को दूसरों से ज़्यादा• जिन्हें दिया गया है इफ़रात में कभी नहीं देंगे उनके मालों को उनके मददगारों को इस हद तक के उन्हें साथीयें बना सकें• क्या वो देदेंगे **अल्लाह** कि नियामतों को?*

72. और **अल्लाह** ने बनाये तुम्हारे लिए जोड़े तुम्हारे खुद में से, और पैदा किया तुम्हारे लिए तुम्हारे जोड़ों से औलादें और पोते पोतियाँ, और मुहय्या किया तुम्हें अच्छी नियामतों से• क्या उन्हें झूठ में ईमान रखना, और **अल्लाह** कि नियामतों से नाकद्रदान बन जाना चाहिए ?

बुतपरस्ती:
कोई अकलमंदी नहीं

73. इसके बावजूद, वो इबादत करते हैं **अल्लाह** के सिवाए जो नहीं रखते कोई नियामतें उनके लिए आसमानों में, नाहीं ज़मीन पर, नाहीं मुहय्या कर सकते हैं उनको किसी चीज़ से•

74. इसलिए, **अल्लाह** के लिए मिसालें न बयान करो; **अल्लाह** जानते हैं जबकी तुम नहीं जानते•

अमीर ईमानवाला है बेहतर
गरीब ईमान वाले से

75. **अल्लाह** बयान करते है मिसाल एक गुलाम का जो है कब्ज़े में, और है पूरी तरह कमज़ोर, मुकाबले उसके जिसे हमने बक्शा है अच्छी नियामतों से, जिससे वो देता है खैरात खुफ़िया और ऐलानिया तौर पर• क्या वो बराबर हैं? तारीफ हो **अल्लाह** की, उनमें से ज़्यादा नहीं जानते•

76. और **अल्लाह** बयान करते हैं मिसाल दो मर्दो का; एक है गुंगा, कम काबिलियत रखता है किसी चीज़ को करने की, पूरी तरह सहारा रखता है उसके मालिक पर — जिस किसी रास्ते में वो उसकी रहनुमाई करता है, वो कभी पैदा नहीं कर सकता कोई चीज़ अच्छा• क्या वो है बराबर उसके जो हुकुमत करता है इंसाफ के साथ, और हिदायतयाफता है सीधी राह में?

यह जिंदगी है बहुत छोटी

77. **अल्लाह** आसमानों और ज़मीन के मुस्तकबिल के मालिक हैं• जहाँ तक उनकी बात है, दुनिया का खत्म होना *(वक्त)* है एक आँख कि झपकी भर दूर, या उससे भी करीब• **अल्लाह** हैं कादिरे मुतलक•

78. **अल्लाह** ने तुमको बाहर निकाला तुम्हारी माँओं कि कोखों से कुछ नहीं जानते हुए, और उन्होंने दिया तुम्हें सुनाई, दिखाई, और ज़हनें, ताके तुम कद्रदान बन सको•

79. क्या वो उड़ने के लिए हवाले किये गये परिंदों को नहीं देखते आसमान कि फिज़ा में? कोई नहीं थामता उनको हवा में सिवाए **अल्लाह** के• यह *(काफी)* सबूत होना चाहिए लोगों के लिए जो ईमान रखते हैं•

80. और **अल्लाह** ने मुहय्या किया तुम्हारे लिए ठहरे घरों को जहाँ तुम रह सकते हो• और उन्होंने मुहय्या किया तुम्हारे लिए आसानी से एक जगह से दूसरी जगह लेजाने के काबिल घरें मवेशी जानवर के खालों से बनी हुई, ताके तुम उन्हें इस्तेमाल करो जब तुम सफर करो, और जब तुम ठहर जाओ• और उनके ऊनों, मुलायम खालों, और बाल से, तुम बनाते हो आरामगाहें और ऐश के सामान कुछ वक्त के लिए•

81. और **अल्लाह** ने चीज़ों के ज़रिये मुहय्या किया तुम्हारे लिए छांव जिसे उन्होंने पैदा किया, और मुहय्या किया तुम्हारे लिए पनाह पहाड़ों में, और मुहय्या किया तुम्हारे लिए लिबासे जो हिफाज़त करते हैं तुम्हारी गरमी से, और लिबासें जो हिफाज़त करतीं हैं जब तुम जंगों में

लड़ते हो• वो इसतरह मुकम्मल करते हैं उनकी रहमतों को तुम पर, ताके तुम फरमाबरदार बन सको•

*16:71 अगर इंसानें नहीं देंगे उनकी ताकत को उस हद तक, वो क्यों उम्मीद करते अल्लाह से ऐसा करने के लिए, और पैदा करें साथियों को खुद के लिए?

82. अगर वो फिर भी पलट जायें, तो तुम्हारा सिर्फ मकसद है साफ पहुंचाना *(पैगाम को)*•

काफिरें नाकद्रदान

83. वो अच्छे से पहचानते हैं **अल्लाह** कि रहमतें, फिर उनका इन्कार करते हैं; उनमें ज़्यादातर हैं काफिरें•

हश्र के दिन पर

84. दिन आयेगा जब हम उठायेंगे हर कौम से एक गवाह, फिर वो जिन्होंने कुफ्र किया इजाज़त नहीं दिये जायेंगे *(बात करने के लिए)*, नाहीं उनको छोड़ा जायेगा•

85. जब वो जिन्होंने खता किया था देखेंगे आज़ाब को, बहुत देर हो चुकी होगी; वो उनके लिए बदला नहीं जायेगा, नाहीं उनको राहत दी जायेगी•

बुतें ठुकराते हैं
उनकी बुतपरस्ती करने वालों को

86. और जब वो जिन्होंने बुतपरस्ती की देखेंगे उनके बुतों को, वो कहेंगे, "हमारे रब, ये हैं हमारे बुतें जिनको हमने कायम किया आप के साथ•" बुतें फिर सामना करेंगे उनका और कहेंगे, "तुम झुठे हो•"

87. वो उस दिन पर पूरी तरह **अल्लाह** के फरमानबरदार होंगे, और बुतें जिनको उन्होंने एजाद किया था ठुकरा देंगे उन्हें•

88. जो कोई कुफ्र करते हैं और पलटते हैं **अल्लाह** कि राह से, हम बड़ाते हैं उनके आज़ाब को जोड़ते हुए ज़्यादा आज़ाब से, उनके खताओं कि वजह से•

89. दिन आयेगा जब हम उठायेंगे हर कौम से एक गवाह उनमें से, और लायेंगे तुमको इन लोगों का गवाह जैसा• हमने यह किताब नाज़िल किया है तुमको हर चीज़ों कि सफाईयों को बयान करने के लिए, और हिदायत, और रहमत, और खुशखबरी फरमानबरदारों के लिए•

90. **अल्लाह** वकालत करते हैं इंसाफ, खैरात, और रिश्तेदारों का ख्याल करने का• और वो मना करते हैं खराबी, बुराई, और हद से गुज़रना• वो तुम्हें रौशन करते हैं, ताके तुम गौर कर सको•

तुम्हें तुम्हारी ज़बान रखनी चाहिए

91. तुम्हें **अल्लाह** से किया गया तुम्हारा वादा पूरा करना चाहिए जब तुम करो ऐसा एक वादा• तुम्हें कसमों को नहीं तोड़ना चाहिए उनको पूरा करने का *(अल्लाह की)* कसम खाने के बाद, इसलिए कि तुमने बनाया है **अल्लाह** को एक ज़ामिन तुम्हारे लिए• **अल्लाह** जानते हैं सारी चीज़ें तुम करते हो•

92. बुनने वाली कि तरह न हो जो उधेड़ती है उसके मज़बूत विनाई को फुसफुसे सूत के अंबार में• यह है तुम्हारा मिसाल अगर तुम कसमों की बदसलूकी करो ताके एक दूसरे का फायदा उठा सको• चाहे एक गिरोह बड़ा हो दूसरे से, **अल्लाह** इस तरह तुमको आज़ामाईश को डालते हैं• वो यकीनन दिखायेंगे तुम्हें हश्र के दिन पर सारी चीज़ें तुमने बहेस किया था•

93. अगर **अल्लाह** चाहते, उन्होंने बनाया होता तुमको एक जमात• लेकिन वो भेजते हैं गलत राह पर जिसकिसी को चुनते हैं गुमराह होने के लिए, और वो रहनुमाई करते हैं जिसकिसी को चाहते है हिदायतयाफ्ता होने के लिए•* तुम यकीनन पूछे जाओगे सारी चीज़ों के बारे में जो तुमने किया है•

तुम्हारी कसम को तोड़ना
एक संगीन जुर्म

94. तुम्हारे बीच के कसमों कि बदसुलूकी न करो, ताके तुम खिसक न जाओ एक मज़बूत पकड़ रखने के बाद, फिर तुम झेलो मुसीबत• ऐसा है अंजाम **अल्लाह** कि राह से पलटने का *(एक बुरा मिसाल कायम करते हुए)*; तुम झेलते हो एक भयानक आज़ाब•

95. तुम्हारे कसमों को तकरीबन बेच न दो **अल्लाह** के सामने• जो **अल्लाह** रखते हैं कहीं बेहतर है तुम्हारे लिए, अगर तुम सिर्फ जानते•

*16:93 अल्लाह जानते हैं हमारे दरमियान संजीदा ईमानवालों को जो मुसतेहिक हैं निजात पाने के लिए• उसके मुताबिक वो उनको हिदायत देते हैं, जबकी रोकते हुए उनको जो चुनते हैं कुफ्र करनके लिए•

1551 89874

96. जो है तुम्हारे पास खत्म हो जाता है, लेकिन जो **अल्लाह** के पास है रहता है हमेशा के लिए• हम यकीनन इनाम देंगे उनको जो सबित कदमी से जमे रहते हैं; हम बदला देंगे उन्हें उनके नेक कामों के लिए•

खुशी की ज़मानत
अभी और हमेशा के लिए

97. जो कोई नेक कामों को करते हैं, मर्द या औरत, ईमान रखते हुए, हम यकीनन अता करेंगे उनको एक खुशी की ज़िंदगी इस दुनिया में, और हम यकीनन मुआवज़ा देंगे उन्हें उनका पूरा बदला *(इंसाफ के दिन पर)* उनके नेक कामों के लिए•

*एक एहम हुक्म**

98. जब तुम कुरान पढ़ते हो, तुम्हें ठुकराये गये शैतान से **अल्लाह** में पनाह मांगनी चाहिए •

99. उसके पास कोई ताकत नहीं उनपर जो उनके रब में ईमान और भरोसा रखते हैं•

100. उसकी ताकत महदूद है उन तक जो उसे चुनते हैं उनका मालिक जैसा; जो कोई चुनते हैं उसे उनके खुदा जैसा•

101. जब हम बदलते हैं एक नुजूल कि जगह में दूसरे को, और **अल्लाह** पूरी तरह वाकिफ हैं उससे जो वो नाज़िल करते हैं, वो कहते हैं, "तुमने यह बनाया है!" वाकई, उनमें से ज़्यादा नहीं जानते•

102. कहो, "पाक रूह ने लाया है उसे नीचे तुम्हारे रब की तरफ से, सच्चाई से, इतमिनान दिलाने के लिए उन्हें जो ईमान रखते हैं, और एक रहनुमाई और अच्छी खबरें मुहय्या करने को फरमानबरदारों के लिए•"

कुरान नक्ल नहीं की गई है
इंजील से

103. हम हैं पूरी तरह वाकिफ कि वो कहते हैं, "एक इंसान उसे सिखा रहा है!" बुनियाद ज़बान की जिस तरफ वो इशारा करते हैं है गैर अरबी, और यह है एक मुकम्मल अरबी ज़बान•

104. यकीनन, जो कोई **अल्लाह** कि आयतों में ईमान नहीं रखते हैं, **अल्लाह** उनको हिदायत नहीं देते• उन्होंने पा लिया है एक दर्दनाक आज़ाब•

105. सिर्फ वो जो गढ़ते हैं झूठे अकीदों को हैं वो जो ईमान नहीं रखते **अल्लाह** कि आयतों में; वो हैं असल झूठे•

ज़बानी कहना गिना नहीं जाता

106. जो कोई कुफ्र करते हैं **अल्लाह** में, अकीदा हासिल कर लेने के बाद, और हो जाते हैं पूरी तरह मुतमईन कुफ्र से, पा लिया है कहर **अल्लाह** कि तरफ से• सिर्फ उन्हें माफ किया जाना है हैं वो जिनको ज़ोर दिया जाता कुफ्र ज़ाहिर करने के लिए, जबके उनके दिलें हैं अकीदे से भरे•*

मसरूफियत इस ज़िंदगी के साथ
अल्लाह से जिलावतन को ले जाती है

107. यह है इसलिए कि उन्होंने दिया है इस ज़िंदगी को तरजी अगली ज़िंदगी के ऊपर, और **अल्लाह** हिदायत नहीं करते ऐसे कुफ्र करने वाले लोगों को•

108. वो लोग हैं जिनको **अल्लाह** ने उनके दिलों, और उनकी सुनाई, और उनकी दिखाई को बंद कर दिया है• इस वजह से वो गाफिल रहते हैं•

109. बगैर किसी शक के, वो हारे हुए होंगे अगली ज़िंदगी में•

110. जहाँ तक वो जो हिजरत करते हैं एज़ारसानी की वजह से, फिर जारी रहते हैं जद्दोजहेद और साबित कदमी से जमे रहने के लिए, तुम्हारे रब, इन सब कि वजह से, हैं माफकरने वाले, सबसे रहीम•

*16:98 हमारी निजात हासिल होती हैं हमारी तरफ अल्लाह का पैगाम, कुरान, को जानने से, और शैतान उसकी पूरी कोशिश करेगा हमरी मगफरत करने से दूर रखने के लिए• इसलिए यह हुक्म•

*16:106 *अल्लाह कि हिकमत फरमान करती है की अगर कोई तुम्हारे सर पर एक बंदूक रखे और हुक्म दे तुमको कि तुम ऐलान करो कि तुम अल्लाह में ईमान नहीं रखते, तुम उसे अता कर सकते हो उसकी ख्वाहिश• जो दिल पनाह देता है वही गिना जाता है•*

1561 *90699*

111. दिन आयेगा जब हर रूह खिदमत करेगा खुदके वकील जैसा, और हर रूह को पूरी तरह मुआवज़ा दिया जायेगा उसके लिए जो कुछ उसने किया था, बगैर ज़रा सा भी नाइंसाफी के•

हलाल खाने को
हराम करना
लाता है महरूमी

112. **अल्लाह** बयान करते हैं मिसाल एक कौम का जो होती थी महफूज़ और तरक्कीयाफ्ता, नियामतें आती उसकी तरफ साथ हर तरफ से• लेकिन फिर, वो नाकद्रदान बन गये **अल्लाह** की रहमतों से• इस वजह से, **अल्लाह** ने उनको चखने दिया फाके कि मेहनतकशी और खतरा• ऐसा है बदला उसके लिए जो उन्होंने किया•

113. एक रसूल गया था उनकी तरफ उन्ही में से, लेकिन उन्होंने उसे ठुकरा दिया• इस वजह से, अज़ाब ने उनको मारा उनके खताओं के लिए•

114. इसलिए, तुम्हें **अल्लाह** कि नियामतों से खाना चाहिए सारी चीज़ें जो हलाल और अच्छी हैं, और **अल्लाह** की रहमतों के कद्रदान रहो, अगर तुम वाकई सिर्फ उनकी इबादत करते हो•

सिर्फ चार खाने
हराम किये गये

115. वो सिर्फ हराम करते हैं तुम्हारे लिए मुर्दा जानवरें, खून, खिंज़ीरों का गोश्त,* और खाना जो **अल्लाह** के अलावा किसी और को मनसूब किया गया हो• अगर किसी को ज़ोर दिया जाये *(इन्हें खाने के लिए)*, बगैर जानबूझकर या हसद रखते हुए, फिर **अल्लाह** हैं माफ करने वाले, सबसे रहीम•

116. तुम्हें झूठ नहीं बोलना चाहिए तुम्हारे खुद के ज़बानों से कहते हुए: "यह है हलाल , और यह है हराम," झूठ गढ़ने और उसे **अल्लाह** को मनसूब करने के लिए• यकीनन, जो कोई झूठ गढ़ते हैं और उसे **अल्लाह** को मनसूब करते हैं कभी कामयाब न होंगे•

117. वो सरसरी तौर पर लुत्फ उठाते हैं, फिर झेलते हैं दर्द नाक आज़ाब•

118. यहूदियों के लिए, हमने हराम किया जो हमने बयान किया तुमको पहले•* वो हम नहीं थे जिन्होंने उनको गलत किया; वो हैं खुद जिन्होंने उनकी खुद की रूहों को गलत किया•

119. इसके बावजूद, उनके मुताल्लिक जो गुनाह में गिरते हैं नादानी कि वजह से फिर उसके बाद तौबा करते हैं और इसलाह करते हैं, तुम्हारे रब, यह होने के बाद, हैं माफ करने वाले, सबसे रहीम•

इब्राहीम

120. इब्राहीम वाकई था एक आला दरजे का अव्वल आने वाला उसकी **अल्लाह** कि फरमानबरदारी में, एक खुदा कि इबादत करने वाला उसने कभी बुतों कि इबादत नहीं की•

121. क्यों कि वो कद्रदान था उसके रब की रहमतों का, उन्होंने उसे चुना और उसे हिदायत किया एक सीधी राह में•

122. हमने अता किया उसे खुशियाँ इस दुनिया में, और अगली ज़िंदगी में वो होगा नेककारों के साथ•

मुहम्मद
*इब्राहीम की पैरवी करने वाला**

123. फिर हमने तुमको *(मुहम्मद)* इल्हाम किया इब्राहीम के मज़हब कि पैरवी करने का,* एक खुदा कि इबादत करने वाला; वो कभी एक बुतपरस्त नहीं था •

*16:115 & 118 *सबसे बरबाद करने वाला ट्रिचिनोसिस जरासीम, ट्रिचिनेला स्पायरालिस, (इसके अलावा खिंज़ीर टेपवर्म टायनिया सोलियम) जिंदा रहता है खिंज़िरों के गोश्त में, चरबी में नहीं• 150,000 से ज़्यादा लोग मुतास्सिर होते हैं सालाना तौर पर युनाईटेड स्टेटस में• देखें 6:145-146, और अपेन्डिक्स 16•*

**16:123 यह इत्तेला करता है हमे कि सारे मज़हबी तरीके, जो आये हमारे पास इब्राहीम कि तरफ से, थे जैसे के तैसे मुहम्मद के वक्त पर• (देखे 22:78और अपेन्डिक्स 9)•*

1571 *91276*

सब्बाथ मनसूख किया गया

124. सब्बाथ फरमान किया गया था सिर्फ उनके लिए जो खत्म हुए उसे हुज्जत करते हुए *(यहूदीयें और ईसाईयें)*• तुम्हारे **रब** हैं वाहिद जो फैसला करेंगे उनका हश्र के दिन पर उनके हुज्जतों के मुताल्लिक•

कैसे फैलाया जाये अल्लाह का पैगाम

125. तुम्हें दावत देना चाहिए तुम्हारे **रब** की राह कि तरफ हिकमत और शफीक रौशन ख्याल के साथ, और बहेस करो उनके साथ सबसे अच्छे अंदाज़ में• तुम्हारे **रब** सबसे अच्छा जानते हैं कौन गुमराह हो गया है उनकी राह से, और वो सबसे अच्छा जानते हैं कौन हैं हिदायतयाफ्ता•

126. और अगर तुम सज़ा दो, तुम्हें चाहिए एक बराबर वाला सज़ा आयेद करने का• लेकिन अगर तुम सब्र को चुनो (*इंतेकाम के बदले*), वो सब्र करने वालों के लिए बेहतर होगा•

127. तुम्हें सब्र चुनना चाहिए — और तुम्हारा सब्र है हासिल के काबिल सिर्फ **अल्लाह** कि मदद से• उनपर रंज न करो, और नाराज़ न हो उनके मनसूबो से•

128. **अल्लाह** हैं उनके साथ जो एक नेक ज़िंदगी बसर करते हैं, और वो जो हैं खैरात करने वाले•

****

सुरह 17: इस्राईल की औलाद (बनी इस्राईल)

अल्लाह के नाम से,
सबसे मेहरबान, सबसे रहम वाले

1. सबसे बाअज़मत हैं वाहिद जिन्होंने हाज़िर किया उनके बंदे *(मुहम्मद)* को रात के दरमियान, *(मक्के का)* मुकद्दस मस्जिद से सबसे दूर सजदे कि जगह को,* जिसका माहौल हमने मुबारक बनाया है, उसे हमारी कुछ निशानियों को दिखाने के लिए• वो हैं सुनने वाले, देखने वाले•

2. उसीतरह, हमने मूसा को दी आसमानी किताब, और बनाया उसे एक रहनुमाई इस्राईल की औलाद के लिए कि: “तुम्हें मेरे सिवाए किसी बुत को एक **रब** और **मालिक** जैसा कायम नहीं करना चाहिए•”

3. वो हैं नस्लें उनमें से जिनको हम ले गये नुह के साथ; वो था एक कद्रदान बंदा•

4. हमने खिताब किया इस्राईल की औलाद को आसमानी किताब में: “तुम दुगना, बड़ी बुराई करोगे ज़मीन पर• तुम तय किये गये हो तकब्बुर कि बड़ी ऊँचाई में गिरने के लिए•

5. “जब पहला मौका गुज़र जायेगा, हम भेजेंगे तुम्हारे खिलाफ हमारे बंदों को जो रखते हैं बड़ी ताकत, और वो तुम्हारे घरों पर हमला करेंगे यह है एक पेशीनगोई जो ज़रूरी है गुज़रने के लिए•

6. “उसके बाद, हम देंगे तुम्हें एक मौका उनपर, और मुहय्या करेंगे तुम्हें बहुत दौलत और औलाद से; हम देंगे तुम्हें गलबा•

7. “अगर तुम नेककारी करो, तुम नेककारी करते हो तुम्हारे खुद के अच्छे के लिए, लेकिन अगर तुम बुराई करते हो तुम ऐसा करते हो तुम्हारे खुद के नुकसान के लिए• इसतरह, जब दूसरा मौका गुज़र जाता है, वो तुम्हें शिकस्त देंगे और दाखिल होंगे मस्जिद में, जैसा उन्होंने किया पहली दफा• वो मिटा देंगे सारे फायदों को जो तुमने हासिल किया था•”

8. तुम्हारे **रब** बरसाते हैं तुम्हें उनकी रहमत से• लेकिन अगर तुम गुनाह को पलटो, हम जवाब देंगे आज़ाब के साथ• हमने चुना है जहन्नम एक आखिरी ठिकाने जैसा काफिरों के लिए•

**17:1 “अकसा मस्जिद” के मायने है “सबसे दूर जगेह जहाँ है सजदा,” रौशनी के कई करोड़ों सालों दूर• यह आयत हमें इत्तेला करती है कि मुहम्मद, जो है रूह, ले जाई गई थी सबसे ऊँची जन्नत को कुरान दिये जाने के लिए (2:185, 44:3, 53:1-18, & 97:1)•*

1573 *91531*

कुरान: ज़रिया हमारे निजात का

282. यह कुरान हिदायत करता है सबसे अच्छे रास्ते कि तरफ, और लाता है खुशखबरी ईमानवालों के लिए जो एक नेक ज़िंदगी बिताते हैं, कि वो मुस्तेहिक हुए हैं एक बड़े इनाम के•

283. जहाँ तक वो जो कुफ्र करते हैं अगली ज़िंदगी में, हमने तैयार किया है उनके लिए एक दर्दनाक आज़ाब•

284. इंसान अकसर कोई चीज़ के लिए दुआ करता है जो उसे नुकसान दे सकती है, सोचते हुए कि वो दुआ मांग रहा है कुछ अच्छे के लिए• इंसान है बेसब्र•

285. हमने बनाया रात और दिन को दो निशानियाँ• हमने रात को सियाह, और दिन को रौशन बनाया, ताके तुम तलाश कर सको उसमें तुम्हारे रब कि नियामतों को• इसके अलावा यह कायम करता है तुम्हारे लिए एक वक्त बताने वाला निज़ाम, और ज़रिया हिसाब करने का• हम इस तरह समझाते हैं सारी चीज़ें तफसील में•

*विडियो टेप**

286. हमने दर्ज कर रखा है हर इंसान कि तकदीर; वो बंधा है उसके गले से• हश्र के दिन पर हम देंगे उसे एक आसानी से समझ सकने वाला दफ्तर•

287. पढ़ो तुम्हारे खुद का दफ्तर• आज, तुम काफी हो तुम्हारे खुद के हिसाब लेने वाले जैसे•

288. जो कोई हिदायतयाफ्ता है, है हिदायतयाफ्ता उसके खुद के अच्छे के लिए, और होता है जो कोई गुमराह करता है ऐसा उसके खुद के नुकसान के लिए• कोई गुनाहगार नहीं उठायेगा किसी और के गुनाहों को• हम कभी सज़ा नहीं देते बगैर पहले एक रसूल भेजते हुए•

289. अगर हमें किसी कौम को फनाह करना हो, हम रहबरों को उसमें बड़ी खराबी करने देते हैं• जब वो मुस्तेहिक होते हैं आज़ाब के, हम फनाह करते हैं उसे पूरी तरह•

290. कई एक नस्ल हमने फनाह किया नुह के बाद• तुम्हारे रब हैं सबसे काबिल उनके बंदों के गुनाहों के साथ बरताव करने में; वो हैं सब कुछ जानने वाले, देखने वाले•

चुनों तुम्हारे अव्वलियतों को ध्यान से
यह ज़िंदगी

291. जो कोई चुनता है इस फनाह होती ज़िंदगी को उसकी अव्वलियत जैसा, हम जल्दी करेंगे उसके लिए जो हमने फैसला किया है उसको देने का, फिर हम हवाले करते हैं उसे जहन्नम को, जहाँ वो मुसीबत उठाता है हमेंशा के लिए, ज़लील किया और हराया गया•

अगली ज़िंदगी

292. जहाँ तक वो जो चुनते हैं अगली ज़िंदगी को उनकी अव्वलियत जैसा, और नेककारी करते हैं, ईमान रखते हुए, उनकी कोशिशों कि कद्र की जायेगी•

293. उनमें से हर एक को हम मुहय्या करते हैं; हम मुहय्या करते हैं उन्हें और इन्हें तुम्हारे रब कि नियामतों से• तुम्हारे रब कि नियामतें हैं कभी न खत्म होने वाली•

294. ध्यान दो हमने किस तरह कुछ लोगों को तरजी दी दूसरों पर *(इस ज़िंदगी में)*• फरकें अगली ज़िंदगी में हैं कहीं बड़े और कहीं ज़्यादा एहम•

बड़े हुक्में

295. तुम्हें किसी दूसरे खुदा को कायम नहीं करना चाहिए सिवाए **अल्लाह** के, ताके तुम्हारा अंजाम ज़लील किया गया और बेइज्ज़त किया गया न हो•

296. तुम्हारे रब ने फरमान किया है कि तुम्हें इबादत नहीं करनी चाहिए सिवाए उनके, और तुम्हारे वालिदैन कि इज्ज़त की जानी चाहिए• जबतक एक या उन में से दोनों रहें, तुम्हें कभी नहीं कहना चाहिए, *"उफ्फ"* *(ज़रा सा भी नाराज़गी का इशारा)*, नाहीं तुम्हें उनको चिल्लाना चाहिए; तुम्हें उनसे अच्छे से बरताव करना चाहिए•

**17:13 तुम्हारी जिंदगी पहले से दर्ज की जा चुकी है, ऐसे जैसे एक विड़ियो टेप पर, पैदाईश से मौत तक• यह वही रिकार्ड दस्तेयाब किया जायेगा हमको हश्र पर• देखें 57:22 और अपेन्डिक्स 14•*

297. और नीचे करो उनके लिए खाकसारी और रहम दिली के बाजुओं को, और कहो, "मेरे रब, रहम करिये उनपर, इसलिए कि उन्होंने परवरिश की है मेरी बचपने से•"

298. तुम्हारे रब पूरी तरह वाकिफ हैं तुम्हारे अंदरूनी ख्यालों से• अगर तुम नेककारी बरकरार रखो, वो हैं माफ करने वाले उनको जो तौबा करते हैं•

299. तुम्हें देना चाहिए हक वाला खैरात रिश्तेदारों, ज़रूरतमंद, गरीब, और अंजान मुसाफिर को, लेकिन न दो ज़्यादा, अंधा धुंध•

300. अंधा धुंध हैं शयातीनों के हमज़ात, और शैतान है उसके रब का नाकद्रदान•

301. अगर तुम्हें उनसे पलटना हो तब भी, जब तुम पीछा करते हो तुम्हारे रब की रहमत, तुम्हें उनसे सबसे अच्छे अंदाज़ में पेश आना चाहिए•

कंजूसी पर लानत

302. तुम्हें कंजूसी से तुम्हारे हाथ को तुम्हारे गर्दन से बंधा नहीं रखना चाहिए, नाहीं तुम्हें बेवकूफी से उसे खोलना चाहिए, ताके तुम्हारा अंजाम न हो मलामत किया गया और रंजीदा•

303. इसलिए कि तुम्हारे रब बढ़ाते हैं नियामत जिस किसी के लिए वो चुनते हैं, और कम करते हैं उसे• वो हैं पूरी तरह वाकिफ उनके मखलूकों से, देखने वाले•

हमल गिराना है कत्ल

304. तुम्हें तुम्हारी औलाद को कत्ल नहीं करना चाहिए गुरबत कि डर से• हम मुहय्या करते हैं उनके लिए, इसके अलावा तुम्हारे लिए भी• उन्हें कत्ल करना है एक बड़ा जुर्म•

305. तुम्हें ज़िना नहीं करना चाहिए; यह है एक बड़ा गुनाह, और एक बुरी हरकत•

306. तुम्हें किसी शक्स को कत्ल नहीं करना चाहिए — इसलिए कि **अल्लाह** ने ज़िंदगी को मुकद्दस बनाया है—सिवाए इंसाफ कि राह में• अगर कोई मारा जाता है बेइंसाफी से, फिर हम देते हैं उसके वारिस को इख्तेयार इंसाफ जारी करने का• इस तरह, उसे हदों को पार नहीं करना चाहिए कत्ल का बदला लेने में, उसकी मदद की जायेगी•

307. तुम्हें यतीमों के पैसे को नहीं छूना चाहिए सिवाए उनके खुद के अच्छे के लिए, जब तक वो बलूगत को न पहुँचे• तुम्हें तुम्हारे वादों को पूरा करना चाहिए, इसलिए कि वादा है एक बड़ी ज़िम्मेदारी•

308. तुम्हें पूरा नाप देना चाहिए जब तुम तिजारत करो, और बराबरी से वज़न करो• यह बेहतर है और ज़्यादा नेककारी•

एहम मशवराह

309. तुम्हें कबूल नहीं करनी चाहिए कोई इत्तेला, जब तक तुम जांच न लो उसे खुद के लिए• मैंने दिया है तुम्हें सुनाई, दिखाई, और दिमाग, और तुम ज़िम्मेदार हो उनको इस्तेमाल करने के लिए•

310. तुम्हें गुरूर से ज़मीन पर नहीं चलना चाहिए —तुम ज़मीन के पार छेद नहीं कर सकते, नाहीं तुम हो सकते हो पहाड़ों के बराबर ऊँचा•

311. सारी बुरी हरकत मलामत की गई है तुम्हारे रब कि तरफ से•

कुरान है हिकमत

312. यह है कुछ हिकमत इल्हाम किया गया तुमको तुम्हारे रब कि तरफ से• तुम्हें **अल्लाह** के अलावा दूसरे खुदा को कायम नहीं करना चाहिए, ताके तुम खत्म न हो जहन्नम में, मलामत किये गये और शिकस्त दिये गये•

313. क्या तुम्हारे रब ने दिये हैं तुम्हें बेटे, जबके देते हुए खुद को फरिश्ते बेटियों जैसे?! तुम कैसे कह सकते हो ऐसी एक बेअदबी?

314. हमने बयान किये हैं इस कुरान में *(सारे किस्म के मिसालें)*, ताके वो तवज्जो दे सकें• लेकिन वो सिर्फ बढ़ाता है उनकी नफरत•

315. कहो, "अगर वहाँ होते कोई और खुदाएं उनके सिवाए, जैसा वो दावा करते हैं, उन्होंने तख्त के मालिक को शिकस्त देने की कोशिश की होती•"

316. उनकी तारीफ हो, वो हैं कहीं बुलंद उनके बातों से•

सारी चीज़ें अल्लाह कि बड़ाई करती हैं

317. बड़ाई कर रहे हैं उनकी सात आसमानें, ज़मीन, और हर कोई उसमें• वहाँ कुछ नहीं है जो उनकी बड़ाई नहीं करते, लेकिन उनकी बड़ाई करना तुम नहीं समझते• वो हैं रहीम, माफ करने वाले•

काफिरें कभी नहीं
समझ सकते कुरान

318. जब तुम कुरान पढ़ते हो, हम पोशीदा परदा रखते हैं तुम्हारे और उनके दरमियान जो ईमान नहीं रखते अगली ज़िंदगी में•

कुरान: सिर्फ ज़रिया

319. हम ढाल रखते हैं उनके ज़हनों के आस पास, उन्हें उसे समझने से रोकने के लिए, और बहरापन उनके कानों में• और जब तुम नसीहत करते हो तुम्हारे रब की, सिर्फ कुरान इस्तेमाल करते हुए,* वो भाग जाते हैं नफरत से•

320. हम हैं पूरी तरह वाकिफ उससे जो वो सुनते हैं, जब वो तुम्हें सुनते हैं, और जब वो साज़िश करते हैं खुफिया तौर से—काफिरें कहते हैं, "तुम एक दिवाने आदमी कि पैरवी कर रहे हो•"

321. ध्यान दो वो किस तरह तुम्हें मुखातिब करते हैं, और कैसे यह सबब बनता है उनका रास्ते से भटकने का•

322. उन्होंने कहा, "जब हम हड्डियों और टुकडों में बदल जायें, हम दोबारा जिलाये जायेंगे नये सिरे से?!"

323. कहो, "अगर तुम बदल जाओ चट्टानों या लोहे में तब भी•

324. "अगर तुम बदल जाओ किसी किस्म के खलक में जिसे तुम नामुमकिन समझते हो तब भी•" वो फिर कहेंगे, "कौन हमें दोबारा लायेगा?" कहो, "जिस वाहिद ने पैदा किया तुम्हें पहले•" फिर वो अपने सरों को हिलायेंगे और कहेंगे, "वो कब होगा?" कहो, "वो हो सकता है तुम्हारे सोच से करीब•"

325. जिस दिन वो तुमको हाज़िर करेंगे, तुम जवाब दोगे उनकी तारीफ करते हुए, और तुम तब एहसास करोगे की तुम रहे हो इस ज़िंदगी में सिर्फ एक छोटे अरसे के लिए•

एक दूसरे के साथ खुश इख्लाकी से पेश आओ

326. कहो मेरे बंदों से एक दूसरे से सबसे अच्छे अंदाज़ में पेश आने का, इसलिए कि शैतान हमेशा कोशिश करेगा उनके दरमियान दरार डालने का• यकीनन, शैतान है आदमी का सबसे संगीन दुश्मन•

327. तुम्हारे रब जानते हैं तुम्हें सबसे अच्छा• उनके इल्म के मुताबिक, वो हो सकता है बरसायें तुम्हें रहमत के साथ, या हो सकता है वो तुम्हें बदला दें• हमने नहीं भेजा तुम्हें उनका वकील बनने के लिए•

328. तुम्हारे रब हैं सबसे अच्छे जानने वाले हरकिसी को आसमानों और ज़मीन में• इस इल्म के मुताबिक में, हमने कुछ नबियों को तरजी दी दूसरों पर• मिसाल के तौर पर, हमने दिया दाऊद को ज़बूर•

329. कहो, "इल्तेजा करो जो कुछ बुतों को तुमने कायम किया सिवाए उनके•" उनके पास कोई ताकत नहीं तुम्हारे तकलीफों को हल्का करने कि, नाहीं वो उनको रोक सकते हैं•

नेककार बुतें
सिर्फ अल्लाह कि इबादत करते हैं

330. यहाँ तक बुतें जिनको वो इल्तेजा करते हैं तलाश कर रहे हैं रास्ते और ज़रिये उनके रब कि तरफ का• वो दुआ करते हैं उनकी रहमत के लिए, और डरते हैं उनके आज़ाब से• यकीनन, तुम्हारे रब का आज़ाब है खौफनाक•

331. वहाँ नहीं है कोई कौम जिसे हम फनाह नहीं करेंगे हश्र के दिन से पहले, या डालेंगे सख्त आज़ाब उनके ऊपर• यह पहले से लिखा जा चुका है किताब में•

*17:46 अरबी लफ्ज़ "सिर्फ" हवाला देता है अल्लाह कि तरफ 7:70, 39:45, 40:12 और 84, और 60:4 में• अगर तुम जोड़ो इन नम्बरों को, तुम पाते हो 361, 19x19• लेकिन अगर तुम शामिल करो 17:46, जो मुखातिब करता है कुरान को, हासिल हुआ एक ज़रप नहीं है 19 का• "सिर्फ," इसलिए मुखातिब करता है 17:46 में कुरान को (अपेन्डिक्स 18)•

पुराने किस्म के मौजज़े
मनसूख कर दिये गये

332. हमें जिसने रोका मौजज़ों को भेजने से है यह कि पिछली नस्लों ने ठुकराया उनको• मिसाल के तौर पर, हमने तमूद को ऊँठ दिखाए, एक गहरा *(मौजेज़ा)*, लेकिन उन्होंने खिलाफ वरज़ी की उसके खिलाफ• हम भेजते हैं मौजज़े सिर्फ एहतराम डालने के लिए•

333. हमने इत्तेला किया तुम्हें कि तुम्हारे रब पूरी तरह काबू करते हैं लोगों को, और हमने जो नज़ारा दिखाया तुम्हें हमने बनाया एक आज़माईश लोगों के लिए, और वो पेड़ जो कोसा गया है कुरान में•* हमने दिखाए उनको पुख्ता सबूतें उनमें एहतराम डालने के लिए, लेकिन इसने सिर्फ बढ़ाया उनकी सरकशी•

शैतान धोखा देता है लोगों को

334. जब हमने फरिश्तों से कहा, "आदम के सामने गिरो सजदे में," वो गिर गये सजदे में, सिवाए शैतान के• उसने कहा, "क्या मैं सजदा करूँ उसको जिसे आपने पैदा किया मिट्टी से?"

335. उसने कहा, "चुँकी आपने उसे मेरे ऊपर इज्ज़त दिया है, अगर आप मुझे मोहलत दें हश्र के दिन तक, मैं काबू करूंगा उसके सारी औलादों को, सिवाए कुछ के•"

336. उन्होंने कहा, "तो जा; तू और जो तेरी पैरवी करें खत्म होंगे जहन्नम में तेरे बदले कि तौर पर; एक बराबरी वाला बदला•

337. "तू फुसला सकता है उनको तेरी आवाज़ से, और जमा कर तेरी सारी ताकतों को और तेरे सारे मर्दो को उनके खिलाफ, और साथ दे उनके पैसे और औलाद में, और उनको वादा कर• जो कुछ शैतान वादा करता है कुछ नहीं सिवाए एक फरेब के•

338. "जहाँ तक मेरे बंदे, तेरे पास कोई ताकत नहीं उनके ऊपर•" तुम्हारे रब काफी हैं एक वकील जैसे•

339. तुम्हारे रब हैं वाहिद जो सबब बनते हैं समंदर पर जहाज़ों के तैरने का,* ताके तुम तलाश करो उनकी नियामतों को• वो हैं सबसे रहीम तुम्हारी तरफ•

मौका परस्त
दोस्ती

340. अगर तुम्हें तकलीफ होती है समंदर के बीच में, तुम भूल जाते हो तुम्हारे बुतों को और संजीदगी से सिर्फ उनसे इल्तेजा करते हो• लेकिन जैसे ही वो तुम्हें बचाते हैं किनारे को, तुम पलट जाते हो• वाकई, इंसान है नाकद्रदान•

341. क्या तुमने ज़मानत दी है कि वो ज़मीन को, किनारे पर, तुम्हारे निगलने का सबब नहीं बनने देंगे? या, ये की वो नहीं भेजेंगे तुमपर एक आंधी, तब तुम नहीं पाओगे कोई बचाने वाला?

342. क्या तुमने ज़मानत दी है की वो तुम्हें नहीं लौटायेंगे समंदर को दूसरी बार, फिर भेजेंगे तुमपर एक तूफान जो डुबो देगा तुम्हें तुम्हारे कुफ्र कि वजह से? जब यह होगा, हम नहीं देंगे तुम्हे दूसरा मौका•

343. हमने इज्ज़त दी है आदम कि औलाद को, और मुहय्या किया सवारियों से उनको ज़मीन पर और समंदर में• हमने मुहय्या किया उनके लिए अच्छी नियामतें, और हमने दिए उनको बड़े फायदे बनिज़बत हमारे कई मखलूकों के•

344. दिन आयेगा जब हम हाज़िर करेंगे सारे लोगों को, इकट्ठा उनके दफ्तर के साथ• जहाँ तक वो जिनको दिया गया है एक दफ्तर नेककारी का, वो पढ़ेंगे उनके दफ्तर को और नहीं झेलेंगे ज़रा सा भी नाइंसाफी•

**17:60 मुहम्मद का सफर सबसे ऊँचे आसमान कि तरफ कुरान को पाने के लिए, जैसा बयान किया गया है 17:1 और 53:1-18 में, है एक आज़माईश क्योंकि लोगों को ज़रूरी था मुहम्मद को माने अकीदे पर•*

**17:66 अब हम सीखते हैं फिज़िक्स और फिज़िकल केमिस्ट्री से कि पानी रखता है खास खूबियाँ जो बनाता है उसे बिल्कुल मुनासिब हमारे मुख्तलिफ ज़रूरतों की खिदमत करने के लिए•*

345. जहाँ तक वो जो हैं अंधे इस ज़िंदगी में, वो होंगे अंधे अगली ज़िंदगी में, उससे भी कहीं बुरे•

अल्लाह मज़बूत करते हैं रसूल को

346. उन्होंने तुमको तकरीबन फेर दिया आयतों से जो हमने दिया है तुम्हें• वो चाहते थे तुम्हें कुछ और गढ़ने का, ताके तुम्हें एक दोस्त मानें•

347. अगर ये कि हमने तुमको मज़बूत नहीं किया होता, तुम तकरीबन झुके उनकी तरफ बस ज़रा सा•

348. अगर तुमने ऐसा किया होता, हमने दुगना किया होता आज़ाब तुम्हारे लिए इस ज़िंदगी में, और मरने के बाद, और तुम न पाते किसी को तुम्हारी मदद करने के लिए हमारे खिलाफ•

349. उन्होंने तकरीबन तुमको ज़मीन से जिलावतन किया तुमसे छुटकारा पाने के लिए, ताके वो पलट सकें जैसे ही तुम चले जाओ•

350. यह मुसलसल सूरत रही है सारे रसूलों के साथ जिनको हमने भेजा तुमसे पहले, और तुम पाओगे की हमारा निज़ाम कभी नहीं बदलता•

ज़ोहर कि नमाज़

351. तुम्हें रावता नमाज़ *(सलात)* अदा करनी चाहिए जब सूरज ढलता है उसकी सबसे ऊंची मकाम से दोपहर को, जैसे ही वो बड़ता है गुरूब ए आफताब कि तरफ• तुम्हें इस के अलावा फजर को कुरान *(कि तिलावत करनी)* चाहिए• गवाह होते हैं फजर के वक्त कुरान कि *(तिलावत)* का•

ध्यान करना

352. रात के दरमियान, तुमको ध्यान करना चाहिए ज़्यादा फायदे के लिए, ताके तुम्हारे रब उठायें तुमको एक इज़्जत वाले दरजे को•

353. और कहो, "मेरे रब, दाखिल कीजिए मुझको एक इज़्जत वाला दाखला, और मुझको विदा होने दीजिये एक इज़्जत वाली विदाई, और अता करिये मुझको आप की तरफ से एक ताकतवर मदद•"

354. ऐलान करो, "सच हावी हुआ है, और झूठ गायब हो गया है; झूठ यकीनी तौर पर गायब हो जायेगा•"

मरहम और रहमत

355. हमने भेजा नीचे कुरान में मरहम और रहमत ईमानवालों के लिए• साथ साथ, वो सिर्फ बड़ाता है बदकारी खतावारों की•

356. जब हम इंसान को बक्शते हैं, वो हो जाता है मसरूफ और लापरवाह• लेकिन जब मुसीबत मारती है उसे, वो नाउम्मीद बन जाता है•

357. कहो, "हर किसी के आमाल हैं उसके अकीदे के मुताबिक में, और तुम्हारे रब सबसे अच्छा जानते हैं कौन से हैं हिदायतयाफता सही राह में•

खुदाई नुज़ूल: सारे इल्म की बुनियाद

358. वो तुमसे पूछते हैं नुज़ूल के बारे में• कहो, "नुज़ूल आते हैं मेरे रब कि तरफ से• तुम्हें दिया गया इल्म है छोटा•"

359. अगर हम चाहें, हम वापस ले सकते हैं जो हमने तुमको नाज़िल किया है, फिर तुम नहीं पा सकते हिफाज़त करने वाला हमारे खिलाफ•

360. लेकिन यह है रहमत तुम्हारे रब कि तरफ से• उनकी रहमतें तुमपर रही है बड़ी•

रियाज़ी तरतीब कुरान की

361. कहो, "अगर सारे इंसाने और सारे जिनें जमा हो जायें एक साथ ताके पैदा करें एक कुरान इस जैसा, वो कभी पैदा नहीं कर सकते इसकी तरह कोई चीज़, चाहे कितनी ही मदद वो दें एक दूसरे को•"

362. हमने बयान किये हैं लोगों के लिए इस कुरान में सारे किस्मों के मिसालें, लेकिन ज़्यादातर लोग इसरार करते हैं कुफ़्र करने पर•

अल्लाह के रसूलें ललकारे गये

363. उन्होंने कहा, "हम तुम पर ईमान नहीं लायेंगे जब तक तुम वजह न बनो ज़मीन से एक झरने के फूट निकलने का•

364. "या जब तक तुम खजूर कि नख्लों और अंगूरों के एक बाग के मालिक न हो जाओ, बहती हुई नहरें दौड़ती हुई उसके बीच•

365. "या जब तक तुम वजह न बनो आसमान से अंबार, के हम पर गिरने का, जैसा तुम दावा करते हो• या जब तक तुम न लाओ **अल्लाह** और फरिश्तों को हमारी नज़रों के सामने•

366. "या जब तक तुम मालिक न हो जाओ एक शानदार महल के, या जब तक तुम चढ़ न जाओ आसमान में• अगर तुम चढ़ जाओ तब भी, हम ईमान नहीं लायेंगे जब तक तुम न लाओ एक किताब जो हम पढ़ सकें•"* कहो, "तारीफ हो मेरे रब की• क्या मैं एक इंसानी रसूल से ज़्यादा कुछ हूँ?"

रिसालत: एक ज़रूरी आज़माईश

367. जिसने रोका लोगों को ईमान लाने से जब हिदायत आई उनकी तरफ, है उनका कहना, "क्या **अल्लाह** ने भेजा एक इंसान को रसूल जैसा?"

368. कहो, "अगर ज़मीन पर फरिश्ते बसे होते, हमने भेजा होता आसमान से नीचे उनकी तरफ एक फरिश्ता रसूल•"

अल्लाह हैं मेरे गवाह

369. कहो, "**अल्लाह** काफी हैं एक गवाह जैसे तुम्हारे और मेरे बीच• वो उनकी इबादत करने वालों से हैं पूरी तरह वाकिफ, देखने वाले•"

370. जिसकिसी को **अल्लाह** हिदायत देते हैं है असल में हिदायतयाफ्ता• और जिसकिसी वो गुमराह करते हैं, तुम कभी नहीं पा सकते सिवाए उनके कोई रबों और मालिकों जैसा उनके लिए• हम ज़बरदस्ती हाज़िर करेंगे उनको हश्र के दिन पर; अंधा, गुंगा, और बहरा• उनका मुकद्दर है जहन्नम; जब भी वो ठंडा होगा, हम बड़ायेंगे उनके आग को•

उनके सबसे अंदरूनी ख्याले

371. ऐसा है उनका दुरूस्त आज़ाब, चुँकी उन्होंने हमारी आयतों को ठुकराया• उन्होंने कहा, "इसके बाद की हम बदल जायें हड्डीयों और टुकड़ों में, क्या हम दोबारा जिलाये जाते हैं एक नई खलक में?"

372. क्या वो नहीं देख सके कि **अल्लाह** जिन्होंने पैदा किया आसमानों और ज़मीन को, हैं काबिल पैदा करने के वैसी ही खलकें? उन्होंने पहले से मुकर्रर कर रखा है उनके लिए एक अटल ज़िंदगी कि मुद्दत? इसके बावजूद, काफिरें इसरार करते हैं कुफ़्र करने पर•

373. ऐलान करो, "अगर तुम काबू में रखते मेरे रब के रहमत के खज़ानों को, तुमने उनको रोक रखा होता, डरते हुए कि तुम उसे खत्म न कर दो• इंसान है बखील•

मुसा और फिरऔन

374. हमने मदद किया मूसा की नौ गहरे मौजज़ों से — पूछो इस्राईल कि औलाद से• जब वो गया उनकी तरफ, फिरऔन ने उससे कहा, "मैं समझता हूँ तू, मूसा, जादू किया गया है•"

375. उसने कहा, "तुम अच्छे से जानते हो की कोई भी ज़ाहिर नहीं कर सकता इन्हें, साफ तौर से, आसमानों और ज़मीन के रब के सिवाए• मैं समझता हूँ तू, फिरऔन, तबाह किया गया है•"

376. जब उसने उनको तलाश किया, जैस ही पीछा किया उसने उनका ज़मीन के बाहर, हमने उसे डुबो दिया, एक साथ उनके जो उसकी तरफ हुए, उन सारों को•

**17:93 अल्लाह के वादे का रसूल, रशाद खलीफा, इस तरह ललकारा गया था, दावा शामिल करते हुए लाने का एक नई किताब, या आसमान से नीचे अंबार• आयत 3:81 वाज़े करती है अल्लाह के वादे का रसूल कि ज़िम्मेदारियाँ• ज़बरदस्त सबूत तफसील किये गये हैं अपेन्डिक्स 2 और 26 में•*

377. और हमने इस्राईल कि औलाद को कहा उसके बाद, "जाओ रहो ज़मीन में• जब आखरी पेशीनगोई गुज़र जायेगी, हम हाज़िर करेंगे तुम सारों को एक गिरोह में•"

कुरान आहिस्ते से आज़ाद किया गया
याद करने कि सहुलियत के लिए

378. सच्चाई से, हमने उसे नीचे भेजा, और सच के साथ वो नीचे आया• हमने नहीं भेजा तुमको सिवाए एक खुश खबरी लेजाने वाले जैसा, साथ साथ एक ताकीद करने वाले जैसा•

379. एक कुरान जो आज़ाद की गई है आहिस्ता से, ताके तुम उसे पढ़ सको लोगों के लिए एक लंबे मुद्दत तक, हाँला कि हमने भेजा उसे नीचे पूरा एक साथ•

380. ऐलान करो, "उसमें ईमान रखो, या उसमें ईमान न रखो•" जो कोई इल्म रखते हैं पिछली आसमानी किताबों से, जब वो उन्हें पढ़कर सुनाई जाती है, वो ठोड़ियों के साथ नीचे गिर जाते हैं, सजदा करते हुए•

381. वो कहते हैं, "हमारे रब की तारीफ हो• यह पूरा करता है हमारे रब की पेशीनगोई•"

382. वो ठोड़ियों के साथ नीचे गिर जाते हैं, सजदा करते और रोते हुए• इसलिए के वो बढ़ाता है उनका एहतराम•

383. कहो, "पुकारो उनको **अल्लाह**, या पुकारो उन्हें सबसे मेहरबान; जो कोई नाम तुम इस्तेमाल करो, उनके लिए हैं सबसे अच्छे नामें•"

आवाज़
राबता नामाज़ों (सलात) की

तुमको नहीं कहना चाहिए राबता नमाज़ें *(सलात)* बहुत आवाज़ से, नाहीं चुपके से; इस्तेमाल करो एक बीच वाली आवाज़•

384. और ऐलान करो: "**अल्लाह** की तारीफ हो, जिन्होंने कभी नहीं जना है एक बेटा, नाहीं वो रखते हैं एक शरीक उनकी बादशाहत में, नाहीं उनको ज़रूरत है किसी साथी की कमज़ोरी की वजह से," और उनकी लगातार बड़ाई करो •

****

सुरह 18: गुफा (अल-कॉफ)

अल्लाह के नाम से,
सबसे मेहरबान, सबसे रहम वाले

1. **अल्लाह** कि तारीफ हो, जिन्होंने नाज़िल किया यह आसमानी किताब उनके बंदे को, और बनाया उसे बिला नुक्स•

2. एक मुकम्मल *(आसमानी किताब)* उनकी तरफ से सख्त आज़ाब की ताकीद करने के लिए, और ईमानवालों कि तरफ खुशखबरी पहुँचाने के लिए जो एक नेक ज़िंदगी बसर करते हैं, कि उन्होंने कमाया है एक फराग दिल वाला बदला•"

3. जिसमें वो रहते हैं हमेशा के लिए•

4. और ताकीद करने के लिए उन्हें जिन्होंने कहा, "**अल्लाह** ने जना है एक बेटा!"

5. वो नहीं रखते हैं इल्म इसके बारे में, नाहीं उनके वालिदैन• कैसी एक बेअदबी आती है बाहर उनके मुहों से! जो वो कहते हैं एक बड़ा झूठ है•

6. उनके इस बायन के जवाब और उसमें कुफ्र करनें कि वजह से, तुम हो सकता है अपने आप को इल्ज़ाम दो; हो सकता है तुम उदास हो जाओ•

*दुनिया का खत्म होना**

7. हमने सारी चीज़ को सजाया है ज़मीन पर, ताके उनको आज़मायें, और इस तरह परखें उनमें से वो जो नेककारी वाले काम करते हैं•

**18:7 फुटनोट के लिए देखें 18:8-9•*

8. बिला शक, हम मिटा देंगे उस पर सारी चीज़ें, छोड़ते हुए उसे पूरी तरह बंजर•*

गुफा के
रहने वाले

9. वरना क्यों तुम सोचते हो हम बता रहें हैं तुम्हें गुफा के लोगों, और उनसे जुड़ी हुई अददों के बारे में? वो हैं हमारे अजूबे निशानियों में से•

10. जब नौजवानों ने पनाह लिया गुफा में, उन्होंने कहा, "हमारे रब, बरसाईये हमें आपकी रहमत से, और बक्शिये हमारे मामलों को आपकी हिदायत के साथ•"

11. हमने फिर बंद कर दिया उनके कानों को गुफा में एक पहले से तय किये गये सालों के अदद के लिए•

12. फिर हमने उनको दोबारा ज़िंदा किया देखने के लिए दो फिरकों में से कौन गिन सकता था उनके उसमें रहने कि मुद्दत•

13. हम बयान करते हैं तुम्हें उनकी तारीख, सच्चाई से• वो थे नौजवानें जो उनके रब में ईमान रखते थे, और हमने बड़ाया उनकी हिदायत•

14. हमने मज़बूत किया उनके दिलों को जब वो खड़े हुए और ऐलान किया: "हमारे सिर्फ रब हैं रब आसमानों और ज़मीन के• हम कभी भी इबादत नहीं करेंगे किसी दूसरे खुदा की सिवाए उनके• वरना, हम दूर बहेक जायेंगे•"

15. "यहाँ हैं हमारे लोग कायम करते हुए खुदाओं को उनके सिवाए• अगर सिर्फ वो मुहय्या कर सकते कोई सबूत उनके राय कि मदद करने के लिए! कौन है ज़्यादा बुरा उससे जो गढ़ता है झूठों को और उन्हें मनसूब करता है **अल्लाह** के लिए?

सात सोनेवाले
इफेसेस के*

16. "चुँकी तुम उनको, और उनके **अल्लाह** के अलावा किसी दूसरे कि इबादत करने से बचना चाहते हो,* चलो हम पनाह लें गुफा में• तुम्हारे रब बरसायें तुम्हें उनकी रहमत से और रहनुमाई करें तुम्हारी सही फैसले कि तरफ•"

एक हिदायत करने वाला उस्ताद
ज़रूरी है

17. तुम देख सकते सूरज को जब वो निकला आते हुए गुफा के दाहिने तरफ से, और जब वो डूबा, वो चमका उनपर बायें से, जैसे वो सोये उसके खोखले में• यह है **अल्लाह** कि एक निशानियों में से,* जिसकिसी को **अल्लाह** हिदायत करते हैं है सही में हिदायतयाफ्ता, और जिसकिसी को वो गुमराह करते हैं, तुम नहीं पा सकते उसके लिए एक हिदायत करने वाला उस्ताद•

18. तुम सोचते कि वो जाग रहे हैं, जबकी वो हकीकत में सो रहे थे• हमने पलटा उनको दाहिनी तरफ और बायीं तरफ, जबकी उनका कुत्ता फैलाये था उसके बाजुओं को उनके बीच में• अगर तुमने उनको देखा होता, तुम उनसे फरार हो जाते, दहशत के मारे•

**18:8-9 इससे पता चलता है की, तारीख इन ईसाई ईमानवालों की, सात सोनेवाले इफेसेस के, सीधे जुड़ा है दुनिया के खत्म होने के साथ जैसा 18:9 और 21 में बयान किया गया है• दुनिया के खत्म होने को बेनकाब करने में किरदार इन ईमानवालों का तफसील किया गया है अपेन्डिक्स 25 में•*

**18:16-20 इफेसेस पुराने निसीन के तकरीबन 200 मील जुनूब में है, और 30 मील जुनूब मौजुदा इज़मीर तुर्की में• गुफा के रहने वाले थे नौजवान ईसाईयें जो ईसा कि तालीमों पर चलना, और सिर्फ अल्लाह की इबादत करना चाहते थे• वो फरार हो रहे थे नये ईसाई यों के इज़ारसानी से जिन्होने बिगड़े ईसाई मज़हब का ऐलान किया ईसा के तीन सदियों बाद, निसीन इजतिमाओं के बाद, जब तीन*

ख़ुदाओं वाला अकीदा ऐलान किया गया था• 1928 में, फ्रांज़ मिल्टनर, एक ऑस्ट्रियन आरकियोलॉजिस्ट ने पता लगाया कब्र इफ़ेसेस के सात सोने वालों की• उनकी तारीख़ अच्छे से दर्ज की गई है कई इनसाइक्लोपीडियाओं में•

**18:17 यह निशानी, या इशारा, बताता है हमें कि गुफ़ा मगरिब को रूख़ कर रही थी•*

19. जब हमने उनको दोबारा ज़िंदा किया, उन्होंने एक दूसरे से पूछा, "कितनी देर रहे हो तुम यहाँ?" "हम यहाँ रहें हैं एक दिन या दिन का एक हिस्सा," उन्होंने जवाब दिया• "तुम्हारे **रब** सबसे अच्छा जानते हैं हम कितनी देर रहे हैं यहाँ, तो चलो हम भेजें हम में से एक को इस पैसे के साथ शहर कि तरफ़• उसे लेकर आने दो सबसे साफ खाना, और खरीदे कुछ हमारे लिए• उसे होशियार रहने, और ध्यान न बटोरने दो•

20. "अगर वो तुमको ढूंढ़ लें, वो तुमको पत्थर से मार देंगे, या ज़ोर देंगे तुम्हें उनके मज़हब को पलटने को, तब तुम कभी कामयाब नहीं हो सकते•

जोड़
*दुनिया के खत्म होने के साथ**

21. हमने उनको पता लगने दिया, हर कोई को जानने के लिए कि **अल्लाह** का वादा है सच्चा, और सारे शक को दूर करने के लिए दुनिया के खत्म होने के मुताल्लिक•* फिर लोगों ने उनके मुताल्लिक आपस में बहेस किया• कुछ ने कहा, "चलें हम एक इमारत बनायें उनके आस पास•" उनके **रब** हैं सबसे अच्छा जानने वाले उनके बारे में• वो जो तारी हुए कहा, "हम बनायेंगे एक इबादत की जगह उनके आस पास•"

22. कुछ कहते, "वो थे तीन; चौथा उनका कुत्ता," जबके दूसरे कहते, "पाँच; छठा उनका कुत्ता," जैसे उन्होंने अंदाज़ा किया• दूसरों ने कहा, "सात," और आठवां था उनका कुत्ता• कहो, "मेरे **रब** हैं सबसे अच्छा उनके अदद के जानने वाले•" सिर्फ कुछ ही जानते थे सही अदद• इसलिए, उनसे बहेस न करो; बस हो लो उनके साथ• तुम्हें इसके बारे में किसी से मशवरा करने की ज़रूरत नहीं•

अल्लाह को याद करना
हर मौका जो हम पाते हैं

23. तुम्हें नहीं कहना चाहिए कि तुम करोगे कोई चीज़ मुस्तकबिल में,

24. बगैर कहते हुए, "**अल्लाह** ने चाहा•"* अगर तुम भूल जाओ ऐसा करने से, तुमको फौरन तुम्हारे रब को याद करना और कहना चाहिए, "मेरे **रब** मुझे हिदायत दें बेहतर करने का अगली बार•"

*[300 + 9]**

25. वो रहे उनके गुफ़ा में तीन सौ सालें, बड़ाए गए नौ से•*

26. कहो, "**अल्लाह** हैं सबसे अच्छे जानने वाले वो कितनी देर रहे वहाँ•" **वो** आसमानों और ज़मीन के सारे राज़ों को जानते हैं• **उनकी** रहमत से तुम देख सकते हो; **उनकी** रहमत से तुम सुन सकते हो• कोई **रब** और **मालिक** नहीं सिवाए **उनके**, और **वो** कभी इजाज़त नहीं देते कोई शरीकों को हिस्सेदार होने का **उनकी** बादशाहत में•

27. तुम्हें तुम्हारे **रब** कि आसमानी किताब से पढ़कर सुनाना चाहिए जो नाज़िल हुआ है तुमको• कोई चीज़ भी तर्क नहीं करना चाहिए **उनके** लफ्ज़ों को, और तुम्हें कोई दूसरा ज़रिया नहीं ढूंढ़ना चाहिए सिवाए इसके•

कुरान सीखने वाली जमातें

28. तुम्हें अपने आप को ज़ोर देना चाहिए होने के लिए उनके साथ जो उनके **रब** कि दिन और रात इबादत करते हैं, सिर्फ **उनको** तलाश करते हुए• न फेरो तुम्हारी आँखें उनसे दूर, ढूंढ़ते हुए इस दुनिया की सजावटों को• नाहीं तुमको पैरवी करनी चाहिए उसकी जिसका दिल हमने गाफिल किया हमारे पैगाम से; वो जो पीछा करता है उसके खुदके ख्वाहिशों की, और जिसकी एहलियतें हैं उल्झी हुई•

**18:21 जैसा अपेन्डिक्स 25 में तफसील किया गया है, इस कहानी ने मदद किया दुनिया के खत्म होने का पता लगाने का•*

**18:24 यह ज़रूरी हुक्म देता है हमे अल्लाह को रोज़ाना याद करने का बेहतरीन मौका•*

**18:25 सूरज के 300 सालों और चांद के 300 सालों में हैं नौ सालों का फरक• इस तरह, पता लगना दुनिया के खत्म होने का पहले से मुकर्रर किया गया था कादिरे मुतलक कि तरफ से 1980 ए डी (1400 हिजरी) में होने का, 300 सालें (309 चांद के सालें) दुनिया के खत्म होने से पहले (देखें 72:27 और अपेन्डिक्स 25)•*

मुकम्मल आज़ादी मज़हब की

29. ऐलान करो: "यह सच है तुम्हारे रब कि तरफ से," फिर जो कोई चाहता है उसे ईमान लाने दो, और जो कोई चाहता है उसे कुफ्र करने दो• हमने खतावारों के लिए तैयार किया है एक आग जो पूरी तरह उनको घेर लेगी• जब वो चिल्लायेंगे मदद के लिए, उनको दिया जायेगा एक पानी कि तरह तेज़ तेज़ाब जो चेहरों को छाला दे देगा• क्या एक अफसोसनाक पीने कि चीज़! क्या एक अफसोसनाक मुकद्दर!

30. जहाँ तक वो जो ईमान रखते हैं और एक नेक ज़िंदगी बसर करते हैं, हम कभी नाकामयाब नहीं होते बदला देने के लिए उनको जो नेककारी वाले आमाल करते हैं•

31. वो मुस्तेहिक हुए हैं अदन के बागों के जिसमें नहरें बहती हैं• वो सजाये जायेंगे वहाँ सोने के कड़ों से, और पहनेंगे कपड़े हरे रेशम और मखमल के, और आराम करेंगे आरामदेह बिछौनों पर• क्या एक ज़बरदस्त इनाम: क्या एक जबरदस्त ठिकाना!

*मिलकियत एक बुत जैसी**

32. बयान करो उनके लिए मिसाल दो आदमियों कि: हमने दिया उनमें से एक को दो बागें अंगूरों के, घिरे हुए खजूर के नख्लों से, और दूसरे अनाजें रखे गये उनके बीच•

33. दोनो बागों ने पैदा किया उनके अनाजे वक्त पर, और कुशादगी से, इसलिए कि हमने एक नहेर बहने दिया उनके बीच से•

34. एक दफा, फसल होने के बाद, उसने शेखी मारते हुए उसके दोस्त से कहा: "मैं कहीं ज़्यादा कामयाब हूँ तुझसे, और मैं ज़्यादा काबू रखता हूँ लोगों से इज़्जत•"

35. जब वो उसके बाग में दाखिल हुआ, उसने उसकी रूह पर गलत किया कहते हुए, "मैं नहीं समझता कि ये कभी खत्म होगा•

36. "बलिके, मैं समझता हूँ वो यही है; मैं नहीं समझता कि वक्त *(अगली ज़िंदगी)* कभी गुज़र जायेगा• अगर मैं मेरे रब को लौटाया जाता हूँ तब भी, मैं होऊंगा *(काफी चालाक)* रखने के लिए उससे भी बेहतर वाला वहाँ पर•"

37. उसके दोस्त ने उससे कहा, जब उसने उससे बहेस किया, "क्या तुमने कुफ्र किया उस वाहिद में जिन्होंने पैदा किया तुम्हें धूल से, फिर एक छोटी सी बूंद से, फिर मुकम्मल किया तुमको एक आदमी में?

38. "जहाँ तक मेरी बात है, **अल्लाह** हैं मेरे रब, और मैं कभी कायम नहीं करूंगा कोई दूसरा खुदा सिवाए मेरे रब के•

एहम
हुक्म

39. "जब तुम दाखिल हुए तुम्हारे बाग में, तुम्हें कहना चाहिए था, 'यह है जो **अल्लाह** ने मुझे दिया है *(माशा अल्लाह)*• कोई ताकत नहीं रखता सिवाए **अल्लाह** के *(ला कुव्वता इल्लाबिल्लाह)*' तुम देख सकते हो कि मैं रखता हूँ तुमसे कम पैसा और कम औलाद•

40. "मेरे रब अता करें मुझको तुम्हारे बाग से बेहतर• वो भेजें एक सख्त आंधी आसमान से जो मिटा दे तुम्हारे बाग को, छोड़ते हुए उसे पूरी तरह बंजर•

41. "या, उसका पानी और गहरा धंस जाये, तुम्हारे पहुँच से बाहर•"

42. वाकई, उसके अनाजें मिटा दिये गये थे, और वो खत्म हुआ गमगीन, मातम मनाते हुए जो उसने खर्च किया उसपर फुज़ूल में, जैसे उसकी मिलकियत पड़ी थी बंजर• उसने आखिर कार कहा, "काश मैंने कभी कायम नहीं किया होता मेरी मिलकियत को एक खुदा जैसा सिवाए मेरे रब के•"

**18:32-42 कुरान बयान करता है कई मिसालें मुखतलिफ खुदाओं कि जिसकी लोग इबादत करते हैं अल्लाह के सिवाए; वो शामिल करते हैं औलाद (7:190), मज़हबी रहबरें और आलिमें (9:31)¸ मिलकियत (18:42), मुर्दा बुर्जुगें और नबियें (16:20-21, 35:14, और 46:5-6), और अना (25:43, 45:23)•*

43. कोई ताकत उसकी मदद नहीं कर पाती ज़मीन पर **अल्लाह** के खिलाफ, नाहीं मुमकिन था उसके लिए कोई मदद पाने का•

44. वो इसलिए कि सिर्फ **अल्लाह** हैं सच्चे रब और मालिक, वो मुहय्या करते हैं सबसे अच्छा अज्र, और उनके पास है सबसे अच्छा मुकद्दर•

45. बयान करो उनके लिए इस ज़िदगी कि मिसाल जैसे पानी जो हम भेजते हैं नीचे आसमान से ज़मीन के पौधों को पैदा करने के लिए, फिर वो बदल जाता है सूखी घांस में जो उड़ा दी जाती है हवा से• **अल्लाह** हैं काबिल सारी चीज़ों को करने के•

दोबारा तरतीब करते हुए
हमारी अव्वलियतों को

46. पैसा और औलाद खुशियाँ हैं इस ज़िंदगी की, लेकिन नेककारी वाले आमाल मुहय्या करते हैं एक दायम अज्र तुम्हारे रब कि तरफ से, और एक कहीं बेहतर उम्मीद•

47. दिन आयेगा जब हम मिटा देंगे पहाड़ों को, और तुम देखोगे ज़मीन बंजर• हम हाज़िर करेंगे उन सारों को, नहीं छोड़ते हुए उनमें से एक को भी•

48. वो पेश किये जायेंगे तुम्हारे रब के सामने एक कतार में• तुम आये हो हमारे पास जैसे तन्हा, जैसा हमने पैदा किया तुम्हें पहले• वाकई, ये है वो जो तुमने दावा किया था कभी न होने का•

49. दफ्तर दिखाया जायेगा, और तुम देखोगे गुनहगार को उसके मज़मूनों से खौफज़दा• वो कहेंगे, "हाय हो हमारे लिए• कैसे यह किताब नहीं छोड़ती है कुछ भी, छोटी या बड़ी, बगैर उसे गिनते हुए?" वो जानेंगे सारी चीज़ों को जो उन्होंने किया सामने लाये गए• तुम्हारे रब कभी नाइंसाफ नहीं हैं किसी कि तरफ•

अल्लाह की मखलूकों का बटवारा

50. हमने फरिश्तों से कहा, "आदम के सामने सजदे में गिर जाओ•" वो सजदे में गिर गये, सिवाए शैतान के• वो बन गया एक जिन, इसलिए कि उसने नाफरमानी की उसके रब के हुक्म की•* क्या तुम चुनोगे उसे और उसकी औलादों को रबों जैसा बजाये मेरे, इसके बावजूद कि वो हैं तुम्हारे दुश्मनें? क्या एक अफसोसनाक बदला!

51. मैंने कभी उनको इजाज़त नहीं दिया गवाह होने का आसमानों और ज़मीन कि पैदाईश का, नाहीं उनके खुदकी पैदाईश का• नाहीं मैं इजाज़त देता हूँ गुनाहगार को मेरी बादशाहत में काम करने का•*

52. दिन आयेगा जब वो कहेंगे, "पुकारों मेरे शरीकों को, जिनको तुमने खुदाएं होने का दावा किया सिवाए मेरे," वो उनको पुकारेंगे, लेकिन वो उनको जवाब नहीं देंगे• एक बेहद ज़बरदस्त आड़ अलग करेगी उनको एक दूसरे से•

53. गुनाहगार देखेंगे जहन्नम, और वो एहसास करेंगे की वो उसमें गिर जायेंगे• वो बच नहीं सकेंगे वहाँ से•

काफिरें इंकार करते हैं कुरान के मुकम्मलपन को
कबूल करने से

54. हमने बयान किया है इस कुरान में हर किस्म के मिसाल, लेकिन इंसान है सबसे ज़्यादा बहेस करने वाली मखलूक•

55. किसी चीज़ ने नहीं रोका लोगों को ईमान लाने से, जब हिदायत आई उनके पास, और उनके रब कि तरफ से मगफरत तलाश करने से, सिवाए ये कि उन्होंने दावा किया देखने का वही *(किस्म के मौजज़ों को)* पिछली नस्लों जैसा, या दावा किया आज़ाब को वक्त से पहले देखने का•

**18:50 जब बड़ी झड़प आसमानी जमात में पेश आई (38:69), सारी मखलूकें बट गई फरिश्तों, जिनों, और इंसानों में (अपेन्डिक्स 7)•*

**18:51 अल्लाह जानते थे कि शैतान और उसका साथ देने वाले (जिनें और इंसाने) गलत फैसला करने वाले थे• इस वजह से उन्हें अलाहयदा रखना पैदाईश कि तरतीब का गवाह होने से•*

56. हम सिर्फ भेजते हैं रसूलों को फकत अच्छी खबरों को पहुँचाने वाले, साथ साथ ताकीद करने वाले जैसा• जो कोई कुफ्र करते हैं बहेस करते हैं झूठ से सच को हराने के लिए, और वो लेते हैं मेरी सबूतों और ताकीदों को फुजूल में•

खुदाई दखलअंदाज़ी

57. कौन हैं ज़्यादा उनसे बुरे जिनको याद दिलाया जाता है उनके रब के सबूतें, फिर उनको नज़रअंदाज़ करते हैं, बगैर एहसास करते हुए वो क्या कर रहे हैं• इस वजह से, हम रखते हैं उनके दिलों पर ढालों को इसे *(कुरान)* समझने से रोकने के लिए, और बहरापन उनके कानों में• इस तरह, चाहे तुम कुछ भी करो उनको हिदायत करने के लिए, वो कभी भी हिदायतयाफ्ता नहीं हो सकते•

58. इसके बावजूद, तुम्हारे रब हैं माफ करने वाले, रहमत से भरे• अगर वो उनको बुलायें उनके आमालों के हिसाब के लिए, वो फनाह कर देंगे उनको वहीं और तभी• बलिके, वो देते हैं उनको एक मोहलत पहले से मुकर्रर किये गये, एक खास वक्त तक; फिर वो कभी नहीं बच सकते•

59. कई एक कौम को हमने फनाह किया उनके खताओं कि वजह से, हमने मुकर्रर किया एक खास वक्त उनके फनाह के लिए•

कीमती सबकें मूसा और
उसके उस्ताद से

60. मूसा ने उसके खदिम से कहा, "मैं आराम नहीं करूंगा जब तक मैं पहुँच न जाऊँ उस जगह पर जहाँ दो नदियाँ मिलती हैं, चाहे उसे कितना ही वक्त लग जायें•

61. जब वो पहुँचे उस जगह पर जहाँ वो मिले, वो उनकी मछली को भूल गये, और उसने पाया उसका रास्ता वापस नदी को, चुपके से•

62. इसके बाद कि वो उस जगह से गुज़रे, उसने उसके खादिम को कहा, "चलें हम खाना खायें• यह सारे सफर ने हमे पूरी तरह थका दिया है•"

63. उसने कहा, "याद करो जब हम बैठे चट्टान के पास वहाँ पीछे? मैंने कोई ध्यान नहीं दिया मछली कि तरफ• वो था शैतान जिसने मुझे उसे भुला दिया, और उसने पाया उसका रास्ता वापस नदी को, अजीब तरीके से•"

64. *(मूसा ने)* कहा, "वो थी जगह जो हम ढूंढ़ रहे थे•" उन्होंने खोज किया पीछे उनके कदमों को•

65. उन्होंने पाया हमारे एक बंदे को, जिसको हमने बक्शा रहमत से, और उसपर इनायत किया हमारे खुदके इल्म से•

66. मूसा ने उससे कहा, "क्या मैं तुम्हारे पीछे चलुं, ताके तुम मुझको सिखा सको तुम्हारे ऊपर इनायत किये गये कुछ इल्म और हिदायत?"

67. उसने कहा, "तुम कभी बरदाश्त नहीं कर सकते मेरे साथ होने के लिए•

68. "तुम कैसे बरदाश्त कर सकते हो वो जो तुम नहीं समझते?"

69. उसने कहा, "तुम पाओगे मुझको, साबिर, **अल्लाह** ने चाहा• कोई हुक्म तुम मुझे देते हो मैं नाफरमानी नहीं करूंगा•

70. उसने कहा, "अगर तुम मेरे पीछे चलो, फिर तुमको नहीं पूछना चाहिए किसी चीज़ के बारे में मुझ से, जब तक मैं न चुनुं तुम्हे बताने का उसके बारे में•"

71. तो वो गये• जब वो एक कश्ती पर सवार हुए, उसने उसमें एक सुराग बना दिया• उसने कहा, "क्या तुमने उसमें एक सुराग बनाया उसके लोगों को डुबोने के लिए? तुमने किया है कुछ भयानक•"

72. उसने कहा, “क्या मैंने नहीं कहा कि तुम कभी बरदाश्त नहीं कर सकते मेरे साथ होने के लिए?”

73. उसने कहा, “मैं माफी चाहता हूँ• मुझे सज़ा न दो मेरे भुलनेपन के लिए; मेरे साथ ज़्यादा सख्त न हो•”

74. तो वो गये• जब वो मिले एक जवान लड़के से, उसने उसे कत्ल कर दिया• उसने कहा, “तुमने क्यों कत्ल किया ऐसी एक मासूम रूह को, जिसने किसी दूसरी रूह को कत्ल नहीं किया? तुमने किया है कुछ दहशतनाक•”

75. उसने कहा, “क्या मैंने तुमको नहीं कहा कि तुम कभी बरदाश्त नहीं सकते मेरे साथ होने के लिए?”•

76. उसने कहा, “अगर मैं पुछूं किसी और चीज़ के बारे में, तो मुझे नहीं रखना तुम्हारे साथ• तुमने देखा है काफी माफियों को मेरी तरफ से•”

77. फिर वो गये• जब वो पहुँचे कोई एक कौम को, उन्होंने लोगों से खाने के लिए पूछा, लेकिन उन्होंने उनकी मेज़बानी करने से इंकार किया• अनकरीब, उन्होंने पाया एक दिवार जो ढहने वाली थी, और उसने उसे ठीक कर दिया• उसने कहा, “तुम उनसे मज़दूरी का दावा कर सकते थे उसके लिए!”

वहाँ है एक अच्छी वजह
हर चीज़ के लिए

78. उसने कहा, “अब हमें अलग होना होगा सोहबत से• लेकिन मैं समझाऊंगा सारी चीजें जिनको तुम बरदाश्त न कर सके•

79. “जहाँ तक कश्ती, वो गरीब मछेरों की थी, और मैं उसे ऐबदार बनाना चाहता था• वहाँ था एक राजा जो उनके पीछे आ रहा था, जो ज़प्त कर रहा था हर कश्ती को, ज़बरदस्ती•

80. “जहाँ तक लड़का, उसके वालिदैन थे अच्छे ईमानवाले, और हमने देखा कि वो उनपर बोझ डालने जा रहा था उसके खता और कुफ्र के साथ•*

81. “हमने चाहा कि तुम्हारे रब बदल दें दूसरा बेटा उसकी जगह में; एक वो जो बेहतर हो नेककारी और रहमदिली में•

82. “जहाँ तक दिवार, वो थी शहर में दो यतीम लड़को की• उसके नीचे, वहाँ था एक खाज़ाना जो था उनका• क्योंकि उनका वालिद था एक नेककार आदमी, तुम्हारे रब ने चाहा उनको बड़ा होने और पूरी ताकत हासिल करने, फिर निकालने का उनके खज़ाने को• ऐसी है रहमत तुम्हारे रब कि तरफ से• मैंने वो कुछ नहीं किया मेरी खुदकी मरज़ी से• यह है खुलासा चीज़ों का जिनको तुम बरदाश्त नहीं कर पाये•

जुल-करनैन:
दो सींगों के साथ
या दो नस्लों वाला

83. वो तुमसे जुल-करनैन के बारे में पूछते हैं• कहो, “मैं बयान करूंगा तुमको उसकी कुछ तारीख•”

84. हमने अता किया उसको इख्तियार ज़मीन पर, और मुहय्या किया उसको हर किस्मों के ज़रियों से•

85. फिर, उसने पीछा किया एक रास्ता•

86. जब पहुँचा दूर मगरिब को, उसने पाया सूरज को एक बड़े समंदर में डूबता हुआ, और पाया लोगों को वहाँ• हमने कहा, “ऐ जुल-करनैन, तुम हुकुमत कर सकते हो जैसा तुम चाहो; चाहे सज़ा दो, या नर्म हो उनकी तरफ•”

87. उसने कहा, “जहाँ तक वो जो खता करते हैं, हम उनको सज़ा देंगे, फिर, जब वो लौटेंगे उनके रब कि तरफ, वो हवाले करेंगे उनको ज़्यादा आज़ाब कि तरफ•

88. “जहाँ तक वो जो ईमान रखते हैं और एक नेक ज़िंदगी बसर करते हैं, वो पाते हैं एक अच्छा इनाम; हम उनके साथ नरमी से पेश आयेंगे•”

89. फिर उसने पीछा किया दूसरा रास्ता•

90. जब वो पहुँचा दूर मशरिक को, उसने पाया सूरज को लोगों पर उगता जिनके पास कुछ नहीं था उससे उनको आड़ करने के लिए•

91. ज़ाहिर है, हम थे पूरी तरह वाकिफ सारी चिज़ों से जो उसने पता लगाया•

92. फिर उसने पीछा किया दूसरा रास्ता•

93. जब वो पहुँचा दो बाड़ों के दरमियान वादी को, उसने पाया लोगों को जिनकी ज़बान थी मुश्किल से समझने के काबिल•

**18:80 अडॉल्फ हिटलर था एक प्यारा और बज़ाहिर मासूम बच्चा• अगर वो एक बच्चा जैसा मरा होता, कईयोंने गम किया होता, और यहाँ तक कईयों ने सवाल किया होता अल्लाह कि हिकमत को• हम सीखते हैं इस गहरे सबकों से कि वहाँ है एक अच्छी वजह हर चीज़ के पीछे•*

*याजूज और माजूज**

94. उन्होंने कहा, "ऐ जुलकरनैन, याजूज और माजूज हैं ज़मीन कि खराबी करने वाले• क्या हम तुम्हें मुआवज़ा दे सकते हैं एक आड़ बनाने के लिए हमारे और उनके बीच?"

95. उसने कहा, "मेरे रब ने दिये हैं मुझको बड़ी नियामतें• अगर तुम मेरा साथ दो, मैं बनाऊंगा एक बांध तुम्हारे और उनके बीच•

96. "लाओ मेरे पास लोहे के ढेरों को•" जब उसने बाड़ियों के बीच खाई को भरा, उसने कहा, "आग लपटाओ•" जब वो तप कर लाल हो गया, उसने कहा, "मदद करो मेरी उस पर डामर उंडेलने को•"

97. इस तरह, वो उसपर चढ़ नहीं सके, नाहीं वो उसमें छेद कर सके•

98. उसने कहा, "ये रहमत है मेरे रब कि तरफ से• जब मेरे रब कि पेशीनगोई गुज़र जायेगी, वो सबब बनेंगे बांध के रेज़ा रेज़ा होने का• मेरे रब की पेशीनगोई है सच•"

99. उस वक्त पर, हम इजाज़त देंगे उन्हें एक दूसरे पर हमला करने को, फिर सुर फूंका जायेगा, और हम हाज़िर करेंगे उन सारों को एक साथ•

100. हम पेश करेंगे जहन्नम, उस दिन पर, काफिरों के लिए•

101. ये वो हैं जिनकी आँखों पर बहुत परदा था मेरे पैगाम को देखने के लिए• नाहीं वो सुन सके•

102. क्या वो जिन्होंने कुफ्र किया समझा कि वो बच सकते हैं कायम करते हुए मेरे बंदों को खुदाओं जैसा मेरे सिवाए? हमने तैयार किया है काफिरों के लिए जहन्नम एक दाईम ठिकाने जैसा•

अपने आप को जाँचो

103. कहो, "क्या मैं बताऊँ तुमको कौन है सबसे बुरे हारने वाले?

104. "ये वो हैं जिनकी कामें हैं पूरी तरह गुम इस ज़िंदगी में, लेकिन वो समझते हैं कि वो कर रहे हैं अच्छा•"

105. ऐसे हैं वो जिन्होंने कुफ्र किया उनके रब की आयतों में और उनसे मिलने में• इसलिए, उनके आमालें हैं ज़ाया; हश्र के दिन पर, उनके पास न होगा वज़न•

106. उनका सही बदला है जहन्नम, बदले में उनके कुफ्र के लिए, और मेरी आयतों और मेरे रसूलों का मज़ाक उड़ाने के लिए•

107. जहाँ तक वो जो ईमान रखते हैं और एक नेक ज़िंदगी बसर करते हैं वो मुस्तेहिक हुए हैं एक मुसर्रत वाली जन्नत का उनके ठिकाने जैसा•

108. वो रहते हैं उसमें हमेशा के लिए; वो कभी भी नहीं चाहेंगे कोई दूसरा बदला•

कुरान:
सारी चीज़ें जो हमें चाहिए

109. कहो, "अगर समंदर होते स्याही मेरे रब के लफ्ज़ों के लिए, समंदर खत्म हो जाता, इससे पहले कि मेरे रब के लफ्ज़ें खत्म होते, अगर हम दुगना भी कर दें स्याही कि तादाद•

110. कहो, "मैं तुम्हारी तरह एक इंसान से ज़्यादा कुछ नहीं हूँ, जिसे इल्हाम किया गया कि तुम्हारे खुदा हैं एक खुदा• जो कोई उम्मीद करते हैं उनके रब से मिलने का चाहिए कि नेककारी वाले काम करें, और कभी इबादत न करें किसी दूसरे खुदा की सिवाय उसके रब के•"

****

सुरह 19: मरयम
(मरयम)

अल्लाह के नाम से,
सबसे मेहरबान, सबसे रहम वाले

**18:94-98 अल्लाह के वादे के रसूल कि तरह मेरी ज़िम्मेदारियों में से एक है बयान करना कि याजूज और माजूज, आखरी निशानी दुनिया के खत्म होने से पहले, दोबारा दिखाई देंगे 2270 एडी (1700 हिजरी) में, बस खत्म होने से 10 सालों पहले• ध्यान दो कि याजूज और माजूज वाकै होते हैं सुरतें 18 और 21 में, सही सही 17 आयतों पहले हर सुरह के खत्म होने के, नुमाइंदगी करते हुए 17 चाँद कि सदियाँ• (देखें 72:27 और अपेन्डिक्स 25)•*

1599 *92726*

385. क• ह• य• ऐ• सा•* *(काफ हा या ऐन साद)*

ज़करिया

386. एक बयान तुम्हारे रब कि रहमत के बारे में उनके बंदे ज़करिया कि तरफ•

387. उसने पुकारा उसके रब को, एक खुफिया पुकार•

388. उसने कहा, "मेरे रब, हड्डियाँ कमज़ोर हो चुकी हैं मेरे जिस्म में, और मेरे बाल शिद्दत से सफेद हैं• जब मैं आप से इल्तेजा करता हूँ मेरे रब, मैं कभी नाउम्मीद नहीं होता•

389. "मैं फिक्र करता हूँ मेरे बाद मुझपर आसरा रखने वालों के बारे में, और मेरी बिवी है बांझ• अता करिये मुझको, आप की तरफ से, एक वारिस•

390. "उसे मेरा वारिस और याकूब के कुम्बे का वारिस होने दीजिए, और बनाईये उसे, मेरे रब, काबिले कबूल•"

याहया

391. "ऐ ज़करिया, हम देते हैं तुझको अच्छी खबर; एक बेटा जिसका नाम होगा याहया• हमने कभी पैदा नहीं किया किसी को पहले उसके जैसा•"

392. उसने कहा, "मेरे रब, क्या मुझे होगा एक बेटा मेरी बीवी के बांझ होने के बावजूद, और मेरे बुढ़ापे के बावजूद?"

393. उसने कहा, "ऐसा कहा तुम्हारे रब ने: 'ये आसान है मेरे लिए करना• मैंने पैदा किया तुमको उससे पहले, और तुम थे कुछ भी नहीं •'"

394. उसने कहा, "मेरे रब, दीजिए मुझे एक निशानी•" उन्होंने कहा, "तुम्हारी निशानी है कि तुम लोगों से बात नहीं करोगे तीन लगातार रातों के लिए•"

395. वो बाहर आया उसके कुम्बे कि तरफ, मेहराब से, और उनको इशारा किया: "ध्यान करो *(अल्लाह पर)* दिन और रात•"

396. "ऐ याहया, तुम्हें आसमानी किताब को मज़बूती से, बरकरार रखना चाहिए•" हमने बक्शा उसे हिकमत के साथ, उसकी जवानी में भी•

397. और *(हमने बक्शा उसे साथ)* नर्म दिली और पाकीज़गी हमारी तरफ से, इसलिए कि वो था नेक•

398. उसने उसके वालिदैन कि इज़्जत किया, और नहीं था कभी एक नाफरमान ज़ालिम•

399. सलामती हो उसपर जिस दिन वो पैदा हुआ था, जिस दिन वो मरता है, और जिस दिन वो दोबारा ज़िंदा किया जाता है जिंदगी को•

मरयम

400. बयान करो आसमानी किताब में मरयम• उसने अपने आप को अलग किया उसके कुम्बे से, एक मशरिकी जगह में•

401. जबकी एक आड़ ने अलग किया उसे उनसे, हमने भेजा उसकी तरफ हमारी रूह• वो गया उसकी तरफ एक इंसान के रूप में•

402. उसने कहा, "मैं सबसे महेरवान में पनाह चाहती हूँ, ताके तुम नेक हो सको•"

403. उसने कहा, "मैं रसूल हूँ तुम्हारे रब का, तुम्हे अता करने के लिए एक पाक बेटा•"

404. उसने कहा, "मुझे कैसे एक बेटा हो सकता है, जबकी मुझे किसी मर्द ने नहीं है छुआ; मैं नहीं रही हूँ कभी बदचलन•"

405. उसने कहा, "ऐसा कहा तुम्हारे रब ने, 'ये आसान है मेरे लिए• हम बनायेंगे एक निशानी उसको लोगों के लिए,

और रहमत हमारी तरफ से। ये है एक पहले से तय किया गया मामला।'"

**19:1 यह है सबसे ज़्यादा तादाद कुरानी इनिशियलों की, इसलिए कि ये सुरह ताल्लुकात रखते हैं ऐसे एहम मामलों के साथ जैसा करामाती पैदाईश याहया की और बिन ब्याही पैदाइश ईसा की, और मज़बूती से मलामत करता है बड़ी बेअदबी जो मानते हैं ईसा को अल्लाह का बेटा। पाँच इनिशियलें मुहय्या करते हैं एक ताकतवर जिस्मानी सबूत इन मसलों कि मदद करने के लिए (देखें अपेन्डिक्स 1 और 22)।*

ईसा की पैदाइश

406. जब उसने हमल में लिया उसे, उसने अपने आप को अलग किया एक दूर जगह को।

407. जनने का वक्त उसको आया एक नख्ल के दरख्त के तने के पास। उसने कहा, *"(मैं इतनी शर्मिंदा हूँ;)* काश मैं मर जाती, और पूरी तरह भुला दी जाती यह होने से पहले।"

408. *(मासूम बच्चे ने)* पुकारा उसे उसके नीचे से, कहते हुए, "गमज़दा न हो। तुम्हारे रब ने मुहय्या किया है तुम्हें एक नहर के साथ।

409. "अगर तुम इस नख्ल के दरख्त के तने को हिलाओ, वो गिरायेगा पके खजूरें तुम्हारे लिए।*

410. "खाओ और पियो, और रहो खुश। जब तुम देखो किसी को, कहो, 'मैंने एक खामोशी का एहद किया है; मैं किसी से बात नहीं कर रही आज।'"

411. वो आई उसके कुम्बे कि तरफ, उसे लिये हुए। उन्होंने कहा, ऐ मरयम, तुमने किया है कुछ जो है पूरी तरह खिलाफे उम्मीद।

412. "ऐ हारून की औलाद, तुम्हारे वालिद नहीं थे एक बुरे आदमी, नाहीं तुम्हारी माँ थी बदचलन।"

मासूम बच्चा देता है
एक बयान

413. उसने उसकी तरफ इशारा किया। उन्होंने कहा, "हम कैसे बात कर सकते हैं पालने में एक मासूम बच्चे से?"

414. *(मासूम बच्चे ने बात किया और)*, कहा, "मैं हूँ **अल्लाह** का एक बंदा। उन्होंने दिया है मुझे आसमानी किताब, और मुकर्रर किया है मुझे एक नबी।

415. "उन्होंने मुझे मुबारक बनाया है जहाँ भी मैं जाऊँ, और ताकीद किया मुझको रावता नमाजें *(सलात)* और ज़रूरी खैरात *(ज़कात)* कायम करने के लिए जब तक मैं ज़िंदा रहूँ।

416. "मैं मेरी वालिदा की इज़्जत करूँ; उन्होंने मुझको नहीं बनाया एक नाफरमान बागी।

417. "और सलामती हो मुझपर जिस दिन मैं पैदा हुआ था, जिस दिन मैं मरता हूँ, और जिस दिन मैं दोबारा ज़िंदा किया जाता हूँ।"

साबित सच्चाई

418. वो था ईसा, मरयम का बेटा, और यह इस मामले कि सच्चाई है, जिसके बारे में वो जारी रहते हैं शक करने के लिए।

419. ये नहीं जचता **अल्लाह** को कि वो जनें एक बेटा, उनकी बड़ाई हो। कोई चीज़ करने के लिए, वो सिर्फ उसे कहते हैं, "हो," और वो हो जाता है।

420. उसने यह भी ऐलान किया, "**अल्लाह** हैं मेरे रब और तुम्हारे रब; तुम्हें सिर्फ उनकी इबादत करनी चाहिए। यह है सही रास्ता।"*

421. मुख्तलिफ जमातों ने बहेस किया उनके आपस में *(ईसा की पहचान के मुताल्लिक)*। इसलिए, हाय हो उनके लिए जो कुफ्र करते हैं एक भयानक दिन के मनज़र से।

422. इंतेज़ार करो उस वक्त तक जब तुम उन्हें देखोगे और उन्हें सुनोगे जब वो आयेंगे हमारा सामना करने के लिए। खतावारें उस दिन पर होंगे पूरी तरह गुम।

423. खबरदार करो उनको नदामत वाले दिन के बारे में, जब फैसला जारी किया जायेगा। वो हैं पूरी तरह गाफिल; वो ईमान नहीं रखते।

424. हम हैं जो कब्ज़ा करते हैं ज़मीन और हर एक को उसपर; हमारी तरफ हर एक लौटाये जायेंगे।

इब्राहीम

425. बयान करो आसमानी किताब में इब्राहीम; वो थे एक बुर्जुग, एक नबी।

*19:25 इस तरह, ईसा पैदा हुए थे आखीर सितम्बर या अक्तूबर कि शुरूआत में• ये वक्त है जब खजूरें पकते हैं मशरिकी मुमालिकों में पेड़ से गिरने कि हद तक•

*19:36 यह वैसा ही जुमला है जो इंजील के जॉन 20:17 में ईसा को मनसूब किया गया है•

426. उन्होंने उनके वालिद से कहा, "ऐ मेरे वालिद, आप क्यों इबादत करते हैं जो नाहीं सुन सकता है, नाहीं देख, नाहीं मदद कर सकता है आपकी किसी राह में?

427. "ऐ मेरे वालिद, मैंने पाया है कुछ इल्म जो आपने नहीं पाया• मेरी पैरवी करिये, और मैं आपकी हिदायत करूंगा एक सीधी राह में•

428. "ऐ मेरे वालिद, शैतान कि इबादत न करिये• शैतान ने बगावत की है **सबसे मेहरबान** के खिलाफ•

429. "ऐ मेरे वालिद, मैं डरता हूँ ताके आप न पाओ आज़ाब **सबसे मेहरबान** कि तरफ से, फिर बन जाओ एक साथी शैतान के•"

430. उसने कहा, "क्या तुमने तर्क कर दिया है मेरे खुदाओं को, ऐ इब्राहीम? अगर तुम नहीं थमते, मैं तुम्हें पत्थर मारूंगा• मुझे छोड़ दो अकेला•"

431. उसने कहा, "तुम पर सलामती हो• मैं इल्तेजा करूंगा मेरे **रब** से आप को माफ करने के लिए; **वो** रहे हैं **सबसे रहीम** मेरी तरफ•

432. "मैं छोड़ दूंगा आप को और खुदाओं को जिनकी आप इबादत करते हैं **अल्लाह** के सिवाए• मैं इबादत करूंगा सिर्फ मेरे **रब** की• सिर्फ मेरे **रब** से इल्तेजा करते हुए, मैं कभी गलत नहीं हो सकता•"

433. इसलिए कि उसने छोड़ दिया उनको और खुदाओं को जिनकी वो इबादत करते थे **अल्लाह** के सिवाए, हमने अता किया उसे इसहाक और याकूब, और हमने उनमें से हर एक को बनाया एक नबी•

434. हमने बरसाया उनको हमारी रहमत से, और हमने अता किया उनको एक इज़्जत वाला मकाम तारीख में•

मूसा

435. बयान करो आसमानी किताब में मूसा• वो थे सावित कदम, और वो थे एक रसूल नबी•

436. हमने पुकारा उसे कोहेतूर की दाहिनी तरफ से• हम लाये उसे करीब, उससे बात करने के लिए•

437. और हमने अता किया उसे, हमारी रहमत से, उसके भाई हारून को एक नबी जैसा•

438. और बायन करो आसमानी किताब में इस्माईल• वो थे सच्चे जब उन्होंने किया एक वादा, और वो थे एक रसूल नबी•

439. वो ताकीद किया करता थे उनके कुम्बे को रावता नमाज़े *(सलात)* और ज़रूरी खैरात *(ज़कात)* कायम करने के लिए; वो थे काबिले कबूल उनके **रब** कि तरफ•

440. और बयान करो आसमानी किताब में इदरीस• वो थे एक बुजुर्ग, एक नबी•

441. हमने बुलंद किया उन्हें एक इज़्जत वाले दरजे को•

442. ये हैं कुछ नबियें जिनको **अल्लाह** ने बक्शा• वो चुने गये थे आदम कि औलादों में से, और औलादें उनकी जिनको हम ले गये नुह के साथ, और औलादें इब्राहीम और इस्राईल की, और उनमें से जिनको हमने हिदायत किया और चुना• जब **सबसे मेहरबान** कि आयतें पढ़ी जाती हैं उनके लिए, वो गिर जाते हैं सजदे में, रोते हुए•

खोते हुए
रावता नमाजें
(सलात)

443. उनके बाद, उन्होंने बदला नस्लों को जिन्होंने खोया रावता नमाज़ें *(सलात),* और पीछा किया उनकी हवसों का• वो झेलेंगे अंजामों को•

444. सिर्फ वो जो तौवा करते हैं, ईमान रखते हैं, और एक नेक ज़िंदगी बसर करते हैं दाखिल होंगे जन्नत में, बगैर ज़रा सी भी नाइंसाफी के•

445. अदन कि बागें उनका इंतेज़ार कर रहें हैं, जैसा वादा किया गया है **सबसे मेहरबान** कि तरफ से उनके लिए

जो उनकी इबादत करते हैं, तन्हाई में भी• यकीनन, उनका वादा ज़रूरी है हो गुज़रे•

446. वो नहीं सुनेंगे उसमें कोई खुराफात, सिर्फ सलाम• वो पाते हैं उनकी नियामतें उसमें, दिन और रात•

447. ऐसी है जन्नत; हम अता करते हैं उसे हमारे बंदों में से उनको जो हैं नेककार•

448. हम नहीं आते नीचे सिवाए तुम्हारे रब के हुक्म से• उनके पास है हमारा माज़ी, हमारा मुस्तकबिल, और सारी चीज़ उनके दरमियान• तुम्हारे रब कभी नहीं भूलते•

449. आसमानों और ज़मीन, और उनके दरमियान सारी चीज़ों के रब; तुम्हे चाहिए उनकी इबादत करना और साबित कदमि से कायम रहना उनकी इबादत करने में• क्या तुम जानते हो किसी को जो है बराबर उनके?

450. इंसान पूछता है, "मेरे मरने के बाद, क्या मैं वापस ज़िंदगी को आऊंगा?"

451. क्या इंसान भूल गया कि हमने उसे पैदा किया पहले से, और वो था कुछ नहीं?

खास ताकीद
रहबरों के लिए

452. तुम्हारे रब कि कसम, हम यकीनन उनको हाज़िर करेंगे, शयातीनों के साथ, और जमा करेंगे उनको जहन्नम के आसपास, रूसवा किये गये•

453. फिर हम सबसे मेहरबान के सबसे संगीन मुखालिफ को चुन कर निकालेंगे हर गिरोह से•

454. हम पूरी तरह जानते हैं उन्हें जो हैं सबसे ज़्यादा मुस्तेहिक उसमें जलाये जाने के•

*हर कोई देखता है जहन्नम**

455. तुम में से हर एक ज़रूरी है देखे उसे; यह है एक न बदलने वाला फैसला तुम्हारे रब का•

456. फिर हम बचाते हैं नेककार को, और छोड़ते हैं खतावारों को उसमें, रूसवा किये गये•

ज़्यादा तादाद

457. जब हमारी आयतें पढ़कर सुनाई जातीं हैं उनको, साफ साफ, वो जो कुफ़्र करते हैं कहते हैं उनको जो ईमान रखते हैं, "हममें से कौन है ज़्यादा तरक्कीयाफ्ता? हममें से कौन है ज़्यादा तादाद में?"

458. कई एक नस्ल हमने किया है फनाह उनसे पहले; वो थे ज़्यादा ताकतवर, और ज़्यादा तरक्कीयाफ्ता•

459. कहो, "जो कोई चुनें गुमराह होने के लिए, सबसे मेहरबान रहनुमाई करेंगे उनकी उसपर, जब तक वो देख न लें जो वादा किया गया है उनके लिए — या आज़ाब या वक्त• वही है जब वो जानेंगे कौन है असल में सबसे ज़्यादा बुरा, और ज़्यादा ताकत में कमज़ोर•"

460. **अल्लाह** उनकी हिदायत को बढ़ाते हैं जो चुनते हैं हिदायतयाफ्ता होने के लिए• इसलिए कि अच्छी आमालें हमेशा के लिए इनाम दिये गये हैं तुम्हारे रब कि तरफ से, और लाते हैं कहीं बेहतर बदले•

461. क्या तुमने ध्यान दिया है उसे जो ठुकराता है हमारी आयतों को फिर कहता है, "मुझे दिया जायेगा दौलत और औलाद"?!

462. क्या उसने देखा है मुस्तकबिल? क्या उसने लिया है ऐसा एक वादा सबसे मेहरबान कि तरफ से?

463. वाकई, हम दर्ज करेंगे जो वो कहता है, फिर हवाले करेंगे उसे हमेशा बढ़ती आज़ाब कि तरफ•

464. फिर हम कब्ज़ा करते हैं सारी चिज़ें जिसका वो मालिक था, और वो आता है वापस हमारे पास बिल्कुल अकेला•

**19:71 जैसा तफसील किया गया है अपेन्डिक्स 11 में, अल्लाह के जिस्मानी पहुँचने से पहले हमारे कायनात को हम दोबारा ज़िंदा किये जायेंगे• वो होगा एक आरज़ी जहन्नम का चखना, चुँकी अल्लाह कि गैरमौजूदगी है जहन्नम• जब अल्लाह आयेंगे (89:22), नेककार बचा लिये जायेंगे• देखें 19:72•*

1. वो **अल्लाह** के सिवाए दूसरे खुदाओं कि इबादत करते हैं ताके हो सकें उनके लिए मदद करने वाले॰

बुतें ठुकराते हैं
उनकी इबादत करने वालों को

2. बिल्कुल नहीं; वो ठुकरायेंगे उनकी बुतपरस्ती, और होंगे उनके दुश्मनें॰

3. क्या तुम नहीं देखते कैसे हम आज़ाद करते हैं शयातीनों को कुफ्र करने वालों पर उनको परेशान करने के लिए?

4. बेसब्र न हो; हम तैयार कर रहे हैं उनके लिए कुछ तैयारी॰

5. दिन आयेगा जब हम हाज़िर करेंगे नेककारों को सबसे मेहरबान के सामने एक गिरोह में॰

6. और हम हांकेंगे मुजरिम को जहन्नम कि तरफ, उनका दाईम ठिकाना होने के लिए॰

7. कोई भी ताकत नहीं रखेगा शिफाअत के लिए, सिवाए उनके जो सबसे मेहरावान के कानूनों के मुताबिक होंगे॰

बड़ी बेअदबी

8. उन्होंने कहा, "सबसे मेहरबान ने जना है एक बेटा!"

9. तुमने कहा है एक बड़ी बेअदबी॰

10. आसमानें तकरीबन फूटने को हैं, ज़मीन तकरीबन अलहायदा फटने को है, और पहाड़ें तकरीबन रेज़ा रेज़ा होने को हैं॰

11. क्योंकि वो दावा करते हैं कि सबसे मेहरबान ने जना है एक बेटा॰

12. यह नहीं जचता सबसे मेहरबान को कि वो जनें एक बेटा॰

13. आसमानों और ज़मीन में हर एक है एक बंदा सबसे मेहरबान का॰

14. उन्होंने उनको घेरे में लिया है, और गिना है उनको एक के बाद एक॰

15. वो सारे आयेंगे उनके सामने हश्र के दिन पर जैसे तन्हा॰

16. यकीनन, जो कोई ईमान रखें और एक नेक ज़िंदगी बसर करें, सबसे मेहरबान बरसायेंगे उनको चाहत के साथ॰

17. हमने इस तरह वाज़े किया हुआ बनाया इसे *(कुरान)* तुम्हारी ज़बान में, ताके पहुँचायें अच्छी खबरें ईमानवालों को, और मुखालिफों को उससे खबरदार करने के लिए॰

18. कई एक नस्ल हमने फनाह किया उनसे पहले; क्या तुम महसूस कर सकते हो उनमें से किसी को, या सुन सकते हो उनसे कोई आवाज़?

****

सुरह 20: त॰ ह॰
(ता हा)

अल्लाह के नाम से,
सबसे मेहरबान, सबसे रहम वाले

1. त॰ ह॰*

2. हमने नाज़िल नहीं किया कुरान तुम्हारी तरफ, तुम्हें कोई मेहनत कशी का सबब होने के लिए॰

3. सिर्फ अदब करने वाले को याद दिलाने के लिए॰

4. एक वही ज़मीन और ऊंचे आसमानों के पैदा करने वाले कि तरफ से॰

5. सबसे मेहरबान; उन्होंने लिया है सारे इकतेदार को॰

6. उनकी हैं सारी चीज़ें आसमानों, और ज़मीन में, और सारी चीज़ें उनके दरमियान, और सारी चीज़ें ज़मीन के तले॰

7. चाहे तुम ऐलान करो तुम्हारे इरादों को *(या नहीं)* वो जानते हैं राज़, और जो है उससे भी ज़्यादा छिपा॰

*20:1 किरदार इन कुरानी इनिशियलों का जैसे कुरान के ज़बरदस्त रियाज़ी मौजज़े जैसा दिया गया है तफसील में अपेन्डिक्स 1 में॰

8. **अल्लाह**; कोई दूसरा खुदा नहीं सिवाए उनके॰ उनके हैं सबसे खूबसुरत नामें॰

9. क्या तुमने ध्यान दिया है मूसा कि तारीख?

10. जब उसने देखा एक आग, उसने उसके कुम्बे से कहा, “ठहरो यहाँ॰ मैंने देखा है एक आग॰ हो सकता है मैं लाऊं तुमको उसका कुछ, या पाऊं कुछ हिदायत आग के पास॰”

11. जब वो उसके पास आया, उसे पुकारा गया था, “ऐ, मूसा॰

12. “मैं हूँ तुम्हारा रब; तुम्हारे चप्पलों को निकालो॰ तुम हो तुवा, कि मुकद्दस वादी में॰

13. “मैंने तुमको चुना है, तो सुनो जो नाज़िल किया जा रहा है॰

14. “मैं हूँ **अल्लाह**; कोई दूसरा खुदा नहीं सिवाए मेरे॰ तुम्हें सिर्फ मेरी इबादत करनी चाहिए, और रावता नमाज़ें *(सलात)* कायम करो मुझको याद करने के लिए॰

दुनिया का खत्म होना
*छुपा नहीं है**

15. “वक्त *(दुनिया का खत्म)* यकीनन आ रहा है; मैं उसे तकरीबन छुपा रखूंगा॰ इसलिए कि हर रूह को ज़रूरी है अदा किया जाना उसके कामों के लिए॰

16. “उससे फिर न जाओ उनकी वजह से जो उसमें ईमान नहीं रखते — जो कोई पीछा करते हैं उनके खुद के रायों का—ताके तुम गिर न पड़ो॰

17. “ये क्या है तुम्हारे दाहिने हाथ मे, मूसा?”

18. उसने कहा, “यह आसा है मेरा॰ मैं उसपर सहारा लेता हूँ, उससे मेरे भेड को हांकता हूँ, और मैं इस्तेमाल करता हूँ उसे दूसरे कामों के लिए॰

19. उन्होंने कहा, “फेंको उसे नीचे, मूसा॰”

20. उसने उसे नीचे फेंका, जिसपर वो बन गया एक हरकत करता हुआ सांप॰

21. उन्होंने कहा, “उसे उठाओ; खौफज़दा न हो॰ हम लौटायेंगे उसे उसके असल हालत को॰

22. “और थामों तुम्हारे हाथ को तुम्हारे बाजु के नीचे; वो बाहर आयेगा सफेद बगैर एक दाग के; एक और सबूत॰

23. “इस तरह हम दिखाते हैं तुम्हें हमारी बड़ी निशानियों से कुछ॰

24. “जाओ फिरऔन कि तरफ, इसलिए कि वो हद से निकल गया है॰”

25. उसने कहा, “मेरे रब, मेरे मिज़ाज को ठंडा करिये॰

26. “और करिये ये मामला आसान मेरे लिए॰

27. “और मेरी ज़बान से एक गाँठ को खोलिये॰

28. “ताके वो मेरी बोली समझ सकें॰

29. “और मुकर्रर करिये एक मददगार मेरे लिए मेरे कुंबे से॰

30. “मेरा भाई हारून॰

31. “मज़बूत करिये मुझे उसके साथ॰

32. “उसे मेरा शरीक होने दीजिये इस मामले में॰

33. “ताके हम आपकी बड़ाई कर सकें लगातार॰

34. “और ज़िक्र करें आपका लगातार॰

35. “आप हैं देखने वाले हमारे॰”

36. उन्होंने कहा, “तुम्हारी अर्ज़ी मंजूर कर ली गई है, ऐ मूसा॰

37. “हमने बक्शा है तुम्हें एक और बार॰

38. “जब हमने इल्हाम किया तुम्हारी माँ को जो हमने इल्हाम किया॰

39. कहते हुए: 'फेंको उसे बक्से में, फिर फेंको उसे नदी में॰ नदी फेंकेगी उसे किनारे पर, उठाये जाने के लिए मेरे एक दुश्मन और उसके एक दुश्मन के ज़रिये॰' मैंने बरसाया मेरी तरफ़ से तुमको चाहत, और मैंने तुम्हें बनने दिया मेरी निगेहबान नज़र के सामने॰

**20:15 दुनिया का खत्म होना दिया गया है कुरान में, अल्लाह का आखरी पैगाम (15:87)॰*

40. "तुम्हारी बहन चलकर गई उनकी तरफ और बोली, 'मैं तुमको एक दूध पिलाती माँ के बारे में बता सकती हूँ जो उसका अच्छा ख्याल रख सकती है॰' हमने इस तरह तुम्हें तुम्हारी माँ को लौटाया, ताके वो खुश हो सके और परेशान होना बंद करे॰ और जब तुमने एक रूह को कत्ल किया, हमने बचाया तुमको संगीन अंजामों से; हमने वाकई तुमको पूरी तरह आज़माया॰ तुम सालों तक रहे मिदयन के लोगों के साथ, और अब तुम आये हो वापस एक दुरूस्त मनसूबे के मुताबिक में॰

41. "मैंने बनाया है तुमको बस मेरे लिए॰

42. "जाओ तुम्हारे भाई के साथ, मदद किये गये मेरी निशानियों से, और न डगमगाओ मुझे याद करने में॰

43. "जाओ फिरऔन कि तरफ, इसलिए कि वो हद से निकल गया॰

44. "उससे अच्छे से बात करो; हो सकता है वो तवज्जो दे, या एहतराम करने वाला बन जाये॰"

45. उन्होंने कहा, "हमारे रब, हम डरते हैं ताके वो हम पर हमला न कर दे, या खता कर बैठे॰"

46. उन्होंने कहा, "खौफज़दा न हो, इसलिए कि मैं तुम्हारे साथ रहूंगा, सुनते हुए और देखते हुए॰

47. "जाओ उसके पास और कहो, 'हम हैं दो रसूलें तुम्हारे रब कि तरफ से॰ इस्राईल की औलाद को जाने दो॰ तुम्हें उनको ऐज़ा देने से बाज़ आना चाहिए॰ हम लाते हैं एक निशानी तुम्हारे रब कि तरफ से, और अमन है हिस्सा उनका जो हिदायत को तवज्जो देते हैं॰

48. " 'हमें इल्हाम किया गया है कि आज़ाब यकीनन परेशान करेगा उनको जो कुफ़्र करते हैं और पलट जाते हैं॰' "

49. उसने कहा, "कौन है तुम्हारा रब, ऐ मूसा॰"

50. उसने कहा, हमारे रब हैं वाहिद जिन्होंने अता किया सारी चीज़ों को उनका वजूद, और उनकी हिदायत॰"

51. उसने कहा, "पिछली नस्लों के बारे में क्या?"

52. उसने कहा, "उसका इल्म है मेरे रब के पास एक दफ्तर में॰ मेरे रब कभी गलती नहीं करते, नाहीं वो भूलते हैं॰"

53. वो हैं वाहिद जिन्होंने बनाया तुम्हारे लिए ज़मीन को रहने के काबिल, और सड़कों को बिछाया तुम्हारे लिए उसमें॰ और वो भेजते हैं नीचे आसमान से पानी जिससे हम पैदा करते हैं कई किस्मों के दरख्तें॰

54. खाओ और पालो तुम्हारे मवेशी को॰ ये हैं काफी सबूतें उनके लिए जो अक्ल रखते हैं॰*

55. उससे हमने तुमको पैदा किया, उसमें हम तुमको लौटाते हैं, और उससे हम तुमको बाहर निकालते हैं एक और बार॰

56. हमने दिखाया उसे हमारे सारे सबूतों को, लेकिन उसने कुफ़्र किया और इंकार किया॰

57. उसने कहा, "क्या तुम यहाँ आये हो हमें हमारी ज़मीन से बाहर निकालने को तुम्हारे जादू से, ऐ मूसा?

58. "हम यकीनन दिखायेंगे तुमको वैसा ही जादू॰ इसलिए, कायम करो एक मुलाकात का वक्त जो नाहीं हम, नाहीं तुम तोड़ोगे; एक इंसाफ कि जगह में॰"

59. उसने कहा, "तुम्हारा मुकर्रर किया गया वक्त होगा दिन जश्नों का॰ चलें हम सब मिले दोपहर से पहले॰"

**20:54 जो कोई अक्ल रखते हैं दाद देते हैं हकीकत को कि हम हैं ऐस्ट्रोनॉट जो डाले गये थे फ़िज़ा में इस 'फ़िज़ाई कश्ती ज़मीन' पर॰ अल्लाह ने मुहय्या किया हमें काबिले ताज़ा किया जाना वाला खाना, पानी, पालतुऐं, कुदरत, और मवेशी, जैसे हम सवार होते हैं इस आरज़ी फ़िज़ाई सफर पर॰ मुकाबला करो अल्लाह कि नियामतें 'फ़िज़ाई कश्ती ज़मीन' को साथ नियामतों के हम देते हैं हमारे एस्ट्रोनॉटस को (अपेन्डिक्स 7)॰*

60. फिरऔन ने उसकी ताकतों को हाज़िर किया, फिर आया॰

61. मूसा ने उनसे कहा, “हाय हो तेरे लिए॰ क्या तुम झूठों को गढ़ते हो **अल्लाह** से लड़ने के लिए और इसतरह पाओ उनका आज़ाब? ऐसे गढ़ने वाले यकीनन नाकामयाब होंगे॰”

62. उन्होंने आपस में बहेस किया, जब उन्होंने ज़ाती तौर पर गुफतुगु किया॰

63. उन्होंने कहा, “ये दो जादूगरों से ज़्यादा कुछ नहीं जो चाहते हैं तुमको ज़मीन से बाहर ले जाने के लिए उनके जादू से, और तुम्हारी ज़िंदगी के सही तरीके को तबाह करने के लिए॰

64. “चलें हम राज़ी हों एक मनसूबे पर और सामना करें उनका जैसे एक मुत्तफिक सामना॰ जीतने वाले के पास आज होगा गलबाह॰”

65. उन्होंने कहा, “ऐ मूसा, या तुम फेंको, या हम होंगे पहले फेंकने के लिए॰”

66. उसने कहा, “तुम फेंको॰” जिसपर, उनकी रस्सियाँ और लकड़ियाँ उसे पेश आई, उनके जादू के वजह से, ऐसे जैसे वो हरकत कर रहे थे॰

67. मूसा ने पनाह दिया कुछ डर को॰

68. हमने कहा, “न डरो॰ तुम कामयाब होगे॰

69. “फेंको जो तुम थामते हो तुम्हारे दाहिने हाथ में, और वो निगल जायेगा जो उन्होंने गढ़ा॰ जो उन्होंने गढ़ा है एक जादूगर कि साज़िश से ज़्यादा कुछ नहीं॰ जादूगर के आमाल कामयाब नहीं होंगे॰

माहिरें पहचानते हैं सच को

70. जादूगरें सजदे में गिर गये, कहते हुए, “हम हारून और मूसा के रब में ईमान रखते हैं॰”

71. उसने कहा, “क्या तुम उसमें ईमान लाये मेरी इजाज़त के बगैर? वो तुम्हारा सरदार होना चाहिए; जिसने तुमको जादू सिखाया॰ मैं यकीनन तुम्हारे हाथों और पैरों को उल्टी तरफों से कलम करूंगा॰ मैं तुमको नख्ल के तनों पर सूली चढ़ा दूंगा॰ तुम जान जाओगे हममें से कौन डालता है सबसे बुरा आज़ाब, कौन किस से ज़्यादा ज़िंदा रहता है॰”

72. उन्होंने कहा, “हम तुम्हें तर्जी नहीं देंगे साफ सबूतों पर जो आये हमारी तरफ, और वाहिद पर जिन्होंने हमें पैदा किया॰ इसलिए, जारी करो जो कुछ फैसला तुम जारी करना चाहते हो॰ तुम सिर्फ इस निचली ज़िंदगी में हुक्म कर सकते हो॰

73. “हम ईमान लायें हैं हमारे रब में, ताके वो हमें माफ करें हमारे गुनाहों को, और जादू जो तुमने ज़ोर दिया हमें करने के लिए॰ **अल्लाह** हैं कहीं बेहतर और हमेशा रहने वाले॰”

74. जो कोई आता है उसके रब के पास मुजरिम पायेगा जहन्नम, जहाँ वो कभी नहीं मरता, नाहीं जिंदा रहता है॰

75. जहाँ तक वो जो आते हैं उनके पास ईमानवालों जैसे जिन्होंने एक नेक ज़िंदगी बसर की, वो पाते हैं ऊँचे दरजे॰

76. अदन के बागें, जिनके नीचे नदियाँ बहती हैं, होगा उनका ठिकाना हमेशा के लिए॰ ऐसा है इनाम उनके लिए जो अपने आप को पाक करते हैं॰

77. हमने मूसा को इल्हाम किया: “ले जाओ बाहर मेरे बंदो को, और एक सूखा रास्ता मारो उनके लिए समंदर के पार॰ तुम्हें डरना नहीं चाहिए कि तुम हो सकता है पकड़े जाओ, नाहीं तुम्हें परेशान होना चाहिए॰”

78. फिरऔन ने उसके लश्करों के साथ उनका पीछा किया, लेकिन समंदर ने उनको बरबाद कर दिया, जैसा वो मुकर्रर किया गया था उनको बरबाद करने के लिए॰

79. इसतरह, फिरऔन ने उसके लोगों को बहकाया; उसने उनकी हिदायत नहीं की॰

80. ऐ इस्राईल कि औलाद, हमने बचाया तुमको तुम्हारे दुश्मन से, हाज़िर किया तुमको कोहे तूर कि दाहिनी तरफ, और हमने भेजा नीचे तुमको मन्ना और बटेरें•

81. खाओ अच्छी चीज़ों से हमने मुहय्या किया तुम्हारे लिए, और हद से न गुज़रो, ताके तुम न पाओ मेरा कहर• जिस किसी ने मेरा कहर पाया गिरा हुआ है•

82. मैं यकीनन उनके लिए माफी दे रहा हूँ जो तौबा करते हैं, ईमान रखते हैं, एक नेक ज़िंदगी बसर करते हैं, और साबित कदमी से रहते हैं हिदायतयाफ्ता•

इस्राईल के औलाद बगावत करते है

83. "क्यों तुम दौड़ आये तुम्हारे लोगों कि तरफ से, ऐ मूसा?"

84. उसने कहा, वो मेरे पीछे पड़े हैं• मैं दौड़ा हूँ आप की तरफ मेरे रब, ताके आप खुश हो सकें•"

85. उन्होंने कहा, "तुम्हारे जाने के बाद हमने डाला है तुम्हारे लोगों को आज़माईश में, लेकिन सामरी ने उनको बहकाया•"

86. मूसा लौटा उसके लोगों कि तरफ, गुस्सा और मायूस, कहते हुए, "ऐ मेरे लोगों, क्या तुम्हारे रब ने वादा नहीं किया तुमसे एक अच्छा वादा? क्या तुम इंतेज़ार नहीं कर सकते थे? क्या तुमने चाहा कहेर पाने के लिए तुम्हारे रब कि तरफ से? क्या इस वजह से तुमने तोड़ा तुम्हारा इकरार नामा मुझसे?"

87. उन्होंने कहा, "हमने नहीं तोड़ा हमारा इकरार नामा तुमसे जानबूझ कर• लेकिन हम ज़ेवर के बोझ से लदे थे, और फैसला किया हमारे बोझों को उसमें फेंकने का• यह है जो सामरी ने मशवरा दिया•"

88. उसने पैदा किया उनके लिए एक तराशा हुआ बछड़ा, कामिल एक बछड़े कि आवाज़ के साथ•* उन्होंने कहा, "यह है तुम्हारा खुदा, और मूसा का खुदा•" इसतरह, वो भूल गया•

89. क्या उन्होंने नहीं देखा कि उसने नाहीं जवाब दिया उनको, नाहीं रखा कोई ताकत उनको नुकसान पहुँचाने, या उनको फायदा पहुँचाने का?

90. और हारून ने उनको कहा था, "ऐ मेरे लोगों, यह एक आज़माईश है तुम्हारे लिए• तुम्हारे सिर्फ रब हैं सबसे मेहरबान, तो मेरी पैरवी करो, और मेरे हुक्मों कि अताअत करो•"

91. उन्होंने कहा, "हम जारी रहेंगे उसकी इबादत करने के लिए, जब तक मूसा वापस नहीं आ जाता•"

92. *(मूसा ने)* कहा, "ऐ हारून, क्या है वो जिसने तुमको रोका, जब तुमने उनको गुमराह होते देखा,

93. "मेरे हुक्मों कि पैरवी करने से? क्या तुमने बगावत किया है मेरे खिलाफ?"

94. उसने कहा, "ऐ मेरी माँ के बेटे, न खींचों मुझको मेरी दाढ़ी और मेरे सर से• मैं खौफज़दा था कि तुम शायद कहो, 'तुमने इस्राईल कि औलाद को तकसीम कर दिया, और नाफरमानी किया मेरे हुक्मों की•'"

95. उसने कहा, "क्या है माजरा तेरे साथ, ऐ सामरी?"

96. उसने कहा, "मैंने देखा जो वो नहीं देख सके• मैंने पकड़ा एक मुट्ठी भर *(धूल का)* उस जगह से जहाँ रसूल खड़ा था, और इस्तेमाल किया उसे *(सुनहरे बछड़े में मिलाने के लिए)*• यह है जो मेरे ज़हेन ने इल्हाम किया मुझे करने के लिए•"*

97. उसने कहा, "फिर जाओ, और, तेरी तमाम ज़िंदगी, करीब भी न आना• तेरे पास है मुकर्रर किया गया वक्त *(तेरे आखरी फैसले के लिए)* जो तू कभी टाल नहीं सकता• देख तेरे खुदा कि तरफ जिसे तूने इस्तेमाल किया इबादत के लिए; हम उसे जलायेंगे और उसे समंदर में फेंक देंगे, वहाँ नीचे हमेशा रहने के लिए•"

तुम्हारे पास है
लेकिन एक अल्लाह

98. तुम्हारे सिर्फ खुदा हैं **अल्लाह**; वाहिद जिनके सिवाए नहीं है दूसरा खुदा• उनका इल्म सारी चीज़ों को हाते में लेता है•

**20:88 & 96 सामरी गया उस जगह कि तरफ जहाँ अल्लाह ने बात किया मूसा से, और लिया एक मुट्ठी भर धूल का जिसपर अल्लाह कि आवाज़ गूंजी थी॰ ये धूल, जब मिलाया गया पिघले सोने के साथ सबब बना सुनहरे मुर्ती को एक बछड़े कि आवाज़ हासिल करने के लिए॰*

99. हम इस तरह बयान करते हैं तुमको कुछ खबरें पिछली नस्लों से॰ हमने नाज़िल किया है तुमको एक पैगाम हमारी तरफ से॰

100. जो कोई उसे नज़रअंदाज़ करते हैं उठायेंगे एक बोझ *(गुनाहों का)* हश्र के दिन पर॰

101. वो रहते हैं उसमें हमेशा के लिए; क्या एक अफसोसनाक बोझ हश्र के दिन पर!

102. वो है दिन जब सुर फूंका जाता है, और हम हाज़िर करते हैं हर मुजरिम को उस दिन पर नीला॰

103. आपस में कानाफुसी करते, वो कहेंगे, "तुम रहे हो *(पहली ज़िंदगी में)* दस दिनों से ज़्यादा नहीं!"

104. हम पूरी तरह वाकिफ हैं उनके बयानों से॰ उनमें से सबसे सही कहेगा, "तुम रहे हो एक दिन से ज़्यादा नहीं॰"

हश्र के दिन पर

105. वो पूछते हैं तुमसे पहाड़ों के बारे में॰ कहो, "मेरे रब उनको मिटा देंगे॰

106. "वो छोड़ देंगे उनको जैसे एक बंज़र, सपाट ज़मीन॰

107. "तुम यहाँ तक नहीं देखोगे ज़रा सा भी टिला उसमें, नहीं एक गहराई॰"

108. उस दिन पर, हर कोई पुकारने वाले के पीछे जायेगा, बगैर ज़रा सा भी हेर फेर के॰ सारी आवाजें चुप की जायेंगीं सबसे मेहरबान के सामने; तुम कुछ नहीं सुनोगे सिवाए काना फुसियों के॰

109. उस दिन पर, शिफाअत बेकार होगी, सिवाए उनके लिए जिनको इजाज़त दिया गया होगा सबसे मेहरबान कि तरफ से, और जिनके बयानें मुवाफिक होंगे उनकी मरज़ी के॰

110. वो जानते हैं उनके माज़ी और उनके मुस्तकबिल को, जबकी कोई उनके इल्म को घेरे में नहीं ले सकता॰

111. सारे चेहरे अपने आप को हवाले करेंगे ज़िंदा, सदा रहने वाले को, जो कोई दबे हैं उनकी खताओं से होंगे नाकामयाब॰

112. जहाँ तक वो जिन्होंने नेक आमाल किया, ईमान रखते हुए, उनको नहीं होगा कोई डर नाइंसाफी या मुसीबत का॰

113. हमने इसतरह नाज़िल किया उसे, एक अरबी कुरान, और हमने बयान किया उसमें सारे किस्मों कि पेशीनगोईयों को, ताके वो बचाये जा सकें, या वो सबब बने उनके तवज्जो लेने का॰

114. सबस आला हैं **अल्लाह**, सिर्फ सच्चे बादशाह॰ न जल्दी करो कुरान को बोलने में इससे पहले कि वो तुम्हें नाज़िल किया जाता है, और कहो, "मेरे रब, बढ़ाईये मेरा इल्म॰"

*इंसानें नाकामयाब होते हैं एक पुख्ता फैसला लेने के लिए**

115. हमने आज़माया आदम को माज़ी में, लेकिन वो भूल गया, और हमने पाया उसे हिचकिचाने वाला॰

116. याद करो कि हमने कहा फरिश्तों से, "गिर जाओ आदम के सामने सजदे में॰" वो सजदे में गिर गये, सिवाए शैतान के; उसने इंकार किया॰

117. हमने फिर कहा, "ऐ आदम, यह है एक दुश्मन तुम्हारा और तुम्हारी बिवी का॰ उसे तुमको निकालने न दो जन्नत से बाहर, ताके तुम आफत ज़दा न हो जाओ॰

118. "तुम्हें ज़मानत दी गई है उसमें कभी न तो भूखा, नाहीं बगैर पनाह के रहने का॰

119. "नाहीं तुम्हें प्यास लगेगी, नाहीं झेलोगे कोई गर्मी उसमें॰"

120. लेकिन शैतान ने उसको वसवसे किया, कहते हुए, "ऐ आदम, मुझे तुमको दिखाने दो हमेशगी और न खत्म होने वाली बादशाहत का दरख्त॰"

**20:115 जब शैतान ने दावा किया अल्लाह के मुकम्मल इक्तेदार को (38:69), तुम और मैं नहीं ले पाये एक पुख्ता फैसला शैतान के खिलाफ• अल्लाह हमें दे रहे हैं एक मौका, इस ज़मीन पर, हमें खुदको बक्शवाने के लिए ठुकराते हुए शैतान को और बरकरार रखते हुए अल्लाह के मुकम्मल इक्तेदार को (अपेन्डिक्स 7)•*

121. उन्होंने उससे खाया, जिसपर उनके जिस्में ज़ाहिर हो गये उनको, और उन्होंने अपने आप को ढाकने कि कोशिश की जन्नत के पत्तों से• आदम इस तरह उसके रब का नाफरमान हुआ, और गिर गया•

122. उसके बाद, उसके रब ने उसे चुना, उसकी मगफरत की, और उसे हिदायतयाफ्ता किया•

123. उन्होंने कहा, "नीचे जाओ वहाँ से, तुम सारे• तुम दुश्मन हो एक दूसरे के• जब हिदायत आये तुम्हारे पास मेरी तरफ से, जो कोई मेरे हिदायत की पैरवी करेगा गुमराह नहीं होगा, नाहीं झेलेगा कोई मुसीबत•

काफिरों के लिए:
मुसीबत ज़दा ज़िंदगी
लाज़िम

124. "जहाँ तक वो जो नज़रअंदाज़ करते हैं मेरे पैगाम को, उस के पास होगी एक मुसीबत ज़दा ज़िंदगी, और हम उसे दोबारा ज़िंदा करते हैं हश्र के दिन पर, अंधा•"

125. वो कहेगा, "मेरे रब, आपने मुझे क्यों अंधा हाज़िर किया, जबकि मैं हुआ करता था एक देखने वाला?"

126. वो कहेंगे, "क्योंकि तुम भूल गये हमारी आयतों को जब वो तुम्हारे पास आये, अब तुम भुला दिये गये हो•"

127. हम इस तरह बदला देते हैं उनको जो हद से गुज़र जाते हैं और इंकार करते हैं ईमान लाने को उनके रब कि आयतों में• आज़ाब अगली ज़िंदगी में है कहीं बुरा और दाईम•

128. क्या कभी उनको सूझता है कैसे हमने फनाह किया कई पिछली नस्लों को? वो चल रहें हैं अब उनसे पहलों के घरों में• ये निशानियाँ हैं उनके लिए जो इल्म रखते हैं•

129. अगर वो तुम्हारे रब के पहले से तय किये गये मनसूबे के लिए न होता, उनका इंसाफ कर दिया गया होता फौरन•

130. इसलिए, सब्र करो उनके बयानों कि सूरत में, और तारीफ और बड़ाई करो तुम्हारे रब की सूरज के निकलने से पहले और सूरज के डूबने से पहले• और रात के दरमियान उनकी बड़ाई करो, इसके अलावा दिन के दोनों छोरों पर, ताके तुम खुश रह सको•

131. और हिरसा न करो जो हमने इनायत किया है किसी दूसरे लोगों पर• ऐसे हैं आरज़ी गहने इस ज़िंदगी के, जिससे हम उनको आज़माईश में डालते हैं• जो तुम्हारे रब मुहय्या करते हैं तुम्हारे लिए है कहीं बेहतर, और दाईम•

वालिदैन कि ज़िम्मेदारी

132. तुम्हें ताकीद करनी चाहिए तुम्हारे कुम्बे को राबता नमाज़ें *(सलात)* कायम करने के लिए, और साबित कदमी से जमें रहें ऐसा करने में• हम नहीं पूछते तुमसे किसी नियामतों के लिए; हम हैं जो मुहय्या करते हैं तुम्हारे लिए• आखिरकार जीत होती है नेककारों की•

रसूलें क्यों?

133. उन्होंने कहा, "अगर सिर्फ वो दिखा सकता एक मौजेज़ा हमें उसके रब कि तरफ से!" क्या उन्होंने काफी मौजज़ों को नहीं पाया पिछले पैगामों के साथ?

134. अगर हम फनाह कर देते उनको इससे पहले, उन्होंने कहा होता, "हमारे रब, अगर आपने भेजा होता एक रसूल हमारी तरफ, हमने आपकी आयतों कि पैरवी की होती, और बचे होते इस शर्म और ज़िल्लत से•"

135. कहो, "हम सब इंतेजार कर रहे हैं, तो इंतेज़ार करो; तुम यकीनन जान जाओगे कौन हैं सही राह पर, और कौन हैं सही तौर पर हिदायतयाफ्ता•

सुरह 21: नबियें
(अल अंबिया)

अल्लाह के नाम से,
सबसे मेहरबान, सबसे रहम वाले

136. तेज़ करीब आ रहा है हिसाब लेना लोगों के लिए, लेकिन वो हैं गाफिल, नफरत करने वाले•

नये सबूत कि तरफ मुखालिफत

137. जब एक सबूत आता है उनकी तरफ उनके रब कि तरफ से, जो है नया, वो सुनते हैं उसे बेपरवाही से•

138. उनके ज़हने हैं बेपरवाह • और खतावारें खुफिया तौर पर गुफ्तुगू करते हैं: "क्या वो सिर्फ एक इंसान नहीं तुम्हारी तरह? क्या तुम कबूल करोगे जादू जो तुमको पेश किया गया है?" *

139. उसने कहा, "मेरे रब जानते हैं सारी सोच आसमान और ज़मीन में• वो हैं सुनने वाले, सब कुछ जानने वाले•"

140. उन्होंने यहाँ तक कहा, "नज़रों के धोखे," "उसने उसे बना लिया," और, "वो है एक शायर• उसे दिखाने दो पिछले रसूलों के जैसा एक मौजज़ा•"

141. हमने कभी फनाह नहीं किया एक ईमान रखने वाली कौम को माज़ी में• क्या ये लोग हैं ईमान वालें?

142. हमने नहीं भेजा तुमसे पहले सिवाए मर्दो को जिनको हमने इल्हाम किया• पूछो उनसे जो आसमानी किताब जानते हैं, अगर तुम नहीं जानते•

143. हमने नहीं दिया उनको जिस्में जो खाते नहीं थे, नाहीं वो थे हमेशा ज़िंदा रहने वाले•

144. हमने उनकी तरफ हमारा वादा पूरा किया; हमने बचाया उनको एक साथ जिस किसी को हमने चाहा, और फनाह किया खतावारों को•

145. हमने भेजा है नीचे तुम्हारी तरफ एक आसमानी किताब लिये हुए तुम्हारा पैगाम• क्या तुम नहीं समझते?

146. कई एक कौम हमने खत्म किया उनके खता कि वजह से, और हमने बदल दिया दूसरे लोगों को उनकी जगह में•

147. जब हमारा सिलाह गुज़र गया, उन्होंने शुरू कर दिया दौड़ना•

148. न दौड़ो, और वापस आओ तुम्हारे ऐशों और तुम्हारे महलों कि तरफ, इसलिए कि ज़रूरी है तुम्हें ज़िम्मेदार ठहराया जाना•

149. उन्होंने कहा, "हाय हो हमें• हम थे वाकई गुनाहगार•"

150. यह जारी रहा होने का उनका ऐलान, जब तक हमने उनको पूरी तरह मिटा नहीं दिया•

151. हमने पैदा नहीं किया आसमानों और ज़मीन को, और सारी चीज़ें उनके दरमियान सिर्फ तमाशे के लिए•

152. अगर हमें तमाशे कि ज़रूरत होती, हमने उसे शुरू किया होता बगैर इनमें से किसी के, अगर वो होता जो हम चाहते करने के लिए•

153. बलिके, वो है हमारा मनसूबा सच की मदद करने का झूठ के खिलाफ, ताके उसे शिकस्त दें• तुमको हाय हो बयानों के लिए जो तुम बोलते हो•

154. उनके हैं हर कोई आसमानों और ज़मीन में, और जो हैं उनके पास नहीं हैं कभी ज़्यादा मगरूर उनकी इबादत करने के लिए, नाहीं वो कभी डगमगाते हैं•

155. वो बड़ाई करते हैं रात और दिन, बगैर कभी थकते हुए•

**21:3 हाँलाकि इंजील (मलाकाई 3:1) और कुरान (3:81) पेशीनगोई करते हैं अल्लाह के वादे के रसूल कि आमदगी का, जब वो वाकई पेश हुआ, मदद किये गये 'सबसे बड़े मौजज़ों में से एक' के ज़रिये (74:30-35), उसका सामना किया गया था बेपरवाहीपन*

एक अल्लाह

156. क्या उन्होंने खुदाओं को पाया हैं ज़मीन पर जो पैदा कर सकते हैं?

157. अगर उनमें होते *(आसमानों और ज़मीन में)* दूसरे खुदाएं सिवाए **अल्लाह** के, वहाँ होती अफरा तफरी• बड़ाई हो **अल्लाह** की; रब जिनके पास है मुकम्मल इक्तेदार• वो हैं आला उनके दावों से•

कभी सवाल न करो अल्लाह कि हिकमत पर

158. वो कभी पूछे नहीं जाते किसी चीज़ के लिए जो वो करते हैं, जबके दूसरे सारे सवाल किये जाते हैं•

159. क्या उन्होंने दूसरे खुदाओं को पाया सिवाए उनके? कहो, "दिखाओ मुझे तुम्हारा सबूत• ये पैगाम है मेरी नस्ल कि तरफ, पिछले सारे पैगामों को पूरा करते हुए•" वाकई, उनमें से ज़्यादातर सच को नहीं पहचानते; इस वजह से वो हैं इतने दुश्मनाना•

एक अल्लाह /
एक पैगाम /
एक मज़हब

160. हमने नहीं भेजा किसी रसूल को तुमसे पहले सिवाए इल्हाम के साथ: "कोई खुदा नहीं है सिवाए मेरे; तुम्हें सिर्फ मेरी इबादत करनी चाहिए•"

161. इसके बावजूद, उन्होंने कहा, "सबसे मेहरबान ने जना है एक बेटा!" बड़ाई हो उनकी• सारे *(रसूलें)* हैं *(उनके)* अज़ीज बंदे•

162. वो कभी नहीं बोलते उनके खुद कि मरज़ी से, और वो सख्ती से पैरवी करते हैं उनके हुक्मों की•

वहेम शिफाअत का

163. वो जानते हैं उनका मुस्तकबिल और उनका माज़ी• वो शिफाअत नहीं करते, सिवाए उनके लिए जो पहले से कबूल किये जा चुके हैं उनकी तरफ से, और वो हैं परेशान उनके खुदके गर्दनों के बारे में•*

164. अगर उनमें से कोई दावा करता है उनके सिवाए एक खुदा होने का, हम बदला देते हैं उसे जहन्नम से; हम इस तरह बदला देते हैं गुनहगार को•

बिग बैंग थ्योरी
*तसदीक की गई है**

165. क्या ईमान नहीं रखने वालों ने एहसास नहीं किया कि आसमान और ज़मीन हुआ करता था एक ठोस अंबार जिसे हमने फोड़ा वजूद में? और पानी से हमने बनाये सारी जानदार चीज़ें• क्या वो ईमान लायेंगे?

166. और हमने रखा ज़मीन पर तवाजुनों को, ताके वो लुढ़क न जायें उसके साथ, और हमने रखा सीधी सड़कें उसमें, ताके वो हो सकें हिदायतयाफ्ता•

167. और हमने बनाया आसमान को एक महफूज़ छत• इसके बावजूद, वो उसमें सारी निशानियों से हैं पूरी तरह गाफिल •

168. और वो हैं वाहिद जिन्होंने पैदा किया रात और दिन, और सूरज और चाँद; हर एक तैर रहा है उसके खुदके दायरे में•

169. हमने कभी मुकर्रर नहीं किया तुमसे पहले किसी के लिए दाईम ज़िंदगी; अगर तुम मर जाओ, क्या वो हैं हमेशा के लिए ज़िंदा रहने वाले?

170. हर रूह चखेगा मौत, इसके बाद कि हम तुम्हें डालते हैं आज़माईश में मुसीबत और तरक्की के ज़रिये, फिर हमारी तरफ तुम आखिरकार लौटते हो•

सारे रसूलों का मज़ाक उड़ाया जाता है

171. जब वो जो कुफ्र करते हैं तुमको देखते हैं, वो तुम्हारा मज़ाक उड़ाते हैं: "क्या ये हैं वो जो ललकारता है तुम्हारे खुदाओं को?" इस दौरान में, वो रहते हैं पूरी तरह बेपरवाह सबसे मेहरबान कि तरफ से पैगाम के•

*21:28 शैतान का सबसे ज़्यादा असरदार झासा है शिफाअत का वहेम (देखें अपेन्डिक्स 8)•

*21:30 बिग बैंग थ्योरी अब मदद की गई है पैदाकरने वाले के बिलाखता रियाज़ी कोड के ज़रिये (अपेन्डिक्स 1)• इस तरह, वो अब एक थ्योरी नहीं; वो है एक कानून, एक साबित की गई हकीकत•

172. इंसान बेसब्र है कुदरती तौर पर• मैं यकीनन दिखाऊंगा तुम्हें मेरी निशानियाँ; इतनी जल्दी में न रहो•

173. वो ललकारते हैं: "कहाँ हैं वो *(आज़ाब)*, अगर तुम हो सच्चे?"

174. अगर सिर्फ वो जिन्होंने कुफ्र किया खुदको तसव्वुर कर सकते जब वो आग से अपने आप को बचाने कि कोशिश करेंगे; उनके चेहरों से और उनके पीठों से! कोई भी मदद नहीं करेगा उनकी तब•

175. वाकई, वो आयेगा उनकी तरफ अचानक, और वो होंगे पूरी तरफ हैरत ज़दा• वो नाहीं उससे बच सकेंगे, नाहीं वो पा सकते हैं कोई मोहलत•

176. रसूलें तुमसे पहले मज़ाक उड़ाये गये, और, इस वजह से, जिन्होंने उनका मज़ाक उड़ाया पाया आज़ाब उनके मज़ाक उड़ाने के लिए•

धुंधली अव्वलियतें

177. कहो, "कौन हिफाज़त कर सकता है तुम्हारी सबसे मेहरबान से रात के दरमियान या दिन के दरमियान?" वाकई, वो हैं पूरी तरह गाफिल उनके रब के पैगाम कि तरफ से•

178. क्या उनके पास हैं खुदाएं जो हिफाज़त कर सकते हैं उनकी हम से? वो यहाँ तक कभी उनकी खुदकी मदद नहीं कर सकते• नाहीं वो साथ दे सकते हैं एक दूसरे का जब वो हाज़िर किये जायेंगे हमारा सामना करने के लिए•

179. हमने मुहय्या किया है इन लोगों और उनके पुरखों के लिए, उनके बुढ़ापे तक• क्या वो नहीं देखते कि हर दिन ज़मीन पर लाता है उनको करीब अंजाम कि तरफ? क्या वो पलट सकते हैं इस निज़ाम को?

180. कहो, "मैं खबरदार कर रहा हूँ तुम्हें साथ खुदाई इल्हाम के मुताबिक में•" हाँलाकि, बहरा कभी नहीं सुन सकता पुकार, जब उनको खबरदार किया जाता है•

181. जब एक नमूना तुम्हारे रब के आज़ाब का मारता है उनको, वो फौरन कहते हैं, "हम थे वाकई गुनहगार•"

182. हम कायम करेंगे फैसले कि मिज़ानें हश्र के दिन पर• कोई रूह नहीं झेलेगी ज़रा सी भी नाइंसाफी• यहाँ तक के एक राई के बराबर दाना भी हिसाब किया जायेगा• हम सबसे ज़्यादा काबिल हैं हिसाब लेने वाले•

नबियें मूसा और हारून

183. हमने दिया मूसा और हारून को कानून कि किताब, एक रौशनाई, और एक ताकीद नेककारों के लिए•

184. वो जो एहतराम करते हैं उनके रब का, जब अकेले उनकी तन्हाई में भी, और वो फिक्र करते हैं घड़ी के बारे में•

185. यह भी है एक मुबारक ताकीद जो हमने भेजा नीचे• क्या तुम इंकार कर रहे हो इसे?

इब्राहीम

186. उससे पहले, हमने अता किया इब्राहीम को उसकी हिदायत और समझदारी, क्योंकि हम थे उससे पूरी तरह वाकिफ•*

187. उसने उसके वालिद और उसके लोगों से कहा, "क्या हैं ये मुर्तियाँ जिसकि तरफ तुम अपने आप को मनसूब कर रहे हो?"

188. उन्होंने कहा, "हमने पाया हमारे वालिदैन को उनकी इबादत करते हुए•"

189. उसने कहा, "वाकई, तुम और तुम्हारे वालिदैन हो गये हैं पूरी तरह गुमराह•"

*21:51 क्या इब्राहीम इतना चालाक था अल्लाह कि खोज करने के लिए, या, क्या अल्लाह ने अता किया उसे अक्ल इसलिए कि वो जानते थे कि वो मुस्तेहिक था बचाये जाने के लिए? जैसा पता चलता है, यह पूरी दुनिया पैदा की गई थी बक्शवाने के लिए हममें से उन्हें जो मुस्तेहिक हैं बक्शे जाने के लिए• जब फरिश्तों ने मशवरा दिया कि सारे बागियें, इंसाने और जिनें, ज़रूरी है जिलावतन किये जाये अल्लाह कि सल्तनत के बाहर, 'मैं जानता हूँ जो तुम नहीं जानते' (2:30)• उसी वक्त, ये दुनिया साबित करती है शैतान के नाकाबिलियत एक खुदा जैसे की (अप• 7)•

190. उन्होंने कहा, "क्या तुम हमसे सच बोल रहे हो, या तुम खेल रहे हो?"

191. उसने कहा, "तुम्हारे सिर्फ रब हैं आसमानों और ज़मीन के रब, जिन्होंने उनको पैदा किया• यह है शहादत जिसकी मैं गवाही देता हूँ•

192. "मैं **अल्लाह** कि कसम खाता हूँ, जैसे ही तुम चले जाओ, मेरे पास है एक मनसूबा तुम्हारे मुर्तियों से बरताव करने का•"

193. उसने तोड़ दिया उनको टुकड़ों में, सिवाए एक बड़े वाले के, ताके वो उसको मुखातिब करें•

194. उन्होंने कहा, "जिसकिसी ने यह हमारे खुदाओं को किया वाकई है एक खतावार•"

195. उन्होंने कहा, "हमने एक नौजवान को सुना उनको धमकाते हुए; वो पुकारा जाता है इब्राहीम•"

196. उन्होंने कहा, "लाओ उसे सारे लोगों कि नज़रों के सामने, ताके वो गवाही दे सकें•"

197. उन्होंने कहा, "क्या तुमने यह किया हमारे खुदाओं को, ऐ इब्राहीम?"

इब्राहीम साबित करते हैं उनका नज़रिया

198. उसने कहा, "ये वो बड़ा वाला है जिसने यह किया• जाओ उनसे पूछो, अगर वो बोल सकते हैं•"

199. वो ताज्जुब में पड़ गये, और खुद से कहा, "वाकई, तुम हो जो खता कर रहे थे•"

200. इसके बावजूद, वो उनके पुराने नज़रियों कि तरफ पलट गये: "तुम अच्छे से जानते हो कि ये कभी नहीं बोल सकते•"

201. उसने कहा, "क्या तुम फिर इबादत करते हो **अल्लाह** के सिवाए जो नहीं रखता है ताकत तुम्हें फायदा या तुम्हें नुकसान पहुँचाने का?

202. "तुमने पा लिया है शर्म **अल्लाह** के सिवाए बुतों कि इबादत करते हुए• क्या तुम नहीं समझते?"

गहरा मौजज़ा

203. उन्होंने कहा, "उसे जला दो और मदद करो तुम्हारे खुदाओं की, अगर यह है जो तुम फैसला करते हो करने के लिए•"

204. हमने कहा, "ऐ आग, ठंड़ा और महफूज़ हो जा इब्राहीम के लिए•"*

205. इस तरह, उन्होंने उसके खिलाफ साज़िश किया, लेकिन हमने उनको बनाया हारने वाला•

206. हमने उसे बचाया, और हमने बचाया लूत को, उस ज़मीन कि तरफ जिसे हमने मुबारक किया सारे लोगों के लिए•

207. और हमने अता किया उसे इसहाक और याकूब एक तोहफे जैसा, और हमने बनाया उन दोनों को नेककार•

इब्राहीम ने:
पहुँचाये सारे
इस्लाम के मज़हबी फराएज़ों को

208. हमने बनाया उनको इमामें जिन्होंने हिदायत किया हमारे हुक्मों के मुताबिक में, और हमने सिखाया उनको कैसे नेककारी वाले काम किया जाये, और कैसे राबता नामाज़ों *(सलात)* और ज़रूरी खैरात *(ज़कात)* को कायम किया जाये•* हमारी तरफ, वो थे पुरजोश इबादत करने वाले•

लूत

209. जहाँ तक लूत के लिए, हमने अता किया उसे हिकमत और इल्म, और हमने बचाया उसे उस कौम से जो करती थी हकारत वाले कामों को, वो थे गुनाहगार और बुरे लोग•

210. हमने दाखिल किया उसे हमारी रहमत में; इसलिए कि वो था नेककार•

नुह

211. और, उससे पहले, नुह ने पुकारा और हमने उसको जवाब दिया• हमने बचाया उसे और उसके कुम्बे को बड़ी तबाही से•

**21:69 "और महफूज़" बगैर "ठंड़ा," सबब बना होता इब्राहीम के जम जाने का•*

**21:73 जब कुरान नाज़िल हुआ था, सारे मज़हवी फराएज़ पहले से कायम किये गये थे इब्राहीम के ज़रिये (2:128, 16:123, 22:78)•*

212. हमने मदद किया उसकी लोगों के खिलाफ जिन्होंने ठुकराया हमारी आयतें• वो थे बुरे लोग, इसलिए हमने डुबो दिया उन सारों को•

दाऊद और सुलैमान

213. और दाऊद और सुलैमान, जब उन्होंने एक बार फैसला किया किसी के अनाज के मुताल्लिक जो तबाह कर दिया गया था दूसरे के भेड़ से• हमने देखा उनका इंसाफ•

214. हमने अता किया सुलैमान को सही समझ, हाँलाकि हमने बक्शा वो दोनों को हिकमत और इल्म के साथ• हमने हवाले किया पहाड़ों को खिदमत करने के लिए दाऊद की *(अल्लाह की)* बड़ाई करने में, साथ साथ परिंदे• यह है जो हमने किया•

215. और हमने उसे ढालों को बनाने का हुनर सिखाया तुम्हें जंग में हिफाज़त करने के लिए• क्या तुम फिर शुक्रगुज़ार हो?

216. सुलैमान के लिए, हमने हवाले किया हवा के तेज़ी से चलने और बहने का उसके मर्ज़ी के मुताबिक• वो रूख कर सकता था उसकी जैसे उसने चाहा, जिसकिसी ज़मीन कि तरफ उसने चुना, और हमने मुबारक किया उसके लिए ऐसी ज़मीन• हम हैं सारी चीज़ों से पूरी तरफ वाकिफ•

217. और शयातीनों में से वहाँ थे वो जो डुबकी लगाते थे उसके लिए *(समंदर से फसल हासिल करने के लिए)*, या करते कुछ भी दूसरा वो हुक्म देता उनको करने के लिए• हमने हवाले किया उनको उसकी खिदमत में•

याकूब

218. और याकूब ने इल्तेजा कि उसके रब से: "मुसीबत पड़ गई मुझ पर, और, सारे रहम करने वालों से, आप हैं सबसे रहम वाले•"

219. हमने जवाब दिया उसका, हल्का किया उसकी मुसीबत, और बहाल किया उसके लिए उसका कुम्बा, यहाँ तक के दुगने बरावर• वो थी रहमत हमारी तरफ से, और एक ताकीद इबादत करने वालों के लिए•

220. इसके अलावा, इस्माईल, इदरीस, जुल किफ्ल; सारे थे सावित कदम, सब्र करने वाले•

221. हमने दाखिल किया उनको हमारी रहमत में, इसलिए कि वो थे नेककार•

युनुस

222. और ज़न्नून *(युनुस, "वो जो है एक 'न' के साथ उसके नाम में")*, छोड़ दिया उसका काम ऐतराज़ में, सोचते हुए कि हम काबू नहीं कर सकते थे उसे• वो खत्म हुआ इल्तेजा करते हुए अंधेर से *(बड़ी मछली के पेट से)*: "कोई खुदा नहीं सिवाए आपके• आपकी बड़ाई हो• मैंने किया है एक बड़ा गुनाह•"

223. हमने जवाब दिया उसका, और बचाया उसे आफत से; हम इस तरह बचाते हैं ईमानवालों को•

ज़करिया और याहया

224. और ज़करिया ने उसके रब से इल्तेजा किया: "मेरे रब, न रखिये मुझे बगैर एक वारिस के, हाँलाकि आप हैं सबसे अच्छे वारिस•"

225. हमने* जवाब दिया उसका और अता किया उसे याहया, हमने ठीक किया उसकी बिवी को उसके लिए• वो इसलिए कि वो जल्दबाज़ी करते थे नेककारी वाले काम करने के लिए, और हमसे इल्तेजा करते खुशीं, साथ साथ डर की हालातों में• हमारी तरफ, वो थे एहतराम करने वाले•

मरयम और ईसा

226. जहाँ तक वो जिसने बरकरार रखा उसके पाक दामनपन को, हमने फुंका उसमें हमारी रूह से, और इस तरह, हमने बनाया उसे और उसके बेटे को एक निशानी पूरी दुनिया के लिए•

एक अल्लाह/ एक मज़हब

227. तुम्हारी जमात है लेकिन एक जमात, और सिर्फ मैं हूँ तुम्हारा रब; तुम्हें सिर्फ मेरी इबादत करनी चाहिए•

**21:90 पूरे कुरान में एक से ज़्यादा वाले हाल का इस्तेमाल होना इशारा करता है फरिश्तों का शामिल होना• यह साफ है 3:39 से और इंजील से कि फरिश्तों ने कसरत से वरताव किया ज़करिया के साथ, जब उन्होंने दिया उसे खुशखबरी याहया के बारे में• देखें अपेन्डिक्स 10•*

228. बहेरहाल, उन्होंने बांटा अपने आप को हुज्जत करते हुए मज़हबों में• वो सारे आयेंगे वापस हमारी तरफ *(इंसाफ के लिए)*•

229. जहाँ तक वो जो नेककारी वाले काम करते हैं, ईमान रखते हुए, उनके आमाल ज़ाया नहीं जायेंगे; हम ज़प्त कर रहें हैं उसे•

230. यह मना है लौटने के लिए किसी कौम को हमने जिसे फनाह किया•

*दुनिया का खत्म होना**

231. नहीं जब तक याजूज और माजूज दोबारा ज़ाहिर न हों,* वो फिर लौटेंगे—वो आयेंगे हर तरफ से•

232. तब है जब अटल पेशीनगोई गुज़र जायेगी, और काफिरें घूरेंगे दहशत में: "हाय हो हमारे लिए; हम रहें हैं गाफिल• वाकई हम रहें हैं गुनाहगार•"

अगली ज़िंदगी

233. तुम और बुतें जिनकी तुम इबादत करते हो **अल्लाह** के सिवाए इंधन होंगे जहन्नम के लिए; ये है तुम्हारी न बदलने वाली तकदीर•

234. अगर वो खुदाएं होते, वो खत्म नहीं होते जहन्नम में• उसके सारे बाशिंदे रहते हैं उसमें हमेशा के लिए•

235. वो उसमें आहें भरेंगे और कराहेंगे , और उनके पास नहीं होगी इजाज़त किसी खबर के लिए•

236. जहाँ तक वो जो मुस्तेहिक हुए हमारे शानदार इनामों के, वो महफूज़ रखे जायेंगे उससे•

नेककार

237. वो नहीं सुनेंगे उसकी सनसनाहट• वो मज़े लेंगे एक ठिकाने का जहाँ वो पा सकते हैं सारी चीज़ जिसकी वो तमन्ना करते हैं, हमेशा के लिए•

238. बड़ी दहशत उनको परेशान नहीं करेगी, और फरिश्ते इस्तेकबाल करेंगे उनका खुशी से: "यह है तुम्हारा दिन जो तुमसे वादा किया गया है•"

हश्र का दिन

239. उस दिन पर, हम मोड़ देंगे आसमान को, एक किताब के मोड़ने जैसा• जैसे हमने शुरू किया पहली खिलकत, हम उसे दोहरायेंगे• यह है हमारा वादा; हम यकीनन उसे अंजाम देंगे•

240. हमने फरमान किया है ज़बूर में, साथ साथ दूसरी आसमानी किताबों में, कि मेरे नेक इबादत करने वाले वारिस होंगे ज़मीन के•

241. यह है एक ऐलान लोगों के लिए जो हैं इबादत करने वाले•

242. हमने भेजा है तुम्हें हमारी रहमत कि वजह से पूरी दुनिया की तरफ•

243. ऐलान करो, "मुझे दिया गया है खुदाई इल्हाम कि तुम्हारे खुदा हैं एक खुदा• क्या तुम फिर फरमानबरदारी करते हो?"

244. अगर वो पलट जायें, तो कहो, "मैंने तुमको अच्छे से खाबरदार किया है, और मुझे कोई इल्म नहीं कितनी जल्दी या देर से *(आज़ाब)* आयेगा तुम्हारी तरफ•

245. "वो हैं पूरी तरह वाकिफ तुम्हारे ऐलानियां बातों से, और वो हैं पूरी तरह वकिफ सारी चीज़ें तुम छिपाते हो•

246. "मैं तो बस इतना जानता हूँ, यह दुनिया है एक आज़माईश तुम्हारे लिए, और एक आरज़ी मज़ा•

247. कहो, "मेरे रब, आपका फैसला है कामिल इंसाफ• हमारे रब हैं सवसे मेहरबान; सिर्फ उनकी मदद तलाश की जाती है तुम्हारे दावों कि सूरत में•"

**21:96 साल 2270 ऐडी होते ही, शुक्र है कुरान में अल्लाह के रियाज़ी मौजज़े के लिए (अपेन्डिक्स 1), अमेरिका मरकज़ होगा इस्लाम का, और पूरी दुनिया में करोड़ों ईमान ला चुके होंगे कुरान में (9:33, 41:53, 48:28, 61:9)• याजूज और माजूज (मिसाल्या नामें खवीस कौमों की), होंगे सिर्फ गढ़ें वहशीपन के, और वो हमला करेंगे फरमानबरदारों पर• वो है जब दुनिया खत्म हो जायेगी*

सुरह 22: ज़ियारत
(अल हज)

अल्लाह के नाम से,
सबसे मेहरबान, सबसे रहम वाले

248. ऐ लोगों, तुम्हे तुम्हारे रब का एहतराम करना चाहिए, इसलिए कि वक्त का लरज़ना है बहुत दहशतनाक•

249. जिस दिन तुम देखोगे उसे, एक दूध पिलाती माँ भी तर्क कर देगी उसके मासूम बच्चे को, और एक हामिला औरत गिरा देगी उसके जनीन को• तुम दखोगे लोगों को लड़खड़ाते हुए, ऐसे जैसे कि वो नशे में हैं, इसके बावजूद कि वो नशे में नहीं हैं• यह है इसलिए कि अल्लाह का आज़ाब है इतना ज़बरदस्त•

250. लोगों के दरमियान, वहाँ हैं वो जो बहेस करते हैं अल्लाह के बारे में बगैर इल्म के, और पैरवी करते हैं हर बागी शैतान की•

251. ये फरमान किया गया है कि जो कोई जोड़ता है अपने आप को उसके साथ, वो बहकायेगा उसे और हिदायत करेगा उसकी जहन्नम के आज़ाब कि तरफ•

कहाँ से आये हम?

